दैनिक अर्थ प्रकाश
खबरों की विश्वसनीयता, हमारी पहचान
पंजाब • हरियाणा • हिमाचल • चंडीगढ़ • दिल्ली • उत्तराखंड • बिहार • उत्तरप्रदेश • राजस्थान • छत्तीसगढ़ से प्रसारित




चुनौतियां ही जिंदगी को रोमांचक बनातीं हैं, इसी से जिंदगी के महत्व का निर्माण होता है।

सुबल वाणी



प्रसन्न कैसे दिखना है, नई पीढ़ी से सीखें, प्रसन्न कैसे रहना है, पुरानी पीढ़ी से सीखें।



# पंजाब मंत्रिमंडल का विस्तार आज

## राज्यसभा सीट छोड़ने वाले संजीव अरोड़ा का मंत्री बनना तय

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** पंजाब मंत्रिमंडल का विस्तार गुरुवार को होना लगभग तय हो गया है। यह आप सरकार के तीन साल के कार्यकाल में सातवां मंत्रिमंडल विस्तार होगा। लुधियाना वेस्ट विधानसभा सीट का उप-चुनाव जीतकर विधायक बने और राज्यसभा सीट छोड़ने वाले संजीव अरोड़ा का मंत्री बनना तय है लेकिन अभी यह स्पष्ट नहीं है कि सरकार 16 सदस्यीय मंत्रिमंडल में नए मंत्रियों को शामिल करेगी या नहीं। पंजाब में मुख्यमंत्री समेत मंत्रिमंडल में 18 मंत्री हो सकते हैं। चंडीगढ़ स्थित राज भवन में राज्यपाल गुलाबचंद कटारिया दोपहर 1 बजे शपथ दिलाएंगे।



दरअसल, पिछले हफ्ते विधायक चुने जाने के बाद संजीव अरोड़ा का मंत्रिमंडल में शामिल होना तय था। आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने अरोड़ा के चुनाव प्रचार के दौरान घोषणा की थी कि निर्वाचित होने पर उन्हें मंत्री बनाया जाएगा। वहीं, पिछले हफ्ते सीएम भगवंत मान ने भी पुष्टि की थी कि वे अरोड़ा को अपने मंत्रिमंडल में शामिल कर रहे हैं।

### 10 हजार से अधिक वोटों से जीते अरोड़ा

पंजाब की लुधियाना पश्चिम विधानसभा सीट पर हाल में हुए उपचुनाव में जीत हासिल करने के बाद अरोड़ा ने मंगलवार को राज्यसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया था। अरोड़ा ने राज्यसभा के सभापति जगदीप धनखड़ को अपना इस्तीफा सौंपा, जिन्होंने इसे स्वीकार कर लिया। पहली बार सांसद बने अरोड़ा 10 अप्रैल 2022 को पंजाब से राज्यसभा के लिए चुने गए थे और उनका कार्यकाल 9 अप्रैल 2028 तक था। संजीव अरोड़ा ने उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार भारत भूषण आशु के खिलाफ 10 हजार से अधिक वोटों के अंतर से जीत दर्ज की थी। यह सीट आप विधायक गुरप्रीत बसी गोगी के निधन के बाद खाली हुई थी। 28 जून को संजीव अरोड़ा ने पंजाब विधानसभा में विधायक के रूप में शपथ ली। विधानसभा अध्यक्ष कुलतार सिंह संधवान ने उन्हें शपथ दिलाई।

---

सीएम सैनी ने मॉनसून सीजन को लेकर सभी उपायुक्तों की ली बैठक

# मॉनसून में जल निकासी प्रबंधों के लिए हर जिले को दिए पचास लाख

- बाढ़ से बचाव की तैयारी के लिए प्रत्येक जिले को साढ़े चार लाख जारी
- उपायुक्तों को ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जल निकासी सुनिश्चित करने के निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने मौजूदा मानसून सीजन के मद्देनजर अधिकारियों को निर्देश दिए कि सभी ड्रेनों की पूरी तरह सफाई सुनिश्चित की जाए और ग्रामीण व शहरी क्षेत्रों में जलभराव की समस्या से बचने के लिए प्रभावी जल निकासी प्रणाली सुनिश्चित की जाए।

मुख्यमंत्री ने यह निर्देश बुधवार को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से सभी उपायुक्तों के साथ समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए दिए। बैठक में मुख्यमंत्री ने विभिन्न सड़कों, पुलों के निर्माण तथा जल निकासी के लिए भूमिगत पाइपलाइन बिछाने की प्रगति की भी समीक्षा की। बैठक में बताया गया कि बाढ़ की तैयारियों के लिए प्रत्येक जिले को 4.50 लाख रुपये की राशि आवंटित की गई है। इसके अतिरिक्त, जल निकासी कार्यों के लिए जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग को 50 लाख रुपये दिए गए हैं। आवश्यकता पड़ने पर राज्य आपदा प्रबंधन कोष के तहत अतिरिक्त धनराशि भी आवंटित की जा सकती है। नायब सिंह सैनी ने कहा कि आगामी दिनों में भारी बारिश की संभावना को देखते हुए सभी उपायुक्त अपने-अपने जिलों में बारिश के पानी की निकासी के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करें, ताकि आमजन को किसी प्रकार की परेशानी न हो। बैठक में मुख्यमंत्री ने प्रत्येक जिले में उपलब्ध पंपों की संख्या की जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी पंपों को पूरी तरह चालू स्थिति में रखा जाए ताकि वर्षा जल की निकासी में कोई समस्या न हो। साथ ही उन्होंने सभी उपायुक्तों को अपने जिलों में सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग, शहरी स्थानीय निकाय, जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग तथा हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) के पास उपलब्ध पंपों की विस्तृत रिपोर्ट तैयार करने के निर्देश दिए, ताकि आवश्यकता पड़ने पर उनका समुचित उपयोग किया जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि सभी उपायुक्त निर्धारित प्रारूप में पंपों की उपलब्धता से संबंधित जानकारी पोर्टल पर अपलोड करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि पंप सेटों की निर्बाध संचालन के लिए बिजली बैकअप की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए।



जलभराव की समस्या को लेकर बैठक करते सीएम नायब सैनी। **फोटो: अजय गौतम**

## हिमाचल में बादल फटने और भूस्खलन की घटनाओं में 10 मरे, 34 लापता

**शिमला/मंडी, 2 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश में मंगलवार को भूस्खलन और बादल फटने की कई घटनाओं में मंडी जिले में मरने वालों की संख्या बढ़कर 10 हो गई है जबकि 34 लोग लापता हैं। हिमाचल प्रदेश राज्य आपदा अभियान केन्द्र ने यह जानकारी दी है। पिछले तीन वर्षों से राज्य में लगातार कहर बरपा रहे मानसून के कारण एक बार फिर से मंडी के कई क्षेत्रों, खासकर करसोग, थुनाग, पधर और गोहर उप-मंडलों में तबाही मची हुई है। इस बीच 20 जून से 1 जुलाई के बीच राज्य में मौसम संबंधी घटनाओं में लगभग 90 लोगों की मौत या लापता होने की सूचना है।

बुधवार सुबह 8 बजे जारी 32 घंटे की स्थिति रिपोर्ट के अनुसार मंडी के विभिन्न हिस्सों से 10 लोगों की मौत की पुष्टि हुई है और आधिकारिक तौर पर 34 लोगों के लापता होने की सूचना है। कई लोगों के मलबे में दबे होने या अचानक आई बाढ़ में बह जाने की आशंका है। इस दौरान पांच लोगों के घायल होने की भी सूचना है और 370 से अधिक लोगों को बचाया लिया गया है ।

---

*एनएचएआई के अधिकारी को पीटने का मुद्दा दिल्ली तक पहुंचा, हिमाचल सरकार के लिए मुश्किल*

# सरकार के मंत्री घिरे, भाजपा मुद्दा बनाकर करेगी आक्रामक हमला

अर्थ प्रकाश/ संदीप उपाध्याय

**शिमला।** एनएचएआई के अधिकारी की पिटाई करने के मामले में हिमाचल सरकार के मंत्री संकट में फंस गए हैं। एनएचएआई के घायल अधिकारी की शिकायत पर मंत्री पर केस दर्ज हो गया है। मंत्री के द्वारा अधिकारी के पिटाई करने के आरोपों का मुद्दा दिल्ली तक पहुंच गया है। केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने अधिकारी के पिटाई के मामले में कड़ा संज्ञान लेते हुए मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंदर सिंह सुक्खू से फोन पर बात कर दोषियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग की। केंद्रीय मंत्री के संज्ञान लेने का ही असर रहा कि सरकार ने मंत्री पर ही केस दर्ज किया। मुख्यमंत्री से साफ कर दिया है कि कानून अपना काम करेगा और कानून के अनुसार कार्रवाई होगी। वहीं मंत्री अनिरुद्ध सिंह ने जवाब देते हुए कहा कि जनता के हक के लिए जनप्रतिनिधि को लड़ना चाहिए, हालांकि मंत्री ने अभी तक यह नहीं स्वीकार कि उन्होंने अधिकारी से मारपीट की है।

शिमला में भारी बारिश के चलते एक पांच मंजिला मकान गिर गया और कई मकानों में दरारें आई है। आरोप है कि नेशनल हाइवे के द्वारा बनाई जा रही सड़क के लिए पहाड़ों की कटिंग करने के कारण मकान को नुकसान हुआ है। पांच मंजिला मकान गिरने पर मंत्री मौके पर पहुंचे और वहां नेशनल हाइवे के अधिकारियों को बुलाया गया। जनता में भारी गुस्सा था, जिससे माहौल गरम हो गया। घायल इंजीनियर ने आरोप लगाया कि मंत्री वहीं पास में एक मकान में बातचीत के लिए ले गए और वहां पर मारपीट की। मंत्री के साथियों ने भी मारपीट की। घायल मैनेजर अचल जिंदल ने पुलिस में शिकायत की और मुद्दा गरमा गया। वहां एनएचएआई के चेयरमैन ने मुख्य सचिव को पत्र लिखकर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की तो केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने मुख्यमंत्री से बात कर दोषियों के खिलाफ जल्द सख्त कार्रवाई की मांग की। अब इस मुद्दे को लेकर भाजपा ने भी आक्रामक रुख अपनाया है। विपक्ष के नेता जयराम ठाकुर और सांसद अनुराग ठाकुर ने सरकार से मांग की है कि सरकारी कर्मचारी पर ड्यूटी के दौरान मारपीट करने वाले मंत्री को मंत्रिमंडल से बर्खास्त करें और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करें। अधिकारी से मारपीट का मुद्दा अब हिमाचल की सियासत में गरमा रहा है। मंत्री अनिरूद्ध सिंह आरोपों से घिरे हैं। भाजपा अब इस मुद्दे पर सरकार के खिलाफ आक्रामक रुख अपनाएगी और कानून व्यवस्था को लेकर घेरेगी।

### गडकरी ने लिया कड़ा संज्ञान, यह कानून का अपमान है

केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने कहा कि हिमाचल प्रदेश के पंचायती राज मंत्री और उनके सहयोगियों द्वारा एनएचएआई पीआईयू शिमला के प्रबंधक अचल जिंदल पर किया गया जघन्य हमला अत्यंत निंदनीय है और कानून के शासन का अपमान है। अपने आधिकारिक कर्तव्यों का पालन कर रहे एक लोक सेवक पर इस तरह का क्रूर हमला न केवल व्यक्तिगत सुरक्षा को खतरे में डालता है बल्कि संस्थागत अखंडता को भी नष्ट करता है। मैंने मामले का गंभीरता से संज्ञान लिया है और मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू से बात की है, और सभी अपराधियों के खिलाफ तत्काल और अनुकरणीय कार्रवाई करने का आग्रह किया है। जवाबदेही सुनिश्चित होनी चाहिए और बिना देरी के न्याय मिलना चाहिए।

---

## न्यूज़ ब्रीफ

### शिवसेना चुनाव चिह्न विवाद पर 14 जुलाई को सुनवाई करेगा सुप्रीम कोर्ट



**नई दिल्ली (अप्रस)।** उच्चतम न्यायालय शिवसेना और शिवसेना (यूबीटी) के बीच 'धनुष-बाण' चुनाव चिह्न आवंटन विवाद से संबंधित मामले में 14 जुलाई को विचार करेगा। न्यायमूर्ति एम एम सुंदरेश और न्यायमूर्ति के विनोद चंद्रन की अंशकालीन कार्य दिवस पीठ ने बुधवार को शिवसेना (यूबीटी) की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता देवदत्त कामत की इस मामले में तत्काल सुनवाई की गुहार पर सहमति व्यक्त की। अधिवक्ता कामत ने गुहार लगाते हुए कहा कि महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय चुनावों से संबंधित घोषणा अगले सप्ताह कभी भी की जा सकती है। पीठ के समक्ष उन्होंने कहा कि हम कुछ अंतरिम निर्देश चाहते हैं। जैसे एनसीपी मामले में जारी किए गए थे। उन्हें चुनाव चिह्न दे दिया गया है। पूर्व मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे की अगुवाई वाली शिवसेना की ओर से पेश हुए अधिवक्ता ने कहा कि दो चुनाव हो चुके हैं। न्यायमूर्ति सूर्यकांत की अगुवाई वाली पीठ के समक्ष इसी तरह की याचिका का उल्लेख किया गया था, जिसे खारिज कर दिया गया। पीठ ने कहा कि भले ही चुनाव अधिसूचित हो जाएं, लेकिन यह आखिरकार उच्च न्यायालय के आदेश के खिलाफ है। इस पर श्री कामत ने कहा कि नहीं नहीं यह चुनाव चिह्न का विवाद है। मामला दो साल से लंबित है। पीठ ने फिर पूछा कि अगर यह लंबित है तो कोई समस्या नहीं है, कोई अधिकार (जो मिलना चाहिए) नहीं जाएगा। इतनी जल्दी क्या है। अधिवक्त ने कहा कि यह अंततः लोगों की पसंद का सवाल है। शीर्ष अदालत ने इसके बाद कहा कि वह इस मामले में 14 जुलाई को विचार करेगी। गौरतलब है कि चुनाव आयोग ने 17 फरवरी, 2023 को एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना को असली पार्टी के रूप में मान्यता दी थी।


### पांच देशों की मेरी यात्रा से दक्षिण के देशों के साथ सहयोग संबंध मजबूत होंगे: मोदी

**नई दिल्ली (अप्रस)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अफ्रीका, कैरेबियाई और दक्षिण अमेरिका के पांच देशों की यात्रा के लिए रवाना होने से पूर्व कहा कि उनकी इस यात्रा से दक्षिणी गोलार्ध के विकासशील देशों के साथ भारत के संबंधों को और बल मिलेगा। पीएम मोदी ने घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की यात्रा की आठ दिन की यात्रा पर सुबह घाना के लिए प्रस्थान किया और वह नामीबिया होकर लौटेंगे। इस दौरान वह ब्राजील के रियो डी जनेरियों में होने जा रही ब्रिक्स शिखर बैठक में भाग लेंगे और ब्रिक्स देशों के शासनाध्यक्षों और राष्ट्राध्यक्षों के साथ अलग से भी बातचीत करेंगे। राजधानी से प्रस्थान करने से पूर्व एक वक्तव्य में श्री मोदी ने कहा कि आज मैं 02 से 09 जुलाई 2025 तक घाना, त्रिनिदाद और टोबैगो, अर्जेंटीना, ब्राजील और नामीबिया की पाँच देशों की यात्रा पर जा रहा हूँ। उन्होंने कहा कि मुझे विश्वास है कि पांच देशों की मेरी इस यात्रा से वैश्विक दक्षिणी देशों के साथ हमारी मित्रता को और बल मिलेगा, अंध महासागर के दोनों किनारों पर हमारी साझेदारी मजबूत होगीऔर ब्रिक्स, अफ्रीका संघ, इकोवास और कैरीकॉम जैसे बहुपक्षीय मंचों के साथ हमारा जुड़ाव गहरा होगा।







# अकाली दल के नेता ड्रग माफिया को बचाने के लिए न्यायपालिका और जांच एजेंसियों पर बना रहे दबाव : चीमा

## कहा-बादल की यात्रा पंथ बचाओ से परिवार बचाओ तक पहुंची, अब ड्रग माफिया को बचाने की लड़ रहे हैं लड़ाई

बादल परिवार ने अकाली दल को निजी संपत्ति में बदल कर, युवाओं के भविष्य को अपने फायदे के लिए बेच दिया

अर्थ प्रकाश/अक्षित जैन



**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** आम आदमी पार्टी (आप) के नेता और पंजाब के वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा ने अकाली दल पर तीखा हमला बोला और बादल परिवार पर ड्रग तस्करों को बचाने और पंजाब में कानून व्यवस्था को नुकसान पहुंचाने का आरोप लगाया। एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए चीमा ने कहा कि मुख्यमंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली आम आदमी पार्टी (आप) सरकार ने अपने नशा विरोधी अभियान को युद्ध में बदल दिया है। नशीले पदार्थों की आमद को रोकने के लिए पंजाब की सीमा पर एंटी-ड्रोन सिस्टम और उन्नत सुरक्षा उपाय शुरू किए हैं।

चीमा ने इस बात पर भी प्रकाश डाला कि आप सरकार पंजाब को नशा मुक्त बनाने के लिए किस तरह के अनोखे काम कर रही है। वहीं कांग्रेस, भाजपा और अकाली दल जैसी पारंपरिक पार्टियां ड्रग माफियाओं का साथ दे रही है। चीमा ने कहा कि पिछले 25-30 वर्षों से इन पार्टियों ने पंजाब पर शासन किया और ड्रग तस्करों के साथ गहरी सांठगांठ की। 2007 से 2017 तक अकाली शासन के दौरान पंजाब में नशे की बाढ़ आ गई, जिसके कारण नौकरियों के बजाय हमारे युवाओं को चिट्टे के पैकेट थमा दिए गए।'

उन्होंने सुखबीर सिंह बादल पर अकाली दल को एक पंथक आंदोलन से पारिवारिक व्यापारिक साम्राज्य में बदलने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अकाली दल की स्थापना 1920 में सिख धर्म, गुरुद्वारों और पंथक मूल्यों की रक्षा के लिए की गई थी। लेकिन बादल परिवार, खासकर सुखबीर बादल द्वारा कब्जा किए जाने के बाद, इसने अपना ध्यान भ्रष्टाचार के माध्यम से धन इकट्ठा करने, होटल, परिवहन व्यवसाय शुरू करने पर लगाया।

पंजाब सतर्कता ब्यूरो द्वारा सुखबीर बादल के साले बिक्रम मजीठिया की हाल ही में की गई गिरफ्तारी का जिक्र करते हुए चीमा ने कहा कि शिअद ने अब एक नया अभियान शुरू किया है- परिवार बचाओ आंदोलन। 1920 में पंथ बचाओ के रूप में जो शुरू हुआ था, वह 2025 में परिवार बचाओ आंदोलन बन गया है। वहीं अब ड्रग मामलों के मुख्य आरोपी बिक्रम मजीठिया को बचाने की भी कोशिश कर रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिअद नेता अब न्यायपालिका और कानून प्रवर्तन एजेंसियों को डराने की भी कोशिश कर रहे हैं।

### संविधान और कानून के शासन में विश्वास करती है आप सरकार

चीमा ने कहा कि आप सरकार संविधान और कानून के शासन में विश्वास करती है। लेकिन दुख की बात है कि अकाली दल ने कभी ऐसी प्रतिबद्धता नहीं दिखाई और आज वह कानूनी प्रक्रियाओं को पटरी से उतारने की कोशिश करने वालों के पक्ष में खड़ा है। न्यायपालिका से आह्वान करते हुए चीमा ने कहा, 'मैं मुख्य न्यायाधीश महोदय से इस मामले का संज्ञान लेने और न्यायिक अधिकारियों तथा जांचकर्ताओं को इस तरह की धमकियों और डराने-धमकाने से रोकने के लिए उचित निर्देश देने का आग्रह करता हूं। सरकार स्थिति पर नजर रखे हुए है। हम कानून-व्यवस्था में किसी भी तरह की बाधा नहीं आने देंगे।' चीमा ने जनता को अतीत की घटनाओं की भी याद दिलाई और कहा, 'उन्होंने गुरु ग्रंथ साहिब की बेअदबी को नजरअंदाज किया, न्याय की मांग कर रहे निर्दोष प्रदर्शनकारियों पर गोलियां चलवाई और अब एक बार फिर अपराधियों के साथ खड़े हैं। यह उस पार्टी का असली चेहरा है जिसका मकसद पंथ और पंजाब को बचाना था। चीमा ने कानून व्यवस्था को कायम रखने और पंजाब से नशा खत्म करने के लिए आप सरकार की प्रतिबद्धता पर जोर देते हुए कहा कि पंजाब के लोगों ने 2017 में अकाली दल को 18 और फिर 2022 में 3 सीटों पर समेट कर दंडित किया। यह लड़ाई नहीं रुकेगी। हम उस पूरे गठजोड़ को खत्म करेंगे जिसने हमारे युवाओं को बर्बाद किया है और पंजाब को अंधकार में धकेला।

# रिमांड बढ़ाने के निर्णय से साबित हुआ कि विजिलेंस के पास मजीठिया के खिलाफ सबूत बेहद मजबूत: लालचंद कटारुचक

कहा-मजीठिया ने चुनाव आयोग को दिए एफिडेविट में शिमला में 0.56 हेक्टेयर जमीन बताई थी, लेकिन जांच में पता चला कि वह उससे 1000 गुना ज्यादा है



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** पंजाब विजिलेंस विभाग को बिक्रम मजीठिया का 4 दिन का और रिमांड दिए जाने पर आम आदमी पार्टी के नेता और कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारुचक ने खुशी जाहिर की और कहा कि इससे पता चलता है कि जांच सही दिशा में आगे बढ़ रही है।

बुधवार को पार्टी कार्यालय में आप प्रवक्ता बिक्रमजीत पासी और पार्टी नेता जसमन सिंह गिल के साथ एक प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित करते हुए कटारूचक ने कहा कि जांच के दौरान विजिलेंस विभाग को बेहद हैरान करने वाले तथ्य मिले हैं जो आज कोर्ट में भी पेश किया गया। जांच में पाया गया कि मजीठिया ने लंबे समय तक अपनी कई संपत्तियों की जानकारी छुपा कर रखी थी क्योंकि वह लूट का पैसे से बनाई गई थी।

उन्होंने कहा कि मजीठिया के परिवार की तरफ से जो संपत्तियों की जानकारी चुनाव आयोग को दी गई थी उसमें शिमला में 0.56 हेक्टेयर जमीन बताई गई थी, जो बिक्रम मजीठिया की पत्नी के नाम पर है, लेकिन जांच में पता चला कि वह जमीन बताई गई जानकारी से करीब 1000 गुना ज्यादा है। इससे साबित होता है कि किस तरह उन्होंने कानून की धज्जियां उड़ाई और मंत्री रहते हुए कैसे अन्य राज्यों में करोड़ों की संपत्ति बनाई।

उन्होंने कहा कि मंत्री रहते हुए मजीठिया ने अपने रेवेन्यू रिकॉर्ड के साथ छेड़छाड़ कर उसे अपने पक्ष में किया ताकि लोगों को असलियत का पता न चल सके, जबकि पूरा पंजाब जानता है कि सरकार में रहते हुए इन लोगों ने बहुत ज्यादा जायदाद इकट्ठी की और वह सब भ्रष्टाचार के पैसे से हुआ। अब आम आदमी पार्टी की सरकार उनके सब काले कारनामों को उजागर कर रही है। ये लोग पंजाब की तबाही के लिए स्पष्ट रूप से जिम्मेदार हैं।

# 'युद्ध नशों विरुद्ध' : 123 दिनों में 20 हज़ार से अधिक नशा तस्कर गिरफ़्तार

123वें दिन 156 नशा तस्कर काबू, 7.8 किलोग्राम हेरोइन, 3 किलो अफ़ीम, 1.43 लाख रुपए रुपए की ड्रग मनी बरामद

नशा छुड़ाने सम्बन्धी यत्नों के हिस्से के तौर पर पंजाब पुलिस ने 59 व्यक्तियों को नशा छोड़ने का इलाज लेने के लिए राज़ी किया

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** राज्य में से नशों के मुकम्मल ख़ात्मे के लिए मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों पर शुरु किये गए ''युद्ध नशों विरुद्ध'' के 123वें दिन पंजाब पुलिस ने आज 156 नशा तस्करों को गिरफ़्तार करके उनके कब्ज़े में से 7.8 किलो हेरोइन, 3 किलो अफ़ीम और 1.43 लाख रुपए रुपए की ड्रग मनी बरामद की है। इससे सिर्फ़ 123 दिनों के अंदर गिरफ़्तार किये गए कुल नशा तस्करों की संख्या 20,206 हो गई है।

यह ऑपरेशन डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) गौरव यादव के निर्देशों पर राज्य के सभी 28 जिलों में एक ही समय चलाया गया। ज़िक्रयोग्य है कि मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान ने पुलिस कमीशनरों, डिप्टी कमीशनरों और एस. एस. पीज़ को पंजाब को नशा मुक्त राज्य बनाने के हुक्म दिए हैं। पंजाब सरकार द्वारा नशों के विरुद्ध जंग की निगरानी के लिए वित्त मंत्री हरपाल सिंह चीमा के नेतृत्व में 5 सदस्यीय कैबिनेट सब कमेटी भी बनाई गई है।

ऑपरेशन के विवरण देते हुये स्पैशल डीजीपी कानून और व्यवस्था अर्पित शुक्ला ने बताया कि 91 गज़टिड अधिकारियों की निगरानी अधीन 1500 से अधिक पुलिस कर्मचारियों के सम्मिलन वाली 220 से अधिक पुलिस टीमों ने राज्य भर में 477 स्थानों पर छापेमारी की, जिसके चलते राज्य भर में 104 ऐफआईआरज़ दर्ज की गई। उन्होंने आगे कहा कि दिन भर चले इस ऑपरेशन के दौरान पुलिस टीमों ने 483 शक्की व्यक्तियों की जांच भी की। स्पैशल डीजीपी ने बताया कि पंजाब सरकार द्वारा राज्य में से नशों के ख़ात्मे के लिए तीन-आयामी रणनीति - इनफोरसमैंट, डी-एडिकशन और प्रीवैंशन (ईडीपी) - लागू की गई है और पंजाब पुलिस ने इस रणनीति के हिस्से के तौर पर 59 व्यक्तियों को नशा छोड़ने और पुनर्वास का इलाज लेने के लिए राज़ी किया है।

# कभी पंथ के लिए संघर्ष करने वाला अकाली दल आज ड्रग माफिया को बचाने के लिए लड़ रहा: अरोड़ा

कहा-ड्रग माफिया के खिलाफ कार्रवाई में बाधा न पहुंचाएं, ऐसे लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** आम आदमी पार्टी (आप) पंजाब के अध्यक्ष अमन अरोड़ा ने बिक्रम मजीठिया की गिरफ्तारी को लेकर शिरोमणि अकाली दल के प्रधान सुखबीर बादल पर तीखा हमला बोला है। अरोड़ा ने कहा कि कभी पंथ और पंजाब के लिए संघर्ष करने वाला अकाली दल आज ड्रग माफिया को बचाने के लिए संघर्ष कर रहा है। यह बेहद दुर्भाग्य की बात है।

अरोड़ा ने कहा कि सुखबीर बादल बोल रहे हैं कि अकाली दल के हजारों वर्करों को बिक्रम मजीठिया की पेशी पर जाने से रोका गया। मैं उनसे पूछना चाहता हूं कि क्या आपके पास पूरे पंजाब में इस समय हजार वर्कर हैं? उन्होंने कहा कि आपने अपने 10 साल के कार्यकाल के दौरान अपने काले कारनामों से अकाली दल को ख़ाली दल बनाकर रख दिया।

अरोड़ा ने चेतावनी देते हुए कहा कि कोई भी नेता ड्रग माफिया के खिलाफ सरकार की कार्रवाई में बाधा न पहुंचाएं, नहीं तो ऐसे सभी लोगों के साथ सख्ती से निपटा जाएगा। पुलिस और जांच एजेंसी को अपना काम कर रही है। वह कानून के अनुसार ही किसी को गिरफ्तार करता है और उसपर मुकदमा दायर करता है।

उन्होंने कहा कि अकाली-भाजपा की सरकार के समय इन लोगों ने पंजाब को लूटा और युवाओं को नशे की तरफ धकेला। आज पंजाब उसका इंसाफ मांग रहा है और आप सरकार उन सभी लोगों को न्याय दिलाने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम कर रहा है। हम ऐसे सभी लोगों को कानून के कटघरे में खड़ा करेंगे जो नशे के कारोबार में शामिल रहा है।

### अकाली दल के कार्यकर्ता अदालत क्यों जा रहे हैं? क्या उन्हें कानून पर भरोसा नहीं है?: बलतेज पन्नू



आप नेता बलतेज पन्नू ने कहा कि यह अदालत और कानून का मसला है मुझे यह समझ नहीं आ रहा कि यह अकाली दल वाले अदालत को क्यों घेरने जा रहे हैं? क्या उन्हें कानून पर विश्वास नहीं है? उन्होंने कहा कि अगर आपको कानून और कोर्ट पर विश्वास है तो वकीलों को बहस करने दीजिए। यह अदालत तय करेगा कि पुलिस को आगे उनका रिमांड मिलेगा है या नहीं। क्या आप लोग अदालत को घेरकर जज पर दबाव बनाना चाहते हैं? पन्नू ने कहा कि अदालत के सामने बिक्रम मजीठिया का पक्ष उनके वकील रख रहे हैं। दुसरी तरफ विजिलेंस का पक्ष भी सरकार का वकील रख रहा है। अब अदालत को सबूत और बहस के आधार पर फैसला करना है और अदालत जो भी फ़ैसला करेगी वह सबको मंजूर होना चाहिए क्योंकि कानून के अनुसार ही देश और राज्य का कामकाज चलता है।

# मोहिंदर भगत ने बागवानी क्षेत्र की प्रगति की समीक्षा की

## किसानों को नवीनतम तकनीकों और योजनाओं के प्रति जागरूक करने पर दिया जोर

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार फसली विविधता को प्रोत्साहित कर और किसानों की आय बढ़ाकर बागवानी क्षेत्र के विस्तार तथा राज्य की कृषि अर्थव्यवस्था को सुदृढ़ बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। बागवानी पहलों की प्रगति का मूल्यांकन करने हेतु, बागवानी मंत्री मोहिंदर भगत ने आज पंजाब सिविल सचिवालय, चंडीगढ़ में विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ एक समीक्षा बैठक की।

बैठक के दौरान बागवानी निदेशक श्रीमती शैलेन्द्र कौर ने मंत्री को बागवानी को प्रोत्साहित करने तथा किसानों के जीवन स्तर को ऊंचा उठाने के लिए लागू की गई विभिन्न योजनाओं और पहलों से अवगत कराया। उन्होंने फसल उत्पादकता को और बेहतर बनाने, उन्नत तकनीकों के उपयोग को बढ़ाने और बागवानी उत्पादों के लिए बेहतर बाजार उपलब्ध कराने के उद्देश्य से चल रहे प्रोजेक्ट्स की जानकारी साझा की।

मंत्री ने विभाग को निर्देश दिए कि किसानों को प्रशिक्षण कार्यक्रमों, जागरूकता शिविरों और डिजिटल प्लेटफार्मों के माध्यम से नवीनतम तकनीकों, सरकारी योजनाओं और सर्वोत्तम प्रथाओं की नियमित जानकारी देना सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने आगे कहा कि इस प्रकार की जानकारी किसानों तक समय पर पहुंचाने से वे सरकारी सहायता का पूरा लाभ उठाने में सक्षम हो सकेंगे।

# सरहद पार से चलाए जा रहे तस्करी नैटवर्क का अमृतसर में पर्दाफाश

## 8 पिस्तौलें, 1 किलो हेरोइन, 2.9 लाख रुपए ड्रग मनी सहित तीन गिरफ़्तार

पाकिस्तान-आधारित तस्कर सिकंदर नूर के निर्देशों अधीन काम कर रहे थे गिरफ़्तार किये मुलजिम: डीजीपी गौरव यादव

पंजाब में गैंगस्टरों को सप्लाई किये जाने थे बरामद किये हथियार

अर्थ प्रकाश संवाददाता




**अमृतसर, 2 जुलाई।** मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के निर्देशों अनुसार पंजाब को सुरक्षित राज्य बनाने के मद्देनज़र चल रही मुहिम के दौरान बड़ी ख़ुफ़िया कार्यवाही के अंतर्गत काउन्टर इंटेलिजेंस (सी. आई.) अमृतसर ने पाकिस्तान से सम्बन्धित सरहद पार से चलाए जा रहे नशा और ग़ैर- कानूनी हथियार तस्करी माड्यूल का पर्दाफाश करते हुये इस माड्यूल के तीन गुर्गों को आठ आधुनिक हथियारों, 1 किलो हेरोइन और 2.9 लाख रुपए की ड्रग मनी सहित गिरफ़्तार किया है। यह जानकारी डायरैक्टर जनरल आफ पुलिस (डीजीपी) पंजाब गौरव यादव ने बुधवार को यहाँ दी।

गिरफ़्तार किये गए व्यक्तियों की पहचान फ़िरोज़पुर के गाँव सांके निवासी सरबजीत सिंह, फ़िरोज़पुर के गाँव लंगियाना के निवासी कुलविन्दर सिंह और रेलवे रोड, तरनतारन के निवासी अशमनदीप सिंह के तौर पर हुई है। बरामद किये गए हथियारों में तीन एमएम गलौक पिस्तौल, तीन .30 बोर के चाइनीज़ पिस्तौल और दो .30 बोर के पीऐक्स- 5 पिस्तौल शामिल हैं। इसके इलावा पुलिस टीमों ने मुलजिमों के कब्ज़े में से एक नोट/पैसे गिनने वाली मशीन बरामद की है और एक सपलैंडर मोटरसाईकल ( पीबी- एटी-1664), जिसका प्रयोग वह खेपों की ढुलाई के लिए करते थे, को भी ज़ब्त कर लिया है। डीजीपी गौरव यादव ने कहा कि प्राथमिक जांच से पता लगा है कि मुलजिम पाकिस्तान स्थित तस्कर सिकंदर नूर, निवासी मनीहाला (पाकिस्तान) के निर्देशों अधीन काम कर रहे थे, जो सरहद पार से ड्रोन के द्वारा हथियारों की खेपें पहुंचाता था। उन्होंने कहा कि गिरफ़्तार किये गए मुलजिम राज्य में आपराधिक गतिविधियों को अंजाम देने के लिए यह हथियार आगे गैंगस्टरों तक पहुँचाते थे।

आपरेशन के बारे विवरण सांझे करते हुये उन्होंने बताया कि सी. आई. अमृतसर, को फ़िरोज़पुर और तरनतारन जिलों के अधिकार क्षेत्र में पड़ते भारत-पाकिस्तान सरहदी क्षेत्रों से हथियारों और नशीले पदार्थों की खेप प्राप्त होने के बारे पुख़्ता सूचना मिली थी। उन्होंने आगे कहा कि इस पर तेज़ी से कार्यवाही करते हुए पुलिस टीमों ने रेलवे रोड तरन तारन के नज़दीक तीन व्यक्तियों को तब गिरफ़्तार किया, जब वह अपने मोटरसाईकल पर खेप पहुँचाने जा रहे थे। इस दौरान उक्त दोषियों के कब्ज़े में से ग़ैर-कानूनी हथियार और नशीले पदार्थ बरामद किये गए।

डीजीपी ने कहा कि इस मामले में अगली-पिछली कड़ियाँ जोड़ने और पूरे नैटवर्क सम्बन्धी और अहम जानकारी जुटाने के लिए आगे जांच की जा रही है। इस सम्बन्धी, एफआईआर नंबर 35 तारीख़ 01-07- 2025 को एनडीपीएस एक्ट की धारा 21, 25, 27-ए, 29 और आर्मज़ एक्ट की धारा 25 के अंतर्गत पुलिस स्टेशन स्पेशल ऑपरेशन सैल, अमृतसर में केस दर्ज किया गया है।

# 100 ग्राम हीरोइन सहित गिरफ्तार किए गए एक व्यक्ति की निशानदेही पर तीन अन्य व्यक्ति गिरफ्तार



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 2 जुलाई।** पंजाब सरकार द्वारा नशा तस्करों के खिलाफ चलाए गए अभियान के अंतर्गत 2 दिन पहले ढकोली पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को 100 ग्राम हीरोइन के साथ गिरफ्तार किया गया था। इसके खिलाफ थाना ढकोली में एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज करके जांच शुरू कर दी थी। इस संबंधी जानकारी देते हुए थाना ढकोली के प्रभारी इंस्पेक्टर जशन प्रीत सिंह ने बताया की 30 जून को थाना ढकोली की पुलिस पार्टी द्वारा एक नशा तस्कर को 100 ग्राम हीरोइन सहित गिरफ्तार किया था जिसकी पहचान कुणाल पुत्र सुनील कुमार निवासी रेलवे बस्ती गुरु हर सहाय जिला फिरोजपुर के रूप में हुई थी। पुलिस द्वारा कुणाल से पूछताछ के बाद कुणाल की निशानदेही पर तीन अन्य नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया है जिनकी पहचान करणवीर सिंह उर्फ छोटा गोरा पुत्र गोपाल सिंह निवासी गुरु हर सहाय जिला फिरोजपुर, प्रगट सिंह उर्फ राज पुत्र सुखदेव सिंह निवासी थाना गुरुहर सहाय जिला फिरोजपुर और रोहित उर्फ गोरा पुत्र हरबंस सिंह निवासी फिरोजपुर के रूप में हुई है। उन्होंने बताया कि तीनों आरोपियों का तीन दिन का पुलिस रिमांड हासिल कर लिया गया है। इनसे पूछताछ के दौरान और भी बड़े खुलासे होने की संभावना है।

# सिख रहित मर्यादा की पालना न करने वालों को जत्थेदार नियम कमेटी से हटाया जाये

ग्लोबल सिख कौंसिल की शिरोमणि कमेटी से अपील

पंथक मसलों को और बारीकी से विचारने के लिए विदेशों के सिख नुमायंदों को भी किया जाये कमेटी में शामिल

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 2 जुलाई।** वैश्विक स्तर की विभिन्न सिख संस्थाओं की नुमायंदगी कर रही ग्लोबल सिख कौंसिल (जी. एस. सी.) ने अकाल तख़्त साहिब के जत्थेदार के लिए सेवा नियम बनाने सम्बन्धी शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी (एसजीपीसी) द्वारा हाल ही में बनाई गई 34 सदस्यीय सलाहकार कमेटी पर गंभीर चिंता प्रकट की है। जत्थेदार साहिबान के लिए योग्यताएं, जिम्मेदारियों, नियुक्ति प्रक्रिया और कार्यकाल सम्बन्धी एक स्पष्ट और पारदर्शी ढांचा स्थापित करने के लिए एसजीपीसी के प्रयासों की सराहना करते हुये कौंसिल ने एसजीपीसी प्रधान हरजिन्दर सिंह धामी द्वारा सिख रहित मर्यादा के सिद्धांत, संकल्प-आधारित परंपराओं और एक व्यक्ति पर सिर्फ़ एक ही पद पर रहते हुये पंथ की सेवा निभाने वाले प्रगटाए सार्वजनिक भरोसे का भी स्वागत किया है।

एसजीपीसी प्रधान को भेजे एक पत्र में कौंसिल की प्रधान लेडी सिंह कंवलजीत कौर ने मौजूदा कमेटी की बनावट पर सख़्त ऐतराज़ जताते हुये कहा कि इस समय कमेटी के बहुत से मैंबर कथित तौर पर पंथ प्रवानित सिख रहित मर्यादा की पालना नहीं कर रहें और मूल सिख सिद्धांतों के उलट कर्म-कांडों को उत्साहित कर रहे हैं। जीएससी ने कहा है कि प्रवानित सिख रहित मर्यादा की पालना न करने वाले या अपने डेरों, बुंगों और ठाठों में ग़ैर-सिख रिवाज़ों को उत्साहित करने वाले व्यक्तियों को इस कमेटी में शामिल करना नियम बनाने सम्बन्धी पूरी प्रक्रिया की पवित्रता और भरोसे योग्यता के बारे गंभीर सवाल खड़े कर सकता है। इसके इलावा, कौंसिल ने निराश जतायी कि विश्वव्यापी सिख भाईचारे के प्रसिद्ध विद्वानों और नुमायंदों को इस महत्वपूर्ण कमेटी से पूरी तरह बाहर कर दिया गया है। कौंसिल ने ज़ोर देकर कहा है कि ऐसा बरताव न सिर्फ़ खालसा पंथ के एक महत्वपूर्ण हिस्से को दूर करता है बल्कि सामूहिक पंथक सलाह-मशवरे की भावना को भी ठेस पहुंचाता है।

एसजीपीसी प्रधान को लिखे अपने पत्र में ग्लोबल सिख कौंसिल ने माँग की है कि कमेटी का पुनर्गठन किया जाये जिससे उन सदस्यों को बाहर रखा जा सके जो सिख रहित मर्यादा की सख़्ती से पालना नहीं कर रहे हैं। इसमें यह भी सुझाव दिया गया है कि कमेटी के सभी सदस्यों से एक लिखित स्वै-घोषणा पत्र पर हस्ताक्षर करवाए जाएँ जिसमें श्री गुरु ग्रंथ साहिब की शिक्षाओं की पालना करना, सिख रहित मर्यादा में दृढ़ता भरोसा और पालना समेत खालसा पंथ की गौरवमयी विरासत के प्रति अपनी निजी वचनबद्धता की पुष्टि की जाये। ग्लोबल सिख कौंसिल ने एसजीपीसी को अपनी ऐतिहासिक और धार्मिक ज़िम्मेदारी को पूरी पारदर्शिता, पंथक अखंडता और सुहिरदता के साथ निभाने की भी अपील की। इस महत्वपूर्ण पहलकदमी का समर्थन करने की अपनी इच्छा की पुष्टि करते हुये कौंसिल ने एसजीपीसी को एक व्यापक सलाहकारी पहुँच अपनाने की अपील की है जो देशों- विदेशों में बसती समूची सिख कौम की भावनाओं और इच्छाओं की अगुवाई करती हो। जी. एस. सी. ने ज़ोर देकर कहा कि यह पंथ के लिए संकल्प के सिद्धांतों पर पहरा देते हुये एकजुट होने और श्री अकाल तख़्त साहिब के नैतिक अधिकारों को मज़बूत करने का समय है।

# कैबिनेट मंत्री धालीवाल ने केंद्रीय मंत्री पाटिल से अजनाला में रावी बाढ़ राहत हेतु फंड की मांग की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** एन. आर. आई. मामलों के मंत्री स. कुलदीप सिंह धालीवाल ने आज केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सी. आर. पाटिल के साथ रावी दरिया, जोकि पंजाब के अमृतसर के अजनाला जिले में से होकर बहता है और पाकिस्तान के साथ अंतरराष्ट्रीय सरहद बनाता है, सम्बन्धी महत्वपूर्ण चिंता के मामले पर मुलाकात की। उन्होंने पंजाब सरकार को ज़रुरी फंड देने की विनती की। यह फंड हमारी ज़मीन की सुरक्षा, हमारे सुरक्षा बुनियादी ढांचे की रक्षा और इस संवेदनशील सरहद पर ग़ैर-कानूनी गतिविधियों के बढ़े हुए जोखिम को रोकने के लिए ज़रुरी प्रोजेक्टों को लागू करने के लिए महत्वपूर्ण हैं।

मंत्री ने कहा कि भारी बाढ़ के समय के दौरान अजनाला में रावी के साथ लगते क्षेत्रों को काफ़ी नुक्सान होता है। इसमें न सिर्फ़ हमारे किसानों की कीमती कृषि योग्य ज़मीन का नुक्सान होता है, बल्कि महत्वपूर्ण फ़ौज और बी. एस. एफ. चौकियों को भी भारी नुक्सान होता है। यह नुक्सान हमारी राष्ट्रीय सुरक्षा और हमारी सीमा सुरक्षा बलों की संचालन क्षमता को सीधा प्रभावित करता है। इसके इलावा, इन सरहदी इलाकों में बाढ़ों के कारण होने वाला विघ्न बदकिस्मती से नशों की तस्करी की संभावनाओं को बढ़ाता है, जो हमारे राज्य और राष्ट्र के लिए एक गंभीर ख़तरा है।

धालीवाल ने केंद्रीय मंत्री को आगे बताया कि इन महत्वपूर्ण मुद्दों को प्रभावशाली ढंग से कंट्रोल करने और घटाने के लिए यह ज़रूरी है कि हम नदी के इस हिस्से के साथ-साथ महत्वपूर्ण सुदृढ़ीकरण और सुरक्षा उपाय करें। इसमें मज़बूत बाढ़ नियंत्रण बुनियादी ढांचा और सरहदी सुरक्षा प्रतिष्ठिानों को मज़बूत करना शामिल होगा।

# अकाली नेताओं को मोहाली जाने से रोकने के लिए पुलिस ने किए कड़े प्रबंध

## दोनों नाकों पर सैकड़ों पुलिस मुलाजिम, मिट्टी से भरे टिपर और बैरिकेड्स लगाए

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़, 2 जुलाई।** अकाली नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया को माननीय अदालत में पेश किए जाने के अवसर पर पुलिस प्रशासन ने अकाली नेताओं को मोहाली जाने से रोकने के लिए व्यापक प्रबंध किए थे।

गौरतलब है कि पूर्व कैबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ अकाली नेता बिक्रमजीत सिंह मजीठिया को पिछले दिनों विजिलेंस विभाग ने गिरफ्तार किया था तथा उन्हें आज माननीय अदालत में पेश किया जाना था। राज्य सरकार के आदेशों पर आज पुलिस प्रशासन के समक्ष अदालत में पेश होने के लिए बड़ी संख्या में अकाली नेताओं के पहुंचने की संभावना को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने बनूड़ से जीरकपुर जाने वाले राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित गांव अजीजपुर टोल प्लाजा के पास तथा बनूड़ से लांडरां जाने वाले राजमार्ग पर स्थित गांव फोजी कालोनी के पास बैरिकेड्स लगाकर मिट्टी से भरे टिप्पर खड़े किए थे तथा इन नाकों पर करीब सौ पुलिस कर्मियों को तैनात किया गया था। पुलिस ने अकाली नेताओं को मोहाली जाने से रोकने के लिए इन नाकों पर कड़े प्रबंध किए हुए थे तथा राष्ट्रीय मार्ग से गुजरने वाले प्रत्येक वाहन की तलाशी लेने के बाद ही उन्हें आगे जाने दिया जा रहा था।

भीषण गर्मी में पुलिस नाकों पर गुजरने वाले वाहनों के चालकों से गहनता से पूछताछ करने तथा वाहनों की तलाशी लेने के बाद ही उन्हें आगे जाने दे रही थी।

डीएसपी मनजीत सिंह राजपुरा, इंस्पेक्टर गुरसेवक सिंह तथा इंस्पेक्टर किरपाल सिंह मोही के नेतृत्व में अजीजपुर टोल प्लाजा पर करीब पांच दर्जन पुलिस कर्मी तैनात थे तथा गांव फोजी कालोनी में एसपी स्तर के अधिकारियों के अलावा बड़ी संख्या में अन्य पुलिस कर्मी मौजूद थे।

## हरियाणा सरकार ने पार्ट टाइम और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों की वेतन दरों में किया संशोधन

# ग्रुप-सी और ग्रुप डी के नियमित कर्मचारियों को मिलेगा प्रतिपूरक अवकाश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** हरियाणा सरकार ने अपने पार्ट टाइम और दैनिक वेतनभोगी कर्मचारियों के लिए वेतन दरों में संशोधन किया है। ब?ी हुई दरें 1 जनवरी, 2025 से प्रभावी होंगी।

मुख्य सचिव श्री अनुराग रस्तोगी द्वारा इस बारे में अधिसूचना जारी की गई है।

संशोधित दरों के अनुसार दो वेतन स्लैब बनाए गए हैं। हरियाणा कौशल रोजगार निगम के अनुसार यदि किसी पार्ट टाइम या दैनिक वेतनभोगी का मासिक वेतन 19,900 रुपये है तो उसका दैनिक वेतन 765 रुपये, प्रति घंटा वेतन 96 रुपये निर्धारित किया गया है। अगर कोई कर्मचारी महीने में प्रतिदिन एक घंटा काम करता है तो उसे प्रतिमाह 2487 रुपये वेतन मिलेगा।

इसी प्रकार यदि निगम द्वारा किसी कर्मचारी का वेतन 24,100 निर्धारित किया गया है तो उसका दैनिक वेतन 927 रुपये जबकि प्रति घंटा 116 रुपये निर्धारित किया गया है। अगर कोई कर्मचारी महीने में प्रतिदिन एक घंटा काम करता है तो उसे प्रतिमाह 3012 रुपये वेतन मिलेगा।

सरकार ने ग्रुप-सी और ग्रुप डी के सरकारी नियमित कर्मचारियों के लिए प्रतिपूरक अवकाश प्रदान हरियाणा सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 2016 में संशोधन की अधिसूचना जारी कर दी है।

संशोधित नियम के तहत यदि कर्मचारी अधिसूचित अवकाश पर आधिकारिक ड्यूटी करते हैं, तो वे एक माह के भीतर प्रतिपूरक अवकाश के हकदार होंगे। यह अवकाश संबंधित छुट्टियों और स्टेशन लीव के साथ भी लिया जा सकता है। हालांकि किसी भी परिस्थिति में कुल अवकाश अवधि 16 दिनों से अधिक नहीं होगी। यदि कोई कर्मचारी एक महीने की अवधि के भीतर प्रतिपूरक अवकाश के लिए आवेदन करता है और स्वीकृति प्राधिकारी अनुरोध को अस्वीकार कर देता है, तो अगले 15 दिनों के भीतर छुट्टी का लाभ उठाया जा सकता है, अन्यथा छुट्टी समाप्त मानी जाएगी। इसके अलावा, यदि उसी दिन के लिए वित्तीय प्रोत्साहन प्रदान किया गया है या प्रस्तावित है तो प्रतिपूरक अवकाश प्रदान नहीं किया जाएगा।

सरकार ने हरियाणा सिविल सेवा (अवकाश) नियम, 2016 में संशोधन की भी अधिसूचना जारी कर दी है। अधिसूचना के अनुसार, अब सभी नियमित महिला कर्मचारियों को प्रति कैलेंडर वर्ष 25 आकस्मिक अवकाश मिलेंगे।

इसके अतिरिक्त, कैलेंडर वर्ष में 30 जून से पहले नियुक्त होने वाली नियमित महिला कर्मचारियों को अब 20 के स्थान पर 25 जबकि पुरुष कर्मचारियों को 10 आकस्मिक अवकाश मिलेंगे। 30 जून से 30 सितंबर के बीच नियुक्त होने वाली महिला कर्मचारियों को 12 जबकि पुरुष कर्मचारियों को 5 आकस्मिक अवकाश मिलेंगे। वहीं, 30 सितंबर के बाद नियुक्त होने वाली महिला कर्मचारियों को 6 जबकि पुरुष कर्मचारियों को 2 आकस्मिक अवकाश मिलेंगे। इसके अलावा, 30 नवंबर के बाद नियुक्त होने वाली महिला कर्मचारियों को 3 जबकि पुरुष कर्मचारियों को एक आकस्मिक अवकाश मिलेगा।

इसके अलावा, 10 वर्ष की सेवा के दौरान पुरुष कर्मचारियों को 10 दिन, 10 वर्ष से अधिक परन्तु 20 वर्ष से कम की सेवा पर 15 दिन तथा 20 साल की सेवा के बाद 20 का आकस्मिक अवकाश मिलेगा। सरकारी कर्मचारी जिस वर्ष में 10 या 20 साल की सेवा पूरी करता है, वह उस कलैण्डर वर्ष से यह बढ़े हुए अवकाश लेने का हकदार होगा।

इसके अलावा, यदि सेवा के दौरान किसी कर्मचारी की मृत्यु हो जाती है तो मृतक कर्मचारी का परिवार या तो दो साल के लिए किराया भत्ता ले सकेगा या सामान्य लाइसेंस फीस के भुगतान पर दो साल के लिए सरकारी आवास रख सकेगा। यदि मृतक सरकारी कर्मचारी के परिवार द्वारा स्वेच्छा से सरकारी आवास दो साल से पहले सुपुर्द कर दिया जाता है तो शेष अवधि के किराया भत्ता नहीं मिलेगा।

राज्य सरकार ने आउटसोर्सिंग पॉलिसी भाग-2 के तहत विभागों, बोर्डों और निगमों में कार्यरत कर्मचारियों के अनुबंध की अवधि एक माह के लिए बढ़ाने का भी निर्णय लिया है। अब इन कर्मचारियों का अनुबंध 31 जुलाई, 2025 तक प्रभावी रहेगा।

## प्रशासनिक कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए हरियाणा सरकार ने लगाए लिंक अधिकारी

हरियाणा सरकार ने जिला नगर आयुक्त की अनुपस्थिति में प्रशासनिक कामकाज को सुचारू रूप से चलाने के लिए लिंक अधिकारी नियुक्त किए हैं। ये लिंक अधिकारी अवकाश, प्रशिक्षण, दौरे, चुनाव ड्यूटी अथवा स्थानान्तरण या सेवानिवृत्ति के चलते या किसी अन्य कारण से सम्बन्धित अधिकारी की अनुपस्थिति में उस विभाग का कार्यभार सम्भालेंगे। मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी द्वारा जारी एक पत्र के अनुसार, जिला नगर आयुक्त के मामले में अतिरिक्त उपायुक्त को लिंक अधिकारी-1 तथा जिला परिषद और डीआरडीए के मुख्य कार्यकारी अधिकारी को लिंक अधिकारी-2 लगाया गया है। इसी तरह, श्री माता शीतला देवी पूजा स्थल बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) के मामले में उप मंडल अधिकारी (नागरिक), उत्तरी गुरुग्राम को लिंक अधिकारी-1 और उप मंडल अधिकारी (नागरिक), बादशाहपुर को लिंक अधिकारी-2 नियुक्त किया गया है। श्री माता मनसा देवी पूजा स्थल बोर्ड के सीईओ के मामले में उप मंडल अधिकारी (नागरिक), पंचकूला को लिंक अधिकारी-1 और उप मंडल अधिकारी (नागरिक), कालका को लिंक ऑफिसर-2 लगाया गया है। इसके अलावा, उप मंडल अधिकारी (नागरिक), लोहारू के मामले में उप मंडल अधिकारी (नागरिक), भिवानी को लिंक अधिकारी-1 और उप मंडल अधिकारी (नागरिक), तोशाम को लिंक अधिकारी-2 नियुक्त किया गया है। उप मंडल अधिकारी (नागरिक), बाढ?ा के मामले में उप मंडल अधिकारी (नागरिक), चरखी दादरी को लिंक अधिकारी-1 और उप मंडल अधिकारी (नागरिक), भिवानी को लिंक अधिकारी-2 नियुक्त किया गया है।

## न्यूज ब्रीफ

### नालों व सीवरेजों की लगातार की जा रही सफाई: कपिल कुमार

**पिहोवा (अप्रस/मोहित पौलस्त्य)।** उपमंडल अधिकारी नागरिक कपिल कुमार ने कहा कि बारिशों के सीजन में किसी भी जगह पानी का भराव या पानी निकासी में कोई दिक्कत नहीं आने दी जाएगी। इसके लिए शहर भर में लगातार सफाई कार्य किए जा रहे हैं। सम्बंधित विभागों के अधिकारियों के साथ फील्ड में जाकर सफाई कार्यों का जायजा लिया जा रहा है। जहां कहीं भी कोई कमी दिखाई पड़ती है तो उसे दुरुस्त करवाया जा रहा है। एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि मानसून के मौसम में उपमंडल में जलभराव रोकने के लिए नालों की सफाई और नहरों की डिसिल्टिंग करवाई जा रही है। इसके अतिरिक्त बाढ़ नियंत्रण के लिए चल रही परियोजनाओं की निरंतर समीक्षा भी की जा रही है। उन्होंने कहा कि शहर को स्वच्छ बनाने के लिए कई कार्य किए जा रहे हैं। इसके लिए नगरपालिका कार्यालय के सफाई कर्मचारियों द्वारा शहर की साफ-सफाई का कार्य निरंतर किया जा रहा है। शहर को स्वच्छ बनाने के लिए अधिकारियों और कर्मचारियों को भविष्य में भी पूरी मेहनत और ईमानदारी के साथ स्वच्छता अभियान को आगे बढ़ाना है। इस स्वच्छता अभियान के तहत शहर की सामाजिक और धार्मिक संस्थाएं भी पूरा सहयोग कर रही है। उन्होंने आम नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि घरों व दुकानों के कचरे को किसी भी डंपिंग स्थल या सडकों के किनारे न फेंके अपितु डोर टू डोर आने वाले टिप्परों में ही कचरे को डाले।

### दो शातिर चोर गिरफ्तार, चांदी की पाजेब और ऑटो बरामद



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** शहर चौकी पुलिस ने सीताराम कॉलोनी में हुई चोरी के मामले में दो शातिर चोरों—दीपांशु (निवासी पटेल नगर, सोनीपत) और अजय (निवासी बंदेपुर)—को भापरा मोड़ से गिरफ्तार किया है। आरोपियों ने 20 मई को एक घर से 85 हजार रुपये नकद और चांदी की पाजेब चोरी करने की वारदात कबूली। पुलिस ने आरोपियों से चोरी में इस्तेमाल ऑटो, रॉड और चांदी की 5 पाजेब बरामद की हैं। पूछताछ में दोनों ने नशे की लत पूरी करने के लिए वारदात को अंजाम देने की बात कही। अजय ने 25 हजार रुपये अपने खाते में जमा करवाए थे, जिसमें से 10 हजार रुपये पुलिस ने बरामद कर लिए हैं। दोनों को बुधवार को अदालत में पेश कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपियों में से सोनू (दीपांशु) पर पहले भी चोरी के तीन मामले दर्ज हैं और वह जुलाई 2024 में जमानत पर बाहर आया था।

### नवनिर्वाचित सरपंच ने बच्चों संग भोज कर बांटी खुशी



**नारायणगढ़ (अप्रस/सुशील कुमार)।** गांव आजमपुर के नवनिर्वाचित सरपंच नवीन सैनी ने चुनाव में मिले जीत के आशीर्वाद के बाद बाल आश्रम के बच्चों को प्रीतिभोज का निमंत्रण देकर होटल पैरिस में बच्चों के साथ भोज कर अपनी खुशियां सांझा की। इस अवसर पर बच्चों के साथ आश्रम के संचालक बलजिंदर सिंह, निरीक्षक राजेंद्र रावत व काउंसलर मीनाक्षी सैनी बच्चों के साथ मौजूद रही। सरपंच नवीन सैनी ने कहा कि उनके निमंत्रण को स्वीकार करते हुए जो इन मासूम फरिश्तों के साथ उन्हे भोज करने का अवसर प्राप्त हुआ है यह उनका सौभाग्य है। उन्होंने कहा कि बच्चों के कोमल व निश्छल हृदय में भगवान का वास होता है, उनके साथ अपनी खुशियां सांझा करना बच्चों व भगवान के प्रति आदर सम्मान की ब?ावा को देता है जिससे हमें सकारात्मक शक्ति प्रदान होती । इस अवसर पर आश्रम प्रबंधन व बच्चों ने राधा कृष्ण का स्मृति चित्र देकर सरपंच को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

### आईटीआई में किया रोजगार मेले का आयोजन

**कलायत (अप्रस/कपिल देव रोहिल्ला)।** राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान कलायत में हीरो मोटोकॉर्प लिमिटेड नीमराना (राजस्थान) द्वारा अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया गया। इसमें कंपनी से आए प्रतिनिधि सुंदर सिंह ने छात्रों का साक्षात्कार लिया। रोजगार मेले में लगभग 112 छात्रों ने भाग लिया, जिसमें से करीब 50 छात्रों का चयन हुआ। संस्थान के प्रधानाचार्य भूपेन्द्र पाल सिंह ने बताया कि संस्थान में निरंतर छात्रों की अप्रेंटिसशिप व प्लेसमेंट के लिए जॉब मेलों का आयोजन करवाया जाता है। जिसमें अपने संस्थान के साथ-साथ जिले व प्रदेश के अन्य छात्रों को भी रोजगार मिला है। उन्होंने चयनित छात्रों को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की। इस जॉब मेले में संस्थान के प्लेसमेंट अधिकारी रविन्द्र कुमार, वर्ग अनुदेशक व समस्त स्टाफ का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## बिजली कर्मचारियों द्वारा उत्तर प्रदेश में निजीकरण को लेकर रोष प्रकट किया

अर्थ प्रकाश/सीमा देवी

**इन्द्री, 2 जुलाई।** ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन द्वारा स्टेट के आह्वान पर यूपी में निजीकरण के विरोध में इंद्री बिजली बोर्ड में प्रदर्शन किया गया जिसकी अध्यक्षता महेश मेहता और संचालन संजीव मलिक ने किया। इस मौके पर स्टेट के नेता मलकीत सिंह और ब्लॉक प्रधान सेंटी कंबोज ने कर्मचारियों को संबोधित किया। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश सरकार ने पूर्वांचल व दक्षिणांचल डिस्कॉम को निजी हाथों में सौंपने का फैसला किया है। इस फैसले के लागू होने से 50 हजार से ज्यादा कर्मचारियों और इंजीनियर की छंटनी होना लाजिमी है और दूसरी तरफ बिजली के रेट में भी बढ़ौतरी होगी। उप्र सरकार के उपरोक्त फैसले के खिलाफ लगभग चार महीने से उप्र के कर्मचारी एवं इंजीनियर लगातार आंदोलन चलाए हुए हैं। इसी को लेकर 9 अप्रैल को लखनऊ में विशाल रैली की गई थी और 24 जून को लखनऊ में विशाल पंचायत का आयोजन किया गया था जिसमें पांच हजार से ज्यादा बिजली कर्मचारी एवं इंजीनियरों के अलावा किसान व मजदूर संगठनों के पदाधिकारी शामिल हुए थे। पंचायत में फैसला लिया गया कि जिस दिन प्रबंधन द्वारा निजीकरण के टेंडर आमंत्रित किए जाएंगे, कर्मचारी व इंजीनियर उस दिन सामूहिक जेल भरो आंदोलन करेंगे और गिरफ्तारियां देंगे। दोनों नेताओं ने कहा कि इससे बौखलाई उप्र सरकार व निगम प्रबंधन के निर्देश पर विधुत कर्मचारी संयुक्त संघर्ष समिति उत्तर प्रदेश के तीन वरिष्ठ पदाधिकारियों के खिलाफ विजिलेंस ने आय से अधिक संपत्ति मामले में एफआईआर दर्ज कराई है।

## वर्ल्ड बैंक की टीम ने सरस्वती नदी व रिवर रिचार्जिंग सिस्टम का किया दौरा

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 2 जुलाई।** वर्ल्ड बैंक के लिड वॉटर रिसोर्स मैनेजमेंट स्पेशलिस्ट डॉ जूप स्टाउटजिस्टिक और डॉक्टर बोगचन बेलनी स्पेशलिस्ट प्रिंसिपल इरीगेशन और ड्रेनेज सिस्टम और भूजल विभाग के अधिकारियों ने सरस्वती रिचार्जिंग सिस्टम को गांव बोहली व ईसरगढ़ में देखा । डिप्टी चेयरमैन धूमन सिंह किरमच ने बताया कि इस सरस्वती नदी के ऊपर हमने ग्यारा रिज़र्व वार स्थापित किए हैं जिनकी वजह से इस अब क्षेत्र का वॉटर लेवल बढ़ा है पिछले 3 साल से सरस्वती नदी में पानी चलने से किसान ख़ुश हैं और सरस्वती इस क्षेत्र के लिए वरदान साबित हो रही है उनके साथ इरीगेशन के अधिकारी भी शामिल थे उन्होंने हरियाणा की इरीगेशन सिस्टम व मुख्यमंत्री की नायब सैनी की इरिगेशन के अच्छे प्रबंधन के लिए सराहना की। धूमन सिंह ने बताया कि सरस्वती बोर्ड सरस्वती नदी को रिज़र्व नेट करने के लिए लगा है इस बोर्ड का गठन पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल जी ने किया था और अब मुख्यमंत्री नायब सैनी की बोर्ड के कामों को आगे बढ़ा रहे हैं हमारा उद्देश्य सरस्वती नदी में बारह महीने पानी चलाने का है जो अभी क़रीब क़रीब छह से सात महीने पानी चलता है और सरस्वती बोर्ड आदिबद्री में एक डैम बैराज व थ्री फिफ्टी एकड़ में एक रिजर्वायर बनाकर सरस्वती नदी में 12 महीने पानी चलाने के लिए प्रयासरत है और वह सपना दूर नहीं है जब जल्द ही 12 महीने सरस्वती में पानी चलेगा उन्होंने बताया कि सरस्वती नदी हमारी संस्कृति व हमारी सिविलाइजेशन सरस्वती सिंधु घाटी सभ्यता पनपी है सरस्वती नदी और सिंधु नदी के बीच में ही हमारी सिविलाइजेशन पनपी जिस क्षेत्र में हम रह रहे हैं और अब सरस्वती का कार्य उत्तराखंड के बन्दर पूँछ ग्लेशियर से लेकर हिमाचल हरियाणा राजस्थान व गुजरात के रण ऑफ़ कच्छ तक चिह्नित कर लिया गया है जिसमें हरियाणा में 400 किलोमीटर में पानी अभी चल रहा है जो बिलासपुर से लेकर सिरसा ओट्टू हेड तक सरस्वती चौटांग नदी , लिंडा नाला, टांगरी नदी मारकंडा नदी व घाघर नदी व अन्य नालों का पानी लेकर भी आगे सिरसा तक जाती है जिसका अगला पड़ाव राजस्थान में आता है। वर्ल्ड बैंक के दोनों अधिकारियों ने सरकार के सरस्वती नदी प्रोजेक्ट को नदी के किनारे स्थापित रिचार्ज को सराहा। उनके साथ वीरेंद्र लांबा चीफ एचड्रोलॉजिस्ट, अजीत सिंह एक्सई नवतेज सिंह सहित अनेक अधिकारी मौजूद थे।

## प्रेमनगर कॉलोनी में जलभराव, लोगों में रोष

अर्थ प्रकाश/जयबीर राणा थंबड



**बराड़ा, 2 जुलाई।** शहर के रेलवे फ्लाईओवर के नीचे बनी प्रेमनगर कॉलोनी में बारिश के कारण पानी भर गया है। जिससे यहां के लोगों में रोष पाया जा रहा है। कॉलोनी वासी कमल बराड़ा, अमरनाथ, रजवंत सिंह, बलराम, कांता, रजनी देवी, राजरानी, सुमन रानी, बिमला रानी ने बताया कि बराड़ा का सारा पानी शनिमंदिर से होते हुए रेलवे पुलिया के नीचे से उनकी कॉलोनी में आता है। लेकिन उसके बाद पानी की निकासी का कोई रास्ता ना होने के कारण पानी यहीं रुक जाता है। इससे पानी उनके घरों में घुस जाता है जिससे उनका सामान भी खराब हो रहा है। गलियां भी जलमग्न हो गई हैं। उन्हें जलीय जंतुओं का भी खतरा बना हुआ है। उन्होंने कहा कि जिस दिन से बारिश शुरू हुई है तभी से उनके पूरी कॉलोनी में जलभराव की स्थिति बनी हुई है। इन लोगों का कहना है कि अपनी जमा पूंजी लगाकर उन्होंने यहां घर बनाए थे, लेकिन निकासी ना कोने के कारण उन्हें काफी नुकसान हो रहा है। उन्होंने नगरपालिका प्रशासन से मांग की कि यहां पानी निकासी का प्रबंध किया जाए।

कमल बराड़ा ने बताया कि यह कॉलोनी वार्ड 14 और वार्ड 12 के अधीन आती है। इस कॉलोनी में रेलवे ओवरब्रिज के नीचे से नामचर्चाघर के पास से रास्ता आता है जो कि जलमग्न है। इसके अलावा यहां के लिए एक रास्ता अनाजमंडी की तरफ से आता था, जो मंडी प्रशासन द्वारा बंद कर दिया गया है। इस रास्ते को बंद करने के कारण पूरी कॉलोनी को भारी परेशानी हो रही है। क्योंकि यह रास्ता बाजार में निकलता है और ओवरब्रिज की तरफ से आने वाले रास्ते पर पानी के कारण इसी रास्ते का प्रयोग होता था। यहां के निवासियों ने मांग की है कि रेलवे पुलिया के नीचे की तरफ से जो पानी आता है उसे आगे की तरफ निकाला जाए ताकि यह कॉलोनी जलभराव की स्थिति से बच सके। इसके अलावा अनाजमंडी की तरफ जाने वाले रास्ते को खोला जाए।

नगर पालिका बराड़ा रजत मलिक ने बताया कि प्रेमनगर कॉलोनी में पानी निकासी के प्रबंध किए जा रहे हैं। हमने जेसीबी भेजकर कुछ पानी निकलवाया है। यहां से पानी निकासी का स्थायी प्रबंध किया जाएगा। इसके अलावा मंडी प्रशासन और आढ़तियों से बातचीत करके रास्ता खुलवाने की कोशिश की जा रही है।

### कम से कम एक पौधे को लगा कर उसको जीवन दें: इंद्रपाल

**करनाल (अप्रस/शैलेंद्र जैन)।** गुरुपर्व प्रबंधक कमेटी के महासचिव जत्थेदार इंद्रपाल सिंह ने कहा है कि बढ़ते प्रदूषण के दौर में पौधे लगाना जरूरी हैं। इसके लिए जरूरी है कि हम अधिक से अणिक पौधों को लगाएं। उन्होंने कहा कि जिस तरह से बाहनों की संख्या बढ़ती जा रही हैं। कई तरह की विषेली गैसें वातावरण में जारही हैं। आज आक्सीजन की कमी होती जा रही हैं। इस लिए कम से कम हमें आने जीवन में एक पेड़ अवश्य लगाना चाहिए। उन्होंने कहा कि बच्चों के जन्म दिन पर अपनी शादी की सालगिरह पर मां बाप की याद में उनकी पुण्य तिथि पर पेड़ लगार उनकी यादों को सहेजकर रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि पर्यावरण की रक्षा के लिए केवल पौधे लगा कर ही जिम्दारी पूरी नहीं हो जाती है वल्कि उनकी देखभाल भी सुनिश्चित करनी चाहिए। आप जिस पौधे को लगाएं उसकी पूरी तरह से देखभल करें एक पौधा जीवन भर आपको फल और छाया देता हैं। उन्होंने हा कि गुरुओं ने संतों ने और भगवान ने भी प्रकृति की सुरक्षा करने का संदेश दिया हैं। पौधे हमें छाया देते हैं।

## भारतीय गेहूं एवं जौ अनुसंधान संस्थान को मिला शोध संस्थान श्रेणी में प्रथम पुरस्कार



अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 2 जुलाई।** नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, करनाल की 81वीं समीक्षा छमाही बैठक राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल में आयोजित की गई जिसमें केन्द्रीय मंत्रालय, भारत सरकार (करनाल में स्थित भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद के संस्थान, केन्द्रीय विद्यालय, भारतीय जीवन वीमा निगम, भारतीय रेलवे विभाग उत्तरी क्षेत्र, सभी बैंक, केन्द्रीय लोक निर्माण विभाग, भारतीय डाक विभाग आदि) के 47 संस्थानों, निगमों, बैंकों एवं केन्द्रीय विद्यालयों आदि के प्रमुख एवं हिन्दी अधिकारियों ने भाग लिया। वर्ष 2024-25 के दौरान राजभाषा हिन्दी के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, करनाल द्वारा भारतीय गेहूँ एवं जौ अनुसंधान संस्थान, करनाल को शोध संस्थान श्रेणी में प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया तथा संस्थान की वार्षिक पत्रिका गेहूँ एवं जौ स्वर्णिमा 2024 को भी प्रथम पुरस्कार से सम्मानित किया गया है। यह पुरस्कार संस्थान के निदेशक डॉ. रतन तिवारी, हिन्दी अधिकारी डॉ. मंगल सिंह एवं डॉ. अनुज कुमार, प्रधान वैज्ञानिक को नराकास के अध्यक्ष एवं भाकृअनुप-राष्ट्रीय डेरी अनुसंधान संस्थान, करनाल के निदेशक डॉ. धीर सिंह ने प्रदान किए।

## प्रदेश के मुख्यमंत्री नायब सैनी किसान मज़दूर के सच्चे हितैषी: संदीप हुड्डा

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल

**रोहतक, 2 जुलाई।** हरियाणा सरकार



द्वारा गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों की शादी को लेकर मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत दी जाने वाली शगुन राशि में बढ़ोतरी करने के निर्णय का स्वागत करते हुए इसे सराहनीय बताया है। अब पिछड़ा वर्ग परिवार को विवाह के अवसर पर कन्यादान के रूप में 51000 रुपए की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। इससे पहले यह राशि 41000 रुपए थी। संदीप हुड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने आज इस प्रस्ताव को स्वीकृति प्रदान कर दी है। इस निर्णय से 1.80 लाख रुपए तक की वार्षिक आय वाले हजारों पात्र परिवारों को सीधा लाभ मिलेगा। संदीप हुड्डा ने कहा कि मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना का उद्देश्य आर्थिक रूप से कमजोर वर्गों की कन्याओं के विवाह में सहायता प्रदान करना है। इस योजना के तहत गरीबी रेखा से नीचे जीवनयापन करने वाले पिछड़े वर्ग के परिवारों को उनकी बेटियों के विवाह हेतु किसी भी वर्ग की महिला खिलाड़ियों को उनकी स्वयं की शादी हेतु और ऐसे दिव्यांग जोड़ों को, जिनमें पति या पत्नी में से कोई एक भी दिव्यांग हो, को भी अब 51ए000 रुपए की राशि कन्यादान स्वरूप दी जाएगी। संदीप हुड्डा ने कहा कि इसके अतिरिक्त, अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71,000 रुपए की राशि विवाह के अवसर पर दी जा रही है। वहीं विधवा, तलाकशुदा, अनाथ या बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर (यदि पहली शादी के समय योजना का लाभ नहीं लिया गया हो) को भी 51000 रुपए की राशि दी जाती है। यदि नवविवाहित दंपती दोनों दिव्यांग हैंए तो उन्हें भी 51,000 रुपए की सहायता राशि मिलती है।

## मारकंडा नदी के तटबंध टूटने के कारण बनी बाढ़ की स्थिति

अर्थ प्रकाश/मोहित पौलस्त्य



**पिहोवा, 2 जुलाई।** हलके के गांव जलबेड़ा व नैंसी गांव के पास मारकंडा नदी के तटबंध टूटने के कारण बाढ़ की स्थिति पैदा हो गई। पानी ने जलबेड़ा नैसी सहित आसपास के अनेको गांव को अपनी चपेट में ले लिया। जिस कारण ग्रामीणों में अफरा तफरी फैल गई। तटबंध टूटने का समाचार मिलते ही उच्च अधिकारी मौके पर पहुंचे तथा जलबेड़ा गांव के निकट तटबंध को बांधने का प्रयास किया ।

अभी वह जलबेड़ा गांव के मारकंडा के तटबंध को बांध रहे थे की दूसरी ओर नेसी से भी मारकंडा नदी का तटबंध टूट गया। सिंचाई विभाग की टीमें काम में जुटी हुई है। वहीं ग्रामीण भी पूर्ण सहयोग दे रहे हैं ।परंतु पानी का बहाव तेज होने के कारण फिलहाल इस पर काबू नहीं पाया जा सका। पानी ने लगभग 700 एकड़ फसल को अपनी चपेट में ले लिया। एसडीएम कपिल कुमार ने बताया कि तटबंध टूटने के कारण लगभग 500 से 700 एकड़ तक फसल पानी में डूबी हुई है तथा पानी लोगों के घरों की ओर जाने लगा है। सिंचाई विभाग की टीमें तटबंध को पाटने में जुटी हुई है। यदि दो दिन तक बरसात ना हुई तो कल तक इस पर काबू पा लिया जाएगा । रिहाईशी इलाकों में पानी की रोकथाम के लिए भारी प्रयास किया जा रहे हैं । जलबेडा गांवमें तटबंध पर काबू पा लिया गया। इस बारे मायाराम भगवान सिंह नायब सिंह दर्शन सिंह सहित अनेक ग्रामीणों ने बताया कि मारकंडा नदी का पानी ओवरफ्लो होकर आ गया तथा उसने तटबंधों को तोड़ दिया पिछले अनेक वर्षों से प्रशासन ने तटबंधों की मजबूती के लिए कोई प्रयास ही नहीं किया। दूसरी ओर सड़क बनने के कारण पानी के निकासी बंद हो गई पानी पीछे से आता है परंतु निकासी न होने के कारण यही पर रुका हुआ है ।जिस कारण पानी उनके घरों में प्रवेश करता जा रहा है। पानी के कारण जहां उनके फसले नष्ट हो गई वहीं उनका पशु चारा भी खराब होता जा रहा है ।ग्रामीणों को अपने परिवारों व पशुओं को बचाने की चिंता सताने लगी है। ग्रामीणों ने बताया कि 2 वर्ष पूर्व भी उन्होंने इस पानी के निकासी के लिए उच्च अधिकारियों को शिकायत की थी तथा लिखित में प्रार्थना पत्र भी दिए थे। परंतु प्रशासन ने उनके इस शिकायत की ओर ध्यान ही नहीं दिया। जिसका खामयाजा अब किसानों को भुगतना पड़ रहा है ।अब भी उच्च अधिकारी व प्रशासन लगातार गांव में आ रहा है परंतु पानी निकासी के लिए कोई भी कार्य नहीं किये जा रहे। तथा न ही सड़क पर कोई साइफन या पुलिया का प्रबंध किया जा रहा है।कुल मिलाकर ग्रामीणों में भय फैलता जा रहा है।

## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

आम जनता को एतद्द्वारा अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित व्यक्तियों ने चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड (आवंटन, प्रबंधन एवं टेनामेंट की बिक्री) विनियमन 1979 के विनियमन 16 के अधीन अपने नामों में रक्त संबंध हस्तांतरण नीति के अधीन निम्न कथित ड्वेलिंग यूनिट के आवंटन के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है।

| क्र. सं. | आवेदक का नाम (प्रस्तावित हस्तांतरी) श्री/श्रीमती/सुश्री | आवेदक/हस्तांतरी का नाम (प्रस्तावित हस्तांतरणकर्ता) श्री/श्रीमती/सुश्री | डी.यू.सं. | श्रेणी | सेक्टर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | श्री रोहित कुमार पुत्र श्री प्रीतम पाल | श्री प्रीतम पाल बरयेह पुत्र श्री सरवन दास | 1720 | एमआई जी–III | 39–बी चंडीगढ़ |

यदि किसी व्यक्ति को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के आवंटन के हस्तांतरण के संबंध में कोई आपत्ति है, तो वह अपनी आपत्ति, यदि कोई हो, इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर लिखित में दस्तावेजी प्रमाण, यदि कोई हो, के साथ अधोहस्ताक्षरी के समक्ष दर्ज करें।

सचिव,
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड, चंडीगढ़


# दिल्ली की जनता 'एंड-ऑफ-लाइफ व्हीकल्स' की प्रताड़ना अरविंद केजरीवाल की वजह से झेल रही : मनजिंदर

अर्थ प्रकाश/नरेश वत्स



**नई दिल्ली, 2 जुलाई।** दिल्ली में पुरानी गाड़ियों को ईंधन देने पर रोक है, लेकिन राजनीति इस मामले पर तेज हो गई है। आम आदमी पार्टी ने सरकार के इस फैसले का विरोध किया तो भाजपा ने पिछली सरकार के इसको लेकर किए गए कामों पर हमला बोला है। भाजपा नेता और दिल्ली सरकार के मंत्री मनजिंदर सिंह सिरसा ने आरोप लगाया कि दिल्ली की जनता 'एंड-ऑफ-लाइफ व्हीकल्स' की प्रताड़ना अरविंद केजरीवाल की वजह से झेल रही है।

दिल्ली सरकार में मंत्री पंकज सिंह और मनजिंदर सिंह सिरसा ने बुधवार को इस मामले पर प्रेस कॉन्फ्रेंस किया और दिल्ली की पूर्व की केजरीवाल सरकार पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दिल्ली में लागू 'नो फ्यूल फॉर ओल्ड व्हीकल्स' पॉलिसी पर सफाई दी। पंकज सिंह ने कहा, 'एंड ऑफ लाइफ व्हीकल्स को लेकर 2015 में एनजीटी (नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल) कोर्ट और 2021 में सुप्रीम कोर्ट ने ऑर्डर दिया था। उसी आधार पर दिल्ली सरकार ने फैसला लिया है।'

मनजिंदर सिरसा ने एनजीटी की कई रिपोर्ट्स को सार्वजनिक रूप से पढ़ा, जिसमें कथित तौर पर पिछली आम आदमी पार्टी सरकार पर आरोप लगाए गए थे। मनजिंदर सिंह सिरसा ने आम आदमी पार्टी को बीमारी बताया, उन्होंने कहा कि खांसी की बीमारी पूरी दिल्ली को बीमार करके गई है।

प्रेस कॉन्फ्रेंस में मनजिंदर सिंह सिरसा ने कहा, '2014 के बाद से कई बार एनजीटी ने दिल्ली सरकार के काम पर सवाल उठाए थे। एनजीटी ने अलग-अलग समय पर कहा कि दिल्ली की सरकार प्रदूषण के मुद्दे पर काम करने में नाकाम रही है, जिससे प्रदूषण और भी बढ़ा है। दिल्ली सरकार ने पॉल्युशन को लेकर कभी कुछ नहीं किया। न सड़क पर चलने वाले वाहन का पॉल्युशन और फिटनेस चेक हुआ। एनजीटी ने कहा था कि पुरानी पेट्रोल-डीजल गाड़ियां दिल्ली की सड़कों पर नहीं चलेंगी, लेकिन यह फिर भी चलती रहीं।'

इस दौरान सिरसा ने आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल पर भी सीधा हमला बोला। सिरसा ने कहा, अरविंद केजरीवाल भगोड़ा हैं। वो बेईमान हैं, उन्होंने दिल्ली को लूटा है। उन्होंने शराब का धंधा किया और स्कूलों से पैसे खाए।

# बिहार के युवाओं को मिलेगी स्किल ट्रेनिंग
# मुख्यमंत्री-प्रतिज्ञा योजना को मिली मंजूरी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पटना, 2 जुलाई।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने युवाओं के लिए एक नई और महत्वाकांक्षी योजना की शुरुआत की है। मुख्यमंत्री-प्रतिज्ञा योजना को बिहार कैबिनेट ने मंजूरी दे दी है। इस योजना का मकसद राज्य के युवाओं को एडवांस स्किल्स डेवलप करवाना, बेहतर रोजगार क्षमता विकसित करना, नेतृत्व विकास और कैरियर में उन्नति के अवसर प्रदान करना है।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर ट्वीट के माध्यम से बताया कि यह योजना 7 निश्चय-2 के तहत शुरू की गई है। इसके तहत 2025-26 से 2030-31 तक एक लाख युवाओं को विभिन्न संस्थानों में इंटर्नशिप और स्किल ट्रेनिंग दी जाएगी। योजना के तहत 12वीं पास युवाओं को 4000 रुपये, आईटीआई या डिप्लोमा पास युवाओं को 5000 रुपये और स्नातक या स्नातकोत्तर पास इंटर्नशिप करने वाले युवाओं को 6000 रुपये मासिक सहायता राशि दी जाएगी।

**युवाओं को आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी:** इस योजना का उद्देश्य बिहार के युवाओं को आत्मनिर्भर, दक्ष और रोजगारोन्मुखी बनाना है। ताकि बिहार की बेरोजगारी को कम किया जा सके। नीतीश कुमार ने कहा कि यह पहल युवाओं को उनके भविष्य को संवारने में मदद करेगी। इसके जरिए युवाओं को न केवल तकनीकी कौशल और प्रशिक्षण मिलेगा, बल्कि उन्हें सशक्त नेटवर्किंग और नेतृत्व विकास के अवसर भी उपलब्ध होंगे। जिससे भविष्य में उन्हें रोजगार के लिए इधर-उधर नहीं भटकना पड़ेगा।

मुझे यह बताते हुए प्रसन्नता हो रही है कि 7 निश्चय-2 के तहत बिहार के युवाओं को उन्नत कौशल, बेहतर रोजगार क्षमता, नेतृत्व विकास, सशक्त नेटवर्किंग और कैरियर संवर्द्धन के नए अवसर प्रदान करने हेतु मुख्यमंत्री-प्रतिज्ञा।

**यह योजना रोजगार के नए द्वार खोलेगी:** राज्य सरकार ने इस योजना के लिए आवश्यक राशि को भी स्वीकृत कर दिया है। यह कदम बिहार के युवाओं के लिए रोजगार के नए द्वार खोलेगा और उन्हें आर्थिक रूप से मजबूत बनाने में मदद करेगा। सरकार का कहना है कि वह युवाओं को सक्षम बनाने और रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए पूरी तरह लगी हुई है। यह योजना बिहार के युवाओं के लिए एक सुनहरा अवसर लेकर आई है, जो न केवल उनके कौशल को निखारेगी, बल्कि उनके करियर को नई ऊंचाइयों तक ले जाएगी।

बिहार में बेराजगारी की समस्या पुराने समय से चली आ रही है। आज भी सबसे पिछड़े राज्यों में शामिल है। जिसके चलते बिहार के युवाओं को रोजगार के लिए पलायन करना पड़ता है और दूसरे शहरों का रुख करना पड़ता है। इसी समस्या को खत्म करने के लिए वर्तमान बिहार सरकार ये योजना लेकर आई है।


## समाहरणालय, कटिहार
(मद्यनिषेध एवं उत्पाद विभाग)
**अल्पकालीन आम नीलामी सूचना**

एतद् द्वारा सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि कटिहार जिलान्तर्गत विभिन्न थाना कांडों/उत्पाद वादों में राजसात् किये गये निम्न वाहनों को बिहार मद्यनिशेध एवं उत्पाद अधिनियम, 2016 के सुसंगत प्रावधानों के तहत आम नीलामी (Public Auction) **दिनांक 17.07.2025 को की जायेगी। उक्त नीलामी के पश्चात् शेष बचे वाहन की नीलामी क्रमशः दिनांक 22.07.2025 (द्वितीय) एवं 26.07.2025 (तृतीय)** को कार्यालय अधीक्षक मद्यनिशेध परिसर कटिहार में पूर्वाहन **11:00** बजे से की जायेगी।

| क्रम सं0 | अधिहरण वाद संख्या | थाना का नाम/अधीक्षक मद्यनिषेध का प्रस्ताव | थाना काण्ड संख्या | दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन का निबंधन संख्या | वाहन स्वामी का नाम एवं पता | चेचिस नम्बर | इंजन नम्बर | मोटरयान निरीक्षक द्वारा निर्धारित मूल्य | वाहन का रख रखाव स्थान/थाना |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 | 12 |
| 1 | 88/23 Scrap | बलिया बेलोन | 48/23 | 13.04.2023 | होंडा सिटी कार | HR51AK 2946 | रमेश कुमार, मकान सं0–137 पंचकुला, हरियाणा। | MAKGM 251GAN100920 | L15A 71219534 | ₹ 30,000.00 | बलिया बेलोन थाना |

1. अधिक जानकारी हेतु कटिहार जिला के वेबसाईट या अधीक्षक मद्यनिषेध, कटिहार के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में सम्पर्क कर सकते है।

उक्त सूचना **www.state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

अधीक्षक मद्यनिषेध
कटिहार

PR. No. 007570 (Excise) 25-26

नशे की मार, बर्बाद करे सुखी परिवार।



## समाहरणालय, गया जी
(मद्यनिषेध,शाखा)
ज्ञापांक 1781/म0नि0, गया जी,
**अति अल्पकालीन सूचना**

वजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा– 56 (घ) के अंतर्गत अवैध रूप से देशी/विदेशी शराब की परिवहन करने के आरोप में विभिन्न थाना/काण्डो में जब्त वाहनों का बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा– 58 (2) के प्रावधानों के तहत राज्यसात (Confiscate) की गई है।

वजरिये नोटिस द्वारा वाहन स्वामी को उत्पाद (संशोधन) नियामावली, 2022 (यथा संशोधित) के नियम–12(क) के निहित प्रावधानो के आधार पर नवीनतम बीमाकृत मूल्य की शास्ति (Penalty) की राशि जमा कर वाहनों को मुक्त कराने हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है वाहन स्वामी दिनांक– 20/07/2025 तक प्रपत्र IV में शास्ति पर वाहन मुक्त कराने हेतु कार्यालय, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध गया में आवेदन कर सकते हैं। दिनांक– 20/07/2025 तक आवेदन प्राप्त नहीं होने पर वाहन नीलाम कर दिया जाएगा।

**अधिहरित/राज्यसात वाहन का विवरण:–(पंजाब राज्य से संबंधित वाहन)**

| क्र0 सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद सं0 | थाना का नाम | काण्ड सं0/उत्पाद वाद सं0/दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन पंजीकरण सं0 | इंजन सं0 | चेचिस सं0 | वाहन मालिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 12 |
| 1 | 74/2024 | डोभी | 720/23 06.07.2023 | ट्रक 10 चक्का | PB-12Q-5033 | 21C84050571 | MAT448035C5D08066 | जरावीर सिंह वखशीरा सिह सा0–रौनी खुर्द थाना–रूपनगर जिला–रूपनगर राज्या–पंजाब, पिन न0–140001 |

नोटः– विशेष जानकारी हेतु कार्यालय, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध गया में कार्यालय कार्य दिवस को संपर्क किया जा सकता है। एवं मोबाईल नम्बर–8544424262–9431220844 पर संपर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** पर भी देखी जा सकती है।

जिला दण्डाधिकारी,
–सह–
समाहर्त्ता, गया जी

PR- 007515 (District) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार



## समाहरणालय, गया जी
( मद्यनिषेध शाखा )
**अति अल्पकालीन सूचना**

ज्ञापांक 1786/म0नि0, गया जी,

वजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा– 56 (घ) के अंतर्गत अवैध रूप से देशी/विदेशी शराब की परिवहन करने के आरोप में विभिन्न थाना/काण्डो में जब्त वाहनों का बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा– 58 (2) के प्रावधानों के तहत राज्यसात (Confiscate) की गई है।

वजरिये नोटिस द्वारा वाहन स्वामी को उत्पाद (संशोधन) नियामावली, 2022 (यथा संशोधित) के नियम–12(क) के निहित प्रावधानो के आधार पर नवीनतम बीमाकृत मूल्य की शास्ति (Penalty) की राशि जमा कर वाहनों को मुक्त कराने हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है वाहन स्वामी दिनांक– 20/07/2025 तक प्रपत्र IV में शास्ति पर वाहन मुक्त कराने हेतु कार्यालय, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध गया में आवेदन कर सकते हैं। दिनांक– 20/07/2025 तक आवेदन प्राप्त नहीं होने पर वाहन नीलाम कर दिया जाएगा।

**अधिहरित/राज्यसात वाहन का विवरण:–(हरियाणा राज्य से संबंधित वाहन)**

| क्र0 सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद सं0 | थाना का नाम | काण्ड सं0/उत्पाद वाद सं0/दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन पंजीकरण सं0 | इंजन सं0 | चेचिस सं0 | वाहन मालिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 735/22 | म0नि0नि0 | 267/22 25.08.2022 | मोटरसाईकिल | HR24L-4152 | HA10EA89L07087 | MBLHA10EE 89L04022 | रामेश कुमार, पिता–ओमप्रकाश, पो0–मल्लेवाल, थाना–सिरसा (हरियाणा) |
| 2 | 33/23 17.02.2024 | उत्पाद | 637/23 05.04.2023 | कार | HR51AB-3248 | UD84622 | MA1LSR4CB8 ZA13518 | नोमान अहमद खान, पिता–एस0एच0एम0 खान, सा0–2484, सेक्टर–16, थाना–फरीदाबाद, जिला–फरीदाबाद (हरियाणा) |

**नोटः**– विशेष जानकारी हेतु कार्यालय, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध गया में कार्यालय कार्य दिवस को संपर्क किया जा सकता है। एवं **मोबाईल नम्बर–8544424262–9431220844** पर संपर्क किया जा सकता है।

उक्त सूचना **state.bihar.gov.in/prdbihar** से भी प्राप्त की जा सकती है।

जिला दण्डाधिकारी–सह–
समाहर्त्ता, गया जी

PR- 007505 ( District ) 2025-26

नशे से बचने का है एक ही उपचार, दृढ़ संकल्प और परिवार से प्यार।



## बिहार सरकार
## समाहरणालय, गया जी
( मद्यनिषेध,शाखा )
ज्ञापांक 1789/म0नि0, गया जी,
**अति अल्पकालीन सूचना**

वजरिये नोटिस सूचित किया जाता है कि बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा– 56 (घ) के अंतर्गत अवैध रूप से देशी/विदेशी शराब की परिवहन करने के आरोप में विभिन्न थाना/काण्डो में जब्त वाहनों का बिहार मद्यनिषेध एवं उत्पाद अधिनियम 2016 की धारा– 58 (2) के प्रावधानों के तहत राज्यसात (Confiscate) की गई है।

वजरिये नोटिस द्वारा वाहन स्वामी को उत्पाद (संशोधन) नियामावली, 2022 (यथा संशोधित) के नियम–12(क) के निहित प्रावधानो के आधार पर नवीनतम बीमाकृत मूल्य की शास्ति (Penalty) की राशि जमा कर वाहनों को मुक्त कराने हेतु एक अंतिम अवसर प्रदान किया जा रहा है वाहन स्वामी दिनांक– 20/07/2025 तक प्रपत्र IV में शास्ति पर वाहन मुक्त कराने हेतु कार्यालय, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध गया में आवेदन कर सकते हैं। दिनांक– 20/07/2025 तक आवेदन प्राप्त नहीं होने पर वाहन नीलाम कर दिया जाएगा।

**अधिहरित/राज्यसात वाहन का विवरण:– (चंडीगढ़ केन्द्र शासित प्रदेश से संबंधित वाहन)**

| क्र0 सं0 | उत्पाद अधिहरण वाद सं0 | थाना का नाम | काण्ड सं0/उत्पाद वाद सं0/दिनांक | वाहन का प्रकार | वाहन पंजीकरण सं0 | इंजन सं0 | चेचिस सं0 | वाहन मालिक |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 45/2024 | उत्पाद (सदर) | 353/24 12.03.2024 | डी0 सी0 एम0 ट्रक | CH-01TB-6887 | 4SPCR16E XX614295 | MAT80470 9N8E11255 | ज्ञान चंद पिता–राम धिरज सा0–हाउस न0 380 फेज 2 राम दरबार थाना–चंडीगढ जिला–चंडीगढ पिन–160002 |

नोटः– विशेष जानकारी हेतु कार्यालय, सहायक आयुक्त मद्यनिषेध गया में कार्यालय कार्य दिवस को संपर्क किया जा सकता है एवं मोबाईल नम्बर–8544424262–9431220844 पर संपर्क किया जा सकता है।

विस्तृत जानकारी **state.bihar.gov.in/prdbihar** से प्राप्त की जा सकती है।

जिला दण्डाधिकारी,
–सह–
समाहर्त्ता, गया जी

PR. No.007500 (District) 2025-26

नशामुक्त हो जाए बिहार, सुरक्षित रहे घर परिवार।


## हिसार के नरेंद्र करेंगे माउंट एल्ब्रस की चढ़ाई

**चंडीगढ़ (अप्रस)।** हिसार जिले के नलवा हलके के गांव मिंगनी खेड़ा के युवा पर्वतारोही नरेंद्र कुमार ने दुनिया की सबसे दुर्गम चोटी, माउंट एल्ब्रस, जो कि यूरोप की सबसे ऊंची चोटी भी है, पर चढ़ाई करने का साहसिक निर्णय लिया है। हरियाणा के खेलमंत्री गौरव गौतम ने नरेंद्र कुमार को तिरंगा भेंट करके रवाना किया। खेल मंत्री गौरव गौतम ने इस अवसर पर कहा कि यह यात्रा न केवल नरेंद्र कुमार के लिए, बल्कि हरियाणा और देश के लिए गर्व का क्षण है। उन्होंने पर्वतारोही के साहस और समर्पण की सराहना की और उनकी सुरक्षित यात्रा की कामना की। खेल मंत्री ने कहा कि आप अपने साहस और प्रतिबद्धता के माध्यम से हरियाणा और देश का नाम रोशन करने जा रहे हैं। हम सभी आपके साथ हैं और आपकी सफलता की कामना करते हैं। नरेंद्र कुमार ने अपनी तैयारियों के बारे में बात करते हुए कहा कि उन्होंने इस चढ़ाई के लिए बड़े पैमाने पर प्रशिक्षण लिया है और उन्हें अपने शहर और राज्य का समर्थन प्राप्त है। उन्होंने यह भी कहा कि यह चढ़ाई केवल व्यक्तिगत उपलब्धि नहीं, बल्कि अपने देश के युवाओं के लिए एक प्रेरणा देने का भी अवसर है।


## पंजाब स्टेट पावर कारपोरेशन लिमिटेड
(पंजी. कार्यालयः पीएसईबी मुख्यालय, दि माल पटियाला)
कारपोरेट पहचान संख्या U40109PB2010SGC033813 वेबसाईट (www.pspcl.in)
**संपर्क संख्या 9646113020**

निविदा पूछताछ सं. 01/2025–26 | दिनांकः 27.06.2025

अति./एसई प्रचालनमंडल रय्या मंडल ब्यास द्वारा एक वर्ष के लिए कार्यालय एसडीओ/ओपी. उप–मंडल मेहता चौक, अमृतसर हेतु एसडीओ/ओपी. उप–मंडल मेहता चौक के लिए एक सं. वाहन (महिंद्रा जीनियस/बोलेरो/टाटा 207/408 अथवा समान मूल्य वाला) आमंत्रित किया जाता है (वाहन 4 वर्ष से अधिक पुराना न हो)। विस्तृत निआसू एवं निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया https://eproc.punjab.gov.in पर पधारें।

टिप्पणीः शुद्धिपत्र और परिशिष्ट, यदि कोई हुआ, https://eproc.punjab.gov.in पर प्रकाशित किया जाएगा।

**सी462/25**



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरी सुश्री हिमांशी पुत्री श्री इंद्र पाल की उनकी जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी धारक श्री इंद्र पाल जिंदल पुत्र श्री ज्योति प्रसाद के माध्यम से, के नाम से श्री मोहिंदर सिंह ढिल्लों पुत्र श्री हरदयाल सिंह के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 51–ए, चंडीगढ़ में श्रेणी–दो बैडरूम फ्लैट की ड्वेलिंग यूनिट सं. 40 (भूतल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 51–ए, चंडीगढ़ में श्रेणी–दो बैडरूम फ्लैट की ड्वेलिंग यूनिट सं. 40 (भूतल) आवंटी/हस्तांतरी सुश्री हिमांशी पुत्री श्री इंद्र पाल के नाम में दर्ज है। अब, सुश्री हिमांशी पुत्री श्री इंद्र पाल की उनकी जनरल पावर ऑफ अटॉर्नी धारक श्री इंद्र पाल जिंदल पुत्र श्री ज्योति प्रसाद के माध्यम से, ने 12.06.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री मोहिंदर सिंह ढिल्लों पुत्र श्री हरदयाल सिंह को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री मोहिंदर सिंह ढिल्लों पुत्र श्री हरदयाल सिंह ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़






### सार्वजनिक नोटिस

**विषयः** पंजीकृत वसीयत के आधार पर आवंटी/हस्तांतरी श्री हरि सिंह संधु पुत्र श्री मंगल सिंह के नाम से (1) श्री तेजिंदर सिंह पुत्र स्व. श्री हरि सिंह, (2) श्री रमिंदर सिंह पुत्र स्व. श्री हरि सिंह, (3) श्री नवप्रीत सिंह पुत्र स्व. श्री सुखजिंदर सिंह पुत्र स्व. श्री हरि सिंह के नाम में सेक्टर 44–ए, चंडीगढ़ में एचआईजी यूटी श्रेणी की डी.यू सं. 417 के स्वामित्व का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि(1) श्री तेजिंदर सिंह पुत्र स्व. श्री हरि सिंह, (2) श्री रमिंदर सिंह पुत्र स्व. श्री हरि सिंह, (3) श्री नवप्रीत सिंह पुत्र स्व. श्री सुखजिंदर सिंह पुत्र स्व. श्री हरि सिंह ने अपने नाम में सेक्टर 44–ए, चंडीगढ़ में एचआईजी यूटी श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 417 के हस्तांतरण हेतु चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड को इसके आवंटी/हस्तांतरीश्री हरि सिंह संधु पुत्र श्री मंगल सिंह की मृत्यु के पश्चात आवेदन किया है। श्री हरि सिंह संधु पुत्र श्री मंगल सिंह की 11.08.2024 को सकरेमेंटो देश में मृत्यु हो गई है तथा उसने एक वसीयत पीछे छोड़ी है, जो उसने अपने पक्ष में दिनांक 28.02.2017 को सब–रजिस्ट्रार चंडीगढ़ में पंजीकृत की गई थी। उन्होने आगे सूचित किया है मृतक आवंटी/हस्तांतरी की वसीयत उनके द्वारा पूर्ण होशोहवास में निष्पादित अंतिम वसीयत है जो मृतक की मृत्यु तक न तो स्थगित अथवा निरस्त की जा सकती है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित डवेलिंग यूनिट का पंजीकरण एवं आवंटन उक्त कथित दावेदार के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषयः** आवंटी श्री रत्तन लाल नेगी पुत्र स्व. श्री देवी सिंह नेगी के नाम से श्री गगनदीप सिंह लुथरा पुत्र श्री इकबाल सिंह के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 44–डी, चंडीगढ़ में एमआईजी श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 3129–2 (द्वितीय तल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 44–डी, चंडीगढ़ में एमआईजी श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 3129–2 (द्वितीय तल)आवंटी/हस्तांतरी श्री रत्तन लाल नेगी पुत्र स्व. श्री देवी सिंह नेगीके नाममें दर्ज है। अब, श्री रत्तन लाल नेगी पुत्र स्व. श्री देवी सिंह नेगी ने 24.06.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्री गगनदीप सिंह लुथरा पुत्र श्री इकबाल सिंह को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्री गगनदीप सिंह लुथरा पुत्र श्री इकबाल सिंह ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरी श्री परवीन कुमार गर्ग पुत्र श्री धर्म पाल गर्ग के नाम से श्रीमती कीर्ति अरोड़ा पत्नी श्री ईशान सूद, पुत्री श्री गोपाल दास के नाम में बिक्री विलेख के आधार पर सेक्टर 39–बी, चंडीगढ़ में एमआईजी–III श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 1719 (भूतल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारों का हस्तांतरण/परिवर्तन।

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है किसेक्टर 39–बी, चंडीगढ़ में एमआईजी–III श्रेणी की ड्वेलिंग यूनिट सं. 1719 (भूतल) आवंटी/हस्तांतरी श्री परवीन कुमार गर्ग पुत्र श्री धर्म पाल गर्ग के नाममें दर्ज है। अब, श्री परवीन कुमार गर्ग पुत्र श्री धर्म पाल गर्ग ने 12.03.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत बिक्री विलेख के अंतर्गत श्रीमती कीर्ति अरोड़ा पत्नी श्री ईशान सूद, पुत्री श्री गोपाल दास को उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट बेची है। श्रीमती कीर्ति अरोड़ा पत्नी श्री ईशान सूद, पुत्री श्री गोपाल दास ने बिक्री विलेख के आधार पर अपने नाम में उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के हस्तांतरण हेतु इस कार्यालय में आवेदन किया है।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़



## चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड
चंडीगढ़ प्रशासन का उपक्रम,
8 जन मार्ग, सेक्टर 9 डी, चंडीगढ़

### सार्वजनिक नोटिस

**संपदा अधिकारी, यूटी चंडीगढ़ की शक्तियों के निर्वहन में सचिव, सीएचबी के समक्ष।**

**विषयः** आवंटी/हस्तांतरी श्री अमर जीत सिंह पुत्र श्री चरणजीत सिंह कालरा के नाम से श्री चेतनदीप सिंह पुत्र श्री अमर जीत सिंह के नाम में हस्तांतरण विलेख के आधार परसेक्टर 51–ए, चंडीगढ़ में श्रेणी–II की ड्वेलिंग यूनिट सं.169–ए (प्रथम तल) के संबंध में स्वामित्व अधिकारका हस्तांतरण/परिवर्तन।

**(पिता से पुत्र)**

आम जनता एवं सभी संबंधित की जानकारी हेतु एतदद्वारा अधिसूचित किया जाता है कि सेक्टर 51–ए, चंडीगढ़ में श्रेणी–II की ड्वेलिंग यूनिट सं. 169–ए (प्रथम तल) श्री अमर जीत सिंह पुत्र श्री चरणजीत सिंह कालरा के नाम में दर्ज है। श्री चेतनदीप सिंह पुत्र श्री अमर जीत सिंह ने अपने नाम में हस्तांतरण विलेख के आधार पर उक्त कथित ड्वेलिंग यूनिट के संबंध में स्वामित्व अधिकार के हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है, जो 13.06.2025 को सब रजिस्ट्रार, चंडीगढ़ के कार्यालय में निष्पादित एवं पंजीकृत की गई थी।

यदि किसी व्यक्ति को आवेदक के पक्ष में कथित संपत्ति के हस्तांतरण में कोई आपत्ति है तो वह इस सूचना के प्रकाशन के 21 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी को लिखित में अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते हैं, जिसमें असफल होने पर कथित ड्वेलिंग यूनिट का स्वामित्व उक्त कथित दावेदारों के पक्ष में हस्तांतरित कर दिया जाएगा।

सचिव
चंडीगढ़ हाउसिंग बोर्ड,
चंडीगढ़

अधिकतम 33 डिग्री से.
डिग्री से. 27 न्यूनतम
सूर्योदय 5.24 बजे
सूर्यास्त 7.30 बजे

| | |
|---|---|
| सोना 24 कैरेट | 99,040.00 |
| सेंसेक्स | 83,409.69 |
| अमेरिका | 85.63 |
| कैनेडियन | 62.79 |
| आस्ट्रेलिया | 56.19 |

# कड़े विरोध के बीच मनीमाजरा में अवैध निर्माण पर चला बुलडोजर

**लोगों बोले, बिना समय दिए तोड़ा घर-दुकान; कांग्रेस ने भी जताया एतराज**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा





**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** चंडीगढ़ स्थित मनीमाजरा के सेक्टर-13 स्थित शिवालिक गार्डन के पास अवैध रूप से बनी दुकानों और मकानों के बाहर के निर्माण को हटाने के लिए बुधवार को चंडीगढ़ प्रशासन की टीम बुलडोजर लेकर पहुंची। कार्रवाई का स्थानीय निवासियों और विभिन्न राजनीतिक दलों के नेताओं ने विरोध प्रदर्शन कर विरोध जताया। इस कार्रवाई के दौरान एक शख्स बेहोश भी हो गया। उसके चेहरे पर पानी के छींटे मारकर होश में लाया गया। स्थानीय लोगों ने कहा वो काफी लंबे समय से यहां पर बैठे हैं, उनके पूरे परिवार का खर्च यहीं से चलता है। अब उनके घर का गुजारा कैसे चलेगा। उन्हें तो सामान निकालने का भी समय नहीं दिया गया। प्रशासन की दलील थी कि जिस निर्माण पर आज कार्रवाई की जा रही है, वो अवैध रूप से बने हुए हैं और उन्हें तोड़ने से पहले उनकी ओर से कई बार नोटिस भी दिए जा चुके हैं। बावजूद इसके इन लोगों ने अवैध रूप से बने निर्माण को खुद नहीं गिराया, जिसके बाद प्रशासन को ये कार्रवाई करनी पड़ी।

बुधवार को जब प्रशासन की टीम बुलडोजर लेकर मकानों व दुकानों को तोड़ने के लिए पहुंची तो स्थानीय सभी लोग इकट्ठा हो गए और प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी करने लगे। उन्होंने कहा उनके छोटे-छोटे बच्चे हैं, वो उन्हें लेकर अब कहां पर जाएंगे। चंडीगढ़ कांग्रेस के अध्यक्ष हरमोहिंदर सिंह लक्की भी वहां पर पहुंचे और उन्होंने भी प्रशासन की इस कार्रवाई का विरोध किया और कहा कि पहले इन लोगों को प्रशासन की ओर से रहने के लिए जगह देनी चाहिए थी और इन लोगों को बसाने वाली कांग्रेस पार्टी है, लेकिन वो ऐसा नहीं होने देगी।

### 60 सालों से बसे थे परिवार

मनीमाजरा में 60 सालों से बसे परिवारों के सपनों के आशियाने को प्रशासन ने एक झटके में मलबे में बदल दिया। घरों को तोड़ने के लिए प्रशासन का अमला पीले पंजों (जेसीबी मशीनों) के साथ पहुंचा। इस कार्रवाई के बाद सैकड़ों लोग, जिनमें बच्चियां, बुजुर्ग और महिलाएं शामिल थीं, सडक़ों पर बेसहारा छोड़ दिए गए। मनीमाजरा के इन घरों में तीन पीढ़ियों से लोग रह रहे थे। एक पीड़ित परिवार ने बताया कि उनके दादा-परदादा ने इन घरों को बनाने के लिए अपनी जिंदगी की कमाई लगाई थी। एक अन्य परिवार ने बताया कि 15 दिन बाद उनकी तीन बेटियों की शादी होने वाली थी, और डोली इसी घर से उठनी थी, जो अब मैदान में तब्दील हो चुका है। परिवारों का कहना था कि इन घरों में उनकी जिंदगी की पूरी पूंजी लगी थी, और अब नया घर खरीदना उनके लिए असंभव है, क्योंकि जमीनों के दाम आसमान छू रहे हैं। पीड़ितों ने प्रशासन पर गंभीर आरोप लगाए। उनका कहना था कि जब ये घर बन रहे थे, तब प्रशासन ने कोई आपत्ति नहीं जताई। उस समय जमीनों के दाम कम थे, और अगर प्रशासन ने तब कार्रवाई की होती, तो वे दूसरी जगह जमीन खरीद सकते थे। अब, जब जमीनों की कीमतें उनकी पहुंच से बाहर हैं, प्रशासन की यह कार्रवाई उन्हें बेघर करने जैसी है। मलबे के ढेर के बीच परिवारों की चीखें और आंसू गूंजने लगे। प्रशासन की इस कार्रवाई को लेकर पीड़ित परिवारों में गहरा आक्रोश है। उनका कहना है कि प्रशासन ने न तो उन्हें पहले से कोई ठोस नोटिस दिया और न ही वैकल्पिक व्यवस्था का कोई प्रबंध किया। एक बुजुर्ग ने रोते हुए कहा कि हमारा सब कुछ इस घर में था। अब हम कहां जाएंगे? हमारे पास न तो पैसे हैं और न ही कोई दूसरा ठिकाना। एक अन्य महिला ने बताया कि उनके परिवार ने इस घर को बनाने के लिए कर्ज लिया था, और अब मलबे के ढेर के साथ उनका भविष्य भी अंधेरे में है। इस घटना के दौरान कई नेता मौके पर मौजूद थे। इनमें हरमोहिंदर सिंह लक्की, सुरजीत ढिल्लो, कांग्रेसी नेता गाबा, वार्ड 4 की आप महिला पार्षद, वार्ड 5 की कांग्रेसी पार्षद एवं कांग्रेसी नेता गुरचरण दास काला, और वार्ड 6 के जगतार जग्गा शामिल थे। इन नेताओं ने प्रशासन की कार्रवाई की कड़ी निंदा की। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया में सैकड़ों लोग बेघर हो गए हैं। पीड़ित परिवारों के लिए तत्काल वैकल्पिक व्यवस्था की जाए और उनकी आर्थिक मदद की जाए। हरमोहिंदर सिंह लक्की ने कहा यह सिर्फ घर तोडऩे की बात नहीं है, यह लोगों के सपनों और जिंदगी को उजाडऩे की साजिश है। प्रशासन को पहले इन परिवारों के पुनर्वास की व्यवस्था करनी चाहिए थी। सुरजीत ढिल्लों ने इस घटना को प्रशासनिक तानाशाही करार दिया व कहा कि इस मुद्दे को कई जगह उठाएंगे।

### 38 एकड़ भूमि कराई खाली

चंडीगढ़ प्रशासन ने आज मनीमाजरा क्षेत्र में अवैध कब्जों को हटाने के लिए सफल अतिक्रमण विरोधी अभियान चलाया। इस अभियान का उद्देश्य वर्षों से अवैध रूप से कब्जाई गई सरकारी भूमि को पुनः प्राप्त करना था। यह कार्रवाई उप-मंडल मजिस्ट्रेट (पूर्व) के निकट पर्यवेक्षण में, स्थानीय पुलिस प्रशासन के सहयोग से की गई। यह भूमि, लगभग 38 एकड़ क्षेत्र में फैली हुई है। वर्ष 1998 में सार्वजनिक उपयोग के लिए चंडीगढ़ प्रशासन द्वारा विधिक रूप से अधिग्रहित की गई थी। समय के साथ इस भूमि के लगभग 1.5 एकड़ क्षेत्र पर अवैध अतिक्रमण कर अनधिकृत निर्माण किए गए थे, जो प्रचलित कानूनों एवं मानकों का उल्लंघन थे।

## न्यूज़ ब्रीफ

### नया पोल लगाकर, पुराना टूटा बिजली का पोल हटाना भूल गया बिजली विभाग, हादसे का खतरा



**जीरकपुर (संदीप सिंह बावा)।** लोहगढ़ में सर्व मंगल सोसायटी के सामने लगा बिजली का पोल का निचला हिस्सा पूरी तरह खोखला हो चुका है और लोहे की तारों के सहारे ही खड़ा है, जिससे कभी भी हादसा हो सकता है। इस संबंध में जानकारी देते हुए सर्व मंगल सोसायटी के निवासियों ने बताया कि उनकी सोसायटी के सामने एक बिजली का पोल लगा है, जो जमीन के पास जड़ों के पास से पूरी तरह खोखला हो चुका है और लोहे की तारों के सहारे ही खड़ा है। उन्होंने बताया कि हालांकि बिजली विभाग ने इसके साथ ही नया बिजली का पोल लगा दिया है, लेकिन उन्होंने अभी तक इस पुराने पोल को नहीं हटाया है। लोगों ने बताया कि इस पुराने पोल पर लगे बिजली के मीटर का ढक्कन हमेशा खुला रहता है और तार भी खुले रहते हैं। स्थानीय निवासियों ने बताया कि बिजली विभाग की लापरवाही के कारण यह बिजली का पोल कभी भी हादसा हो सकता है। लोगों ने बताया कि अब स्कूल फिर से शुरू हो गए हैं और विभिन्न स्कूलों के बच्चे इसी पोल के पास से स्कूल बस पर चढ़ते और उतरते हैं। कई बार तो बच्चों को कुछ देर तक यहां स्कूल बस का इंतजार करना पड़ता है। लोगों का कहना है कि रोजाना 25 से 30 बच्चे सुबह के समय स्कूल बस का इंतजार करने के लिए यहां खड़े रहते हैं। उन्होंने बिजली विभाग से मांग की है कि जल्द से जल्द इस पोल को यहां से हटाया जाए और लटकती हुई तारों को भी जल्द से जल्द ठीक किया जाए। मामले को लेकर बिजली विभाग के जेई तुषार कुमार ने कहा कि वे कल पोल की जांच करवाएंगे और इस पोल को हटवा देंगे और लटकती हुई तारों को भी ठीक करवा दिया जाएगा।

# चंडीगढ़ पुलिस के 249 कांस्टेबलों को झटका

**हाईकोर्ट ने प्रमोशन टेस्ट से छूट की याचिका खारिज की, नए स्टाफ के साथ बी-1 टेस्ट देना होगा**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा

**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** पंजाब और हरियाणा हाईकोर्ट ने चंडीगढ़ पुलिस में तैनात करीब 249 कांस्टेबलों की याचिका खारिज कर दी है। ये सभी 2007-08 में भर्ती हुए थे और मांग कर रहे थे कि उन्हें नए कांस्टेबलों के साथ बी-1 प्रमोशन टेस्ट में शामिल न किया जाए, क्योंकि उनके पास पहले से काफी अनुभव है। इन कांस्टेबलों ने पहले केंद्रीय प्रशासनिक न्यायाधिकरण (कैट) के उस फैसले को चुनौती दी थी, जिसमें उनकी अपील पहले ही खारिज की जा चुकी थी। हाईकोर्ट से उन्होंने बी-1 टेस्ट पर रोक लगाने या फिर 30 अगस्त 2024 को दिए गए स्टेटस-को आदेश को स्पष्ट करने की अपील की थी।

हालांकि, मुख्य न्यायाधीश शील नागू और न्यायमूर्ति सुमीत गोयल की दो जजों की बेंच ने साफ कहा कि कैट एक वैधानिक संस्था है और जब तक उसके फैसले में कोई कानूनी खामी न हो, हाईकोर्ट उसमें हस्तक्षेप नहीं कर सकता। इस फैसले से अब इन कांस्टेबलों को भी नए भर्ती कर्मचारियों के साथ बी-1 टेस्ट में शामिल होना होगा।

हाईकोर्ट ने कहा कि सिर्फ इसलिए कि याचिकाकर्ता पुराने कर्मचारी हैं, यह कारण नहीं बनता कि उन्हें प्रमोशन टेस्ट से छूट दी जाए। यह जरूरी नहीं कि हर याचिका पर हाईकोर्ट दखल दे। जब ट्रिब्यूनल ने कानून के अनुसार फैसला दिया है, तो हाईकोर्ट उसमें हस्तक्षेप नहीं करेगा। ट्रिब्यूनल में पहले से ही दो केस लंबित हैं और ट्रिब्यूनल जल्द ही इन पर अंतिम फैसला करेगा।

### ये था पूरा मामला

चंडीगढ़ पुलिस के कांस्टेबलों को हेड कॉन्स्टेबल के पद पर प्रमोशन के लिए बी-1 टेस्ट देना होता है। प्रशासन ने 31 मई 2023 और 15 जून 2023 को सर्कुलर निकालकर कहा कि जो कॉन्स्टेबल प्रमोशन चाहते हैं, वे अपनी सहमति दें और बी-1 टेस्ट में शामिल हों। याचिकाकर्ताओं ने कहा कि 2021 में प्रमोशन के नियम बदले गए थे, और वे नए नियमों के खिलाफ हैं। ट्रिब्यूनल ने उनकी अपील खारिज कर दी थी, जिसके बाद वे हाईकोर्ट गए।

# पीजीआई सुसाइड केस में अटेंडेंट सूरज जिम्मेदार

**महिला सुपरवाइजर नरिंद्र कौर पर बनाया था मानसिक दबाव, बाकी स्टाफ को क्लीन चिट**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** चंडीगढ़ पीजीआई में महिला रेडियोग्राफर सुपरवाइजर नरिंद्र कौर की ड्यूटी के दौरान आत्महत्या मामले में जांच रिपोर्ट सामने आ गई है। रिपोर्ट के अनुसार, आउटसोर्स अटेंडेंट सूरज को इस घटना के लिए जिम्मेदार ठहराया गया है। इस आधार पर पीजीआई प्रशासन ने सूरज को तैनात करने वाली निजी कंपनी बीवाईजी इंडिया लिमिटेड, दिल्ली को पत्र भेजकर उसके खिलाफ कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं। पीजीआई के सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव ऑफिसर द्वारा भेजे गए पत्र में साफ कहा गया है कि सूरज ने ऑफिस में ऐसा माहौल बना दिया था, जिससे नरिंद्र कौर मानसिक तनाव में आ गई और आखिर में आत्महत्या करने को मजबूर हुई। पीजीआई ने कंपनी से यह भी कहा है कि वह इस मामले में की गई कार्रवाई की जानकारी संस्थान को जल्द से जल्द सौंपे। इस मामले में पीड़िता के पति गुरिंदर सिंह ने सूरज समेत पीजीआई के कई स्टाफ सदस्यों पर मानसिक उत्पीड़न और आत्महत्या के लिए उकसाने के आरोप लगाए थे।

पुलिस में दर्ज शिकायत में सुपरवाइजर दिव्या शर्मा, उनके पति अजय, नवजोत सिंह, अमित कुमार और डॉ. अक्षय सक्सेना के नाम शामिल थे। हालांकि जांच कमेटी ने सभी को क्लीन चिट दे दी है और सिर्फ सूरज को दोषी माना है।

### ड्यूटी के दौरान कमरे में की थी आत्महत्या

रेडियोग्राफर सुपरवाइजर नरिंद्र कौर पीजीआई में एडवांस पीडियाट्रिक सेंटर (एपीसी) की इंचार्ज थीं। कुछ दिन पहले ही उनका तबादला न्यू ओ.पी.डी. में कर दिया गया था, जबकि उनकी जगह दिव्या शर्मा को एपीसी भेजा गया था। नरिंद्र इस बदलाव से खुश नहीं थी। 11 मार्च 2024 को नरिंद्र कौर ड्यूटी पर आई और खुद को कमरे में बंद कर लिया। काफी देर तक बाहर न निकलने पर स्टाफ ने दरवाजा तोड़ा तो वह बेहोश मिली। नस काटने से अधिक खून बहने के कारण उन्हें बचाया नहीं जा सका। पति गुरिंदर सिंह ने आरोप लगाया था कि उनकी पत्नी पिछले 6 महीने से मानसिक तनाव में थीं। उन्होंने कई बार अपने वरिष्ठ अधिकारियों को स्टाफ की प्रताडऩा के बारे में बताया था, लेकिन कोई सुनवाई नहीं हुई। उनके दो छोटे बच्चे हैं, जो अब मां के बिना हैं।

**मुख्य सचिव राजीव कुमार ने आधार के सभी विभाग प्रमुखों के साथ बैठक की**

# अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेंट के लंबित होने पर चिंता व्यक्त की

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** चंडीगढ़ के मुख्य सचिव राजीव कुमार ने बुधवार को यूटी सचिवालय में चंडीगढ़ प्रशासन और भारतीय विशिष्ट पहचान प्राधिकरण के सभी विभाग प्रमुखों के साथ आधार प्रगति की समीक्षा के लिए एक बैठक की अध्यक्षता की। चंडीगढ़ यूटी में 100 फीसदी आधार संतृप्ति प्राप्त करने के महत्व पर जोर देते हुए, बैंकों और स्कूली शिक्षा सहित सभी विभागों को जल्द से जल्द सभी आधार नामांकन किट सक्रिय करने और उपलब्ध संसाधनों का इष्टतम उपयोग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। मुख्य सचिव ने अनिवार्य बायोमीट्रिक अपडेट के लंबित होने पर चिंता व्यक्त की, जो 5 और 15 वर्ष की आयु प्राप्त करने पर किया जाना है और निर्देश दिया कि इस उद्देश्य के लिए सभी सरकारी और निजी स्कूलों में शिविर आयोजित किए जाएं। उन्होंने आधार से संबंधित सेवाओं को लोकप्रिय बनाने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि स्कूल शिक्षा विभाग द्वारा माता-पिता और अभिभावकों को अपने बच्चों के अनिवार्य बायोमेट्रिक अपडेट के लिए प्रोत्साहित करने के लिए जागरूकता अभियान चलाने की आवश्यकता है। उन्होंने 0-5 आयु वर्ग के आधार नामांकन को कवर करने के लिए टीकाकरण केंद्रों पर आधार किट तैनात करने का भी निर्देश दिया। स्वास्थ्य विभाग और महिला एवं बाल विकास विभाग पांच वर्ष से कम आयु के बच्चों के लिए आधार नामांकन की सुविधा प्रदान करेंगे, ताकि उनका पूर्ण कवरेज सुनिश्चित हो सके। बैठक के दौरान, कमोडोर (आईएन) धीरज सरीन (डीडीजी, यूआईडीएआई आरओ, चंडीगढ़) ने आधार एसडब्ल्यूआईके (सामाजिक, कल्याण, नवाचार, ज्ञान) नियमों में नवीनतम संशोधनों पर प्रकाश डाला, जिसके तहत अब होटल, अस्पताल, ट्रैवल एजेंसियां जैसी निजी संस्थाएं भी यूटी के संबंधित विभाग की मंजूरी के अधीन आधार आधारित प्रमाणीकरण का उपयोग कर सकती हैं। इन आवेदनों को संसाधित करने के लिए समर्पित पोर्टल विकसित किया गया है। मुख्य सचिव ने चंडीगढ़ यूटी के सभी विभागों को ई-संपर्क केंद्रों और अन्य कार्यालयों में दी जाने वाली विभिन्न सेवाओं के लिए लाभार्थियों का आधार आधारित प्रमाणीकरण सुनिश्चित करने का भी निर्देश दिया। उन्होंने सभी विभागों को नियमित आधार पर सभी कर्मचारियों की उपस्थिति की निगरानी करने और यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि कर्मचारियों का वेतन उनकी आधार सक्षम फेस ऑथेंटिकेशन उपस्थिति से जुड़ा हो।

# सांसद मनीष तिवारी ने सेक्टर-22 में जनसभा के दौरान लोगों की समस्याएं सुनीं

**कहा-शहर का सर्वांगीण विकास और लोगों की समस्याओं का समाधान ही प्राथमिकता**

अर्थ प्रकाश/साजन शर्मा



**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** चंडीगढ़ से सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री मनीष तिवारी ने आज सेक्टर-22 के निवासियों के साथ बैठक की और उनकी समस्याएं सुनीं। इस अवसर पर उनके साथ चंडीगढ़ कांग्रेस अध्यक्ष एच.एस लक्की और पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेता भी मौजूद थे।

बैठक को संबोधित करते हुए, मनीष तिवारी ने कहा कि शहर का सर्वांगीण विकास और यहां के लोगों की समस्याओं का समाधान करना कांग्रेस पार्टी का मुख्य लक्ष्य है। जिस बारे में उन्होंने गत आयोजित विभिन्न केंद्रीय योजनाओं से संबंधित बैठक के दौरान अधिकारियों को निर्देश भी दिए हैं।

इसके अलावा, वह शहर के विकास के लिए अपने संसदीय कोटे से अनुदान भी जारी कर रहे हैं। इस दौरान उन्होंने बीते दिनों मेयर चुनने की प्रक्रिया में हुए ऐतिहासिक बदलावों का भी जिक्र किया, जिसका इस्तेमाल कर लोकतंत्र की हत्या करने का प्रयास किया गया।

इससे पहले सांसद तिवारी ने बैठक के आयोजन के लिए पंजाब यूथ कांग्रेस के महासचिव अमन स्लैच का आभार भी जताया। इससे चंडीगढ़ में कांग्रेस पार्टी को और मजबूती मिलेगी।

वहीं पर, एच.एस लक्की ने कहा कि देश में सबसे ज्यादा विकास कांग्रेस पार्टी की सरकारों के दौरान हुआ है। उन्होंने सांसद तिवारी द्वारा चंडीगढ़ के विकास के लिए किए जा रहे निरंतर प्रयासों का जिक्र किया।

इस मौके पर पूर्व डिप्टी मेयर बलराज कुमार, चंडीगढ़ कांग्रेस कोषाध्यक्ष विक्रम चोपड़ा, चंडीगढ़ कांग्रेस महासचिव नरेंद्र नंदी, मनिंदर पाल सिद्धू भी मौजूद थे।

### बलटाना जाने वाले के एरिया लाइट प्वाइंट पर बने पुल के कट में लगाए गए सात हाईटेक कैमरे



अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा

**जीरकपुर, 2 जुलाई।** जीरकपुर-कालका मुख्य मार्ग पर बलटाना लाइट प्वाइंट के पास लोगों को ट्रैफिक जाम से राहत दिलाने के लिए नया पुल बनाया गया है। बलटाना से ढकौली के एरिया जाने के लिए पुल के नीचे बने कट में सात हाईटेक कैमरे लगाए गए हैं। इनमें से एक कैमरा वाहनों की नंबर प्लेट का पता लगाने के लिए लगाया गया है। इनमें से तीन कैमरे बलटाना फर्नीचर मार्केट की तरफ और चार कैमरे के एरिया की तरफ लगाए गए हैं। गौरतलब है कि इससे पहले शहर के सभी चौराहों और लाइट प्वाइंट पर कैमरे लगाए गए थे। अब बलटाना और के एरिया प्वाइंट पर कैमरे लगने से पुलिस को चोरी और लूटपाट करने वालों का पता लगाने में आसानी होगी। बलटाना फर्नीचर मार्केट के दुकानदारों ने भी यहां कैमरे लगाए जाने का स्वागत किया है और प्रशासन का आभार जताया है।

# साइबर क्राइम पुलिस ने तीन ऑनलाइन फ्रॉड मामलों में 5 शातिर आरोपियों को किया काबू

अर्थ प्रकाश/रंजीत शम्मी








**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** यूटी पुलिस के थाना साइबर क्राइम पुलिस ने अलग अलग तीन ऑनलाइन फ्रॉड मामले में 5 शातिर आरोपियो को गिरफ्तार किया है।पकड़े गए आरोपियो की पहचान 28 वर्षीय धर्मेंद्र सिंह,24 वर्षीय ठाकोर गौतम मावाजी, 34 वर्षीय पटेल हिरेन कुमार मुकेश कुमार और 42 वर्षीय वाघेला प्रफुल्ल के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 21 निवासी ने पुलिस को बताया था कि जिनसे ब्लैकरॉक का प्रतिरूपण करने वाले एक एप्लिकेशन के माध्यम से डीमैट ट्रेडिंग में निवेश के बहाने 1,08,50,000/- की ठगी की गई थी। शिकायतकर्ता को एफएफ ब्लैकरॉक इन्वेस्टमेंट इंस्टीट्यूट नामक एक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया था।जहां विश्वास बनाने के लिए शुरुआती रिटर्न और निकासी दिखाई गई थी।

इसके बाद, जब उन्होंने अपने पैसे वापस लेने की कोशिश की, तो उन्हें 'करों' की आड़ में और अधिक रकम जमा करने के लिए धमकाया गया और ब्लैकमेल किया गया।

**जांच की मुख्य बातें:** जांच के दौरान बैंक खातों के सीएएफ, सीडीआर रिकॉर्ड और केवाईसी प्राप्त किए गए। यह पाया गया कि 49,00,000/- बैंक ऑफ बड़ौदा खाते में स्थानांतरित किए गए थे।जो अहमदाबाद,गुजरात के निवासी माधव प्रजापति के नाम पर पंजीकृत है।

**कार्रवाई की गई:** 26 जून.2025 को बरवाला,जिला बोटाद, गुजरात में छापेमारी की गई।जिसके परिणामस्वरूप आरोपी माधव प्रजापति को गिरफ्तार किया गया। उसने खुलासा किया कि उसने गुजरात के अन्य आरोपियों के निर्देश पर बैंक खाता खोला था।और केवाईसी किट और एटीएम कार्ड उसे सौंप दिया था। जिसमें 20 हजार कमीशन थी।इसके बाद 10 लाख का व्यक्तिगत ऋष्ण स्वीकृत करवाने में सफल रहे और 9,76,400/- एक बैंक खाते में स्थानांतरित कर दिए। पुलिस ने इन 5 आरोपियों के खिलाफ एफआईआर नंबर 22, 28 मार्च 2025, एफआईआर नंबर 21, 26 मार्च 2025 और एफआईआर नंबर 39,19 अप्रैल 2025 के तहत मामला दर्ज है।

### जांच की मुख्य बातें और की गई कार्रवाई

जांच के दौरान गुजरात में पुलिस स्टेशन विजापुर, जिला मेहसाणा के अधिकार क्षेत्र में छापेमारी की गई। 28 जून 2025 को दो आरोपियो को गिरफ्तार किया गया। जिसमें ढाकोर गौतम मावजी और पटेल हिरेन कुमार मुकेश। कुमार अन्य सहयोगियों की पहचान करने और ठगी गई राशि की वसूली के लिए आगे की जांच जारी है। पुलिस ने एक अन्य मामले में पीड़ितमनी माजरा निवासी विकास की शिकायत पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 61(2) के तहत थाना साइबर क्राइम चंडीगढ़ में मामला दर्ज किया गया है। शिकायतकर्ता ने बताया कि उसे कॉइन डीसीएक्स 8 डॉट कॉम इनवेस्टमेंट संस्थान नामक व्हाट्सएप ग्रुप में जोड़ा गया और ऑनलाइन टास्क और सर्वे पूरा करने के बहाने उसे उच्च रिटर्न का वादा करके पैसे निवेश करने के लिए लुभाया गया। आरोपी ने बार-बार अतिरिक्त भुगतान की मांग की और दावा किया कि टास्क अधूरे हैं या निकासी की प्रक्रिया के लिए शुल्क की आवश्यकता है। निर्देशानुसार फंड ट्रांसफर करने के बाद, शिकायतकर्ता को अंततः धोखेबाजों द्वारा ब्लॉक कर दिया गया। इस तरह, शिकायतकर्ता को व्हाट्सएप और टेलीग्राम के माध्यम से किए गए विभिन्न लेनदेन के माध्यम से कुल 20,88,455/- की ठगी की गई। जांच की मुख्य बातें और की गई कार्रवाई- जांच के दौरान, संदिग्ध खातों के सीडीआर, सीएएफ और केवाईसी प्राप्त किए गए। पाया गया कि 32,740/- 04 सितंबर 2024 को एक बैंक खाता में स्थानांतरित कर दिया गया था। जो मेसर्स वाघेला एंटरप्राइज, प्रोपराइटर वेघेला प्रफुल निवासी सूरत, गुजरात के नाम पर पंजीकृत है।इसके अलावा, गुजरात राज्य में छापेमारी की गई और आरोपी वाघेला प्रफुल को 27 जून को गुजरात से गिरफ्तार किया गया।अन्य सह-आरोपियों की पहचान करने और ठगी गई राशि की वसूली के लिए आगे की जांच चल रही है।

सम्पादकीय

# हिमाचल पर कुदरत का कहर देश बढ़ाए मदद के हाथ

उत्तर भारत में मानसून दस्तक दे चुका है, लेकिन हर वर्ष की तरह इस बार भी हिमाचल प्रदेश और अन्य पहाड़ी राज्यों में जिस प्रकार से बारिश कोहराम मचा रही है, वह बेहद पीड़ादायक है। हिमाचल प्रदेश के मंडी जिले में कुदरत जैसे कहर बनकर टूट पड़ी है। जिले में अब तक 11 जगह बादल फट चुके हैं और उसकी वजह से आए सैलाब में 5 लोगों की मौत की सूचना है, वहीं दर्जनों लोग लापता हैं। राज्य में एनडीआरएफ और एसडीआरएफ की ओर से लापता लोगों की तलाश के लिए सर्च ऑपरेशन चलाया जा रहा है। यह मौसम विज्ञानियों और पर्यावरणविदों के लिए चिंता और जिज्ञासा का विषय है कि आखिर हिमाचल प्रदेश में इतने बड़े पैमाने पर बादल क्यों फट रहे हैं और खासकर मंडी जिले में यह मामला क्यों गड़बड़ा रहा है। बादल फटने की घटना के वक्त आसमान से इतना पानी एक साथ बरसता है, जिसका अनुमान कोई नहीं लगा सकता। आसमान से बरसने वाली यह आफत अपने रास्ते में कुछ नहीं छोड़ती। अब बेशक नदियों के किनारों पर आबादी बढ़ रही है, और यह भी कहा जाएगा कि जमीन का अतिक्रमण हो रहा है। हालांकि बादल फटने के बाद नदियों में जो उफान आता है, वह दूर-दूर के किनारों तक की जमीन बहा ले जाता है। इन्हीं किनारों पर जो घर-मकान बने होते हैं, सड़कें, रोड और दुकानें आदि होती हैं, वे सब भी चपेट में आ जाती है। हिमाचल प्रदेश लगभग प्रत्येक वर्ष इस प्रकार की त्रासदी झेलता है और राज्य को हजारों करोड़ रुपये का नुकसान झेलना पड़ता है।

**मुख्यमंत्री ने मंडी जिले के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के स्याठी गांव पहुंचकर भारी बारिश से हुई तबाही का जायजा लिया। धर्मपुर और आसपास के प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर स्थानीय विधायक चंद्रशेखर और जिला प्रशासन से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। राहत कार्य को तेज और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। आगामी दिनों में मौसम को लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। राहत कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए हर स्तर पर सक्रिय और समन्वित प्रयास जारी हैं, जिससे प्रभावित लोगों को शीघ्र मदद पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि हिमाचल में 6 जिलों को अब भी संवेदनशील माना जा रहा है। मंडी सहित, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर, हमीरपुर व शिमला में भारी बारिश का अंदेशा बना हुआ है।**

इस बार मानसून सीजन में बादल फटने, बाढ़ व भूस्खलन से 20 जून से 1 जुलाई तक 51 लोगों की मौत हो चुकी हैं। 103 घायल हुए हैं और 22 लापता हैं। अब 28,339.81 लाख रुपये का नुकसान हो चुका है। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू के हवाले से सामने आया है कि बीते 24 घंटे में ही प्रदेश को बड़ा नुकसान पहुंचा है। वायुसेना से मदद मांगी गई है। जाहिर है, यह राज्य के लिए आपातकाल की भांति है। पहाड़ों पर दूरदराज के इलाकों में अब भी लोग फंसे हुए हैं। राज्य सरकार का प्राथमिक दायित्व जरूरतमंदों तक मदद पहुंचाना है। सरकार की ओर से रेस्क्यू कार्य को गति देने के निर्देश दिए गए हैं। बिजली बोर्ड और जल शक्ति विभाग के कर्मियों के अवकाश रद्द किए गए हैं। बिजली बहाली का कार्य युद्धस्तर पर किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री ने मंडी जिले के धर्मपुर विधानसभा क्षेत्र के स्याठी गांव पहुंचकर भारी बारिश से हुई तबाही का जायजा लिया। धर्मपुर और आसपास के प्रभावित क्षेत्रों की स्थिति पर स्थानीय विधायक चंद्रशेखर और जिला प्रशासन से विस्तृत जानकारी प्राप्त की। राहत कार्य को तेज और प्रभावी ढंग से आगे बढ़ाने के लिए जरूरी निर्देश दिए। आगामी दिनों में मौसम को लेकर पूरी सतर्कता बरती जा रही है। राहत कार्यों को सुचारू रूप से संचालित करने के लिए हर स्तर पर सक्रिय और समन्वित प्रयास जारी हैं, जिससे प्रभावित लोगों को शीघ्र मदद पहुंचाई जा सके। गौरतलब है कि हिमाचल में 6 जिलों को अब भी संवेदनशील माना जा रहा है। मंडी सहित, कांगड़ा, कुल्लू, किन्नौर, हमीरपुर व शिमला में भारी बारिश का अंदेशा बना हुआ है। यह भी सामने आ रहा है कि राज्य में अगले कुछ दिन तक इसी प्रकार बारिश होते जाने की संभावना है। इस बार इसका अनुमान लगाया जा रहा था कि मानसून अपने प्रखर तेवर दिखा सकता है। पहाड़ों की हालत यह है, वहीं मैदानी इलाकों के हाल भी सही नहीं हैं। पंजाब के 14 जिलों में भारी बारिश हुई है, हरियाणा के विभिन्न जिलों में भारी बारिश से जनजीवन प्रभावित हो रहा है। राज्य में अनेक स्थानों पर बिजली के खंभे गिर गए हैं, सड़कों पर कटाव हुआ है। यहां नदी-नालों में डूबने से भी जानें जा रही हैं। चंडीगढ़ और आसपास के इलाके में बारिश से व्यापक नुकसान हुआ है। अगर उत्तराखंड की बात करें तो चारधाम यात्रा मार्ग के बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण यात्रा को रोक दिया गया है। इससे यात्रियों को भारी परेशानी उठानी पड़ रही है।

दरअसल, हर बार मौसम की यह मार झेलना अब सामान्य हो गया है। हालांकि जलवायु परिवर्तन का असर हमारे पहाड़ों, नदियों-नालों पर बखूबी पड़ रहा है। पहाड़ों में भारी कटाव हो रहा है, वे कमजोर होते जा रहे हैं। आबादी लगातार बढ़ रही है, जबकि संसाधन उतने ही हैं। ऐसे में प्रकृति की नाराजगी सामने आ रही है। आजकल पश्चिमी देशों में भारी गर्मी पड़ रही है, जबकि भारत जैसे देशों में बाढ़ के हालात हैं। मौसम चक्र बिगड़ चुका है और हम दुश्वारियां झेलने के अलावा कुछ नहीं कर पा रहे।

# बड़ी चुनौती है फैक्ट्री के धमाकों को रोकना



तेलंगाना के संगारेड्डी जिले के पासमैलारम फेज एक इलाके में एक केमिकल फैक्टरी में हुए विस्फोट में 34 कर्मचारियों की मौत हो गई। तीन दिन पहले उत्तर प्रदेश के नोएडा के थाना फेस वन क्षेत्र स्थित डी-93 सेक्टर-दो स्थित शाम पेंट इंडस्ट्रीज केमिकल की कंपनी में भीषण आग लग गई। आग इतनी भयावह थी कि लपटें आसमान तक छूती नजर आई। करीब ढाई घंटे की मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया जा सका। फायर ब्रिगेड टीम ने इस आग की घटना में किसी प्रकार के जानमाल के नुकसान न होने की बात कही है। इसी 16 जून को उत्तर प्रदेश के अमरोहा जनपद के रजबपुर थाना क्षेत्र के गांव अतरासी से करीब दो किलोमीटर दूर यह फैक्ट्री चार महिलाओं की मौत हो चुकी थी। नौ घायल मजदूरों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। आरोप है कि फैक्ट्री संचालक ने पटाखे बनाने के लिए आसपास की रहने वाली महिलाओं को कम मजदूरी पर रखा था। उन्हें केवल 300 रुपये दिहा?ी दी जाती थी। मजदूरों को न कभी ट्रेनिंग दिलाई और नही आपातस्थित से निपटने का कोई प्रशिक्षण दिया गया। फैक्ट्री में दुर्घटनाएं होने पर कुछ दिन शोर मचता है। मृतकों और घायलों के लिए मुआवजे की घोषणा होने के बाद सब शांत हो जाता है। दुर्घटनाएं रोकने की कोई योजना नही बनती। नहीं फैक्ट्री के श्रमिकों को दुर्घटना होने के समय की चुनौती बताई जाती हैं। दुर्घटना होने के समय की चुनौती के समय के लिए प्रशिक्षित भी नही किया जाता। दुर्घटना होने पर क्या किया जाए इसका भी प्रशिक्षण नहीं दिया जाता। फैक्ट्री लगती है किंतु उनका तकनीकि निरीक्षण नहीं होता। निरीक्षण करने वाली अधिकारी पैसे के बल पर अपने आफिस में ही बैठकर रिपोर्ट बना देते है। सही मायने में फैक्ट्रियों में होने वाली दुर्घटनाओं और उनमें होने वाली मौत का जिम्मेदार वह अमला भी है जो समय-समय पर इनके सुरक्षा तंत्र का निरीक्षण करता है।

श्रम और रोजगार मंत्रालय के महानिदेशालय फ़ैक्ट्री सलाह सेवा और श्रम संस्थान द्वारा जारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत के पंजीकृत फ़ैक्ट्रियों में दुर्घटनाओं के कारण हर दिन औसतन तीन म?दूरों की मौत हुई है और 11 घायल होते हैं। नवंबर 2022 में आरटीआई जवाब के अनुसार, भारत में रजिस्टर्ड फ़ैक्ट्रियों में हर साल होने वाली दुर्घटनाओं में 1,109 वर्करों की मौत हो गई और 4,000 से अधिक वर्कर घायल हुए। ये 2017 से 2020 के बीच आंकड़ों के आधार पर है। वहीं विशेषज्ञों का मानना है कि यह संख्या और भी ज्यादा है क्योंकि बड़े पैमाने पर असंगठित क्षेत्रों में होने वाले हादसों की रिपोर्ट दर्ज ही नहीं की जाती है।

निदेशालय जनरल फैक्ट्री एडवाइस सर्विस एंड लेबर इंस्टीट्यूट्स की रिपोर्ट, 2022 के अनुसार 2021 में, महाराष्ट्र में 6,492 खतरनाक फैक्ट्रियों में से केवल 1,551 का निरीक्षण किया गया, जिससे 23.89 प्रतिशत निरीक्षण दर प्राप्त हुई। इसके अतिरिक्त, 39,255 पंजीकृत फैक्ट्रियों में से केवल 3,158 का निरीक्षण किया गया। इससे 8.04 प्रतिशत निरीक्षण मिली। अन्य प्रमुख औद्योगिक राज्यों में भी यह प्रवृत्ति दिखाई देती है। तमिलनाडु में सामान्य निरीक्षण दर 17.0 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों की निरीक्षण दर 25.39 प्रतिशत थी। गुजरात में सामान्य निरीक्षण दर 19.33 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों की निरीक्षण दर 19.81 मिली।। 2021 के लिए अखिल भारतीय आंकड़े सामान्य निरीक्षणों के लिए 14.65 प्रतिशत और खतरनाक फैक्ट्रियों के लिए 26.02 प्रतिशत थे। उपर्युक्त विवरण से लिया गया है।

खराब निरीक्षण दरों का एक कारण कर्मचारियों की कमी है। महाराष्ट्र में निरीक्षकों की नियुक्ति दर केवल 39.34 प्रतिशत थी। इसमें 122 स्वीकृत अधिकारियों में से केवल 48 कार्यरत थे। गुजरात में नियुक्ति दर 50.91 प्रतिशत रही, तो तमिलनाडु में यह 53.57 प्रतिशत थी। अखिल भारतीय नियुक्ति दर 67.58 प्रतिशत थी। स्वीकृत पदों की संख्या पंजीकृत फैक्ट्रियों की संख्या के सापेक्ष वार्षिक निरीक्षण सुनिश्चित करने के लिए अपर्याप्त रही है। 2021 में, अखिल भारतीय स्तर पर 953 स्वीकृत निरीक्षकों में से प्रत्येक को वार्षिक रूप से 337 पंजीकृत फैक्ट्रियों का निरीक्षण करना पड़ता है। मई 2024 में, महाराष्ट्र इंडस्ट्री डेवलपमेंट एसोसिएशन के अध्यक्ष ने एक मीडिया रिपोर्ट में स्वीकार किया कि सुरक्षा निरीक्षण और प्रमाणन अक्सर ऑडिटरों और फैक्ट्री मालिकों या प्रबंधकों के बीच 'समझ' के आधार पर किए जाते थे। यह संकेत देता है कि नियोक्ता भी श्रम निरीक्षकों के समान ही दोषी हैं, और भ्रष्ट प्रथाओं की 'आपूर्ति पक्ष' को संबोधित करना 'मांग' पक्ष के सुधार के समान ही महत्वपूर्ण है।

प्रदेश स्तर पर विशिष्ट सीमा मात्रा के साथ खतरनाक रसायनों और ज्वलनशील गैसों की एक सूची स्थापित की जानी चाहिए। प्रत्येक राज्य को प्रमुख खतरे वाले कार्यस्थलों की सूची बनाए रखनी चाहिए। समें सुविधा का प्रकार, उपयोग किए गए रसायन और संग्रहीत मात्रा का विवरण हो। खतरनाक सामग्री की सूची और इन्वेंट्री को एक केंद्रीकृत डेटाबेस में संग्रहीत करें, जिस तक नियामक निकाय, आपातकालीन प्रतिक्रियाकर्ता, और जनता आसानी से पहुंच सकें। निरीक्षण प्रणाली को उदार बनाने के बजाय, सरकारों को आईएलओ सम्मेलन के प्रावधानों का पालन करके मजबूत श्रम बाजार शासन सुनिश्चित करना होगा। प्रौद्योगिकी में तेजी से प्रगति और खतरनाक और रासायनिक पदार्थों के उपयोग को देखते हुए, सख्त निरीक्षणों की आवश्यकता है।

औद्योगिक आपदाओं की पुनरावृत्ति सरकार की विफलता को दर्शाती है कि उसने पिछले घटनाओं से सबक नहीं सीखा है। सुधारों और कमजोर शासन के नाम पर, राज्य अपने मूल कर्तव्य से पीछे नहीं हट सकता कि वह एक सुरक्षित कार्य और जीवन सुनिश्चित करे। एक प्रभावी और नैतिक श्रम निरीक्षण प्रणाली सुनिश्चित करने के लिए सार्थक सुधारों की आवश्यकता है जो श्रमिकों और समुदाय की सुरक्षा और कल्याण को प्राथमिकता दें। इसके साथ ही फैक्ट्री श्रमिकों का आपदा के समय सुरक्षा के उपाए, कैसे बचाव करें आदि का बार-बार प्रशिक्षण देना होगा। सभी उद्योगों के निरीक्षण के लिए तकनीकि विशेषज्ञों की टीम बनानी होगी। उन्हें नियमित निरीक्षण के निर्देश करने होंगे। इससे किसी दुर्घटना होने पर मौत और घायलों का आंकड़ा कम किया जा सकता है। दुर्घटना होने के हालात में इन तकनीकी अधिकारियों की जिम्मेदारी भी फिक्स करनी होगी। देखने में आ रहा है कि निरीक्षण स्टाफ की फेक्ट्री स्वामियों से मिलीभगत होने के कारण उद्योग स्वामी प्रायः प्रशिक्षित स्टाफ नही रखते। उत्तर प्रदेश के अमरोहा के अगवानपुर की दुर्घटना ग्रस्त पटाखा फैक्ट्री का भी ये ही कारण रहा। फैक्ट्री स्वामी ने सस्ते के चक्कर में फैक्ट्री के आसपास रहने वाली महिलाएं रख रखी थी। उन्हें वह मात्र तीन सौ रूपया रोज मजदूरी देता था। उनकी सामजिक सुरक्षा आदि का भी प्रबंध नही था।

केंद्र ही नहीं प्रदेश सरकारों को भी उद्योग स्वामियों को बताना होगा कि उनके यहां काम करने वाले श्रमिक और तकनीकि विशेषज्ञ देश की धरोहर है। उनकी सुरक्षा की जिम्मेदारी उद्योग के साथ देश और समाज की भी है। घटना होने पर मात्र जांच के आदेश और मुआवजा देने से ही काम नही चलेगा। दुर्घटना के लिए जिम्मेदारी भी तै करनी होगी। जिम्मेदार लोगों को दंडित भी करना होगा तभी जाकर ये दुर्घटनाएं रूकेगी। एक बात और यदि उद्योग में सुरक्षा मानक कड़े हों, उद्योग श्रमिकों को समय-समय पर सुरक्षा संबधी प्रशिक्षण मिले तो दुर्घटनाएं ही न हों। हों तो मौत और घायलों की संख्या बहुत कम रहे। दुर्घटनाएं न हो तो उद्योग भी न मरे। दुर्घटनाएं होने से श्रमिकों के साथ एक प्रकार से संबधित उद्योग भी मर जाता है। अधिकतर दुर्घटनाग्रस्त उद्योग के स्वामी दुर्घटना के कारण हुए नुकसान, श्रमिकों को मुआवजा आदि देने के कारण बर्बाद हो जाते हैं। वे दुबारा से मुश्किल से ही काम को जोड़ पाते हैं। इससे देश का एक व्यापारी, एक व्यवसायी भी एक प्रकार से मर जाता है। उसका आर्थिक रूप से मरना देश की प्रगति को भी नुकसान देता है।

## अर्थ प्रकाश में 34 साल पहले आज का दिन

### लुधियाना में मिनि सचिवालय के निकट बम विस्फोट

चंडीगढ़। पंजाब के लुधियाना शहर में राज्य के मिनि सचिवालय के निकट गत रात्रि खाड़कुओं द्वारा एक बम विस्फोट किया गया। इस विस्फोट में किसी प्रकार की कोई हानि होने का समाचार नहीं है। इस बीच कल शाम से राज्य में विभिन्न घटनाओं में चार खाड़कुओं सहित 6 लोग मारे गए। जालंधर जिला के गांव दुरालीखुर्द में तीन खाड़कुओं द्वारा दलजीत सिंह नामक व्यक्ति की हत्या कर दी गई। इसी जिला के गांव किंगरा में खाड़कुओं ने उस समय एक स्कूटर मैकेनिक को मार डाला, जब उसने उनके स्कूटर की मुरम्मत करने से इंकार कर दिया। संगरूर जिला के गांव सजवान में आज सुबह सुरक्षा बलों के साथ एक मुठभेड़ में दो अज्ञात खाड़कू मारे गए। बठिंडा जिला के गांव मामनजस्सा के निकट पुलिस के साथ एक मुठभेड़ में एक खाड़कू मारा गया। अमृतसर जिला के गांव मुरादपुर में आपसी रंजिश में अवतार सिंह नामक एक खाड़कू मारा गया। जालंधर जिला के पुलिस अधीक्षक के समक्ष अवतार सिंह नामक खाड़कू ने आत्म समर्पण कर दिया। अमृतसर जिला में सुरक्षा बलों द्वारा दो खाड़कुओं को गिरफ्तार किया गया।

### औद्योगिकीकरण की नीति में ग्रामीण हितों को ध्यान में रखेंगे: नरसिंहा राव

चंडीगढ़। प्रधानमंत्री श्री नरसिंहा राव ने कहा है कि उनकी सरकार अपनी नई औद्योगिकीकरण नीतिमें ग्रामीण हितों को पूरी तरह से ध्यान में रखेंगी। आज यहां असम के चौथे तेल शोधक कारखाने के शिलान्यास समारोह में बोलते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि उन्हें इस बात का भी ध्यान है कि औद्योगिकरण नीति से पर्यावरण को कोई खतरा न आने पाए।

## ज्ञान सागर : देखें आज के दिन क्या घटा

1608 फ्रांसीसी खोजकर्ता सैमुअल डी चमपैन ने क्यूबेक सिटी की स्थापना की।
1897 इतावली वैज्ञानिक मार्कोनी ने लंदन में रेडियो का पेटेंट कराया।
1928 लंदन में पहली बार रंगीन टीवी कार्यक्रम का प्रसारण हुआ।
1934 बैंक ऑफ कनाडा अधिनियम कनाडा में पारित किया गया
1940 द्वितीय विश्व युद्ध- ब्रिटिश नौसेना ने फ्रांसीसी बेड़े पर हमला किया, इस डर से कि दोनों देशों के बीच युद्धविराम के बाद जहाज जर्मन हाथों में गिर जाएंगे।
1962 फ्रांस के राष्ट्रपति ने अलजीरिया की आजादी की घोषणा की।
1970 द ट्रबल- द ब्रिटिश आर्मी ने उत्तरी आयरलैंड के फॉल्स कर्फ्यू को बेलफ़ास्ट पर लागू किया, जिसके परिणामस्वरूप केवल अधिक से अधिक आयरिशरेपोलॉजिकल प्रतिरोध हुआ।
1970 द ट्रबल- ब्रिटिश आर्मी ने उत्तरी आयरलैंड के बेलफास्ट में फॉल्स कर्फ्यू लगाया, जिसके परिणामस्वरूप केवल अधिक आयरिश गणतंत्रीय प्रतिरोध हुआ।
1988 संयुक्त राज्य नौसेना के युद्धपोत यूएसएस विन्सेन्स ने फारस की खाड़ी के ऊपर ईरान एयर फ्लाइट 655 को गोली मार दी, जिसमें सवार सभी 290 लोगों की मौत हो गई।
1990 मक्का से मीना जाने वाली सुरंग में भगदड़ मचने से 1,426 हज यात्रियों की मौत हुई।
2004 बैंकॉक में मेट्रो प्रणाली का आधिकारिक उद्घाटन किया गया।
2005 राष्ट्रीय कानून समलैंगिक विवाह को स्पेन में वैध किया।
2005 स्पेन में समान-यौन विवाह कानूनी हो गया।
2007 अमेरिका कप- अलिंगी टीम ने न्यूजीलैंड को 5-2 से हरा कर स्पेन में जीत हासिल की।
2011 118 वां विम्बलडन महिला टेनिस- पेट्रा क्वितोवा ने मारिया शारापोवा को (6-3 6-4)से हराया।
2012 इराक में बम विस्फोट से 25 मरे, 40 घायल।
2013 मिस्र के सेना प्रमुख जनरल अब्देल फत्ताह अल-सिसी ने मिस्र के राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी को सत्ता से हटाने के लिए गठबंधन का नेतृत्व किया और मिस्र के संविधान को निलंबित कर दिया।
2013 मिस्र की सेना ने राष्ट्रपति मोहम्मद मुर्सी का तख्तापलट किया।

## बोल ब्यूटीफुल



**अक्षिता नंदगोपाल:** मल्लिकार्जुन खरगे कह रहे है कि कर्नाटक में मुख्यमंत्री को लेकर जारी अटकलों पर अंतिम निर्णय कांग्रेस आलाकमान करेगा। सवाल यह भी है कि पार्टी अध्यक्ष के रूप में क्या वे आलाकमान नहीं है?

**संजीव सान्याल:** शांति के लिए नोबेल पुरस्कार की स्थापना उस परिवार ने की थी, जिसकी कंपनी ने उन्नीसवीं और बीसवी सदी में सभी पक्षों को हथियार एवं विस्फोटक बेचा। अल्फ्रेड नोबेल की कंपनी आज भी बोफोर्स है।

**वसीम जाफर:** पहले टेस्ट में भारत और इंग्लैंड की टीमें कई मौकों पर फिसलती दिखली और अगर भारत ने कैच न टपकाए होते तो शायद मैच का नतीजा कुछ अलग होता। आगे सफलता की कुंजी इसमें निहित है कि बहुत हायतौबा न की जाए और थोक के भाव में बदलाव न करें।

# मध्यमवर्गीय परिवार नहीं फंसे ऋण के जाल में

हाल ही में भारतीय रिजर्व बैंक ने रेपो दर में 50 आधार बिंदुओं की कमी की है। इसके साथ ही, निजी क्षेत्र के बैंकों, सरकारी क्षेत्र के बैंकों एवं क्रेडिट कार्ड कम्पनियों सहित अन्य वित्तीय संस्थानों ने भी अपने ग्राहकों को प्रदान की जा रही ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी की घोषणा करना प्रारम्भ कर दिया है ताकि भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में की गई कमी का लाभ शीघ्र ही भारत में ऋणदाताओं तक पहुंच सके एवं इससे अंततः देश की अर्थव्यवस्था को बल मिल सके। भारत में चूंकि अब मुद्रा स्फीति की दर नियंत्रण में आ गई है, अतः आगे आने वाले समय में भारतीय रिजर्व बैंक द्वारा रेपो दर में और अधिक कमी की जा सकती है। इस प्रकार, बहुत सम्भव है ऋणराशि पर लागू ब्याज दरों में कमी के बाद कई नागरिक जिन्होंने पूर्व में कभी बैंकों से ऋण नहीं लिया है, वे भी ऋण लेने का प्रयास करें। बैंक से ऋण लेने से पूर्व इस बात का ध्यान रखना आवश्यक है कि इस ऋण को चुकता करने की क्षमता भी ऋणदाता में होनी चाहिए अर्थात ऋणदाता की पर्याप्त मासिक आय होनी चाहिए ताकि बैंकों द्वारा प्रदत्त ऋण की किश्त एवं ब्याज का भुगतान पूर्व निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके। इस संदर्भ में विशेष रूप से युवा ऋणदाताओं द्वारा क्रेडिट कार्ड के उपयोग पश्चात संबंधित राशि का भुगतान समय सीमा के अंदर अवश्य करना चाहिए क्योंकि अन्यथा क्रेडिट कार्ड एजेंसी द्वारा चूक की गई राशि पर भारी मात्रा में ब्याज वसूला जाता है, जिससे युवा ऋणदाता ऋण के जाल में फंस जाते हैं।

बैंकों से लिए गए ऋण की मासिक किश्त एवं इस ऋणराशि पर ब्याज का भुगतान यदि निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं किया जाता है तो चूककर्ता ऋणदाता से बैकों द्वारा दंडात्मक ब्याज की वसूली की जाती है। इसी प्रकार, कई नागरिक जो क्रेडिट कार्ड का उपयोग करते हैं एवं इस क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की गई राशि का भुगतान यदि वे निर्धारित समय सीमा के अंदर नहीं कर पाते हैं तो इस राशि पर चूक किए गए क्रेडिट कार्ड धारकों से भारी भरकम ब्याज की दर से दंड वसूला जाता है। कभी कभी तो दंड की यह दर 18 प्रतिशत से 24 प्रतिशत के बीच रहती है। क्रेडिट कार्ड का उपयोग करने वाले नागरिक कई बार इस उच्च ब्याज दर पर वसूली जाने वाली दंड की राशि से अनभिज्ञ रहते हैं। अतः बैंकों से ली जाने वाली ऋणराशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग की जाने वाली राशि का समय पर भुगतान करने के प्रति ऋणदाताओं को सजग रहने की आवश्यकता है।

कुल मिलाकर यह ऋणदाताओं के हित में है कि वे बैंक से लिए जाने वाले ऋण की राशि तथा ब्याज की राशि एवं क्रेडिट कार्ड के विरुद्ध उपयोग




की जाने वाली राशि का पूर्व निर्धारित एवं उचित समय सीमा के अंदर भुगतान करें क्योंकि अन्यथा की स्थिति में उस चूककर्ता नागरिक की क्रेडिट रेटिंग पर विपरीत प्रभाव पड़ता है एवं आगे आने वाले समय में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है एवं बहुत सम्भव है कि भविष्य में उसे किसी भी वित्तीय संस्थान से ऋण प्राप्त ही न हो सके।

ऋणदाता यदि किसी प्रामाणिक कारणवश अपनी किश्त एवं ब्याज का बैंकों अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को समय पर भुगतान नहीं कर पाता है और उसका ऋण खाता यदि गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित हो जाता है तो इस संदर्भ में चूककर्ता ऋणदाता द्वारा बैकों को समझौता प्रस्ताव दिए जाने का प्रावधान भी है। इस समझौता प्रस्ताव के माध्यम से चूककर्ता ऋणदाता द्वारा सम्बंधित बैंक अथवा क्रेडिट कार्ड कम्पनी को मासिक किश्त एवं ब्याज की राशि को पुनर्निर्धारित किए जाने के सम्बंध में निवेदन किया जा सकता है। परंतु, यदि ऋणदाता ऋण की पूरी राशि, ब्याज सहित, अदा करने में सक्षम नहीं है तो चूक की गई राशि में से कुछ राशि की छूट प्राप्त करने एवं शेष राशि को एकमुश्त अथवा किश्तों में अदा करने के सम्बंध में भी समझौता प्रस्ताव दे सकता है। ऋण की राशि अथवा ब्याज की राशि के सम्बंध के प्राप्त की गई छूट की राशि का रिकार्ड बनता है एवं समझौता प्रस्ताव के अंतर्गत प्राप्त छूट के चलते भविष्य में उस ऋणदाता को बैकों से ऋण प्राप्त करने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है, इस बात का ध्यान चूककर्ता ऋणदाता को रखना चाहिए। अतः जहां तक सम्भव को ऋणदाता द्वारा समझौता प्रस्ताव से भी बचा जाना चाहिए एवं अपनी ऋण की निर्धारित किश्तों एवं ब्याज का निर्धारित समय सीमा के अंतर्गत भुगतान करना ही सबसे अच्छा रास्ता अथवा विकल्प है।

भारत में तेज गति से हो रही आर्थिक प्रगति के चलते मध्यमवर्गीय नागरिकों की संख्या भी तेजी से बढ़ रही है, जिनके द्वारा चार पहिया वाहनों, स्कूटर, फ्रिज, टीवी, वॉशिंग मशीन एवं मकान आदि आस्तियों को खरीदने हेतु बैकों अथवा अन्य वित्तीय संस्थानों से ऋण लिया जा रहा है। कई बार मध्यमवर्गीय परिवार एक दूसरे की देखा देखी आपस में होड़ करते हुए भी कई उत्पादों को खरीदने का प्रयास करते हुए दिखाई देते हैं, चाहे उस उत्पाद विशेष की आवश्यकता हो अथवा नहीं। उदाहरण के लिए एक पड़ौसी ने यदि अपने चार पहिया वाहन का एकदम नया मॉडल खरीदा है तो जिस पड़ौसी के पास पूर्व में ही चार पहिया वाहन उपलब्ध है वह पुराने मॉडल के वाहन को बेचकर पड़ौसी द्वारा खरीदे गए नए मॉडल के चार पहिया वाहन को खरीदने का प्रयास करता है और बैंक के ऋण के जाल में फंस जाता है। यह नव धनाडय वर्ग यदि बैक से लिए गए ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का निर्धारित समय सीमा के अंदर भुगतान नहीं कर पाता है तो उस नागरिक विशेष के वित्तीय रिकार्ड पर धब्बा लग सकता है जिससे उसके लिए उसके शेष जीवन में बैकों एवं अन्य वित्तीय संस्थानों से पुनः ऋण लेने में कठिनाई आ सकती है। अतः बैंकों से ऋण प्राप्त करने वाले नागरिकों को ऋण की किश्त का समय पर भुगतना करना स्वयं उनके हित में हैं, ताकि भारत में तेज हो रही आर्थिक प्रगति का लाभ आगे आने वाले समय में भी समस्त नागरिक ले सकें।


भारत में तो यह कहा भी जाता है कि जिसके पास जितनी चादर हो, उतने ही पैर पसारने चाहिए। अर्थात, नागरिकों को बैंकों से ऋण लेते समय इस बात का ध्यान रखना चाहिए कि ऋण की किश्त एवं ब्याज की राशि का भुगतान करने लायक उनकी अतिरिक्त आय होनी चाहिए, ताकि ऋण की किश्तों एवं ब्याज की राशि का भुगतान निर्धारित समय सीमा के अंदर किया जा सके एवं उनका ऋण खाता गैर निष्पादनकारी आस्ति में परिवर्तित नहीं हो।

मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू ने हमीरपुर बस अड्डे का औचक निरीक्षण किया, कहा–

# अगले वर्ष तक पूर्ण कर लिया जाएगा बस अड्डे का कार्य

धन की कमी के कारण 20 वर्षों से लंबित था इस बस अड्डे का निर्माण कार्य

अर्थ प्रकाश/अजय मल्होत्रा



**हमीरपुर, 2 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को हमीरपुर में निर्माणाधीन बस अड्डे का औचक निरीक्षण कर निर्माण कार्यों की समीक्षा की।

इस अवसर पर मीडिया कर्मियों के साथ बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि इस बस अड्डे का कार्य अगले वर्ष तक पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने कहा कि धन की कमी के कारण गत 20 वर्षों से इस बस अड्डे का निर्माण कार्य लंबित था। प्रदेश के मुख्यमंत्री का पदभार ग्रहण करने के उपरांत उन्होंने संबंधित अधिकारियों को इस बस अड्डे का निर्माण कार्य तीव्र गति से करने के निर्देश दिए।

उन्होंने यात्रियों की सुविधा के लिए इस बस अड्डे के धरातल तल को पार्किंग सुविधा के रूप में निर्मित करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि डॉ. राधाकृष्णन राजकीय चिकित्सा महाविद्यालय हमीरपुर को शीघ्र ही लोगों को समर्पित किया जाएगा जिससे क्षेत्र के लोगों को विशेषज्ञ चिकित्सा सेवाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने कहा कि इस चिकित्सा महाविद्यालय के लिए फर्नीचर की खरीद के आदेश दिए गए हैं।

### हिमाचल की शिक्षा प्रणाली में सुधार, नवाचार से पांचवें स्थान तक का सफर

ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि प्रदेश सरकार शिक्षा क्षेत्र में नवाचार सुधार कर रही है, जिसके परिणामस्वरूप गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के क्षेत्र में हिमाचल 21वें स्थान से पांचवे स्थान पर पहुंच गया है। राज्य के सरकारी स्कूलों में पहली कक्षा से अंग्रेजी माध्यम की पढ़ाई शुरू की गई है और दो शिक्षा निदेशालयों को समायोजित कर एक डायरेक्टरेट ऑफ स्कूल एजुकेशन बनाया गया है। विद्यालयों के क्लस्टर बनाने के साथ-साथ वैश्विक शिक्षा पद्धतियों से विद्यार्थियों और शिक्षकों को अवगत करवाने के लिए शैक्षणिक भ्रमण की सुविधा दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा उठाए गए कदमों के सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।

## बरसात के समय सभी गांव की सभी सड़कों को सुचारू रखें : अवस्थी

विधायक ने अर्की में सुनी जनसमस्याएं

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 2 जुलाई।** अर्की के विधायक संजय अवस्थी ने कहा कि प्रदेश सरकार लोगों की समस्याओं के समाधान के लिए गांव-गांव पहुंच रही है। उन्होंने लोगों को विश्वास दिलाया कि जन-जन का जीवन सरल बनाना ही प्रदेश सरकार का उद्देश्य है। संजय अवस्थी बुधवार को सोलन ज़िला के अर्की में लोक निर्माण विभाग विश्राम गृह में उपस्थित जनसमूह को संबोधित कर रहे थे।

संजय अवस्थी ने लोक निर्माण विभाग, जल शक्ति विभाग, विद्युत बोर्ड और स्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों के साथ बैठक की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि बरसात के समय सभी गांव की सभी सडक़ों को सुचारू रखा जाए ताकि किसी समस्या का सामना न करना पड़े। उन्होंने अधिकारियों को बरसात के दृष्टिगत स्थान न छोडऩे के निर्देश भी दिए।

विधायक ने कहा कि भारी वर्षा से होने वाली क्षति की दैनिक सूचना एकत्र व प्रेषित करने के लिए उपमंडलाधिकारी कार्यालय अर्की में उपमण्डल स्तर पर नियंत्रण कक्ष की स्थापना की गई है। उन्होंने सभी से आग्रह किया कि विधानसभा क्षेत्र अर्की के किसी भी स्थान पर बरसात से यदि कोई नुकसान होता है तो हेल्पलाइन नंबर पर इसकी सूचना दें।

विधायक ने इस अवसर पर लोगों की समस्याएं सुनी और अधिकारियों को इनके शीघ्र निपटारे के निर्देश दिए।

कांग्रेस पार्टी के वरिष्ठ नेता सतीश कश्यप, बाघल लैंड लूजर सोसायटी के अध्यक्ष जगदीश ठाकुर, युवा कांग्रेस अर्की के अध्यक्ष सतीश कुमार विक्की, कांग्रेस पार्टी के प्यारेलाल, कमलेश शर्मा, धनीराम ठाकुर, उपमण्डलीय पुलिस अधिकारी दाड़लाघाट संदीप शर्मा, तहसीलदार अर्की विपिन वर्मा, खण्ड विकास अधिकारी कुनिहार तन्मय कंवर, खंड चिकित्सा अधिकारी अर्की डॉ. मुक्ता रस्तोगी, जल शक्ति विभाग के अधीशाषी अभियंता विवेक कटोच, प्रदेश विद्युत बोर्ड के अधीशाषी अभियंता संदीप कुमार, लोक निर्माण विभाग के अधीशाषी अभियंता राजेश शर्मा, वन मण्डलाधिकारी कुनिहार राजकुमार, विभिन्न विभागों के वरिष्ठ अधिकारी सहित अन्य गणमान्य व्यक्ति इस अवसर पर उपस्थित थे।

## मुख्यमंत्री ने पाड़छू पुल के निकट हुए नुकसान का निरीक्षण किया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 2 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने आज जिला मंडी के धर्मपुर क्षेत्र में पाड़छू पुल के निकट हुए नुकसान का निरीक्षण किया। हाल ही में क्षेत्र में पानी जमा होने से एक अस्थायी झील बन गई थी, जिससे उसके समीप बने मंदिर और शमशान घाट को नुकसान हुआ है।

इस अवसर पर स्थानीय विधायक चंद्रशेखर ने मुख्यमंत्री को स्थिति से अवगत करवाया।

### स्यांज के पंगल्यूर से बहे 9 लोगों ने में से दो शव बरामद

**गोहर 2 जुलाई (अप्रस)।** 30 जून की काली रात को उपमंडल गोहर के ग्राम पंचायत स्यांज के पंगल्यूर गांव में बादल फटने से हुई दुखद घटना में जहां दो परिवारों के नौ लोग जिंदा ज्युणी खड्ड में बह गए ।जिसमें से दो शव बरामद कर लिए गए हैं। एक शव पंगल्यूर से लगभग 80 किलोमीटर दूर मंडी के जोगिंदर नगर में मिला तो वहीं दूसरा शव लगभग डेढ़ सो किलोमीटर दूर जिला कांगड़ा में रिकवर किया गया है । जिसकी पुष्टि ऑफिस कानूनगो गोहर कृष्ण कुमार ने की है। बड़ी हैरानी की बात है की कहां गोहर स्यांज और कहां कांगड़ा एक ही रात में लगभग डेढ़ किलोमीटर दूर जाकर मिला है ।इतनी दूर शव बरामद होना सबके लिए हैरानी का विषय बना हुआ है। मगर कुदरत और पानी के भाव के आगे ना कोई टीका ना कोई टिक सकता है।

## मुख्यमंत्री ने धर्मपुर में आपदा प्रभावित परिवारों से मुलाकात की, पूर्ण सहायता का दिया आश्वासन

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**शिमला, 2 जुलाई।** मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने बुधवार को जिला मंडी के धर्मपुर में लौंगणी पंचायत के आपदा प्रभावित स्याठी गांव का दौरा किया। उन्होंने बादल फटने से प्रभावित परिवारों से मुलाकात कर उनका दुख साझा किया और जिला प्रशासन द्वारा चलाए जा रहे राहत एवं पुनर्वास कार्यों की समीक्षा की। बादल फटने की घटना से 61 लोग प्रभावित हुए हैं तथा घरों, गौशालाओं और पशुओं को काफी नुकसान पहुंचा है। जिला प्रशासन मंडी ने प्रभावितों को 1.70 लाख रुपये की वित्तीय सहायता, राशन आपूर्ति, तिरपाल और अन्य राहत सामग्री सहित तत्काल सहायता प्रदान की है।

प्रभावित परिवारों से बातचीत करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि दुख की इस घड़ी में प्रदेश सरकार उनके साथ खड़ी है तथा आपदा के इस मुश्किल दौर में व्यक्तिगत रूप से आपका दुख साझा करने आया हूं। उन्होंने प्रशासन को प्रभावितों को हर संभव व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिये।

उन्होंने कहा कि क्षतिग्रस्त घरों के पुनर्निर्माण के लिए विशेष राहत पैकेज तथा गाय, बकरी, भेड़ सहित पशुधन के नुकसान के साथ-साथ नष्ट हुए गौशालाओं के लिए भी बढ़ा हुआ मुआवजा प्रदान किया जाएगा। प्रभावित परिवारों ने आपबीती सुनाते हुए कहा कि इस आपदा में पूरा गांव बह गया तथा अब उनके पास तंबू लगाने के लिए भी जमीन नहीं बची है। कई लोगों ने मुश्किल से अपनी जान बचाई है। प्रभावितों द्वारा जमीन उपलब्ध करवाने की मांग पर मुख्यमंत्री ने आश्वासन दिया कि यदि क्षेत्र में सरकारी भूमि उपलब्ध होगी तो उन्हें आवंटित की जाएगी। वन भूमि क्षेत्र में यदि जमीन है तो यह मामला केंद्र सरकार के समक्ष उठाया जाएगा। मुख्यमंत्री ने मंडी-कोटली सड़क को हुए नुकसान का भी निरीक्षण किया।

बाद में मीडिया से अनौपचारिक बातचीत में मुख्यमंत्री ने कहा कि मंडी जिला में मूसलाधार बारिश के कारण भारी तबाही हुई है। स्याठी गांव में भूस्खलन से 20 घर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हुए हैं तथा 61 लोगों को समय रहते सुरक्षित राहत शिविरों में आश्रय दिया गया है। उन्होंने चट्टानी सतह के खिसकने के कारणों का पता लगाने तथा अध्ययन किए जाने की आवश्यकता पर बल दिया।

उन्होंने कहा कि प्रदेश में बादल फटने की आठ से दस घटनाएं घटित हुई हैं। जलवायु परिवर्तन भी इसका एक कारण हो सकता है। केंद्र और राज्य सरकारों को सामूहिक रूप से ऐसी घटनाओं के कारणों का अध्ययन करना चाहिए। उन्होंने कहा कि मंडी जिला के थुनाग, जंजैहली और बगस्याड़ क्षेत्रों में भी भारी नुकसान हुआ है। प्रभावित क्षेत्रों में आवश्यक सेवाओं को बहाली के लिए कर्मचारी समर्पित भाव से काम में जुटे हुए हैं। कर्मचारियों की तत्परता से बगस्याड़ में सड़क को बहाल कर दिया गया है। मंडी जिला में अब तक 10 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 34 अन्य लापता हैं। गोहर उपमंडल में पांच, थुनाग में तीन और जोगिंद्रनगर व करसोग में एक-एक व्यक्ति की मृत्यु की पुष्टि हुई है तथा प्रशासन द्वारा मृतकों की पहचान की जा रही है।

इस अवसर पर कांगड़ा केंद्रीय सहकारी बैंक के अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया, कांग्रेस नेता पवन ठाकुर, उपायुक्त अपूर्व देवगन, पुलिस अधीक्षक साक्षी वर्मा और अन्य वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे।

## ग्राम पंचायत बस्सी में भी हुआ करोड़ों का नुकसान, कई मकान क्षतिग्रस्त, कई गाड़ियां मलबे में दबी

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा





**गोहर 2 जुलाई।** गत रात्री हुई बारिश में उपमंडल गोहर की ग्राम पंचायत बस्सी में करोड़ों रुपए का नुकसान आंका गया है। प्रधान ग्राम पंचायत बस्सी गुरुदेव ठाकुर ने जानकारी देते हुए बताया कि क्षेत्र में लगभग डेढ़ दर्जन गौशालाएं 7-8 के करीब पानी से चलने वाले पुरातन घराट व कई मकान बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हुए हैं ।बारिश के साथ हुए भूस्खलन में कई गाड़ियां मलबे में दब गई है। उन्होंने बताया गोहर के निजी स्कूल डीएवी पब्लिक स्कूल गोहर की बस एक पिकअप जीप एक एमजी हेक्टर गाड़ी 2-3 कारें व कई दो पहिया वाहन मलबे में दब गए हैं। गनीमत है इस आपदा के दौरान किसी का जानी नुकसान नहीं हुआ यद्यपि रात को 1.00 बजे के करीब कई मकानों के गिरने से उसके अंदर रह रहे लोग फंस गए थे जिन्हें स्थानीय लोगों ने कड़ी में मशक्कत करके सुरक्षित बाहर निकाला ।कुछ मवेशियों के मारे जाने की सूचना है जिसकी जानकारी प्रशासन को दे दी दिया गई है। वहीं पर प्रधान ग्राम पंचायत बस्सी गुरुदेव ठाकुर ने बताया कि लगभग 18 घंटे बीत जाने के बाद भी ना तो प्रशासन की तरफ से कोई हमारा हाल पूछने आया नहीं किसी भी पार्टी या सरकार की तरफ से कोई नुमाइंदा बस्सी पंचायत का मुआयना करने अभी तक आया । उन्होंने कहा बड़े खेद की बात है जहां इतना बड़ा नुकसान हुआ है बड़े-बड़े राजनीतिक दलों के नेता वैसे आते रहते हैं मगर आपदा के इस कठिन समय में किसी ने भी हमारी बात तक नहीं पूछी। यह बहुत अफसोस की बात है। गुरुदेव ठाकुर ने बताया एक ही रात में ग्राम पंचायत बस्सी में लगभग 12 से 15 करोड रुपए का नुकसान सहना पड़ा है। जितने भी संपर्क मार्ग थे जितने भी पैदल चलने योग्य वह जीप चलने वाले पुल थे सब बह गए हैं। हमारी पंचायत उपमंडल कार्यालय से पूरी तरह से कट गया है केवल पैदल ही पहुंचा जा सकता है। मगर दुख की बात है अभी तक ना तो प्रशासन की तरफ से ना ही सरकार की तरफ से इस दुख की घड़ी में कोई हमारे साथ खड़ा है। प्रधान ग्राम पंचायत बस्सी गुरुदेव ठाकुर ने पंचायत निवासियों की तरफ से अपनी तरफ से सरकार से मांग की है कि इस आपदा की घड़ी में इस पंचायत में हुए नुकसान का जायजा लेकर लोगों को उचित मुआवजा दिया जाए ताकि लोग अपनी रोजी-रोटी कमा सके जो कि आज दाने-दाने को मोहताज हो गए हैं ।

### क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, कुल्लू ने स्टेज कैरिज रूटों के लिए आवेदन आमंत्रित किए

**कुल्लू 2 जुलाई (अप्रस)।** सचिव, क्षेत्रीय परिवहन प्राधिकरण, कुल्लू ने जानकारी दी है कि परिवहन विभाग, हिमाचल प्रदेश द्वारा चयनित मार्गों पर स्टेज कैरिज वाहन (टेम्पो ट्रैवलर 18+2 सीटर) के संचालन के लिए इच्छुक हिमाचली बेरोजगार युवाओं से आवेदन आमंत्रित किए जा रहे हैं।

चयनित मार्गों की सूची एवं रूट आवंटन प्रक्रिया से संबंधित सभी नियम एवं शर्तें विभाग की आधिकारिक वेबसाइट http://himachal.nic.in/transport पर उपलब्ध हैं। इच्छुक अभ्यर्थी इन मार्गों के लिए दिनांक 14 जुलाई 2025 तक ऑनलाइन माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

### 24 ग्राम चिट्टा/ हेरोइन सहित 25 वर्षीय युवक गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 2 जुलाई।** पुलिस थाना भून्तर की टीम द्वारा गश्त के दौरान एयरपोर्ट गेट भून्तर के समीप एक संदिग्ध व्यक्ति की तलाशी के दौरान 24 ग्राम चिट्टा/ हेरोइन बरामद की गई है ।

आरोपी की पहचान प्रथम गुप्ता (25 वर्ष) पुत्र राजेन्द्र प्रसाद निवासी फ्लैट नं. 1-डी, टॉवर नं. 2, ए पी वॉनडर्स रिथाला डाकघर रोहिणी, सेक्टर नं. 7, जिला उत्तर पश्चिमी दिल्ली के रूप में हुई है।

उक्त व्यक्ति के विरुद्ध पुलिस थाना भून्तर में मादक पदार्थ अधिनियम की धारा 21 के अंतर्गत अभियोग पंजीकृत कर नियमानुसार कार्यवाही करने के उपरांत बरामदा नशा की खरीद फरोख्त का पता लगाया जा रहा है। अभियोग में आगामी अन्वेषण जारी है।

### कुल्लू जिला में ड्राइविंग टेस्ट व वाहनों की पासिंग की तिथियां निर्धारित

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 2 जुलाई।** आरटीओ कुल्लू राजेश भंडारी ने जानकारी दी कि कुल्लू में ड्राइविंग टेस्ट के लिए आरटीओ, कुल्लू और आरएलए कुल्लू में तिथियां निर्धारित की गई हैं। आरटीओ कुल्लू में 7, 14, 19, 23 व 28 जुलाई को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया तथा 24 जुलाई को ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे। आरएलए कुल्लू में 8 जुलाई को ड्राइविंग टेस्ट, आरएलए मनाली में 9 व 25 जुलाई को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया तथा 10 जुलाई को ड्राइविंग टेस्ट, आरएलए बंजार में 11 जुलाई को वाहनों की पासिंग प्रक्रिया तथा ड्राइविंग टेस्ट आयोजित किए जाएंगे।

## तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने घुमारवीं में की जनसुनवाई, सैकड़ों लोगों ने रखीं अपनी समस्याएं



अर्थ प्रकाश /अजय मल्होत्रा

**शाहतलाई, 2 जुलाई।** हिमाचल प्रदेश सरकार के तकनीकी शिक्षा मंत्री राजेश धर्माणी ने आज घुमारवीं स्थित पीडब्ल्यूडी विश्राम गृह में जनसुनवाई कार्यक्रम का आयोजन किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों ने भाग लेकर अपनी व्यक्तिगत एवं सामूहिक समस्याएं मंत्री के समक्ष रखीं।

राजेश धर्माणी ने प्रत्येक शिकायत को गंभीरतापूर्वक सुना और कई समस्याओं का मौके पर ही समाधान किया। जटिल और विभागीय प्रक्रियाओं से जुड़ी शिकायतों के शीघ्र समाधान के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है कि आमजन की समस्याओं का त्वरित और प्रभावी समाधान सुनिश्चित किया जाए।

मंत्री धर्माणी ने कहा कि मुख्यमंत्री सुखविंदर सिंह सुक्खू के नेतृत्व में प्रदेश सरकार 'जन सेवा, जन समर्पण' के मूल मंत्र पर कार्य कर रही है। इसी दृष्टिकोण से प्रत्येक विभाग और अधिकारी को जनता के प्रति जवाबदेह बनाया गया है। सरकार का प्रयास है कि पारदर्शिता, समयबद्धता और संवेदनशीलता के साथ हर समस्या का समाधान किया जाए। जनसुनवाई में नागरिकों ने सड़क, पेयजल, स्वास्थ्य, शिक्षा तथा बिजली जैसी मूलभूत सुविधाओं से जुड़ी कई महत्वपूर्ण समस्याएं उठाई। मंत्री ने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि इन लंबित मामलों का प्राथमिकता के आधार पर निपटारा किया जाए ताकि लोगों को शीघ्र राहत मिल सके।

## सदी की सबसे बड़ी त्रासदी झेल रहा है सिराज विधानसभा क्षेत्र

- पखरैर पंचायत भूस्खलन से 11 लोग लापता
- सराज विधानसभा क्षेत्र की विभिन्न पंचायत क्षेत्र से 11 बरामद
- थुनाग बाजार चौथी बार तबाह
- दुखी लोगों ने जीने की छोड़ी आस

अर्थ प्रकाश/सुभाग सचदेवा





**गोहर 2 जुलाई।** सराज विधानसभा क्षेत्र के दुर्गम क्षेत्र अध्यक्ष ग्राम पंचायत पोखर से देर से मिली सूचना के आधार पर वहां के 11 लोग भूस्खलन के कारण लापता है जिनका अभी तक कोई सुराग नहीं मिल पाया है। जबकि सिराज विधानसभा क्षेत्र की अलग-अलग पंचायत क्षेत्रों से 11 के करीब मृतक लोगों की शव बरामद किए गए हैं।मोबाइल कनेक्टिविटी ना होने के कारण सिराज विधानसभा क्षेत्र के अन्य हिस्सों में हुए नुकसान का अभी तक भी सही आकलन नहीं किया जा रहा, क्योंकि कहीं भी किसी से भी संपर्क नहीं हो पा रहा जहां से कुछ संपर्क हो पा रहा है वहां से सूचना जुटाए जा रही है मिली जानकारी के अनुसार सिराज विधानसभा क्षेत्र के सबसे व्यस्ततम व सबसे बड़े बाजार थुनाग बाजार जो गत चार वर्षों में चौथी बार तबाह हो गया है।

इस बार जो तबाही का मंजर थुनाग कि लोगों ने देखा है वह शब्दों में बयां किया जाना बहुत मुश्किल है। आज तक जितने भी प्राकृतिक आपदा के साथ थुनाग क्षेत्र में तबाही हुई है उससे भी 10 गुना ज्यादा तबाही इस मर्तबा थुनाग क्षेत्र में हुई है । थुनाग बाजार में लगभग 125-30 दुकानों और रिहायशी मकान हैं सभी की सभी दुकानों और मकानों में आंशिक और भारी से भारी नुकसान हुआ है। जबकि इस मर्तबा नुकसान स्कूल बाजार से लेकर पंचायत भवन से होते हुए बस अड्डा थुनाग तक हुआ है।

थुनाग बाजार के हालात देखकर समझना मुश्किल हो गया यह मालवा कहां से आ रहा है यह कुदरत की कैसी माया है । गत वर्ष भी जब थुनाग बाजार में नुकसान हुआ था तो लोगों ने सोचा था यह नुकसान आज तक का सबसे बड़ा नुकसान है मगर आज के नुकसान को देखकर ऐसा लग रहा है गत वर्ष का नुकसान इसके आगे 10त्र नुकसान भी नहीं था ।गत वर्ष प्राकृतिक आपदा के चलते जिन लोगों ने अपना आशियाने व्यापार कारोबार खोए थे वे लोग कड़ी मशक्कत करके अपने आप को फिर से संभाला था कुछ लोग पुनर्निर्माण कर रहे थे कुछ लोग आज भी जूझ रहे थे। मगर 1 जुलाई का दिन इन लोगों के लिए वह काला दिन बनकर आया की फिर से सब कुछ बहा के ले गया। वर्ष प्रतिवर्ष हो रहे प्राकृतिक आपदा के नुकसान से थुनाग के लोग के अंदर तक टूट चुके हैं। लोगों का कहना है हम टूटते हैं फिर संभालते हैं फिर टूटते हैं फिर संभलते हैं मगर यह प्रतिक्रिया कब तक चलेगी अब तो हमें ऐसी जिंदगी से ही डर लगने लगा है बरसात का मौसम आते ही हमारे दिन का चैन रात की नींद हराम हो जाती है। रात को सोते हैं हमें यह उम्मीद नहीं होती की सुबह का सूरज देख पाएंगे या नहीं।

यही हाल सिराज के अन्य क्षेत्र बगस्याड लंबाथाच शिल्ही बागी च्युणी चेत जंजैहली देजी बस्सी खारसी रैनधार व सराज विधानसभा क्षेत्र से अन्य ग्रामिण क्षेत्रों का भी है। लिंक क्षेत्रों में भी बहुत ज्यादा नुकसान हुआ है गौरतलब है कि अभी तक मोबाइल कनेक्टिविटी ना होने की वजह से पूरे सराज क्षेत्र का नुकसान का अनुमान लगाना संभव है जब तक मोबाइल कनेक्टिविटी नहीं होती वहां के लोगों के साथ संपर्क नहीं साधा जाता तब तक यह बताना कि कितने लोग इस प्राकृतिक आपदा में अपनी अनमोल जिंदगी से हाथ धो बैठे हैं कितना पशुधन इस आपदा में मारा गया है कितने हजारों बीघा जगह जमीन तबाह हो गई है ।सड़क पानी बिजली इन सुविधाओं को बहाल करने में तो भी लंबा समय लगेगा मगर सबसे बड़ी समस्या जो है वह है इन क्षेत्रों में स्वास्थ्य और अनाज पहुंचने की।

सरकार को चाहिए सराज विधानसभा क्षेत्र जो की एक विकट व बहुत फैला हुआ दुर्गम क्षेत्र है यहां पर लोगों की स्वास्थ्य और खाने-पीने की आवश्यक वस्तुओं की सप्लाई का व्यापक प्रबंध करे।चाहे वह हेलीकॉप्टर से लोगों को अनाज व दवाएं उपलब्ध करवाए नहीं तो प्राकृतिक आपदा के साथ-साथ लोगों में भुखमरी का भी अंदेशे से इन्कार नहीं किया जा सकता

# कई राज्यों में गुलेल गैंग का फैला नेटवर्क, 30 से ज्यादा हत्या, डकैती, लूट और चोरी के मामले

## जंगलों में रहते, मोबाइल नहीं रखते, सूने घरों में करते हैं हमला, फरीदाबाद में एक घर से 40 लाख की डकैती कर चुके

पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच ने गैंग के 3 और आरोपी दबोचे

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा



डीसीपी अमित दहिया पंचकूला में गिरफ्तार गुलेल-कच्छा गैंग के आरोपियों को गिरफ्तार करने की जानकारी देते हुए।

पंचकूला। भारत के कई राज्यों में गुलेल गैंग और बाला गैंग के नाम से मशहूर चोर जंगलों में रहकर वारदात को अंजाम देते हैं। पंचकूला पुलिस की क्राइम ब्रांच के हत्थे चढ़े गैंग के 5 आरोपियों ने ये सनसनी खेज खुलासा किया है। क्राइम ब्रांच सेक्टर 26 टीम ने इनमें से 3 आरोपियों को आज हिरासत में लिया। जिनसे कई चौंकाने वाले खुलासे सामने आए हैं।

डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने बताया कि यह गैंग मध्यप्रदेश के जंगली और आदिवासी इलाकों से ताल्लुक रखता है और 'बाला गैंग' के नाम से भी जाना जाता है। ये अपराधी हार्डकोर क्रिमिनल हैं, जो जंगलों में छिपकर रहते थे, मोबाइल फोन नहीं रखते और सुनसान व बंद घरों को निशाना बनाते थे। इस गैंग की पहचान पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज में दिखे एक खास टैटू के जरिए की। पंचकूला में एक वारदात के दौरान जब यह गैंग घुसपैठ की कोशिश कर रहा था, तब मौके पर मौजूद जागरूक नागरिकों की मदद से एक आरोपी सूजान को धर दबोचा गया। दूसरे आरोपी को मध्यप्रदेश से गिरफ्तार किया गया, जिसे रिमांड पर लेकर गहन पूछताछ की जा रही है।

**रेकी, फिर सेंध, शोर मचाने पर गुलेल से हमला:** डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने बताया कि यह गिरोह पूरी रणनीति के साथ काम करता था। किसी भी घर में घुसने के बाद वे परिवार को एक कमरे में बंद कर देते और यदि कोई विरोध करता, तो उस पर जानलेवा हमला करने से भी पीछे नहीं हटते। कुछ सदस्य पहले रेकी करते, फिर गैंग के अन्य सदस्य वारदात को अंजाम देते, और अगर कोई पकड़ में आता तो बाकी सदस्य गुलैल/ लोहे की रॉड का इस्तेमाल कर उसे छुड़ाने की कोशिश करते थे और हत्या का प्रयास करके चले जाते है। ये ट्रेनों से सफर करते और वारदात से पहले शराब का सेवन कर खुद को मानसिक रूप से हिंसक बनाने का प्रयास करते थे।

**कई राज्यों में नेटवर्क:** इस गैंग के खिलाफ हरियाणा के अलावा देश के अन्य राज्यों में भी हत्या, लूट, चोरी और डकैती के करीब 30 गंभीर मामले दर्ज हैं। करीब एक महीने पहले इन अपराधियों ने फरीदाबाद में 40 लाख रुपये की बड़ी डकैती को अंजाम दिया था। पंचकूला में इन्होंने टिपरा रोड, सेक्टर-2 सहित अन्य चार स्थानों पर भी वारदात को अंजाम देने की कोशिश की, लेकिन वहां मजबूत सुरक्षा, स्थानिय लोगों की मुस्तैदी और पुलिस सतर्कता के चलते वे अपने इरादों में नाकाम रहे।

### अन्य राज्य पुलिस मांग सकती है प्रोडक्शन वारंट

डीसीपी क्राइम ने हरियाणा के अन्य जिलों व अन्य राज्यों की पुलिस से अपील की है कि वे पंचकूला पुलिस के समन्वय से इन आरोपियों को प्रोडक्शन वारंट पर लेकर कानूनी कार्रवाई उनसे लूट और डकैती की रकम की बरामदगी सुनिश्चित करें। साथ ही पंचकूला पुलिस, मध्यप्रदेश पुलिस के सहयोग से इस गैंग के बाकी सदस्यों की गिरफ्तारी के लिए भी संयुक्त कार्रवाई करेगी।

### डीसीपी ने जारी किया खुद का नंबर जारी

पंचकूला में किसी प्रकार के क्राइम की पब्लिक द्वारा जानकारी देने के लिए डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने अपना नंबर- 8146630006 जारी किया। उन्होंने कहा कि नागरिक बेझिझक उन्हें बताएं, पहचान गुप्त रहेगी।

# दशकों पुराना पावर ग्रीड सेक्टर 5 के नए ग्रिड में होगा शिफ्ट, सेक्टर 10 में बिजली संकट होगा दूर

नए ग्रिड से जोड़ने के लिए तकरीबन 70 खंबे लगाए जा रहे और इन पर नया कंडक्टर बिछेगा

होवा के प्रतिनिधि उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम के एक्सईएन से मुलाकात की

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। उत्तर हरियाणा बिजली वितरण निगम दशकों पुराने सिस्टम के तहत इंडस्ट्रियल एरिया फेस-2 के पावर ग्रिड से हटाकर सेक्टर-5 में बने नए ग्रिड से जोड़ने जा रहा है। हाउस ऑनर्स वेलफेयर एसोसिएशन (होवा) के प्रयास से तकरीबन 10 हजार की आबादी वाले सेक्टर 10 का बिजली संकट खत्म होने वाला है। अब औद्योगिक क्षेत्र फेस 2 से नहीं, बल्कि सेक्टर 5 से सेक्टर 10 के लिए बिजली सप्लाई होगी। पहले सेक्टर 10 के लिए औद्योगिक क्षेत्र फेस एक से बिजली आई थी, जिस कारण लंबी दूरी के कारण कई फाल्ट हो जाते थे और बिजली सप्लाई बंद हो जाती थी। सेक्टर 10 के हाउस ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन होवा चेयरमैन भारत हितैषी की अगुवाई में होवा के डेलीगेशन ने यूएचबीवीएन के एक्सईएन आशीष चोपड़ा, एसडीओ संजय वर्मा से होवा प्रधान बीएम कौशिक, उपप्रधान जीडी बत्रा, रवि भारद्वाज और तरसेम गर्ग ने मुलाकात की। हितैषी ने बताया कि इंडस्ट्रियल एरिया के पावर स्टेशन से सेक्टर 10 की दूरी करीब 2.5 किलोमीटर है। इस रूट पर बीच में ऊंचे और घने वृक्ष हैं। जब कभी भी आंधी तूफान और तेज हवा चलती है, पावर स्टेशन से सप्लाई में काफी फाल्ट पड़ जाते रहे हैं। इससे बार-बार बिजली सप्लाई डिस्टर्ब होती और सेक्टरवासी परेशान होते रहे हैं। जबकि सेक्टर-5 की दूरी मात्र 1400 मीटर है। जिससे फाल्ट पड़ने की संभावना नाम मात्र की ही रहेगी।

**70 खंभे लगाए जा रहे, नया कंडक्टर बिछेगा:** भारत हितैषी ने बताया कि सेक्टर 5 में नए ग्रिड से जोड़ने के लिए तकरीबन 70 खंबे लगाए जा रहे और इन पर नया कंडक्टर बिछेगा। जरूरतानुसार इंसुलेटिड केबल भी बिछेगी ताकि तेज अंधड़/ तूफान के दौरान बिजली गुल की शिकायत न रहे। हितैषी को एक्सईएन आशीष चोपड़ा ने बताया कि नई लाइन के लिए बिजली के खंबे लगाने का काम प्रगति पर है। बरसात का मौसम होने के कारण थोड़ा दिक्कत आ जाती लेकिन कोशिश है कि अगले 3/4 सप्ताह में काम पूरा कर लिया जाए। सेक्टर-5 के पावर ग्रिड से सेक्टर-9/10 के प्वाइंट तक कंडक्टर बिछाया जाना और 800 मीटर में इंसुलेटिड केबल होगी।

**ट्रिपिंग से राहत देने की मांग थी:** हालही में भारत हितैषी की अध्यक्षता में होवा का डेलीगेशन निगम के एसडीओ संजय वर्मा से मिला और मांग रखी थी कि सेक्टर-10 को बिजली की ट्रिपिंग से राहत देने के लिए इंडस्ट्रियल एरिया के पावर स्टेशन से हटाकर सेक्टर-5 से जोड़ा जाए। वर्मा को बताया गया था कि सेक्टर-10 के रहने वाले परिवार बिजली सिस्टम को लेकर बेहद खफा क्योंकि हल्की सी अंधेरी/तेज हवा चलती है, तो पावर सिस्टम ट्रिप मार जाता है। लिहाजा लोग गर्मी के मौसम में बेहद परेशान होते हैं।

### ऐसे किया गया सिस्टम अपग्रेड

यूएचबीवीएन के एक्सईएन आशीष चोपड़ा और एसडीओ संजय वर्मा ने बताया कि सेक्टर 10 में बिजली की निरंतर सप्लाई को बेहतर तरीके से उपलब्ध करवाने के लिए पिछले तीन सालों में 100 केवीए के 15 नए ट्रांसफार्मर, 200 केवीए के 2 नए ट्रांसफार्मर लगाए गए। 100 केवीए के 9 ट्रांसफार्मरों को 200 केवीए में अपग्रेड किया गया। इन तीन सालों में कुल 26 नए ट्रांसफार्मर लगाए गए। सेक्टर 10 में पावर सप्लाई के मेन सिस्टम को अपग्रेड करते हुए 9 मीटर ऊंचे खंबों पर 50 एमएम के कंडक्टर वायर को अपग्रेड कर के 11 मीटर ऊंचे खंबों पर 80 एमएम के कंडक्टर लगा कर पावर सप्लाई को बेहतर बनाया गया। आने वाले वर्षों में जरुरतानुसार नए ट्रांसफार्मर लगाए जाएंगे। हितैषी के अनुसार आशीष चोपड़ा ने बताया कि सेक्टर 10 को सेक्टर 5 के पावर ग्रिड से सप्लाई मिलने के बाद किसी भी तकनीकी बाधा आने पर इंडस्ट्रियल एरिया फेस 2 के पावर स्टेशन से सेक्टर 10 का कनेक्शन भी स्टैंडबाय पर रखा जाएगा।

# बिसनैसमैन का हाथ काटकर हत्या की कोशिश व 2 लाख लूटने वाले 4 आरोपी गिरफ्तार



आरोपियो के खिलाफ लड़ाई-झगडे व अवैध माइनिंग के मामले पहले से दर्ज

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। पंचकूला पुलिस ने एक फैक्टरी संचालक पर जानलेवा हमले व लूट के सनसनीखेज मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। यह कार्रवाई डिटेक्टिव स्टाफ इन्चार्ज सब इंस्पेक्टर मंदीप सिंह की टीम द्वारा की गई, जिन्होंने बेहद सतर्कता और पेशेवर कुशलता के साथ 30 जून को चारों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने इस मामले को गंभीरता से लेते हुए तकनीकी सहायता और गुप्त सूचनाओं के आधार पर यह सफलता हासिल की। आरोपियों की पहचान वीरपाल सिंह निवासी गांव खेड़ी, गुलफाम उर्फ गोन्नी निवासी गांव टाबर, अभिषेक खान निवासी गांव बागवाली और कासिल अली पुत्र रौणकी निवासी गांव समलहेड़ी के रूप में हुई है। ये सभी रायपुर रानी क्षेत्र से संबंधित हैं। पीड़ित मनीष, उम्र 35 वर्ष, निवासी गांव मानकटबरा ने रायपुर रानी थाना में शिकायत दी थी कि उसकी पंचकूला में फैक्टरी है और 1 अप्रैल की रात को जब वह अपनी कार से फैक्टरी जा रहा था, तभी एक अन्य कार से गोल्डी नामक युवक अपने साथियों सहित उतरा और लोहे की रोड से मनीष की गाड़ी के शीशे तोड़े। इसके बाद गंडासी और लोहे की रॉड से मनीष पर जानलेवा हमला कर दिया गया, जिससे उसका हाथ गंभीर रूप से कट गया। हमलावरों ने मौके से 2 लाख रुपये भी लूट लिए थे। इस मामले में थाना रायपुर रानी में भारतीय न्याय संहिता की विभिन्न गंभीर धाराओं 109(1), 117(2), 191(3), 115, 118(1), 190, 324(5), 351(2) और 126 के तहत मामला दर्ज किया गया था। डीसीपी क्राइम अमित दहिया ने जानकारी देते हुए बताया कि पुलिस ने इस मामले को बेहद गंभीरता से लिया और चार आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। चारों आरोपियों को 1 जुलाई को अदालत में पेश कर दो दिन के पुलिस रिमांड पर लिया गया है। रिमांड के दौरान आरोपियों से घटना में प्रयोग किए गए हथियारों की बरामदगी की जा रही है।

# सोनू नौल्टा मर्डर केस में परिजनों का हंगामा, ज़ीरकपुर-शिमला हाईवे जाम



डीएसपी के आश्वासन के बाद शांत हुए परिजन, आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी

अर्थ प्रकाश/जग्गी

कालका। सोनू नौल्टा हत्याकांड में आरोपियों की गिरफ्तारी को लेकर मृतक के परिजनों और क्षेत्रवासियों का गुस्सा मंगलवार को सड़कों पर फूट पड़ा। गुस्साए परिजनों और समर्थकों ने ज़ीरकपुर-शिमला हाईवे पर जाम लगाकर प्रदर्शन किया, जिससे करीब दो घंटे तक यातायात पूरी तरह बाधित रहा। घटना के अनुसार, 26 जून को सोनू नौल्टा की हत्या कर दी गई थी, लेकिन मुख्य आरोपी अब तक पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं। इस बात को लेकर परिजनों में भारी नाराज़गी है। उनका कहना है कि पुलिस जानबूझकर कार्रवाई में ढिलाई बरत रही है, जबकि परिवार ने पहले ही संदेहास्पद लोगों की जानकारी प्रशासन को दे दी थी।

प्रदर्शनकारियों ने हाथों में बैनर व पोस्टर लेकर सरकार व पुलिस प्रशासन के खिलाफ नारेबाजी की। सोनू नौल्टा के लिए सरकार व प्रशासन से न्याय की गुहार जैसे नारों से माहौल गूंज उठा। सड़क पर बैठकर प्रदर्शन कर रहे लोगों की वजह से हाईवे पर लंबा जाम लग गया। करीब डेढ़ घंटे बाद मौके पर डीएसपी पहुंचे और परिजनों से बातचीत की। उन्होंने जल्द से जल्द आरोपियों की गिरफ्तारी का आश्वासन दिया, साथ ही परिजनों से कहा कि जिन नामों की सूची उन्हें सौंपी गई है, उनकी गहनता से जांच की जाएगी और जो भी दोषी होगा, उसके खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। परिजनों ने स्पष्ट चेतावनी दी है कि यदि 48 घंटे के भीतर आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे दोबारा बड़ा आंदोलन करेंगे। इस प्रदर्शन के दौरान पुलिस बल तैनात रहा और स्थिति पर नज़र बनाए रखी गई। इस घटना ने एक बार फिर कानून-व्यवस्था और पुलिस की कार्यशैली पर सवाल खड़े कर दिए हैं। अब देखना यह है कि प्रशासन दिए गए वादों को कितनी गंभीरता से लेता है।

# टांगरी और अमराला पुलों पर वाहनों की आवाजाही बंद, मुख्यमंत्री ने रिपोर्ट मांगी

प्रशासन ने बनाया फ्लड कंट्रोल रूम, 24 घंटे सुनी जाएगी समस्या

अर्थ प्रकाश संवाददाता



पंचकूला। पहाड़ी क्षेत्र में हो रही मूसलाधार बरसात और कई जगह बादल फटने की घटनाओं से मैदानी इलाकों में जलभराव की स्थिति देखी जा रहा है। ऐसे में हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सेनी ने पंचकूला समेत अन्य जिलों के उपायुक्तों को जलभराव से निपटने के हर संभव प्रयास किए जाने के निर्देश दिए हैं। बुधवार को पंचकूला में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग पर बात करते समय मुख्यमंत्री ने श्यामटू-अमराला और बरवाला-मौली टांगरी पुल की एस्टीमेट रिपोर्ट मांगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि जनता की सुरक्षा सबसे पहले है। उन्होंने कहा कि दोनों पूलों पर जो आवश्यक हो, वे कार्य जल्द से जल्द कराए जाए और तत्काल एस्टीमेट रिपोर्ट भेजे। बैठक में उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने इन दोनों पुलों के बारे में जानकारी दी थी, जिस पर मुख्यमंत्री ने तत्काल संज्ञान लिया।

मुख्यमंत्री ने पंचकूला जिला में जर्जर हालत होने के कारण वाहनों की आवाजाही के लिए बंद किए गए श्यामटू-अमराला और साईट नंबर 53 बरवाला टू मौली टांगरी पूल के एस्टीमेट रिपोर्ट तत्काल भेजने के आदेश दिए। ताकि पुलों की मरम्मत कर जल्द इसे खोल दिया जाए। उधर, जिला में लोगों की सुरक्षा व सहयोग के लिए फ्लड कंट्रोल रूम बनाया गया है, जिसका नंबर 0172 2562135 है। लोग 24 घंटे कभी भी अपनी समस्या इस नंबर पर बता सकते हैं। इस पर कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक के पश्चात जिला के अधिकारियों की बैठक लेते हुए उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने कहा कि मानसून के मौसम में अधिकारी अलर्ट पर रहे और जलभराव की स्थिति में पानी को जल्द से जल्द निकलवाने की व्यवस्था सुनिश्चित करे। उन्होंने कहा कि मानसून सीजन के दौरान किसी प्रकार की लापरवाही ना बरती जाए। वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से हुई बैठक में उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि पंचकूला जिले में ग्रामीण क्षेत्रों में किसी प्रकार की जलभराव की स्थिति नहीं आती। पंचकूला में कुछ स्थानों पर जलभराव की स्थिति बनती है।

पंचकूला में पंजाब के निर्माण से आ रही समस्या सेक्टर-21 में नाले की निकासी में पंजाब क्षेत्र में निर्माण होने के कारण समस्या आती है। उपायुक्त ने कहा कि इस संबंध में पंजाब सरकार के साथ बातचीत कर हल निकाले जाने की आवश्यकता है। इस पर वीसी के माध्यम से चंडीग? से जुड़े प्रदेश के मुख्य सचिव अनुराग रस्तोगी ने कहा कि इस संबंध में उचित माध्यम से समाधान निकलवाया जाएगा। फिर भी इस मानसून सीजन के लिए तात्कालिक आवश्यक कदम उठाए जाएं। इस पर उपायुक्त मोनिका गुप्ता ने बताया कि जिले में जल निकासी के लिए 150 एचपी क्षमता के पंप सैट उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन की इस संबंध में तैयारी है। पीएमडीए के पास दो नालों की व्यवस्था है, इनमें से एक नाले की पूर्ण रूप से सफाई हो चुकी है। दूसरे नाले की सफाई का काम चल रहा है।

# इनेलो और जेजेपी ने बीपीएल कार्ड धारकों को मिलने वाले सरसों के तेल की कीमत में वृद्धि का किया विरोध

अर्थ प्रकाश/सुनील सिंघई

पंचकूला। प्रदेश में गरीबी रेखा से नीचे निर्वाह करने वाले बीपीएल राशन कार्ड धारकों को मिलने वाले मासिक सरसों के तेल की कीमत में की गई बढ़ोतरी को लेकर इंडियन नेशनल लोक दल और जन नायक जनता पार्टी ने मिल कर भाजपा पर हमला बोला है। दोनों पार्टियों ने बिजली दरों में बढ़ोतरी के बाद सरसों के तेल की कीमतों में वृद्धि करने संबंधी फैसले को तुरंत वापस लेने की बात की है।

इंडियन नेशनल लोकदल के जिलाध्यक्ष पंचकूला शहरी एवं प्रदेश कोषाध्यक्ष मनोज अग्रवाल ने आरोप लगाया है कि भाजपा सरकार लगातार जन विरोधी फैसले ले रही है, अभी बिजली के दामों में भारी बढ़ोतरी की स्याही सूखी भी नहीं है और सरकार ने गरीब लोगों को 40 रूपए में मिलने वाली दो लीटर सरसों तेल की बोतल का दाम बढ़ा कर 100 रूपए कर दिया है।

जाजपा के जिला ओ पी सिहाग ने कहा कि सरकार लगातार जन विरोधी फैसलों से समाज का हर वर्ग प्रताड़ित हो रहा है। लोगों ने बीजेपी की सरकार हरियाणा में उनके झूठे वादों में फंस कर बनवाई थी । लेकिन सरकार समाज के कमजोर वर्गों को राहत देने की बजाय परेशानियां पैदा कर रही है। प्रदेश की जनता पहले से ही चार गुना बढ़कर आए बिजली के बिलों तथा महंगाई से से त्रस्त थी अब ?गरीबी की रेखा से नीचे वाले लोगों को हर महीने तेल भी महंगा खरीदना पड़ेगा। उल्लेखनीय है कि पूरे प्रदेश में हर महीने तकरीबन 46 लाख परिवारों को प्रति कार्डधारक पांच किलो गेहूं, एक किलो चीनी और दो लीटर सरसों का तेल सस्ते दामों पर सरकार की तरफ से दिया जाता है। जजपा जिला अध्यक्ष सिहाग ने सरकार से मांग की है जनहित में उसको सरसों तेल के बढ़ाये दाम तुरंत वापस लेने चाहिए।

# राष्ट्रीय लोक अदालत में बिजली और पानी संबंधी विवादों का भी होगा निपटारा

पंचकूला और कालका में अदालत का 12 को आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। अब बिजली और पानी से जुड़े उपभोक्ताओं की शिकायतों का निपटारा राष्ट्रीय लोक अदालत में हो सकेगा। मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट-सह-सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), अपर्णा भारद्वाज ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत, जिसे 12 जुलाई को जिला न्यायालय परिसर, सेक्टर-1, पंचकूला और उप-मंडल न्यायालय, कालका में आयोजित की जाएगी। लोक अदालत के सुचारू संचालन को सुगम बनाने तथा जनता का मार्गदर्शन करने के लिए जिला न्यायालय परिसर, पंचकूला तथा लघु सचिवालय (डीसी कार्यालय भवन) में स्थापित हेल्प डेस्क पर पैरा लीगल वालंटियर (पीएलवी) तैनात रहेंगे। ये पीएलवी राष्ट्रीय लोक अदालत के बारे में जानकारी प्रदान करके वादियों तथा आगंतुकों की सहायता करेंगे तथा निपटान के लिए योग्य मामलों की पहचान करने में सहायता करेंगे।

### इन मामलों का होगा निपटारा

इनमें सिविल विवाद, आपराधिक समझौता योग्य मामले, एनआई अधिनियम की धारा 138 के तहत चेक बाउंस मामले, वैवाहिक विवाद, एमएसीटी मामले, बैंक वसूली मामले, बिजली और पानी बिल विवाद और इसी तरह के अन्य समझौता योग्य मामले शामिल हो सकते हैं। इसका उद्देश्य लंबित मामलों को कम करना और समयबद्ध और वादी-अनुकूल तरीके से सौहार्दपूर्ण समाधान को बढ़ावा देना है। कुशल प्रबंधन के लिए जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह अध्यक्ष, जिला कानूनी सेवा प्राधिकरण, पंचकूला की मंजूरी से कई बेंचों का गठन किया जाएगा। ये बेंच विभिन्न श्रेणियों के मामलों को संभालेंगी और यह सुनिश्चित करेंगी कि प्रत्येक मामले को आपसी समझ और सुलह के माध्यम से हल किया जाए।



पिंजौर गार्डन में मैंगो मेले के दौरान 4 से 6 जुलाई तक कानूनी सहायता हेल्प डेस्क स्थापित की जाएगी। हेल्प डेस्क का उद्देश्य आगंतुकों के बीच राष्ट्रीय लोक अदालत, इसके लाभों और इस तंत्र के माध्यम से विवादों को हल करने की प्रक्रिया के बारे में जागरूकता पैदा करना है।

**अपर्णा भारद्वाज, सीजेएम**

महिला सशक्तिकरण की दिशा में एक कदम

# अल रबिक फाउंडेशन ने बुड़ैल में खोला निशुल्क सिलाई केंद्र

अर्थ प्रकाश संवाददाता



फोटोः अजय चौधरी


चंडीगढ़। अल रबिक फाउंडेशन द्वारा सेक्टर 45 बुड़ैल में निशुल्क सिलाई केंद्र का उद्घाटन किया गया। मुख्य अतिथि पैनकेक सिलाट इंटरनेशनल मेडल विजेता सिमरन वर्मा और सोनिया प्रजापति, विशिष्ट अतिथि समाजसेवी इंद्रजीत कौर, विशिष्ट अतिथि युवा नेता विनायक बंगिया, मोहम्मद गुलज़ार ने संयुक्त रूप से फीता काटकर सिलाई केंद्र का उद्घाटन किया। मुख्य अतिथि सिमरन ने कहा कि महिलाओं के उत्थान और आत्मनिर्भरता के बिना समाज का विकास अधूरा है। हमें हर महिला को हुनरमंद बनाना चाहिए ताकि वह अपने पैरों पर खड़ी हो सके और अपने बच्चों को भी आगे बढ़ा सके। अल रबिक फाउंडेशन द्वारा उठाया गया यह कदम आने वाले समय में क्रांतिकारी बदलाव लाएगा।

इसी क्रम में अतिथि सोनिया प्रजापति ने कहा कि यह कार्य बहुत ही सराहनीय है। एक महिला सशक्त होगी तो उसका पूरा परिवार सशक्त होगा। विशिष्ट अतिथि इंद्रजीत कौर और विनायक बंगिया ने कहा कि आज महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाना सबसे बड़ी सेवा है। अल रबिक फाउंडेशन जो कार्य कर रहा है, उससे समाज में एक नई चेतना जागृत हो रही है। कार्यक्रम की अध्यक्ष अल रबिक फाउंडेशन की राबिया मलिक ने कहा कि अब तक हमारी संस्था ने 150 महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाया है और उन्हें स्वाभिमान व आत्मसम्मान के साथ जीने का मौका दिया है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति को एक रोटी दो तो उसका एक दिन का पेट भर जाएगा, लेकिन किसी व्यक्ति को एक हुनर दो तो उसका जीवन भर का पेट भर जाएगा। हमारा सपना है कि हर महिला आत्मनिर्भर बने और उसे किसी के सामने भीख न मांगनी पड़े। यह कार्य हमारी प्राथमिकता है और यह अभियान जारी रहेगा। इस अवसर पर सतविंदर कौर, शारब, रुबीना, सिमरनजीत, रेशम, तानिया सहित सैकड़ों लोग मौजूद थे।

# प्लेटिनम होम्स सोसायटी की दीवार के साथ भरा पानी, फ्लैटों को नुकसान पहुंचने की आशंका

स्थानीय निवासियों ने पानी निकालने के लिए नगर परिषद को दिया मांग पत्र

अर्थ प्रकाश/संदीप सिंह बावा





जीरकपुर। पिछले दिनों हुई भारी बारिश के कारण प्लेटिनम होम्स सोसायटी के फ्लैटों की दीवार के साथ खाली पड़े खेतों में करीब पांच से छह फुट पानी जमा हो गया है, जिसकी कोई निकासी नहीं है। इसलिए बुधवार को प्लेटिनम होम्स के निवासी ओंकार सिंह सैनी के नेतृत्व में स्थानीय निवासियों ने इस खाली पड़े प्लाट से पानी की निकासी के लिए नगर परिषद जीरकपुर के कार्यकारी अधिकारी को मांग पत्र दिया। इस संबंध में अध्यक्ष ओंकार सिंह सैनी ने कहा कि अगर ओर बारिश हुई तो उनकी सोसायटी में बने फ्लैटों को नुकसान पहुंच सकता है।

उन्होंने मांग की कि जल्द से जल्द इस बरसाती पानी को निकाला जाए, ताकि किसी भी निवासी को नुकसान न पहुंचे। उल्लेखनीय है कि बरसात के मौसम में प्लेटिनम होम्स सोसायटी से सटे इस प्लाट में पानी भर जाता है, जिसे निकालने के लिए सोसायटी के निवासियों को हर बार मशक्कत करनी पड़ती है। पिछले साल भी बारिश के दौरान इस जगह पर काफी समय तक पानी खड़ा रहने के कारण सोसायटी के कुछ फ्लैट क्षतिग्रस्त हो गए थे, जिसके बाद नगर परिषद ने पंप लगाकर पानी को यहां से निकाला था।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि प्लेटिनम होम्स सोसायटी के निर्माण के कारण यह जगह काफी गहरी हो गई थी। चूंकि सभी खेत फसलों से ढके हुए हैं, इसलिए आगे जल निकासी नहीं हो सकती, जिसके कारण हर साल पंप लगाकर यहां से पानी निकालना पड़ता है। मामले को लेकर नगर परिषद जीरकपुर के एसडीओ जतिंदर सिंह बैंस ने कहा कि कल एक जेई को मौके पर भेजकर जांच करवाई जाएगी और जरूरत पड़ी तो पंप लगाकर पानी निकाला जाएगा।

# शहीद का सम्मान ही पूरे देश का सम्मान है: देवेंद्र कादियान

**शहीद मुकेश त्यागी द्वार पर 23 लाख खर्च कर बनाया जाएगा भव्य, विधायक ने नारियल फोड़ कार्य का किया शुभारंभ**

अर्थ प्रकाश/सुरेन्द्र कुमार



**गन्नौर।** गन्नौर में रेलवे रोड के साथ लगते शहीद चौक पर बने शहीद मुकेश त्यागी द्वार का नपा द्वारा 23 लाख रुपए से ज्यादा की लागत से भव्य तरीके से सौंदर्यीकरण किया जाएगा। बुधवार को हलका विधायक देवेंद्र कादियान ने नारियल फोड़ कर काम का शुभारंभ किया। इससे पहले कादियान ने शहीद मुकेश त्यागी को श्रद्धांजलि अर्पित कर नमन किया।

विधायक देवेंद्र कादियान ने कहा कि गढ़ी केसरी से मुकेश त्यागी ने देशसेवा में फरवरी 1993 में शहीद हो गए थे, उनकी याद में रेलवे रोड के साथ गढ़ी केसरी चौक को शहीद चौक नाम देने के साथ ही उनकी याद में शहीद मुकेश त्यागी द्वार बनाया गया था। अब इस द्वार का सौंदर्यीकरण किया जाएगा, इसी द्वार पर पत्थर लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि यह द्वार शहीदों के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि है और इसे हमेशा याद रखा जाएगा। बीच शहर में भव्य द्वार बनने पर शहीदों के नाम को अमर किए जाने के लिए इससे बढ़िया और कोई कार्य नहीं हो सकता। शहीदों को सम्मान दिए जाने की दिशा में आगे भी कार्य किया जाएगा। उन्होंने कहा कि शहीद का सम्मान ही पूरे देश का सम्मान है। किसान व जवान और नौजवान के कारण ही आज भारत पूरे विश्व के अंदर अपनी अलग छाप छोड़ रहा है। उन्होंने क्षेत्र के लोगों को आश्वासन देते हएु कहा कि वह विकास कार्यों में कोई कमी नहीं आने देंगे। कई बड़े प्रोजेक्ट है, जिन पर काम चल रहा है। ये काम शुरू होने के बाद लोगों को लगेगा, गन्नौर विकास के पथ पर आगे बढ़ रहा है। इस अवसर पर नपाध्यक्ष अरुण त्यागी, नायब तहसीलदार गजे सिंह, नपा एमई जेडी शर्मा, पार्षद अंकित त्यागी, सुनील पटवारी, हरीश नंबरदार, अमित त्यागी, जयकंवार त्यागी, शिवराज, श्रेष्ट त्यागी, अंकित मल्होत्रा, सरपंच प्रतिनिधि अरुण त्यागी आदि मौजूद रहे।

# सोनीपत शहर के विकास के लिए सभी विभाग व एसएमडीए आपसी तालमेल के साथ करें कार्य: डीएस ढेसी

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। सोनीपत के विकास के लिए सभी विभाग व एसएमडीए आपसी तालमेल के साथ कार्य करें ताकि सभी विकास कार्य निश्चित समय सीमा में पूरे हो सके। बुधवार को लघु सचिवालय में द्वितीय जिला समन्वय मीटिंग की अध्यक्षता करते हुए शहरी विकास के सलाहकार डीएस ढेसी ने सभी विभागों के अधिकारियों को दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने जीएम रोडवेज से नये बस अड्डा बनाए जाने के कार्य की वर्तमान में क्या स्थिति ही उसकी जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिए कि जल्द से जल्द नए बस अड्डे को बनाने मे जो भी कार्य बचा है उसे तुरूंत पूर्ण करें। डीएस ढेसी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री के आदेशानुसार युमना नदी में किसी भी ड्रेन से बगैर शोधित पानी युमना में न जाने पाए और सभी अधिकारी यह सुनिश्चित करें। उन्होंने संबंधित अधिकरी से एसएमडीए कार्यालय का कार्य कब तक पूर्ण हो जाएगा इसकी जानकारी ली। इस पर संबधित अधिकारी ने बताया कि बचे हुए शेष कार्य का नया टेंडर जुलाई महीने में जारी कर दिया जाएगा व लगभग इस वित्तिय वर्ष में कार्य पूर्ण कर लिया जाएगा। उन्होंने बहालगढ रोड पर जलभराव की समस्या के लिए नगर निगम के अधिकारियों से जानकारी ली की जलभराव की स्थिति बार-बार क्यों उत्पन्न हो रही है। इस विषय पर नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार ने बताया कि उनके द्वारा ड्रेन को साफ करवा दिया गया है। उन्होंने बढमलिक-जठेडी रोड पर जलभराव की समस्या के लिए अधिकारियो से जानकारी ली जिस पर एचएसआईडीसी के अधिकारी ने बताया की उनके विभाग का सीईटीपी 10 एमएलडी तक कार्य कर सकता है जोकि इस समय 9.5 एमएलडी पर कार्य कर रहा है। इस विषय पर निर्देश देते हुए श्री डीएस ढेसी ने उपायुक्त को इस समस्या का समाधान करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इस कार्य को जल्द से जल्द पूरा करें ताकि आमजन को परेशानी न हों। उन्होंने कुंडली मेट्रों के संबंध में डीएफओ व डीटीपी से भी जानकारी ली। उन्होंने ने एसएमडीए के अधिकारियों को निर्देश दिए कि इंटीग्रेटिड कमांड एंड कंट्रोल सैंटर स्थापित करने के लिए प्रक्रिया जल्द से जल्द शुरू की जाए।

**सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति (प्रथम) लिमिटेड मयूर विहार, सेक्टर 48-ए, चंडीगढ़। (पंजीकरण संख्या 647, दिनांक 28-05-2003)**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदकों ने चंडीगढ़ प्रशासन की पारिवारिक स्थानांतरण नीति के अनुसार सोसायटी की प्रबंध समिति/रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष शेयर/फ्लैट के हस्तांतरण और पट्टा अधिकार विलेख के हस्तांतरण के निष्पादन के लिए एनओसी/अनुमति जारी करने के लिए आवेदन किया है:-

| क्रम सं. | विवरण | श्रेणी | फ्लैट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | श्री सुरजीत सिंह सैनी पुत्र श्री दया सिंह (स्थानांतरक) की सदस्यता को उनकी पत्नी श्रीमती जसविंदर कौर पत्नी श्री सुरजीत सिंह सैनी (नामांकित एवं स्थानान्तरित) के नाम पर स्थानान्तरित करने हेतु | बी | 160 (प्रथम तल), मयूर विहार, सेक्टर 48-ए, चंडीगढ़ |

यदि किसी को आवेदक के पक्ष में सोसायटी के उपर्युक्त फ्लैट में शीर्षक, अधिकार या हित के हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता को प्रासंगिक दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा उपर्युक्त फ्लैट का स्वामित्व आवेदक के पक्ष में हस्तान्तरित कर दिया जाएगा। बाद में किसी भी तरह से कोई और दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**स्थान:- चंडीगढ़ दिनांक:- 01-07-2025**

**अध्यक्ष/सचिव**

AP-2361

**सरकारी कर्मचारी सहकारी गृह निर्माण समिति (प्रथम) लिमिटेड मयूर विहार, सेक्टर 48-ए, चंडीगढ़ (पंजीकरण संख्या 647, दिनांक 28-05-2003)**

**सार्वजनिक सूचना**

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि निम्नलिखित आवेदक ने चंडीगढ़ प्रशासन की पारिवारिक स्थानांतरण नीति के अनुसार सोसायटी की प्रबंध समिति/रजिस्ट्रार सहकारी समितियां, यू.टी., चंडीगढ़ के समक्ष 50 प्रतिशत शेयर/फ्लैट के हस्तांतरण और पट्टा अधिकार विलेख के हस्तांतरण के निष्पादन के लिए एनओसी/अनुमति जारी करने के लिए आवेदन किया है:-

| क्र.सं. | विवरण | श्रेणी | फ्लैट संख्या |
|---|---|---|---|
| 1 | श्रीमती रजनी शर्मा पुत्री रोशन लाल शर्मा पुत्र श्री रघु नाथ (हस्तांतरक) की सदस्यता का 50 प्रतिशत हिस्सा उनकी बहन सुश्री मीरा पुत्री श्री रोशन लाल शर्मा पत्नी श्री दीपक मल्होत्रा (हस्तांतरिती) के नाम पर हस्तान्तरित करने हेतु। | बी | 135 (द्वितीय तल), मयूर विहार, सेक्टर 48-ए, चंडीगढ़ |

यदि किसी को सोसायटी के उपरोक्त फ्लैट में हस्तान्तरित व्यक्ति के पक्ष में शीर्षक, अधिकार या हित के हस्तांतरण पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन के 30 दिनों के भीतर संबंधित दस्तावेजों के साथ लिखित रूप में आपत्ति प्रस्तुत कर सकता है, अन्यथा उपरोक्त फ्लैट का स्वामित्व हस्तान्तरित व्यक्ति के पक्ष में स्थानांतरित कर दिया जाएगा। बाद में किसी भी तरह से कोई और दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**स्थान- चंडीगढ़ दिनांक- 01-07-2025**

**अध्यक्ष/सचिव**

AP-2361


## जुलाई, 2025 महीने के लिए ई-नीलामी कार्यक्रम

**जुलाई, 2025** महीने के लिए **लामडिंग मंडल** के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत रेलवे का स्क्रैप सामग्री विक्रय हेतु ई-नीलामी का कार्यक्रम निम्नानुसार निर्धारित किया जाता है।

| क्र.सं. | महीना | निर्धारित तिथि |
|---|---|---|
| 1. | जुलाई, 2025 | 17-07-25, 21-07-25, 25-07-25 और 30-07-2025 |

ई-नीलामी में भागीदारी के लिए इच्छुक बोलीदाताओं को आईआरईपीएस वेबसाइट (www.ireps.gov.in) के माध्यम से बोली लगाने की सलाह दी जाती है।

सीनियर डीएमएम, लामडिंग

**पूर्वोत्तर सीमा रेल**

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

AP-2345

## पूर्वोत्तर रेलवे

Website: www.ner.indianrailways.gov.in E-mail: cos@ner.railnet.gov.in

**निविदा सूचना संख्या 33 दिनांक 01.07.2025**

**ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निविदा आमंत्रण**

प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, पूर्वोत्तर रेलवे, गोरखपुर-273012 कृते भारत के राष्ट्रपति तथा उनकी ओर से ई-प्रोक्योरमेंट के माध्यम से निम्नलिखित सामग्री की आपूर्ति हेतु निविदा आमंत्रित की जाती है। सामग्री का पूर्ण विवरण तथा नियम एवं शर्तें वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

| | निविदा संख्या | खुलने की तिथि | सामग्री का विवरण | आरक्षित श्रोत द्वारा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 26255096 | 15.08.25 | वन मीटर लांग फिश प्लेट फार 60 केजी ईटीसी | 18039 Nos. |
| 2 | 26255112 | 15.08.25 | मैन्यूफैक्चरिंग एण्ड सप्लाई ऑफ 6400 एमएम ईटीसी | 31 Set |
| 3 | 29251038A | 11.08.25 | सेट ऑफ मोल्डिंग आईटम फार क्यू टाईप रिले ईटीसी | 55877 Sets |
| 4 | 30251257 | 04.08.25 | सिलिकॉन रबर कम्पाउण्ड (केई45 आरटीवी -आर ईटीसी | 14630 Nos. |
| 5 | 26255068 | 28.07.25 | फैब्रिकेशन एण्ड सप्लाई ऑफ ओ०आर 6400 एमएम ईटीसी | 45 sets |
| 6 | 26255103 | 28.07.25 | इलेस्टिक रेल क्लिप एमके-V विथ फ्लैट टोय ईटीसी | 2727559 Nos. |
| 7 | 26255080 | 28.07.25 | कटिंग चेन कार्बाईड बिट फार बीसीएम ईटीसी | 14 Sets |
| 8 | 26255054 | 28.07.25 | मैन्यूफैक्चर एण्ड सप्लाई ऑफ प्रीस्ट्रेस्ड ईटीसी | 73788 Nos. |
| 9 | 30240453 | 24.07.25 | सक्सन प्रेसर गेज (एलपी) 0-10 ईटीसी | 1199 Nos. |
| 10 | 22251335 | 23.07.25 | व्हील सेट अर्थिंग इक्यूपमेंट फॉर एलएचबी ईटीसी | 2000 sets |
| 11 | 26255118 | 22.07.25 | मैन्यूफैक्चर एण्ड सप्लाई ऑफ काम्बीनेशन ईटीसी | 984 sets |
| 12 | 28251356 | 21.07.25 | पीयू पेंट किट फार एलएचबी राजधानी कोचेज ईटीसी | 1159 Nos. |
| 13 | 26255061 | 21.07.25 | मैन्यूफैक्चर एण्ड सप्लाई ऑफ कम्पोजिट ईटीसी | 1403801 sets |
| 14 | 22241350A | 21.07.25 | लोवर स्प्रिंग बीम ईटीसी | 907 Nos. |
| 15 | 30251095A | 21.07.25 | 500 एम्पि०, 750वी, इन्टर वेहीकूलर (IV) ईटीसी | 263 Sets |
| 16 | 21255007A | 18.07.25 | सप्लाई, इन्स्टालेशन, टेस्टिंग एण्ड कमीशनिंग ईटीसी | 01 sets+ 01 No. |
| 17 | 22251086 | 17.07.25 | साइलेंट ब्लॉक फार रोल लिंक टू फियेट ड्राईग ईटीसी | 19930 Nos. |
| 18 | 22251066 | 17.07.25 | लोवर स्प्रिंग बीम ईटीसी | 475 Nos. |
| 19 | 22251677 | 16.07.25 | एअर स्प्रिंग असेम्बली कैपेसिटी 140 केएन ईटीसी | 80 Nos. |

मुजाधि/एस-23 प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबंधक, गोरखपुर

ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें

AP-2360


**सूचना**

सेमकॉन ट्रैक इंडस्ट्रीज द्वारा सेमकॉन इंजीनियरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को दी गई सभी प्रकार की गारंटियों को आज से पिछले, वर्तमान या भविष्य के दायित्वों, प्रतिबद्धताओं का सेमकॉन ट्रैक इंडस्ट्रीज गारंटर नहीं है और सेमकॉन इंजीनियरिंग कंपनी प्राइवेट लिमिटेड को दी गई सभी गारंटियों को आज से निरर्थक समझा जाए।

AP-2355

**सार्वजनिक सूचना**

**श्री नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी के समक्ष, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए।**



**विषय:-** स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद शर्मा की 23.07.2018 की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 100 प्रतिशत हिस्सेदारी की सीमा तक (i) श्री विनोद शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद शर्मा, (ii) श्री सुबोध चंद्र शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद शर्मा और (iii) श्री हर्षवर्धन शर्मा पुत्र श्री प्रमोद कुमार शर्मा के नाम पर आवासीय साइट नंबर 3322, सेक्टर 35-डी, चंडीगढ़ (आरपीडी-13777) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री नारायण प्रसाद शर्मा आवासीय साइट नंबर 3322, सेक्टर 35-डी, चंडीगढ़ के 100 प्रतिशत हिस्से की सीमा तक मालिक हैं।

श्री विनोद शर्मा एवं अन्य द्वारा सूचित किया गया है कि श्री नारायण प्रसाद शर्मा का 16.09.2023 को निधन हो गया है, तथा वे अपने पीछे निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारी छोड़ गए हैं:-

(1) श्रीमती चंद्र कला शर्मा - पत्नी (निधन हो गया), (2) श्री विनोद शर्मा - पुत्र, (3) श्री प्रमोद कुमार शर्मा - पुत्र, (4) श्री सुबोध चंद्र शर्मा - पुत्र।

अब, श्री विनोद शर्मा एवं अन्य ने 23.07.2018 की पंजीकृत वसीयत के आधार पर स्वर्गीय श्री नारायण प्रसाद शर्मा द्वारा धारित 100 प्रतिशत हिस्सेदारी की सीमा तक आवासीय साइट संख्या 3322, सेक्टर 35-डी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यूटी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

AP-2354

**सार्वजनिक सूचना**

**श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष**



**विषय:-**स्वर्गीय बावा दलीप सिंह की पंजीकृत वसीयत के आधार पर 25.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट नंबर 1223, सेक्टर 15-बी, चंडीगढ़ (आरपी 12344) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री बावा दलीप सिंह आवासीय साइट नंबर 1223, सेक्टर 15-बी, चंडीगढ़ के 100.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक मालिक हैं।

प्रीत पाल सिंह द्वारा सूचित किया गया है कि श्री बावा दलीप सिंह का निधन 17.11.2005 को हो गया और उन्होंने मृतक मालिक के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) सुख नाथ बावा उर्फ बेबी उर्फ सुखदीप सिंह बावा-पुत्र (मृतक), (2) मीनाक्षी बावा-बहू, (3) हरजीत कौर-पत्नी (मृतक), (4) गुलशन कटारिया-पुत्री, (5) दिशा बावा-पोती, (6) सरवजीत सिंह बावा-पुत्र, (7) हरपाल सिंह उर्फ हरपूरन सिंह-पुत्र, (8) मनु गोगना-पुत्री, (9)प्रित पाल सिंह-पुत्र।

अब, प्रित पाल सिंह ने 31.07.1998 की पंजीकृत वसीयत के आधार पर, स्वर्गीय बावा दलीप सिंह द्वारा उनके पक्ष में धारित 25.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक आवासीय साइट संख्या 1223, सेक्टर 15-बी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

AP-2354

**सार्वजनिक सूचना**

**श्री नवीन, दानिक्स सहायक संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ के समक्ष**



**विषय:-** स्वर्गीय श्री नायब सिंह की बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर 50.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक रिहायशी साइट नंबर 1418, सेक्टर 34-सी, चंडीगढ़ (आरपीडी 14946) के संबंध में स्वामित्व का हस्तांतरण।

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री नायब सिंह 50.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक रिहायशी साइट नंबर 1418, सेक्टर 34-सी, चंडीगढ़ के मालिक हैं।

भगवंत कौर, श्री सतविंदर पाल सिंह धालीवाल द्वारा सूचित किया गया है कि श्री नायब सिंह की मृत्यु 05.08.2024 को हो गई है और उन्होंने मृतक मालिक के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है:- (1) सतविंदर पाल सिंह धालीवाल - पुत्र, (2) भगवंत कौर - पत्नी

अब, भगवंत कौर, श्री सतविंदर पाल सिंह धालीवाल ने आवासीय साइट संख्या 1418, सेक्टर 34-सी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वर्गीय श्री नायब सिंह द्वारा धारित 50.00 प्रतिशत शेयर की सीमा तक उनके पक्ष में, बिना वसीयत के मृत्यु के आधार पर स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है।

यदि किसी के पास ऊपर उल्लिखित के अलावा किसी भी सहदायिक के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।

यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के उत्परिवर्तन पर कोई आपत्ति है, तो वह इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में इसे लिखित रूप में (मजिस्ट्रेट/नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) प्रस्तुत कर सकता/सकती/सकते है, ऐसा न करने पर सभी सहदायिकों का अनुरोध तदनुसार स्वीकार किया जाएगा और बाद में किसी भी अन्य दावे पर विचार नहीं किया जाएगा।

**नवीन, दानिक्स, सहायक संपदा अधिकारी, संपदा अधिकारी, यू.टी., चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

AP-2354

**सार्वजनिक नोटिस**

आम जनता और सभी संबंधितों की जानकारी के लिए यह अधिसूचित किया जाता है कि इस कार्यालय के रिकॉर्ड के अनुसार श्री राजिंदर सिंह, आवासीय साइट नंबर 2409, सेक्टर - 35/सी, चंडीगढ़ के 33.33 प्रतिशत शेयर की सीमा तक मालिक/पट्टेदार हैं।

गुरिंदर कौर द्वारा सूचित किया गया है कि श्री राजिंदर सिंह की मृत्यु 27.08.2022 को हो गई है और उन्होंने मृतक मालिक/ पट्टेदार के निम्नलिखित कानूनी उत्तराधिकारियों को भी सूचित किया है

| क्र.सं. | कानूनी उत्तराधिकारी का नाम | मृतक से संबंध |
|---|---|---|
| 1 | गुरिंदर कौर | पत्नी |
| 2 | निरवैर सिंह | पुत्र |
| 3 | प्रितपाल सिंह | पुत्र |

अब, गुरिंदर कौर ने 24.11.2021 की अपंजीकृत वसीयत के आधार पर, स्वर्गीय राजिंदर सिंह द्वारा धारित 33.33 प्रतिशत हिस्सेदारी की सीमा तक आवासीय साइट संख्या 2409, सेक्टर-35/सी, चंडीगढ़ के संबंध में स्वामित्व के हस्तांतरण के लिए आवेदन किया है। यदि किसी के पास ऊपर वर्णित के अलावा मृतक के किसी अन्य कानूनी उत्तराधिकारी के बारे में कोई जानकारी है, तो उसे तुरंत एस्टेट ऑफिस, यूटी, चंडीगढ़ को सूचित किया जा सकता है।


यदि किसी को उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से के म्यूटेशन पर कोई आपत्ति है, तो वह उपरोक्त नामित आवेदकों के पक्ष में, वह इसे लिखित रूप में प्रस्तुत कर सकता है (मजिस्ट्रेट / नोटरी द्वारा विधिवत सत्यापित शपथ पत्र के साथ) इस नोटिस के प्रकाशन की तारीख से 30 दिनों के भीतर नीचे हस्ताक्षरकर्ता के कार्यालय में प्रस्तुत कर सकता है, ऐसा न करने पर उक्त संपत्ति में उक्त हिस्से को उपरोक्त लाभार्थी/लाभार्थियों के नाम पर म्यूटेशन कर दिया जाएगा और बाद में किसी भी तरह का कोई दावा स्वीकार नहीं किया जाएगा।

**नवीन दानिक्स**
**सहायक संपदा अधिकारी,**
**संपदा अधिकारी, यूटी, चंडीगढ़ की शक्तियों का प्रयोग करते हुए**

AP-2346

**ਗਰੇਟਰ ਮੁਹਾਲੀ ਏਰੀਆ ਡਿਵੈਲਪਮੈਂਟ ਅਥਾਰਿਟੀ ਪੁੱਡਾ ਭਵਨ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ. ਨਗਰ**

**ਜਨਤਕ ਸੂਚਨਾ**





ਬੀ. ਐਮ. ਐਮ. ਨੰ: 301, ਸੈਕਟਰ-65 ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੇ 50% ਹਿੱਸੇ ਦੇ ਅਲਾਟੀ ਸ਼੍ਰੀ Kulwant Singh S/o Sh. Prabhu Singh ਦੀ ਮੌਤ ਮਿਤੀ 13-03-2025 ਨੂੰ ਹੋ ਗਈ ਹੈ। ਉਕਤ ਮਕਾਨ ਸਬੰਧੀ ਅਲਾਟੀ Kulwant Singh S/o Sh. Prabhu Singh ਵਲੋਂ ਆਪਣੀ ਮੌਤ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਆਪਣੇ ਬੇਟੇ Sh. AMRIT PAL SINGH DHIMAN S/O KULWANT SINGH ਦੇ ਨਾਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਹੈ ਜੋ ਕਿ ਵਸੀਕਾ ਨੰ: 608, ਬਹੀ ਨੰ: 3, ਮਿਤੀ 10-12-2019 ਰਾਹੀਂ ਸਬ-ਰਜਿਸਟਰਾਰ, ਮੋਹਾਲੀ ਵਿਖੇ ਰਜਿਸਟਰਡ ਹੈ।

ਹੁਣ ਅਲਾਟੀ ਦੇ ਮੌਤ ਉਪਰੰਕਤ ਉਕਤ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ Sh. AMRIT PAL SINGH DHIMAN S/O KULWANT SINGH ਵਲੋਂ ਬੀ.ਐਮ.ਐਮ. ਨੰ: 301, ਸੈਕਟਰ-65 ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਆਪਣੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਲਈ ਦਸਤਾਵੇਜ ਇਸ ਦਫਤਰ ਨੂੰ ਪੇਸ਼ ਕੀਤੇ ਗਏ ਹਨ ਅਤੇ ਇਹ ਕੇਸ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ, ਗਮਾਡਾ, ਐਸ.ਏ.ਐਸ ਨਗਰ ਦੇ ਦਫਤਰ ਵਿਚ ਵਿਚਾਰ ਅਧੀਨ ਹੈ। ਇਸ ਲਈ ਮਲਕੀਅਤ ਤਬਦੀਲ ਕਰਨ ਤੋਂ ਪਹਿਲਾਂ ਸਭ ਆਮ ਅਤੇ ਖਾਸ ਨੂੰ ਸੂਚਿਤ ਕੀਤਾ ਜਾਂਦਾ ਹੈ ਕਿ ਅਲਾਟੀ ਵਲੋਂ ਕੀਤੀ ਗਈ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਸਬੰਧੀ ਕਿਸੇ ਨੂੰ ਕੋਈ ਇਤਰਾਜ ਹੋਵੇ ਤਾਂ ਉਹ ਇਸ ਵਿਗਿਆਪਨ ਦੀ ਮਿਤੀ ਤੋਂ 15 ਦਿਨਾਂ ਦੇ ਅੰਦਰ-ਅੰਦਰ ਆਪਣਾ ਇਤਰਾਜ ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ) ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ ਪਾਸ ਲਿਖਤੀ ਰੂਪ ਵਿਚ ਦੇ ਸਕਦਾ ਹੈ। ਨਿਸਚਿਤ ਮਿਤੀ ਅਤੇ ਸਮੇਂ ਤੋਂ ਬਾਅਦ ਪ੍ਰਾਪਤ ਇਤਰਾਜ ਤੇ ਕੋਈ ਵਿਚਾਰ ਨਹੀਂ ਕੀਤਾ ਜਾਵੇਗਾ ਅਤੇ ਬੀ. ਐਮ. ਐਮ. ਨੰ: 301, ਸੈਕਟਰ-65 ਐਸ. ਏ. ਐਸ. ਨਗਰ ਦੀ ਮਲਕੀਅਤ ਰਜਿਸਟਰਡ ਵਸੀਅਤ ਦੇ ਆਧਾਰ ਤੇ ਉਕਤ ਵਾਰਸਾਂ ਦੇ ਨਾਮ ਤਬਦੀਲ ਕਰ ਦਿੱਤੀ ਜਾਵੇਗੀ।

ਮਿਲਖ ਅਫਸਰ (ਹ)
ਗਮਾਡਾ ਮੋਹਾਲੀ

AP-2366


**अर्थ प्रकाश क्लासीफाइड CLASSIFIED ADS**

**आज ही बुक करें**
PH.: 0172-2638515, 98883-03520
Email: arthparkashadvt29@gmail.com


## सार्वजनिक सूचना

**मैं,** निवेतिता के पत्नी श्री ईश्वरन पी स्थायी पता- मकान नं- 182, वार्ड नं- 1, नॉर्थ स्ट्रीट- यू अम्मापट्टी, उथमपलायम, जिला- थेनी, राज्य- तमिलनाडु, पिन- 625533 घोषणा करती हूँ कि मैंने अपनी जन्मतिथि 15/05/1988 से 05/04/1988 में सही कर ली है। शपथ पत्र संख्या- 48AA 901935, दिनांक-01/07/2025

**मैं,** निवेदिता पत्नी श्री ईश्वरन पी स्थायी पता- हाउस नंबर- 182, वार्ड नंबर- 1, नॉर्थ स्ट्रीट- यू अम्मापट्टी, उथमपलायम, जिला- थेनी, राज्य- तमिलनाडु, पिन- 625533 घोषणा करती हू कि मैंने अपना नाम निवेदिता से बदलकर निवेतिता के रख लिया है। शपथ पत्र संख्या-48एए901934, दिनांक- 01/07/2025
एपी-F

**मैं,** संदीप शर्मा पुत्र पवन कुमार निवासी मकान नंबर 388, हुडा सैक्टर 20, कैथल, जिला कैथल (हरियाणा), अपना नाम संदीप शर्मा से बदल कर संदीप कुमार रखता हूँ। भविष्य में कृपया मुझे संदीप कुमार के नाम से ही जाना जाये। सम्बंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** मोनिका शर्मा पत्नी संदीप कुमार निवासी मकान नंबर 388, सैक्टर 20, हुडा कैथल, जिला कैथल (हरियाणा), अपना नाम मोनिका शर्मा से बदल कर मोनिका रखती हूँ। भविष्य में कृपया मुझे मोनिका नाम से ही जाना जाये। सम्बंधित कृपया नोट करें।

**मैं,** युवराज शर्मा पुत्र संदीप कुमार निवासी मकान नंबर 388, सैक्टर 20 हुडा कैथल, जिला कैथल (हरियाणा), अपना नाम युवराज शर्मा से बदलकर युवराज रखता हूँ। भविष्य में कृपया मुझे युवराज नाम से ही जाना जाये। सम्बंधित कृपया नोट करें।
एपी-2341

I, Ashwani Kumar Dhingra S/o K.L. Dhingra R/o #2344, BSNL Society, Sector - 50-C, Chandigarh have changed my name from Ashwani Dhingra to Ashwani Kumar Dhingra

I, Prem Lata W/o Ashwani Kumar Dhingra R/o #2344, BSNL Society, Sector - 50-C, Chandigarh have changed my name from Prem Lata Dhingra to Prem Lata
एपी-2342

**मैं,** जतिन्द्र कुमार पुत्र श्री शेर सिंह निवासी मकान गांव सीदपूर तहसील नीलोखेडी जिला करनाल (हरियाणा) ने अपना नाम जतिन्द्र कुमार से बदलकर जितेन्द्र कुमार रख लिया है।
एपी-2344

I Satbir Singh S/o Sh. Dayal Singh R/o Moh. Silakhana, Narnaul, Tehsil Narnaul, Distt. Mohindergarh (Haryana) that my son's name has been wrongly mentioned as Jasandeep in Army discharge book record instead of Jashan Deep Singh.
एपी-2348

**मैं,** प्रेम कुमार पुत्र पदम लाल वासी 2223 सैक्टर 21-सी चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर Nep Bahadur Oli रखा है।

**मैं,** लवप्रीत सिंह पुत्र बलदेव सिंह वासी मकान नं 391 गली नं 11 विकास कॉलोनी करनाल ने अपना नाम बदलकर लवप्रीत से लवप्रीत सिंह रखा है भविष्य संबंधित नोट करें।

**मैं,** सपना मेहता पत्नी राजेश कुमार वासी मकान नं 1659-ए हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी सैक्टर 6 करनाल ने अपना नाम बदलकर सपना से सपना मेहता शादी के बाद रखा है भविष्य संबंधित नोट करें।

**मैं,** मोहम्मद नौशाद पुत्र मोहम्मद मेहरुदिन वासी मकान नं 76 गली नं 4 राजीव पुरम, करनाल ने अपने नाबालिग पुत्र का नाम बदलकर डी नाशिद से मोहमद नाशिद रखा है भविष्य संबंधित नोट करें।

**मैं,** राज कली उर्फ राजकली पत्नी संजय वासी गांव अब्दुल्ला पूर डाक दड़ जिला करनाल ब्यान करती हूँ दोनों नामों राज कली उर्फ राजकली एक ही औरत हूँ।

**मैं,** अनिल कुमार पुत्र राम प्रकाश निवासी बी-1352, दयाल पुरा करनाल ने अपना नाम मग्गू अनिल कुमार से बदलकर अनिल कुमार रख लिया है।

**मैं,** अभिमन्यु पुत्र अर्जुन कुमार नारंग वासी मकान नं 8/156 गली नं 6 हंसी रोड करनाल ने अपना नाम बदलकर अभिमन्यु से अभिमन्यु नारंग रखा है भविष्य संबंधित नोट करें।

**मैं,** प्रीती पत्नी अमित Kadyan वासी. 60/04, न्यू दर्शनी बाघ, मानीमजरा, चंडीगढ़ ने अपना नाम बदलकर प्रीती Rathee रखा है।
एपी-2349

I Dharampal S/o Sadhu Ram R/o # 48 , Bhakra Canal Colony, Patiala have Changed my name to Dharam Pal.
एपी-2350

I Tamanna D/O Pardeep Garg . House no B - 46 , 2nd Floor Moti Nagar New Delhi 110015 Have changed my name from Tamanna to Tamanna Garg.
एपी-2351

**मैं,** गुरशबद पुत्र अजीत सिंह निवासी मकान नंबर 738/3, सेक्टर 26-ई, चंडीगढ़ ने अपना नाम गुरशबद से बदलकर गुरशबद सिंह रख लिया है।

**मैं,** लक्ष्मी पत्नी रमेश नेगी निवासी 149 गांव खुड्डा लाहोरा, चंडीगढ़, ने अपना नाम बदलकर लक्ष्मी देवी रख लिया है।

**मैं,** राजिंदर पाल सिंह पुत्र किरपाल सिंह, 2407सी, मुंडी कॉम्प्लेक्स, सेक्टर 70 मोहाली, ने अपना नाम बदलकर राजिंदर पाल सिंह भुल्लर रख लिया है।
एपी-2353

**मैं,** संत कुमार पुत्र श्री करण सिंह निवासी मकान नं 4606, सेक्टर 46, चंडीगढ़ ने अपने नाबालिग बेटे का नाम Isaan से बदलकर Ishan रख लिया है।

**मैं,** Mohender Pal Kaur पत्नी सरदार जसबीर सिंह, निवासी मकान नंबर 3128, सेक्टर 37-डी, चंडीगढ़ ने अपना नाम Mohender Pal Kaur से बदलकर Mohinder Pal Kaur रख लिया है और मेरी जन्मतिथि 01.01.3001 की जगह पर 27.07.1950 है।

**मैं,** प्रेरणा सच्चर पुत्री श्री अनिल सच्चर और पत्नी राहुल गुप्ता निवासी मकान नंबर 2ए, शिवम अपार्टमेंट, खानपुर, जिला एसएएस नगर मोहाली पंजाब ने अपना नाम प्रेरणा सच्चर से बदलकर प्रेरणा गुप्ता रख लिया है।

**मैं,** पुनीत कुमार पुत्र देस राज निवासी मकान नंबर एचई-122ए, फेज 7, मोहाली पंजाब ने अपना नाम पुनीत कुमार से बदलकर पुनीत बनियाल रख लिया है।

**मैं,** पूजा कुमारी पत्नी जतिंदर सिंह निवासी मकान नंबर 32, ब्लॉक नंबर 2011, फायर स्टेशन के पास सेक्टर 32-सी चंडीगढ़ ने अपना नाम पूजा कुमारी से बदलकर पूजा सिंह रख लिया है।

**मैं,** Mudit Munjal पुत्र विनोद कुमार मकान नंबर 1143, सेक्टर- 34-सी चंडीगढ़ ने अपना नाम Mudit Munjal से बदलकर Mudit Munjall रख लिया है।

**मैं,** Rupika Munjal पत्नी Mudit Munjall मकान नंबर 1143, सेक्टर-34-सी चंडीगढ़ ने अपना नाम Rupika Munjal से बदलकर Rupikaa Munnjal रख लिया है।
एपी-2354

**मैं,** अनिल कुमार पुत्र श्री मोहन लाल निझावन निवासी मकान नं. 214 सेक्टर-17 पंचकूला हरियाणा 134109 ने अपना नाम अनिल कुमार से बदलकर अनिल कुमार निझावन रख लिया है।

**मैं,** बाला भारद्वाज पत्नी श्री संजीव भारद्वाज, निवासी मकान संख्या 1353, सेक्टर 21, पंचकूला, हरियाणा 134112 घोषणा करती हूँ कि मैं बाला भारद्वाज और बल्ला भारद्वाज एक ही व्यक्ति हैं, मेरे दोनों नाम समान मूल्य, प्रामाणिकता और कानूनी वैधता रखते हैं।

**मैं,** राजवीर कौर पत्नी गुरदेव सिंह, निवासी गांव सेखुपुर राजपूतां, उप-तहसील घनौर, तहसील राजपुरा, जिला पटियाला, ने अपना नाम राजबीर कौर से बदलकर राजवीर कौर रख लिया है।
एपी-2355

**मैं,** रेखा देवी पत्नी स्वर्गीय श्री गोपाल शरण, निवासी # 615, वार्ड नंबर 1, नवीन कॉलोनी, नारायणगढ़, जिला अम्बाला ने अपना नाम रेखा देवी से बदलकर रेखा रानी कर लिया है।
एपी-2356

**मैं,** आस्था पुत्री श्री ललित मेहता निवासी मकान नंबर 139C नजदीक थापर टेलर्स मदन पुरी भाटिया नगर यमुनानगर की मैंने अपना नाम आस्था से बदलकर आस्था मेहता रख दिया है भविष्य में मुझे आस्था मेहता के नाम से जाना जाए।
एपी-2357

I Chavli Devi W/o Late Jagmal singh R/o Village - Silarpur, Post-Duloth Jat, Teh-Ateli, Dist-Mahendragarh, Haryana-123021, have changed my name to Chaudi.

I, Devendra Jawre S/o Shiv Prasad Jawre R/o H.No-890, Sector- 56, Chandigarh, PO- Sector-36, Dist- Chandigarh, Chandigarh - 160036, have changed my minor son's name from Nikhil Jawre Aged 08 Years to Naman Jawre forever.

I, Kumesh Mahajan S/o Ashok Mahajan R/o H.No.13/11-B, Opp. Brahman Dharamshala Jahaj Pull Chowk, Hisar, Haryana - 125001, have changed my minor son's name from Aaditya Mahajan Aged 14 Years to Adi Mahajan forever.

It is for general information that I, MAHENDER KUMAR Son of KHYALI RAM, R/o House No-44, Ward No- 05, Mohalla Nalapur, Narnaul, mahendragarh, Narnaul Haryana - 123001, declare that name of mine and my wife has been wrongly written as MAHENDER SAINI and POONAM SAINI respectively in my minor daughter KRISHNA SAINI aged 16 years in her Secondary School Marks Statement Cum Certificate. The actual name of mine and my wife is MAHENDER KUMAR and POONAM respectively, which may be amended accordingly.
एपी-2358

**मैं,** मदन लाल पुत्र आशा राम निवासी #117, गांव बीड़ घग्गर, गेट नंबर 2, चंडीमंदिर तहसील और जिला पंचकूला ने बेटी का नाम जयलक्ष्मी से बदलकर जयलक्ष्मी कुमारी रख लिया है।

**मैं,** आर्मी नंबर 1474763पी रैंक हवलदार, नाम रामफल पुत्र श्री छोटू राम निवासी गांव हाट तहसील सफीदों जिला जींद, हरियाणा हालाबाद मकान नंबर 2518 नजदीक पंचमुखी चौंक, ढांड जिला कैथल अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम शीतल कुमारी और जन्म तिथि 11-12-1998 दर्ज है, जोकि गलत है। जबकि उसके शैक्षणिक/सामान्य दस्तावेजों के अनुसार उसका सही नाम शीतल और जन्म तिथि 16-05-2000 है।

**मैं,** आर्मी नंबर 1474763पी रैंक हवलदार, नाम रामफल पुत्र श्री छोटू राम निवासी गांव हाट तहसील सफीदों जिला जींद, हरियाणा हालाबाद मकान नंबर 2518 नजदीक पंचमुखी चौंक, ढांड जिला कैथल अपने हल्फ से ब्यान करता हूं कि मेरे आर्मी सर्विस रिकार्ड में मेरी पुत्री का नाम शिवानी कुमारी और जन्म तिथि 11-12-1998 दर्ज है, जोकि गलत है। जबकि उसके शैक्षणिक/सामान्य दस्तावेजों के अनुसार उसका सही नाम शिवानी और जन्म तिथि 16-05-2000 है।
एपी-2355

**मैं,** मीनू पत्नी रजत अग्रवाल निवासी मकान नं 23 , नजदीक मंदिर , सेक्टर 20, हुडा , कैथल 136027 (हरियाणा) भारत अपना नाम मीनू से बदलकर मीनू अग्रवाल रखती हूँ। संबंधित कृपया नोट करें।
एपी-2341

**मैं,** मलकीत कौर पुत्री गुरपाल सिंह निवासी फरल जिला कैथल ने अपना नाम बदलकर मलकीत उपनाम कौर रख लिया है।

**मैं,** मनप्रीत पत्नी बलविन्द्र सिंह निवासी अजरावर, कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर मनप्रीत कौर रख लिया है।

**मैं,** गुरदीप सिंह पुत्र जसमेर सिंह गाँव हरिगढ़ भोरख,पिहोवा,कुरुक्षेत्र ने अपना नाम बदलकर गुरदीप रख लिया है।
एपी-2359

I Kawaljit Vermma s/o Pawan Kumar r/o # 333 sector 41A chandigarh have changed my name from Kawaljit Vermma to Kamaljit Verma
एपी-2364

I Surender Dutta s/o Sohan Lal Dutta R/O Floor 66-A , Golden Castle , V illage Dayalpura , Zirakpur , Distt SAS Nagar , Mohali ( Punjab) do hereby solemnly affirm and declare as underThat I have changed my name form Surender Dutta to Surender Kumar Dutta . (TRANSLATE IN PAPER LANGUAGE )
एपी-2365

**मैं,** Manjit Kaur पत्नी गुरदेव सिंह निवासी गाँव सरंवा जिला यमुना नगर ने अपना नाम बदल कर Manjeet Kaur रख लिया है।

**मैं** भारती पत्नी तजिंदर सिंह निवासी दुर्गा नगर अम्बाला सिटी ने अपने नाबालिग लड़के का नाम जुझार सिंह से बदलकर तेजस टक्कर रख लिया है

**मैं,** किरण देवी पत्नी बरखा राम निवासी गों सब्बा डाकखाना पसिअला जिला अम्बाला ने अपना नाम बदल कर किरना देवी रख लिया है।

**मैं,** बलजिंदर सिंह पुत्र चरण सिंह निवासी गाँव मोहरी डाकखाना भानोखेरी जिला अम्बाला ने अपना नाम बदल कर गुरमहिंदर रख लिया है।

**मैं,** बुलबुल पुत्री सुरिंदर कुमार गुप्ता निवासी 1281/3 छोटा बाजार कजिवारा अम्बाला सिटी ने अपने नाबालिग लड़के का नाम मितांशु से मीत गर्ग रख लिया है

**मैं,** संगत सिंह पुत्र केसर सिंह निवासी 165 गाँव बतरोहन जिला अम्बाला ने अपने नाबालिग लड़के का नाम प्रिदिया से बदल कर राजन कुमार रख लिया है।

**मैं,** अभिषेक पुत्र नरमेल निवासी गाँव अमीपुर डाकखाना चौडमस्तपुर जिला अम्बाला ने अपना नाम बदल कर अभिषेक अंटाल रख लिया है।
एपी-2359

## बेदखली सूचना

**मैं,** सोरन सिंह पुत्र फूल सिंह निवासी चौराही तहसील व्यासपुर जिला यमुनानगर यह बयान करता हूँ की मेरा लड़का रोहित कुमार मेरे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए मै अपने पुत्र रोहित कुमार को अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूँ । आज के बाद मेरा या मेरे परिवार का इसके साथ कोई भी तालुक वास्ता नहीं है , और ना ही भविष्य में होगा। इसके साथ लेनदेन करने वाला खुद जिम्मेदार होगा। सभी संबंधित नोट करे।
एपी-2343

हम रामकर्ण पुत्र गागर व श्रीमती दर्शन पत्नी श्री रामकर्ण निवासी ग्राम हथवाला तहसील समालखा जिला पानीपत ब्यान करते हैं कि हमारा पुत्र सौरभ और सौरभ की पत्नी श्वेता दोनों हमारे कहने सुनने से बाहर हैं इसलिए हम अपने पुत्र सौरभ और उसकी पत्नी श्वेता दोनों को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। भविष्य में इनके साथ कोई भी लेन देन करेगा या संबंध रखेगा तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। आज से दोनों से हमें तथा हमारे परिवार से कोई भी ताल्लुकात नहीं होगा।

**मैं,** लीलु राम पुत्र श्री लखमीचन्द निवासी वार्ड न0 7 डकौत बस्ती आजाद नगर समालखा जिला पानीपत बयान करता हूं कि मेरा पुत्र सोनू मेरे कहने सुनने से बाहर हैं इस लिए मैं अपने पुत्र सोनू को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल करता हूं। भविष्य में इसके साथ कोई भी लेन देन करेगा या संबंध रखेगा तो उसका जिम्मेदार वह स्वयं होगा। आज से सोनू का मुझसे तथा मेरे परिवार से कोई भी ताल्लुकात नहीं होगा।
एपी-2347

**मैं,** धर्मपाल पुत्र श्री लीलूराम निवासी 12 क्वार्टर नजदीक पुलिस चौकी, हिसार बयान करता हूँ कि मेरा पुत्र मुकेश और उसकी पत्नी गीता दोनों मेरे व मेरे परिवार के कहने सुनने से बाहर हैं। अतः मैं अपने पुत्र मुकेश व उसकी पत्नी गीता को अपनी चल-अचल सम्पति से बेदखल करता हूँ। भविष्य में इनके साथ किसी प्रकार का लेन-देन या व्यवहार करने वाला स्वयं जिम्मेवार होगा, मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेवारी नहीं होगी।
एपी-2352

हम, रणवीर सिंह लांबा पुत्र श्री किशन लाल लांबा और सरोज लांबा पत्नी रणवीर सिंह लांबा दोनों निवासी 620, आईएएस/आईपीएस, स्वाति कोऑप. हाउसिंग सोसाइटी, सेक्टर-49ए, चंडीगढ़ वर्तमान निवासी लांबा फार्म गांव गनौली पी.ओ. गढ़ी कोटाह जिला पंचकूला हरियाणा, घोषणा करते हैं कि हम अपने बेटे संदीप लांबा को अपनी सभी चल/अचल संपत्तियों से बेदखल करते हैं। भविष्य में इसे लेनदेन करने वाले स्वयं जिम्मेदार होंगे । हम या हमारे परिवार के सदस्यों की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।

हम जगत सिंह पुत्र स्वर्गीय श्री जय सिंह और अनीता हुडा पत्नी जगत सिंह निवासी मकान नंबर 276, ए.के.एस कॉलोनी, जीरकपुर एस.ए.एस नगर मोहाली पंजाब ब्यान करते हैं कि हमारी बेटी सुनिधि हुडा हमारे कहने सुनने से बाहर है। इसलिए हम उसे अपनी समस्त चल-अचल संपत्ति से बेदखल करते हैं। उसके साथ लेन देन करने वाला स्वयं जिम्मेदार होगा।

**मैं,** पवन सिंह पुत्र स्वर्गीय राम सिंह निवासी कर्ण कालोनी बरवाला, पंचकूला, हरियाणा, मेरा पुत्र अंकित व उसकी पत्नी तन्नू मेरे कहने सुनने से बाहर है। मैं इन्हें अपनी चल अचल संपति से बेदखल करता हूं। इनसे लेन देन करने वाले स्वयं जिम्मेवार होंगे।
एपी-2355


**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश में क्लासीफाइड विज्ञापन देने के लिए 9988934664 पर संपर्क करें।

**अर्थ प्रकाश समाचार पत्र में अपना विज्ञापन लेकर अपने व्यापार को लाभांवित करें**

**आवश्यक सूचना**

अर्थ प्रकाश (हाउस ऑफ प्रिंट एंड डिजिटल मीडिया) का इस समाचार पत्र में प्रकाशित विज्ञापनों (डिस्प्ले/ क्लासीफाइड) के तथ्यों संबंधी कोई दायित्व नहीं है। हमारा समाचार पत्र इनको सत्यापित नहीं करता है। किसी भी प्रकार के विज्ञापनों में पाठकों से विनती है कि वह कोई भी प्रतिक्रिया करने से पहले, विज्ञापनों पर कार्यवाही करने से पूर्व तथ्यों की स्वयं पुष्टि कर लें। यह समाचार पत्र उपरोक्त किसी भी विज्ञापन के प्रति उत्तरदायी नहीं होगा।

# ग्रामीण क्षेत्र के विकास में कमी नहीं रहने देगी नायब सरकार : मंत्री कृष्ण पंवार

अर्थ प्रकाश/सुकरमपाल






गुर्जर चौपाल व आर.ओ. प्लांट का उद्घाटन मंत्री कृष्ण लाल पंवार। फोटो : अजय गौतम

**रोहतक, 2 जुलाई।** हरियाणा के विकास एवं पंचायत, भूगर्भ एवं खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की नेतृत्व वाले राज्य सरकार ग्रामीण क्षेत्र के विकास में कमी नहीं आने देगी। पंवार आज गांव काहनौर में पंचायत विभाग द्वारा बनाई गई गुर्जर चौपाल व आर.ओ. प्लांट का उद्घाटन करने के उपरांत सामुदायिक केंद्र में मौजूद ग्रामीणों को संबोधित कर रहे थे। गुर्जर चौपाल के निर्माण पर लगभग 40 लाख रुपए की राशि खर्च की गई है।

इसी प्रकार से लगभग 16 लाख रुपए की लागत से ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से आर.ओ प्लांट लगाया गया है। उन्होंने गुर्जर चौपाल में शौचालय बनवाने के लिए 5 लाख रुपए की अनुदान राशि देने की घोषणा की। इसके अलावा सामुदायिक केंद्र में ए.सी. लगवाने के लिए अलग से 5 लाख रुपए की राशि देने की घोषणा की। उन्होंने बोर्ड परीक्षा में हरियाणा में दूसरे नंबर पर रहने वाली एसवीएम सीनियर सेकेंडरी स्कूल काहनौर की छात्रा दिवांशी को 21 हजार रुपए की प्रोत्साहन राशि देने की घोषणा की और स्कूल की निदेशक अनीता शर्मा को सम्मानित किया। अपने संबोधन में उन्होंने कहा कि राज्य सरकार की नीति के अनुसार ग्रामीण क्षेत्रों में तीन कर्म के वे सभी रास्ते जो सिजरा में शामिल है, को पक्का किया जा रहा है। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि सरकार की योजना के तहत प्रदेश के 250 गांवों में इंडोर जिम खोले जा चुके हैं और यह सिलसिला लगातार जारी है।

उन्होंने कहा कि व्यायाम शालाओं का सुधारीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि नायब सरकार ने प्रदेश के 19 हजार तालाबों का सुधारीकरण करने का निर्णय लिया है। इनमें 6000 गंदे तालाब है। पहले चरण में 2200 तालाबों का सुधारीकरण किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि सरकार की योजना के तहत हर गांव में महिला सांस्कृतिक केंद्र स्थापित किया जा रहे हैं, जहां पर महिलाएं भजन-कीर्तन कर सकती हैं। ग्रामीण बच्चों की शिक्षा के मद्देनजर भरे गांव में ई-लाइब्रेरी स्थापित की जा रही है। उन्होंने कहा कि कोई भी गरीब व्यक्ति जो 20 साल से अधिक समय से गांव की फिरनी के अंदर रह रहा है, तो सरकार ने ऐसे गरीब व्यक्ति का मकान न तोडने का फैसला किया है। ऐसे व्यक्ति को कलेक्टर रेट पर मालिकाना हक दिलवाया जा रहा है। गांव की फिरनी को पक्का करके स्ट्रीट लाइट लगाई जा रही है।

श्मशान घाट व कब्रिस्तान की चारदीवारी व शेड लगाए जा रहे है। मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने कहा कि राज्य सरकार ने ऐसे सभी गांव को महाग्राम योजना में शामिल किया है, जिनकी आबादी 15000 से ज्यादा है। महाग्राम योजना के तहत ऐसे गांवों का विकास करके शहरों जैसी सुविधाएं दी जा रही है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने देश के 5 करोड़ से ज्यादा गरीब परिवारों के लोगों को योजना के तहत मकान प्रदान किए हैं। इसी प्रकार से 12 करोड़ घरों में शौचालय बनवाए गए हैं। प्रधानमंत्री मोदी की योजना के तहत हर घर में नल के माध्यम से शुद्ध जल देने का काम किया जा रहा है। विकास एवं पंचायत मंत्री कृष्ण लाल पंवार के गांव में पहुंचने पर ग्रामीणों ने पकड़ी पहनकर उनका स्वागत किया। ग्रामीणों ने भाजपा प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, व डॉ. अशोक रंगा का भी पगड़ी पहनकर स्वागत किया।

इस अवसर पर जिला विकास एवं पंचायत अधिकारी राजपाल चहल, भाजपा के प्रदेश कोषाध्यक्ष अजय बंसल, जिला अध्यक्ष रणबीर ढाका, प्रदेश सचिव रेनू डाबला, नरेंद्र खट्टर, कलानौर चेयरमैन नीरज, काहनौर की सरपंच निशा, तैमूरपुर के सरपंच नरेश, जिंदराण के सरपंच धर्मवीर चौहान, माडौधी रागडान के सरपंच विजेंद्र, बल्लम के सरपंच सोमवीर, लाहली की सरपंच कश्मीरी देवी, गरनावठी के सरपंच सतवीर, पिलाना के सरपंच जितेंद्र, मसूदपुर के सरपंच भगवत दयाल, सुंडाना के सरपंच दलेल, साँगाहेडा के सरपंच चुन्नी लाल, सरपंच प्रतिनिधि भूप सिंह, केशव प्रधान, जिला महामंत्री ओबीसी मोर्चा मास्टर चादीराम, अनीता शर्मा, ललित शर्मा, राज चौहान, रोहित, पंच अनिल, पंच विजेंद्र, पंच प्रवीन, पंच दारा, रामकिशन, श्रीभगवान, महावीर गुर्जर, धर्मेंद्र, ब्लॉक समिति के पूर्व मेम्बर महावीर, संजय सेन, अनीता बुधवार, नीरज यादव, नवीन कौशिक, कुलदीप, अनीता पटवार, हितेंद्र खत्री, कपिल खत्री, बॉक्सिंग सुनीता, चुन्नीलाल, भगवत दयाल शर्मा, जितेंद्र, राकेश, नरेश व विजेंद्र आदि मौजूद थे।

## आखिरकार करनाल का मरीज दिल्ली या चंडीगढ़ की तरफ देखता रहेगा

- मैडीकल कालेज और अस्पताल रैफर सैंटर से अधिक नहीं
- प्रावेट अस्पताल गरीब की पहुंच से बाहर

अर्थ प्रकाश/शैलेंद्र जैन

**करनाल, 2 जुलाई।** दस साल तक मुख्यमंत्री का निर्वाचन क्षेद्ध रहने के बाद भी करनाल के आम आदमी को बेहतर स्वाथ्य सेवाएं मुहैया नहीं हो पाई। भले ही करनाल को कल्पना चावला के नाम पर मैडीकल कालेज मिला लेकिन करनाल का यह कालेज रैफर सेंटर से अधिक साबित नहीं हो पाया। जब से हरियाणा बना है उस समय से ही करनाल के लोग अपने जीवन के लिए रोहतक या चंडीगढ़ की तरफ देखते हैं। करनाल में कहने को तो सिविल अस्पताल है मैडीकल कालेज हैं। कई प्राइवेट मैडीकल संस्थान हैं। लेकिन गरीब मरीज के पास इलाज के लिए कोई विकल्प नहीं हैं। प्राइवेट अस्पतालों में खुली लूट हैं। सरकारी अस्पताल और मैडीकल कालेज में बेहतर उपकरण हैं। क्वालीफाइड डाक्टर हैं लेकिन उनकी नीयतज गरीब मरीज के इलजाज की नहीं हैं। यहां पर डाक्टर प्राइवेट अस्पतालों में मीजों को रेफर कर देते हैं। पिछले दिनों करनाल के कुछ एक प्राइवेट अस्पतालों मरने के बाद भी मरीज को मई घंटों तक वेंटीलेटर पर रखने का मामला सामने आया। करनाल में भले ही दो मुख्यमंत्री जीत कर पद तक पहुंचे हो लेकिन उन्होंने करनाल की स्वासथ्य सेवाओं को बेहतर बनानें के लिए कुछ नहीं किया। मैडीकल कालेज और सरकारी अस्पतालों में यदि मरीज सामान्य हुआ तो प्राईवेट में भेज देते हैं यदि गरीब हुआ तो रोहतक या चंडीगढ़ भेज देते हैं। सरकारी अस्पताल और मैडीकल कालेजों में मोटा वेतन और सुविधाओं के बाद भी डाक्टर मरीज के प्रति जबाब देह नहीं हैं। जब करनाल में कोई गंभीर रूप से बमीार हो जाता है तो यहां पर उसको बचाने की जगह उससे मोटे पैसे बसूलने की बात होती ळैं हार कर उसे दि ल्ल्ी रोहतक या चंडीगढ़ जाना पड़ता हैं अंबाला में सरकारी अस्पताल का काया कल्पन अनिल बिज ने कर दिया। लेकिन करनाल के सरकारी अस्पतालों की तरफ ना तो यहां से विधायक चुने गए दो मुख्य मंत्रियों का ध्यान गया और ना हीं यहां के विधायकों का। ना हीं यहां से चुने गए सांसंदों का। करनाल शुरू से ही लवारिस शहर बन कर सुविधाओं के नजरिए से दम तोड़ रहा है।

## न्यूज ब्रीफ

### 'जीवन कौशल-उन्नत' विषय पर कार्यशाला



**लाडवा (अप्रस/शंकर लाल)।** के बी स्कॉलर्स स्कूल में सीबीएसई क्षमता निर्माण कार्यक्रम के तहत 'जीवन कौशल-उन्नत' विषय पर कार्यशाला आयोजित की गई, जिसमें मेजबान विद्यालय व अन्य विद्यालयों के 60 शिक्षकों ने भाग लिया। कार्यशाला में सीबीएसई के संसाधन व्यक्ति के रूप में ग्लोब हेरिटेज इंटरनेशनल स्कूल की प्रधानाचार्या रीतु रानी और एम एल पी की शिक्षिका रमिन्द्र कौर ने शिक्षकों को जीवन जीने के बुनियादी कौशल व क्षमताओं के बारे में विस्तार से बताया। जिसके माध्यम से छात्र समझदारी से सोचने, निर्णय लेने, सकारात्मक संबंध बनाए रखने व भावनाओं पर नियंत्रण करने में सक्षम होंगे। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के दीप प्रज्वलित करके की गई। स्कूल की प्रधानाचार्या रजनी शर्मा ने संसाधन व्यक्तियों का गर्मजोशी से स्वागत किया और सभी प्रतिभागियों के प्रति आभार व्यक्त किया। मुख्य वक्ताओं ने छात्रों को जीवन की चुनौतियों से निपटने के लिए आवश्यक लचीलापन व बुद्धिमत्ता से लैस करने के महत्व को रेखांकित किया। रोल प्ले, केस स्टडी, समूह चर्चा और लाइव उदाहरणों सहित कई इंटरैक्टिव गतिविधियों के माध्यम से प्रतिभागियों ने जीवन कौशल शिक्षा के महत्वपूर्ण पहलुओं की खोज की। सीबीएसई शिक्षकों के विकास के लिए लगातार काम करता है। शिक्षकों को बदलती तकनीक के साथ तालमेल बिठाने के लिए सीबीएसई उनके समग्र विकास के लिए हर साल एक निश्चित संख्या में घंटों का प्रशिक्षण अनिवार्य करता है। कार्यक्रम का समापन संसाधन व्यक्तियों को पौधे भेंट करके किया गया।

### तीन दिवस समर कैंप का समापन



**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** हल्के के गांव बसेड़ा व हथवाला में शहीद वीरेंद्र स्मारक समिति एवं ज्ञान विज्ञान समिति द्वारा आयोजित तीन दिवसीय समर कैंप के अंतिम दिन बच्चों ने अपनी-अपनी कलाकृतियों का पर्दशन किया।जिसमें बच्चो नें संरचनात्मक वस्तुओं के आकर को समझते हुए क्ले के द्वारा वर्गाकार , गोलाकार, त्रिकोण, आयत जैसे मूल आकारो की मूर्तियाँ बनाई। वहीं रंगों का इस्तेमाल करते हुए मूर्तियों को सुंदर रूप दिया। पेपर फोल्डिंग के कॉर्नर में बच्चों ने गणित के आइडियाज को एक रोचक तरीके से सीखा। रंग बिरंगे पेपर को अलग-अलग तरीके से मोड़कर, बच्चों ने गणित की समझ बनाई। विज्ञान के कॉर्नर में बच्चों ने रसायनों व विशेष यत्रों से आग खाकर व नारियल में भूत को भस्म करके चमत्कारों से अंधविश्वासों का भांडा फोड़ किया। कैंप में ग्रामीण अंचल से करीब 120 बच्चों ने विभिन्न जानकारी एकत्रित करते हुए ज्ञान वर्धन किया। इस अवसर पर फ्रपर्यतन फ्र संस्था के डी0एफ0 ओ0 अंकित शर्मा एस एच जी की महिलाएं तथा बच्चों के अभिभावक और स्मारक समिति के सचिव डॉक्टर शीशपाल ,ज्ञान विज्ञान समिति की प्रधान शीतल तथा हथवाला गांव सरपंच पिता कृष्ण , हथवाला के ब्लॉक समिति सदस्य मोहनलाल, सतीश चौहान, वेदपाल, वीरसिंह , सतीश त्यागी,मानसी , दीपिका , आरुषि , गुंजन ,शिवांक ,शिवा दीपांशु , कार्तिक ,दीपक रविंदर ,अंशु , काजल, अंजलि , सतकुमार, स्टीफन मैथ्यू ,मोमीन ,प्रवीण,मा0 रामनिवास , सहित ग्रामीण मौजूद रहें।

### स्कूल में नशे के खिलाफ चलाया जागरूकता अभियान

**समालखा (अप्रस/मनदीप कुमार)।** पुलिस अधीक्षक भूपेंद्र सिंह आईपीएस के मार्गदर्शन में जिला पुलिस द्वारा नशे के खिलाफ चलाई गई मुहिम के तहत पुलिस टीम ने बुधवार को शहर के चंदन बल विकास पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल में अध्यापकों की मौजूदगी में छात्रों को नशे के दुष्परिणामों की जानकारी देकर जागरूक किया। अभियान के जिला नोडल अधिकारी उप पुलिस अधीक्षक नरेंद्र कादियान ने कहा कि नशे से शरीर का नुकशान होने के अतिरिक्त पैसों की भी बर्बादी होती है। नशा करने वाले व्यक्ति का ध्यान अपराध की तरफ बढ़ता है। युवाओं को नशे की गर्त से बचाने के लिए हरियाण पुलिस लगातार प्रयासरत है। पुलिस स्कूल, कॉलेज, फैक्टरी गांव व कॉलोनियों में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर आमजन व विद्यार्थियों को नशे के खिलाफ जागरूक कर रही है। ए एस आई जगपाल नें ने छात्रों को नशे के सेवन से होने वाले मानसिक, शारीरिक और सामाजिक नुकसान के बारे में विस्तार से बताया। उन्होंने छात्रों को बताया कि किस प्रकार नशा करने से व्यक्ति का स्वास्थ्य तो बिगड़ता ही है, साथ ही उसका सामाजिक जीवन, शिक्षा और भविष्य भी प्रभावित होता है। युवाओं को नशे की ओर आकर्षित करने वाले कई कारक होते हैं, जैसे दबाव, गलत संगत या जिज्ञासा। जागरूकता और आत्म-नियंत्रण ही इससे बचने का सबसे कारगर तरीका है। इस दौरान स्कूल में जीवन में कभी भी नशा न करने बाबत शपथ दिलवाई गई व पुलिस द्वारा किए गए कार्यों, ट्रैफिक नियमों की पालना करने बाबत और साइबर क्राइम से होने वाले अपराधों से संबंधित जानकारी व नशे से संबंधित हेल्पलाइन 1933, डायल 112 के लिए जागरूक किया गया।

## भाजपा सरकार ने फिर दिखाया सरोकार, मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना में की बढ़ोतरी : तनुज खुराना

अर्थ प्रकाश/दिनकर गावड़ी



**हांसी, 2 जुलाई।** भाजपा हांसी मंडल अध्यक्ष और जिला लोक संपर्क एवं शिकायत निवारण कमेटी के सदस्य तनुज खुराना ने मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना में बढ़ोतरी के फैसले का स्वागत करते हुए कहा ÷यह निर्णय गरीबों और जरूरतमंदों के सशक्तिकरण की दिशा में मील का पत्थर है। हमारी सरकार सिर्फ वादे नहीं करती, धरातल पर काम करके दिखाती है।÷मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की अगुवाई में भाजपा सरकार ने समाज के कमजोर वर्गों के प्रति अपनी प्रतिबद्धता एक बार फिर सिद्ध की है। मुख्यमंत्री विवाह शगुन योजना के तहत अब गरीब और जरूरतमंद परिवारों की बेटियों को शादी के समय 51,000 रुपये की सहायता राशि मिलेगी। पहले यह राशि 41,000 रुपये थी, जिसे अब 10,000 रुपये बढ़कर 51,000 रुपये कर दिया गया है।

तनुज खुराना ने बताया कि जिन परिवारों की वार्षिक आय 1.80 लाख रुपये तक है, वे इस योजना के पात्र होंगे। योजना के तहत विवाह के 6 माह के भीतर रजिस्ट्रेशन अनिवार्य है। उन्होंने बताया कि इस योजना में अनुसूचित जाति, विमुक्त जाति और टपरीवास समुदाय के पात्र परिवारों को 71,000 रुपये की सहायता राशि दी जाएगी।विधवा, तलाकशुदा, अनाथ व बेसहारा महिलाओं के पुनर्विवाह पर 51,000 रुपये की सहायता मिलेगी (यदि पहले योजना का लाभ नहीं लिया गया हो)। यदि नवविवाहित जोड़े में दोनों दिव्यांग हैं, तो उन्हें भी 51,000 रुपये की शगुन राशि दी जाएगी। तनुज खुराना ने कहा, यह योजना प्रधानमंत्री नेंद्र मोदी के 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास' के मूल मंत्र को साकार करती है।

## गुप्त नवरात्रों के चलते जग ज्योति दरबार में हुई मां कालरात्रि देवी व मां बगुलामुखी की पूजा

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/वालिया)।** जग ज्योति दरबार में महंत राजेंद्र पुरी व अन्य संतों के सानिध्य में निरंतर आषाढ़ महीने के गुप्त नवरात्रों का पूजन एवं हवन चल रहा है। बुधवार को भी दरबार में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पूजा में शामिल होने के लिए पहुंचे। इस मौके पर महंत राजेंद्र पुरी ने मां कालरात्रि देवी व मां बगुलामुखी की पूजा करवाने के उपरांत सनातन परंपरा के अनुसार गुप्त नवरात्र पूजन का महत्व बताया। उन्होंने बताया कि मां भगवती का मां कालरात्रि का स्वरूप देखने में अत्यंत भयानक है, लेकिन ये सदैव शुभ फल ही देने वाली हैं। उन्होंने बताया कि इसी कारण इनका एक नाम शुभंकरी देवी भी है। मां कालरात्रि की पूजा करने वाला पुण्य का भागी हो जाता है। महंत राजेंद्र पुरी ने बताया कि मां कालरात्रि दुष्टों का नाश करने वाली हैं। दानव, दैत्य, राक्षस, भूत, प्रेत आदि इनके स्मरण मात्र से ही भयभीत होकर भाग जाते हैं। महंत राजेंद्र पुरी ने गुप्त नवरात्र में बगलामुखी माता की पूजा का भी महत्व बताया। उन्होंने बताया कि देवी बगलामुखी की विशेष पूजा-अर्चना की जाती है।

### जींद केंद्रीय सहकारी बैंक ने 1500 महिला समूहों को बांटे 30 करोड़ रुपए के ऋण चेक

## सहकारिता से ही संभव है रोजगार सृजन : राजन चिल्लाना

अर्थ प्रकाश/राजेश रावल




**जींद, 2 जुलाई।** अंतरराष्ट्रीय सहकारिता वर्ष और स्वावलंबी भारत अभियान के तहत जींद केंद्रीय सहकारी बैंक द्वारा 1500 महिला संयुक्त देयता समूहों को 30 करोड़ रुपये के ऋण चेक वितरित किए गए। यह कार्यक्रम डीआरडीए हॉल में आयोजित हुआ।

मुख्य अतिथि डिप्टी स्पीकर राजन चिल्लाना ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और सहकारिता मंत्री अमित शाह द्वारा सहकारिता मंत्रालय की स्थापना का उद्देश्य देश में सहकारिता के मूल्यों को पुनर्जीवित करना है। उन्होंने कहा कि सहकारिता से ही रोजगार और आत्मनिर्भरता का रास्ता निकलता है।

बैंक के महाप्रबंधक जय प्रकाश सोनी ने बताया कि इस योजना से 6000 महिलाएं लाभान्वित होंगी, जो स्वरोजगार के माध्यम से आत्मनिर्भर बनेंगी। कार्यक्रम में ओमप्रकाश ढांडा (चेयरमैन), कुलदीप (प्रांत संयोजक, स्वदेशी जागरण मंच), प्रिया साहनी, सुनीता ढाका व आदिती सेंगर सहित कई गणमान्य व्यक्ति मौजूद रहे।

प्रमुख वक्ता कुलदीप ने कहा कि सहकारिता भारतीय संस्कृति का हिस्सा है और ग्रामीण अर्थव्यवस्था की रीढ़ है। वहीं प्रिया साहनी ने इसे सामाजिक न्याय का माध्यम बताया।

समापन पर अतिथियों ने महिलाओं द्वारा लगाए गए स्टॉलों का निरीक्षण किया, जिसमें उनके उत्पादों और हुनर की झलक मिली। कार्यक्रम का समापन धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

## एसडीएम ने किया कल्पना चावला पार्क का निरीक्षण

अर्थ प्रकाश/संजीव सिंगला



**टोहाना।** एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने मंगलवार को स्थानीय कल्पना चावला पार्क का औचक निरीक्षण किया और पार्क परिसर की साफ-सफाई, सुरक्षा व्यवस्था व आधारभूत संरचना का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित विभागों को निर्देश देते हुए कहा कि पार्क की नियमित सफाई व्यवस्था को प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए ताकि आमजन को एक स्वच्छ, सुरक्षित और सुंदर पर्यावरण प्रदान किया जा सके।

एसडीएम प्रतीक हुड्डा ने विभिन्न विभागों के अधिकारी एवं नगर परिषद अध्यक्ष एवं पार्षदों के साथ कल्पना चावला पार्क का निरीक्षण किया। उन्होंने सिंचाई विभाग को निर्देशित किया कि जब तक पार्क में स्थाई रूप से सफाई कर्मचारियों की तैनाती नहीं होती, तब तक सप्ताह में सोमवार को सफाई कराई जाए। इसके साथ ही उन्होंने पार्क में उगी हुई अनावश्यक घास की तत्काल कटाई करने, सभी लाइटों को चेक कर ठीक स्थिति में लाने तथा टूट-फूट की मरम्मत करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा पार्क में डायल 112 की तैनाती की जाएगी ताकि किसी भी प्रकार की असामाजिक गतिविधियों पर अंकुश लगाया जा सके और आमजन निर्भय होकर पार्क का उपयोग कर सकें। उन्होंने पार्क नजदीक की सड़क पर कूड़ा डालने वालों पर नगर परिषद को निर्देश दिए कि कूड़ा डालने वालों के विरुद्ध चालान की कार्रवाई की जाए और चालान की राशि भी नियमानुसार बढ़ाई जाए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि यदि कोई व्यक्ति सड़क या सार्वजनिक स्थल पर कूड़ा फेंकता पाया जाता है, तो उसके विरुद्ध तत्काल जुर्माना लगाया जाए। एसडीएम ने संबंधित विभाग को निर्देश दिए कि कल्पना चावला पार्क टोहाना शहर का एक महत्वपूर्ण सार्वजनिक स्थल है, जहां प्रतिदिन बड़ी संख्या में नागरिक भ्रमण, योग, सैर और पारिवारिक समय व्यतीत करने हेतु आते हैं ऐसे में पार्क की नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाए। निरीक्षण के दौरान नगर परिषद अध्यक्ष नरेश बंसल, पार्षदगण, नगरपरिषद सचिव श्री मनीष कुमार, सिंचाई विभाग के अधिकारी एवं अन्य संबंधित विभागों के प्रतिनिधि भी मौजूद रहे।

## दुनिया में अगर रक्त की कमी को पूरा करना है तो हर घर में एक रक्तदाता पैदा करना होगा: जितेंद्र

**कुरुक्षेत्र (अप्रस/अर्पण वधवा)।** 58वीं बार इमरजेंसी रक्तदान करते हुए जन सहयोग संस्था के संस्थापक जितेंद्र जीतू ने कहा कि दुनिया में अगर रक्त की कमी को पूरा करना है तो हर घर में एक रक्तदाता पैदा होना चाहिए। उन्होंने रक्तदान करते हुए बताया कि जैसे ही उन्हें पता चला कि मिशन हॉस्पिटल में दाखिल एक दिन का मरीज बच्चा पंत (अभिभावक साहिल) बी पॉजिटिव रक्त ना मिलने की वजह से जिंदगी और मौत के बीच जूझ रहा है। इस आपातकालीन स्थिति में वह स्वयं रक्तदान करने पहुंचे और इमरजेंसी में रक्तदान किया। रक्तदान करते हुए उन्होने बताया कि वह 10 बार प्लेटलेट्स देकर ऐसे ही इमरजेंसी मरीजों की जान बचा चुके हैं। रक्तदान के मामले में अभी और बहुत ज्यादा जागरूकता फैलाने की जरूरत है। इसी उद्देश्य से जन सहयोग कुरुक्षेत्र संस्था के सदस्य हर मास समय समय पर रक्तदान शिविर और जागरूकता शिविर आयोजित करते रहते है।

## नैंसी गांव में टूटा मारकंडा नदी का तटबंध, खेत जलमग्न, फसलें डूबी

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा

**कुरुक्षेत्र, 2 जुलाई।** कुरुक्षेत्र में इस्माईलाबाद के गांव नैंसी में मारकंडा नदी का तटबंध मंगलवार देर रात्रि टूट गया। तटबंध टूटते ही ग्रामीणों में भय का माहौल पैदा हो गया। हालांकि तटबंध को बंद किए जाने के लिए सिंचाई विभाग की ओर से कई टीम में भी लगाई गई है, जोकि मारकंडा नदी के तटबंध को दुरुस्त करने में जुटी हुई है। नैंसी गांव के पास टूटे तटबंध से बड़ी मात्रा में पानी निकलने लगा, जिसके चलते थांदडो, शेरगढ़, मढाढो, जंधेडी, जैतपुरा, दानीपुर, ज्योतपुर आदि गांवों के लोगों के लिए खतरा पैदा हो गया है, कई गांवों के खेतों में मारकंडा नदी का पानी पहुंच गया है। वही पिहोवा के एसडीएम कपिल कुमार ने कहा कि सिंचाई विभाग के अधिकारी तटबंध को दुरुस्त करने में लगे है। कहा कि मारकंडा नदी में ज्यादा पानी आने के कारण तटबंध टूटा है। यदि बारिश नही होती है तो जल्द ही तटबंध को दुरुस्त कर दिया जाएगा। क्षेत्रवासियों को घबराने की जरुरत नही है। उधर ग्रामीण पंजाब सिंह ने कहा कि वर्ष 2023 में भी मारकंडा नदी में बहुत अधिक पानी आया था। तब भी प्रशासन को लिखा गया था लेकिन समस्या का हल नही हुआ है। उनके घर में पानी भरा हुआ है। पशुओं का चारा गीला हो गया है। बहुत परेशानी हो रही है। ग्रामीण मायाराम ने कहा कि गांव ठसका से गांव नलवी तक खेतों में पानी बह रहा है। घरों में पानी बह रहा है। सुबह से प्रशासन के अधिकारी आ रहे है और आश्वासन देकर जा रहे है। फसलों का नुकसान हो रहा है।

## 7वें फल उत्सव में नजर आएंगी आम की बेहतरीन वैरायटी : डा. राकेश कुमार

अर्थ प्रकाश/शंकर लाल



**लाडवा, 2 जुलाई।** उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र लाडवा के उपनिदेशक डा. राकेश कुमार ने कहा कि लाडवा उप उष्णकटिबंधीय फल केंद्र में 7वें फल उत्सव में आम की बेहतरीन वैरायटी देखने को मिलेगी। इस फल केन्द्र में 7वां 3 दिवसीय फल उत्सव 4 से 6 जुलाई तक आयोजित किया जा रहा है। इस फल उत्सव का शुभारंभ 4 जुलाई को हरियाणा बागवानी विभाग के एचओडी विशेष डा. अर्जुन सिंह सैनी करेंगे और 6 जुलाई को हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा समापन समारोह में शिरकत करेंगे।

उपनिदेशक डा. राकेश कुमार ने कहा कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी लाडवा के उप उष्णकटिबंधीय फल केन्द्र में 4 से 6 जुलाई तक 7वां 3 दिवसीय फल उत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस फल उत्सव में 4 जुलाई को एचओडी विशेष डा. अर्जुन सिंह सैनी, 5 जुलाई को हरियाणा बागवानी विभाग के महानिदेशक डा. रणबीर सिंह और 6 जुलाई को हरियाणा के कृषि मंत्री श्याम सिंह राणा समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचेंगे। इस फल उत्सव की तैयारियां की जा रही है और इस फल उत्सव में किसानों को आमंत्रित किया गया है तथा किसानों के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का भी आयोजन किया जाएगा। उन्होंने कहा कि किसानों के लिए आम की 200 से अधिक किस्मों की प्रदर्शनी लगाई जाएगी। किसान उपभोक्ता सम्मेलन, वैज्ञानिक किसान संवाद, फलों के उत्पादों का प्रदर्शन, नर्सरी प्रबंधन एवं ग्राफ्टिंग तकनीक व प्रतिदिन लक्की ड्रॉ कूपन निकाले जाएंगे। उन्होंने कहा कि इस फल उत्सव में स्कूली छात्र-छात्राओं के लिए भी विभिन्न प्रकार की प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाएगा।

## व्हीलचेयर से पैरों पर लौटाई जिंदगी : आयुष विश्वविद्यालय में बिना सर्जरी के महिला को मिला नया जीवन

अर्थ प्रकाश/अरविंद मोहन शर्मा



**कुरुक्षेत्र, 2 जुलाई।** उम्मीद जहां खत्म होती है, वहीं से आयुर्वेद शुरूआत करता है। ऐसे उदाहरण श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय में देखने को मिल रहे हैं। कुरुक्षेत्र जिले के गांव गुमथला की 35 वर्षीय कविता को साल 2014 में डिलीवरी के बाद हल्का कमर दर्द शुरू हुआ,जो कुछ समय दवाइयों से ठीक हो गया। लेकिन समय के साथ दर्द बढ़ता गया और 2022 में हालत इतनी बिगड़ गई कि कविता चलने-फिरने की क्षमता खो बैठी और बिस्तर पर पड़ी कविता अब व्हीलचेयर पर निर्भर हो चुकी थी। कविता के पति गुरदेव ने पत्नी के इलाज के लिए हर संभव प्रयास किया। उन्होंने कुरुक्षेत्र, कैथल, दिल्ली, चंडीगढ़, मोहाली और पंचकुला जैसे शहरों के विशेषज्ञ डॉक्टरों से संपर्क किया। हर जगह एक ही सलाह मिली-'सर्जरी करवानी पड़ेगी'। क्योंकि कविता की रीढ़ की हड्डी से एल-4, एल-5 डिस्क बाहर की तरफ निकल गई थी और सेकेंडरी स्पाइनल कैनाल स्टैनोसिस हो गया था। सर्जरी के डर के चलते कविता के पति गुरदेव मानसिक रूप से टूट चुके थे और पत्नी को दर्द से कराहते देख गुरदेव ने आखिरकार कुरुक्षेत्र के एक निजी अस्पताल में ऑपरेशन कराने का मन भी बना लिया था। इसी बीच, एक परिचित ने उन्हें श्रीकृष्ण आयुष विश्वविद्यालय (कुरुक्षेत्र) के पंचकर्म विभाग के प्रोफेसर डॉ.राजा सिंगला का नाम सुझाया। 22 अगस्त 2024 को अंतिम उम्मीद के तौर पर गुरदेव अपनी पत्नी को व्हीलचेयर पर आयुष विश्वविद्यालय लेकर पहुंचा। यहां प्रो. राजा सिंगला और उनकी टीम ने कविता की जांच के साथ-साथ एमआरआई रिपोर्ट का गहराई से विश्लेषण किया। रिपोर्ट में स्पष्ट था कि कविता को छ4-छ5 लेवल पर डिस्क बल्ज है, जिसकी वजह से सेकेंडरी स्पाइनल कैनाल स्टेनोसिस हो गया था। इसकी वजह से रीढ की हड्डी पर दबाव बन रहा था। स्ट्रेट लेग रेजिंग (एसएलआर) टेस्ट में कविता का पैर मात्र 10 डिग्री तक ही उठ पाया।

**बिना सर्जरी, आयुर्वेद से मिला संजीवनी समाधान:** डॉ. राजा सिंगला की देखरेख में कविता को करीब एक महीने के लिए आयुष विश्वविद्यालय के आयुर्वेदिक अस्पताल में भर्ती किया गया। यहां पंचकर्म चिकित्सा, महानारायण तेल से कटी बस्ति, ग्रीवा बस्ति, निरुह बस्ति और आयुर्वेदिक औषधियों का सेवन कराया गया। उपचार के 25वें दिन से कविता में धीरे-धीरे सुधार दिखने लगा और आज 75 फीसदी तक रिकवरी के साथ कविता बिना सहारे चलने, उठने और घर के सभी काम करने में सक्षम हो चुकी है। डॉ.राजा सिंगला ने बताया कि यह केस आयुर्वेद की शक्ति का प्रमाण है। जहां लोग सर्जरी को अंतिम विकल्प मानते हैं, वहीं सही निदान,परंपरागत चिकित्सा विधियों और धैर्य से चमत्कारिक सुधार संभव है। कविता का आत्मविश्वास लौट आया है।

**यह वैद्यों के समर्पण का परिणाम: प्रो. धीमान-** आयुष विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो.वैद्य करतार सिंह धीमान ने बताया कि यह केस आयुर्वेद की जीवंत प्रभावशीलता और वैज्ञानिकता का प्रमाण है। जब आधुनिक चिकित्सा पद्धतियां सर्जरी को अंतिम विकल्प मान रही थी,तब आयुर्वेद ने बिना चीर-फाड़ के न सिर्फ रोग को नियंत्रित किया, बल्कि रोगी को पुनः सामान्य जीवन में लौटाया। यह श्री कृष्ण आयुष विश्वविद्यालय के चिकित्सकों की विशेषज्ञता और समर्पण का परिणाम है।

हिमाचल के कुल्लू जिले में चमत्कारी मंदिर

# हर 12 साल में गिरती है बिजली अचानक से किया गया बंद

हिमाचल प्रदेश के कुल्लू जिले में बिजली महादेव मंदिर स्थित है। जिसको अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। बताया जा रहा है कि मंदिर समिति ने काशवरी गांव में स्थित मंदिर को बंद करने की सूचना के लिए जगह-जगह पोस्टर लगाए हैं। लेकिन अफवाह है कि पिछले दिनों मंदिर में बिजली गिरी थी, जिसके कारण मंदिर को काफी नुकसान पहुंचा है। इसलिए मंदिर कार्यों को बंद कर दिया गया है। लेकिन अब मंदिर समिति ने इन सभी अटकलों पर विराम लगा दिया है।

हालांकि मंदिर समिति ने बिजली महादेव मंदिर पर बिजली गिरने का खंडन किया है। वहीं मंदिर को अनिश्चितकाल के लिए बंद कर दिया गया है। यहां के स्थानीय लोगों को भी इस बारे में कोई जानकारी नहीं है कि मंदिर क्यों बंद किया गया है। बताया जा रहा है कि गुप्त कारज होने के कारण मंदिर को बंद किया गया है। इस अवधि में स्थानीय लोगों को भी मंदिर जाने की अनुमति नहीं होती है।



**बिजली गिरने की है मान्यता:** माना जाता है कि देवता के आदेश पर ही मंदिर के गुप्त कार्य होते हैं। मंदिर कब तक बंद रहेगा, इस बारे में किसी को जानकारी नहीं है। इस मंदिर में सिर्फ पुजारी और पुरोहित रहते हैं। मंदिर को लेकर धार्मिक मान्यता है कि हर 12 साल में बिजली महादेव मंदिर में आकाशीय बिजली गिरती है और मंदिर का शिवलिंग खंडित हो जाता है। बिजली खंडित होने के बाद सत्तू और मक्खन आदि से शिवलिंग को जोड़ा जाता है। वहीं स्थानीय लोगों की मानें, तो यहां पर बिजली भगवान शिव के आशीर्वाद से गिरती है और इलाके में व्याप्त सभी बुराइयां दूर होती है। भोलेनाथ की आज्ञा से ही इंद्रदेव शिवलिंग का इस तरह अभिषेक करते हैं।

**कथा:** बिजली महादेव मंदिर को लेकर एक कथा प्रचलित है कि प्राचीन काल में कुलांत नामक राक्षस ने ब्यास नदी का प्रवाह रोकने के लिए कुल्लू घाटी को डुबाने की कोशिश की। कुलांत नामक राक्षस ने खतरनाक सांप का रूप धारण कर घाटी को तबाह करने की योजना बनाई थी। तब भगवान शिव ने राक्षस से कहा कि तुम्हारी पूंछ में आग लग गई थी। जैसे ही कुलांत ने पीछे मुड़कर देखा तो भगवान शिव ने अपने त्रिशूल से उसका वध कर दिया। जिससे कुलांत राक्षस का शरीर विशाल पर्वत में बदल गया। जिसको आज के समय में कुल्लू की पहाड़ी माना जात है। महादेव ने इंद्रदेव से कहा कि इस स्थान पर हर 12 साल में बिजली गिराएं, जिससे कि क्षेत्र की रक्षा हो सके।

# अहंकार ही कठोर व्यवहार करने के लिए करता है विवश: मुनिश्री विनय कुमार जी

**चंडीगढ़।** अहंकार ही कठोर व्यवहार करने के लिए विवश करता है। बड़ों की आज्ञा के अनुसार चलने वाला व्यक्ति सभी का प्रियपात्र बन जाता है। कठोर सोचना, बोलना और करना दूसरों के लिए दुखद और पीड़ादायक है। नम्रता में लचीलापन, झुकने की शक्ति और जीतने की कला है। नम्रता मन, वाणी और शरीर तीनों योगों में होनी चाहिए। जब आप दूसरों से नम्रता से पेश आओगे तो सामनेवाला भी उसी तरह आपके साथ व्यवहार करेगा व सम्मान करेगा। नम्रता व कोमलता धार्मिक व्यक्ति का चौथा लक्षण है। नम्र व्यक्ति में अभिमान की बुराई नहीं होती। अहंकारी दूसरे के सत्य को स्वीकार नहीं करता। अगर हम विनम्र होंगे तो दूसरों के साथ भी हमारा रिश्ता अच्छा होगा। मिसाल के तौर पर, जो माता-पिता धन-दौलत के पीछे न भागते हुए गुजर-बसर की चीज़ों में ही खुश रहकर आध्यात्मिक बातों को पहला स्थान देते हैं, उनके बच्चे भी ज़रूर उन्हीं की मिसाल पर चलेंगे। ऐसे बच्चों को उनकी हर मनपसंद चीज़ चाहे न मिले तो भी वे शिकायत नहीं करेंगे बल्कि जो उनके पास है उसी से वे खुश रहेंगे। इस तरह वे भी विनम्रता से जीना सीखेंगे और परिवार में



एक-दूसरे के बीच अच्छा संबंध होगा। विनम्र लोगों को मन की शांति मिलती है। ये शब्द मनीषीसंतमुनिश्रीविनयकुमारजीआलोक ने अणुव्रत भवन सैक्टर-24 के तुलसीसभागार मे कहे। मनीषीश्रीसंत ने आगे कहा उन्होंने कहा कि नम्र व्यक्ति दूसरों के हृदय में अपना स्थान बनाता है। नम्र तथा विनीत बनना साधनामय जीवन की प्राथमिक आवश्यकता है। नम्र व्यक्ति बड़ों और गुरुजनों का सम्मान करता है और उनसे सब कुछ प्राप्त कर लेता है। नम्रता से पत्थर को भी पिंघला कर मोम बनाया जा सकता है। नम्रता देवत्व के समान है। लोक-जीवन की सारी उपलब्धियां नम्रता से ही मिलती हैं। कठोर वचन बोलने वाला व्यक्ति किसी को भी प्यारा नहीं लगता।

मनीषीश्रीसंत ने अंत मे फरमाया विनम्रता से पेश आनेवाला इंसान कभी महत्वाकांक्षी नहीं होता। लेकिन इसका मतलब यह नहीं कि उसकी जिंदगी में कोई लक्ष्य नहीं होते। मिसाल के तौर पर, अगर वह परमेश्वर की सेवा में ज़्यादा जिम्मेदारी पाना चाहता है तो इसके लिए वह परमेश्वर द्वारा ठहराए गए वक्त का इंतज़ार करेगा और जब उसे कोई मसीही जिम्मेदारी मिले तो वह यहोवा का बहुत शुक्रगुज़ार होगा। वह यह नहीं समझेगा कि उसने सब कुछ अपने-आप हासिल कर लिया है। इसलिए 'शान्ति के सोते' यानी यहोवा के साथ उसका रिश्ता और भी मज़बूत होगा।

### आचार्य भिक्षु जी का 300वें जन्मोत्सव 8 को

आचार्यश्री महाश्रमण जी की आज्ञानुवर्ती मनीषी संत मुनिश्री विनय कुमार जी आलोक के सानिध्य में आचार्य भिक्षु जी के 300वें जन्मोत्सव का विशाल कार्यक्रम सैक्टर-24सी अणुव्रत ग्राउंड मे 8 जुलाई दिन मंगलवार सुबह 10.30 बजे होगा। आचार्य भिक्षु जी के 300वें जन्मोत्सव को लेकर ट्राईसिटी में एक अलग ही खुशी का माहौल है वही तैयारियों मे जुटे कार्यकर्ताओं मे जोश व उत्साह देखते ही बन रहा है। कार्यक्रम की तैयारियां लगभग अंतिम पडाव है।

## शिर्डी साईं मंदिर पिंजौर में 10 को गुरु पूर्णिमा महोत्सव, भजन संध्या व भंडारे का आयोजन

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पिंजौर/कालका। शिर्डी साईं मंदिर, वाली गली, शिव कॉलोनी पिंजौर में इस वर्ष भी गुरु पूर्णिमा उत्सव पूरे श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के संचालक साईं भक्त महेश रमोला जी ने बताया कि हर वर्ष की तरह इस बार भी वीरवार, 10 जुलाई को गुरु पूर्णिमा पर्व पर भव्य कार्यक्रम आयोजित किया जाएगा। कार्यक्रम की शुरुआत सुबह 4:30 बजे मंगल स्नान से होगी, इसके पश्चात 5:30 बजे काकड़ आरती का आयोजन किया जाएगा। दोपहर 12 बजे से दुर्गा भजन मंडली, पिंजौर द्वारा साईं बाबा के चरणों में भजन संध्या प्रस्तुत की जाएगी और इसके उपरांत दोपहर 1 बजे से विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा जो प्रभु इच्छा तक चलेगा। मंदिर समिति ने सभी श्रद्धालुओं से अनुरोध किया है कि वे अधिक से अधिक संख्या में इस पावन अवसर पर उपस्थित होकर पुण्य लाभ अर्जित करें और गुरु पूर्णिमा के इस अवसर को साईं भक्ति में लीन होकर मनाएं।



इस दिन का उद्देश्य गुरु के प्रति अपनी कृतज्ञता और श्रद्धा को प्रकट करना होता है। गुरु केवल शिक्षा देने वाले ही नहीं, बल्कि जीवन में अज्ञान के अंधकार से बाहर निकालकर आत्मज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाने वाले मार्गदर्शक होते हैं। यही वह दिन होता है जब शिष्य अपने जीवन की सफलता और मार्गदर्शन के लिए अपने गुरुओं के प्रति आभार व्यक्त करते हैं। गुरु पूर्णिमा पर आयोजित इस विशेष आयोजन में साईं भक्तों से पिंजौर और आसपास के क्षेत्र से बड़ी संख्या में भाग लेने की अपेक्षा है।

## संत अपना संतों वाला स्वभाव नहीं छोड़ते

देखने वाले को तो नज़र आ रहा है चारों तरफ आग लगी हुई है। देश में लगी हुई है, विदेशों में लगी हुई है। चारों ओर वैर, ईर्ष्या की भावनाएं कार्य करती हैं, लेकिन गुरमुख महापुरुष जहां बीच में आ जाता है, वहीं पर शीतलता हो जाती है। आगे इस अग्नि को बढ़ने के लिए कोई रास्ता ही नहीं मिलता। शायद इसलिए संसार के लोग महापुरुषों को अपने रास्ते की रुकावट मानते हैं। वो मानते हैं कि ये प्रेम की, मानवता की बातें करते हैं, ये भाई-भाई को अपनाने की बात करते हैं, लेकिन हमने जाति का सहारा लेकर जो सत्ता हथियानी है, हमें वोट या कुर्सी हासिल कर लेनी है, तो अब यह कैसे होगा? हमने गाँव की प्रधानगी तो जाति के सहारे पर लेनी है या धर्म के नाम लेनी है। ये तो हरेक को समान दृष्टि से देखते हैं, हर एक को यही बताते हैं कि सारे मानव प्रभु के बन्दे हैं, ये तो हमारे रास्ते में रुकावट हैं। इसलिए संसार में महापुरुषों के साथ वैर, ईर्ष्या, नफ़रत होती रही है, लेकिन सन्त फिर भी अपना स्वभाव नहीं छोड़ते हैं। जिस तरह भले ही सांप लिपटा हो, चन्दन का पेड़ अपनी महक देता ही रहता है।इसी तरह से कोई गंगा के किनारे खड़ा हो और बड़े गुस्से और जोर-जोर से



सद्गुरु माता सुदीक्षा जी महाराज

बड़े-बड़े पत्थर उस गंगा की तरफ, पानी की तरफ फेंकने शुरु कर दे तो जो पानी में पत्थर फेंक रहा है, गंगा का जल क्या उसके लिए नहीं है? वो फिर भी जल दिए जा रही है। हर एक की प्यासर, हर एक की मैल फिर भी मिटती जा रही है। सन्तों का जीवन भी ऐसा ही होता है।

कहने का भाव, गुरुमुख महापुरुष-सन्तों के पास शीतलता होती है। सन्त अपना सन्तों वाला स्वभाव नहीं छोड़ते, चाहे करोड़ों असन्त क्यों न मिल जाएं। क्योंकि ऐसे स्वभावसे ही शान्ति प्राप्त होती है, ऐसे गुणों से ही मन में चैन रहता है, ऐसे गुणों से संसार के जो पापी हैं, उनका भी पार उतारा हो सकता है, उनकाभी उद्धार हो सकता है।

आप महापुरुष धन्य है, जिन्होंने इस मालिक, इस निरंकार के साथ नाता जोड़ा है।

तभी तो ऐसे गुणों का जीवन में प्रवेश हुआ है। जब तक परमात्मा के साथ नाता नहीं जुड़ा।ा, तब तक हम अपने मनों को खोज लें कि क्या जब से हमने इस प्रभु की प्राप्ति की, गुरुमुख महापुरुषों संगति हुई, तब के और पहले के जीवन में अन्तर नहीं आया है? क्या हमें कोई फर्क मालुम नहीं पड़ा? पहले हमारी दृष्टि कितनी तंग हुआ करती थी और हम किस तरह संकीर्ण दायरों से बंधे हुए थे। आज वे दायरे टूट चुके हैं, आज हम हर एक का भला चाहते हैं। हरएक का भला करते हैं। गुरुमुख-महापुरुषों के साथ नाता जोड़कर इस ईश्वर निरंकार की प्राप्ति करके, निरन्तर दास बन के ही जीवन में तबदीली आ जाया करती है।

महापुरुष खण्डन-मण्डन और वाद-विवाद से बच कर रहते हैं। वे तर्क यादलील भी दूसरे महापुरुषों के सामने अक्सर नहीं देते। जैसे एक इन्सान बैठा हुआ सफर कर रहा था। उसके मुंह में सिगरेट लगा हुआ था। ऊपर धूम्रपान न कीजिए का साईन बोर्ड लगा हुआ था। अटेन्डेन्ट ने आकर कह दिया, भाई साहब, आप पढ़ नहीं सकत? यहां पर 'नो स्मोकिंग' का साईन बोर्ड लगा है। आपको तो उसे देखकर रुकना चाहिए।

## पंचांग

बृहस्पतिवार, 3 जुलाई, 2025, सूर्योदयः 05:28 ए एम, सूर्यास्तः 07:23 पी एम, चन्द्रोदयः 12:54 पी एम, चन्द्रास्तः 12:28 ए एम, जुलाई 04, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, विक्रम सम्वतः 2082 कालयुक्त, गुजराती सम्वतः 2081 नल, अमान्त महीनाः आषाढ़, पूर्णिमान्त महीनाः आषाढ़, वारः गुरुवार, पक्षः शुक्ल पक्ष, तिथिः अष्टमी - 02:06 पी एम तक, नक्षत्रः हस्त - 01:50 पी एम तक, योगः परिघ - 06:36 पी एम तक, करणः बव - 02:06 पी एम तक, द्वितीय करणः बालव - 03:17 ए एम, जुलाई 04 तक, सूर्य राशिः मिथुन, चन्द्र राशिः कन्या - 03:19 ए एम, जुलाई 04 तक, राहुकालः 02:10 पी एम से 03:54 पी एम, गुलिक कालः 08:57 ए एम से 10:41 ए एम, यमगण्डः 05:28 ए एम से 07:12 ए एम, अभिजित मुहूर्तः 11:58 ए एम से 12:53 पी एम, दुर्मुहूर्तः 10:06 ए एम से 11:02 ए एम, दुर्मुहूर्तः 03:40 पी एम से 04:36 पी एम, अमृत कालः 07:09 ए एम से 08:56 ए एम, वर्ज्यः 10:50 पी एम से 12:38 ए एम, जुलाई 04

## भविष्य फल



**मेष:** बहुत ज्यादा मानसिक दबाव और थकान परेशानी की वजह बन सकता है। सेहत को ठीक बनाए रखने के लिए पर्याप्त आराम करें।

**वृष:** आज के दिन आप जो भी काम शुरू करेंगे उसमें सफल जरुर होंगे। पुराने दोस्तों के साथ कहीं घूमने जाने का अवसर भी आपको मिलेगा।

**मिथुन:** बोलते समय और वित्तीय लेन-देन करते समय सावधानी बरतने की जरूरत है। आपका प्रिय दिन भर आपको याद करने में समय बिताएगा।

**कर्क:** आज किसी बड़ी बिजनेस डील को बहुत सोच समझकर करने की जरुरत है। किसी अनुभवी व्यक्ति या फिर विश्वास पात्र की राय लेने के बाद ही कदम आगे बढ़ाएं।

**सिंह:** आप किसी पुरानी बीमारी में काफी आराम महसूस करेंगे। लम्बे समय से अटके मुआवजे और कर्ज आदि आखिरकार आपको मिल जाएंगे।

**कन्या:** कोई पुरानी बिजनेस डील आपको अचानक से लाभ दिलाएगी, जिससे आपका मन प्रसन्न रहेगा। आज समाज में आपकी प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

**तुला:** आज अगर आप दूसरों की बात मानकर निवेश करेंगे, तो आर्थिक नुकसान तकरीबन पक्का है। कोई चिट्ठी या ई-मेल पूरे परिवार के लिए अच्छी खबर लाएगी।

**वृश्चिक:** आज आप नई उर्जा से भरे रहेंगे। काम की दृष्टि से आज व्यस्तता ज्यादा रहेगी, लेकिन सारे काम शाम तक आसानी से निपट जायेंगे।

**धनु:** भविष्य को लेकर बेकार में चिंता करते रहना आपको बेचैन कर सकता है। आपको समझना चाहिए कि असली खुशी वर्तमान का पूरा मजा लेने से आती है, न कि भविष्य पर निर्भर रहने से।

**मकर:** आज आपको उचित समय की पहचान करनी होगी। आज का दिन सटीक योजनाएं बनाने का है।

**कुंभ:** आज का दिन मौज-मस्ती और आनन्द से भरा रहेगा- क्योंकि आप जिन्दगी को पूरी तरह जिएंगे। अनुमान नुकसानदेह साबित हो सकता है।

**मीन:** मित्रों और स्नेही स्वजनों के साथ रिश्ते पहले से बेहतर बनेंगे। आज पिता और बड़े भाई के सहयोग से आप कोई नया व्यापार शुरू कर सकतेहैं, जिसमें आपको सफलता मिलेगी।

## सिमरन आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर ने सविता भट्टी को अपना ब्रांड एंबेसडर बनाया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** सिमरन आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर, जो बांझपन के इलाज के लिए एक आधुनिक केंद्र है, ने प्रसिध अभिनेत्री और सामाजिक अधिवक्ता सुश्री सविता भट्टी को अपना ब्रांड एंबेसडर नियुक्त करने की घोषणा की है। इस अवसर पर सिमरन आईवीएफ एंड फर्टिलिटी सेंटर की संस्थापक और क्लिनिकल डायरेक्टर डॉ. गुरसिमरन धालीवाल और सीजीओ सुश्री आस्था भाटिया ने बताया कि सुश्री भट्टी प्रजनन स्वास्थ्य के बारे में जागरूकता बढ़ाने और बांझपन की समस्या से जूझ रहे जोड़ों के लिए उन्नत चिकित्सा, व्यक्तिगत और विशेष देखभाल को बढ़ावा देने के केंद्र के मिशन का समर्थन करेंगी।

गंदे पानी की निकासी पर उपायुक्त सख्त

# एसटीपी से शुद्ध जल ही जाए ड्रेनों में, दोषियों पर होगी कार्रवाई

पशुओं के गोबर को सीवरेज में डालने वाले डेयरी संचालकों पर करें कार्रवाई

अर्थ प्रकाश/आदेश त्यागी

सोनीपत। उपायुक्त सुशील सारवान ने एचएसएसआईडीसी, शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को सख्त निर्देश दिए कि औद्योगिक क्षेत्रों व शहर के सीवरेज के गंदे पानी को एसटीपी के माध्यम से साफ कर शुद्ध पानी को ही ड्रेनों में परवाह करें अन्यथा संबंधित के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि अगर गंदे पानी को सीधा ड्रेनों में डाला जाएगा तो इससे जल प्रदूषण होता है जो मानव जाति के लिए बहुत ही हानिकारक है।

उपायुक्त सुशील सारवान ने बुधवार को लघु सचिवालय में एसएसएसआईआईडी व शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों के साथ बैठक कर उन्हें दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि कई बार लोगों की शिकायत आती है कि कई कंपनियां अपने गंदे पानी को सीधे जमीन के अंदर छोड़ रही या जमीन



के ऊपर बाहर खुल में छोड रही है, जिससे लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने निर्देश दिए कि लोगों की इन शिकायतों पर तुरंत कार्रवाई करते हुए समय-समय पर औद्योगिक इकाईयों में लगे एसटीपी की जांच करें कि वहां एसटीपी लगाया गया है या नहीं और वह सही प्रकार से कार्य कर रहा है या नहीं। अगर किसी औद्योगिक इकाई में किसी प्रकार की खामियां पाई जाती है तो उनके खिलाफ कार्रवाई करें। उन्होंने शहरी स्थानीय निकाय के अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीवरेज में गोबर डालने वाले डेयरी संचालकों के खिलाफ नोटिस जारी कर कार्रवाई करना सुनिश्चित करें, क्योंकि सीवरेज में गोबर डालने से ही सीवरेज ब्लॉक होने का खतरा बना रहता है। उन्होंने कहा कि शहर से गुजरने वाली ड्रेनों की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान रखा जाए और नगरपालिकाएं ड्रेनों में कूड़ कचरा डालने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करना सुनिश्चित करें। इस मौके पर नगर निगम आयुक्त हर्षित कुमार, मुख्य न्यायिक दण्डाधिकारी प्रचेता सिंह, एसीपी राहुल देव, डीडीपीओ जितेन्द्र कुमार सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

## रास और रवि ने एक भावनाओं भरा गीत 'फॉरएवर माइन' रिलीज़ किया

**हिसार।** मशहूर पंजाबी म्यूजिक प्रोड्यूसर रास और उभरते हुए आर्टिस्ट रवि ने मिलकर अपना नया गाना फॉरएवर माइन लॉन्च किया है। यह एक भावनाओं भरा गीत है जो सच्चे प्यार की गहराई को दिखाता है। फॉरएवर माइन एक ऐसा सफर है जिसमें टिमटिमाते तारों वाला आसमान है, शांत बातचीत है और ऐसा खास रिश्ता होता है, जो साधारण पलों को भी जादुई बना देता है। इस गाने में संभावनाएं बसी हैं और उनकी धुनें भी बहुत प्यारी और सपनों जैसी हैं। यह प्यार को एक शांत और कोमल वादा मानता है, जो समय के साथ और भी मजबूत होता जाता है। प्रेम ढिल्लों, एकम सुधार और सरदार खेहरा के लिए हिट गाने बनाने वाले रास अब अपने नए गाने फॉरएवर माइन के साथ एक नए और खास सफर की शुरुआत कर रहे हैं, जहां वो पहली बार अपने खुद के म्यूजिक के जरिए सामने आ रहे हैं। वहीं रवि के लिए यह गाना उनका एक और अहम कदम है, जिसमें वह एक ऐसे म्यूजिक कंपोजर और लिरिसिस्ट बनकर उभर रहे हैं, जो दिल से धुनें बनाते हैं और ऐसे बोल लिखते हैं, जो गाना खत्म होने के बाद भी हमेशा के लिए याद रह जाएं। रास और रवि दोनों का जन्म और पालन-पोषण पंजाब में हुआ, जहां से उनके संगीत की शुरुआत हुई। अब ये दोनों कलाकार कैनेडा में रहते हैं।

## अमेजन फ्रेश पर क्यूरेटेड मिलेट स्टोर के साथ अपने खाने को पावर अप करें और स्वस्थ जीवनशैली को अपनाएं

चंडीगढ़। भारतीय रसोई में मिलेट्स अब रोज़मर्रा के भोजन को नए रूप में परिभाषित कर रहे हैं, चाहे वो नाश्ते के बाउल हों या रात के खाने की थाली में। प्रोटीन, फाइबर और प्राकृतिक प्रीबायोटिक्स से भरपूर ये पावर ग्रेन्स और सुपरफूड्स न सिर्फ पाचन को बेहतर बनाते हैं, बल्कि आपको लंबे समय तक पेट भरा हुआ महसूस कराते हैं, जिससे ये वजन नियंत्रित करने वालों की पहली पसंद बनते जा रहे हैं। अमेजन फ्रेश के खास मिलेट स्टोरफ्रंट के साथ अब स्वच्छ, ग्लूटन-फ्री और बिना मैदा वाले विकल्पों को अपनी दिनचर्या में शामिल करना पहले से कहीं आसान हो गया है। और इसका मतलब यह नहीं कि खाना बोरिंग हो गया है, चाहे आप दिन की शुरुआत कर रहे हों हाई-प्रोटीन बनाना पैनकेक मिक्स से, या जल्दी में मिलेट नूडल्स का लंच बना रहे हों, या फिर चावल की जगह फॉक्सटेल और बार्नयार्ड मिलेट जैसे अनपॉलिश्ड विकल्प अपना रहे हों, इस स्टोर में आपको मिलते हैं आसानी से पकने वाले मिक्सेज़, नेचुरल आटा और फाइबर-युक्त अनाज, वो भी स्लॉटेड डिलीवरी और बेहतरीन कीमतों के साथ। स्वस्थ और स्वच्छ भोजन अब न सिर्फ आसान और सुलभ है, बल्कि स्वाद से भरपूर भी।द बेटर फ्लोर ज़ीरो मैदा बनाना पैनकेक मिक्स- चने और केले से बना यह ग्लूटन-फ्री मिक्स 100 प्रतिशत प्लांट-बेस्ड प्रोटीन से भरपूर है,

## ओप्पो ने लॉन्च किया के13एक्स 5जी

चंडीगढ़। ओप्पो इंडिया ने अपने सेगमेंट में सबसे मज़बूत 5जी स्मार्टफोन ओप्पो के13एक्स 5जी पेश किया है। यह बिना किसी समझौते के ड्यूरेबिलिटी और ऑल-राउंड फंक्शनैलिटी पसंद करने वाले युवा विद्यार्थियों और प्रोफेशनल्स के लिए बनाया गया है। ओप्पो इंडिया के हेड, प्रोडक्ट कम्युनिकेशंस, सैवियो डिसूज़ा ने कहा, के13एक्स 5जी एसजीएस मजबूती के लिए गोल्ड ड्रॉप सर्टिफिकेशन और एमआईएल - एसटीडी 810एच मिलिट्री-ग्रेड मानकों के साथ आता है। इसलिए यह अपने सेगमेंट में सबसे अधिक मजबूत डिवाइस है। इसमें 360 डिग्री डैमेज-प्रूफ आर्मर बॉडी है, जो एयरोस्पेस-ग्रेड एएम04 एल्युमिनियम एलॉय से बनी है। क्रिस्टल शील्ड ग्लास और गहरे समुद्री स्पंज से प्रेरित बायोमिमेटिक स्पंज शॉक एब्जॉर्पशन सिस्टम इसकी मजबूती को बढ़ा देते हैं। आईपी65 वॉटर और डस्ट रेजिस्टेंस के साथ, ओप्पो के13एक्स 5जी ड्यूरेबिलिटी का नया मानक स्थापित करता है, तथा स्टाइल या उपयोग से समझौता किए बिना बेजोड़ मजबूती प्रदान करता है। ओप्पो के13एक्स 5जी के 4जीबी+128जीबी वैरिएंट का मूल्य 11,999 रुपए, 6जीबी+128जीबी वैरिएंट का मूल्य 12,999 रुपए और 8जीबी+128 जीबी वैरिएंट का मूल्य 14,999 रुपए है। ये सभी वैरिएंट 27 जून 2025 से ओप्पो ई-स्टोर और फ्लिपकार्ट पर दोपहर 12 बजे से मिलना शुरू होंगे।

## एमेजॉन ने प्राइम डे 2025 से पहले पांच नए फुलफिलमेंट सेंटर्स शुरू किए

चंडीगढ़। प्राइम डे 2025 जुलाई में शुरू होने वाला है, और उससे पहले एमेजॉन ने भारत में अपने मजबूत ऑपरेशन नेटवर्क को और बढ़ाने के लिए पाँच नए फुलफिलमेंट सेंटर्स की शुरुआत की है। पहली बार इंदौर, भुवनेश्वर, कोच्चि, और राजपुरा में एमेजॉन के फुलफिलमेंट सेंटर्स शुरू किए गए हैं। अभिनव सिंह, वाइस प्रेसिडेंट एमेजॉन इंडिया और ऑस्ट्रेलिया ऑपरेशन्स , का कहना है कि, ये नए सेंटर्स लॉजिस्टिक्स क्षेत्र की प्रमुख कंपनियों द्वारा संचालित और प्रबंधित किए जाएंगे, जिससे देशभर के ग्राहकों को उनकी डिलीवरी पहले से कहीं ज्यादा तेज़ी से मिलेगी।इस विस्तार से सेलर्स को ग्राहकों तक सामान जल्दी पहुँचाने में मदद मिलेगी, क्योंकि अब प्रोडक्ट्स ग्राहकों के और करीब स्टोर किए जा सकेंगे। इसके साथ ही, यह हजारों नई नौकरियों के अवसर भी देगा, जिससे स्थानीय लोगों को आर्थिक फायदा मिलेगा। ये नौकरियां एमे?ॉन के ऑपरेशन्स नेटवर्क में होंगी, जिनमें फुल-टाइम और पार्ट-टाइम दोनों तरह के विकल्प शामिल हैं। सभी पाँच फुलफिलमेंट सेंटर्स प्राइम डे से पहले चालू किए जा चुके हैं। इनकी कुल भंडारण क्षमता 1.8 मिलियन क्यूबिक फीट है, जो लगभग 10 क्रिकेट ग्राउंड के बराबर है।

# दिल्ली-देहरादून एलिवेटेड रोड शुरू हो जाने पर राज्य में भारी संख्या में पर्यटकों की आने संभावना: मुख्यमंत्री धामी

पर्यटकों की बढ़ती संख्या को देखते हुए फ्लोटिंग पापुलेशन हेतु सुविधाओं की व्यवस्था के लिए नीति आयोग से विशेष ग्रांट का आग्रह

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

**देहरादून।** सीएम धामी ने कहा कि जल्द ही दिल्ली देहरादून एलिवेटेड रोड शुरू हो जाने पर राज्य में भारी संख्या में पर्यटकों की आने संभावना को देखते हुए राज्य सरकार नियोजन की चुनौती पर अभी से पूरी सक्रियता से कार्य कर रही है। उन्होंने कहा कि शहर की ट्रैफिक समस्या और भविष्य की जरूरत को देखते हुए 26 किमी रिस्पना- बिंदाल एलिवेटेड रोड के लिए केंद्र से अनुरोध किया गया हैद्य सीएम ने बताया कि पर्यटकों की ब?ती संख्या को देखते हुए फ्लोटिंग पापुलेशन हेतु सुविधाओं की व्यवस्था के लिए नीति आयोग से विशेष ग्रांट का आग्रह किया गया हैद्य मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य हर क्षेत्र में उत्कृष्टता की ओर बढ़ रहा है। हम एसडीजी इंडेक्स में पहले स्थान पर रहेद्य जीईपी लागू करने वाले सबसे पहले राज्य बने। यूसीसी लागू करने वाले भी सबसे पहले साहसी राज्य बनेद्य हम अपनी 6500 एकड़ से अधिक भूमि अतिक्रमण से मुक्त करवा चुके हैं। राज्य में निरंतर विकास के नवाचार अपनाए जा रहे हैं। मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने मुख्यमंत्री आवास में फोटोग्राफर श्री भूमेश भारती की कॉफी टेबल बुक एरियल विस्टा ऑफ उत्तराखंड का विमोचन किया।

कार्यक्रम में उपस्थित छायाचित्रकारों, कला एवं प्रकृति प्रेमियों सहित उपस्थित सभी महानुभावों का स्वागत एवं अभिनंदन करते हुए मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि भूमेश भारती जी ने 15 वर्षों की अथक साधना, समर्पण और संवेदनशील दृष्टिकोण के साथ उत्तराखंड की प्रकृति और संस्कृति को इस अद्वितीय फोटोग्राफी संकलन द्वारा साकार रूप दिया है। भूमेश जी केवल एक फोटोग्राफर नहीं हैं बल्कि वे एक ऐसे कलाकार हैं, जो प्रकृति के सौंदर्य




को आत्मा की गहराई से अनुभव करके अपने कैमरे के माध्यम से दुनिया के समक्ष प्रस्तुत करते हैं। मुझे पूर्ण विश्वास है कि यह कॉफी टेबल बुक जो भी देखेगा, वो न केवल उत्तराखंड की नैसर्गिक सुंदरता से अभिभूत होगा, बल्कि उसे देखने के लिए उत्तराखंड की ओर खींचा चला आएगा।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी देवभूमि उत्तराखंड प्राकृतिक सौंदर्य, सांस्कृतिक विरासत और आध्यात्मिक ऊर्जा का अद्भुत संगम है। प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में हमारी सरकार राज्य में पर्यटन को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर प्रयासरत है। इसी क्रम में हमने डेस्टिनेशन उत्तराखंड÷ को वैश्विक पर्यटन मानचित्र पर स्थापित करने के उद्देश्य से ÷नई पर्यटन नीति के अंतर्गत निवेशकों को आकर्षित करने हेतु अनुकूल वातावरण तैयार करने में सफलता प्राप्त की है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारी सरकार राज्य में धार्मिक, साहसिक, ईको-टूरिज्म, वेलनेस टूरिज्म, एग्रो टूरिज्म और फिल्म पर्यटन जैसे विभिन्न क्षेत्रों को विकसित करने की दिशा में निरंतर प्रयासरत है। आज जहां एक ओर केदारखंड की भांति मानसखंड कॉरिडोर को भव्य रूप में विकसित किया जा रहा है। वहीं ऋषिकेश और हरिद्वार को योग और आध्यात्मिक केंद्रों के रूप में वैश्विक स्तर पर प्रमोट करने के उद्देश्य से योजनाबद्ध रूप से कार्य भी किया जा रहा है। इस वर्ष से हमने शीतकालीन यात्रा भी प्रारंभ की है जिसको प्रोत्साहित करने के लिए स्वयं आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी पिछले दिनों हर्षिल- मुखबा के दौरे पर आए थे। हम राज्य में साहसिक पर्यटन जैसे ट्रेकिंग, रिवर राफ्टिंग, पैराग्लाइडिंग, स्कीइंग और माउंटेनियरिंग को बढ़ावा देने के लिए भी निरंतर प्रयासरत है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि हमने राज्य में फिल्म शूटिंग को आसान बनाने के लिए सिंगल विंडो क्लियरेंस सिस्टम भी प्रारंभ किया है। साथ ही हम उत्तराखंड में शूटिंग करने पर फिल्म निर्माताओं को विशेष सब्सिडी और अन्य सुविधाएं भी प्रदान कर रहे हैं।

# प्रशासनिक सेवा में दूसरों के लिए सोचने और कार्य करने का मिलता है अवसर: मुख्य सचिव

अर्थ प्रकाश/विजय कुमार निगम

लखनऊ। मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह से आज वर्ष 2022 के 07 और वर्ष 2023 बैच के 38 कुल 45 प्रांतीय सिविल सेवा (पीसीएस) प्रशिक्षु अधिकारियों ने भेंट की। अपने संबोधन में उन्होंने अधिकारियों का उत्तर प्रदेश प्रशासनिक परिवार में हार्दिक स्वागत किया और उन्हें शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रशासनिक सेवा दूसरों के लिए सोचने और कार्य करने का अवसर प्रदान करती है। सरकार अधिकारियों को आत्म-मूल्यांकन और विवेकपूर्ण निर्णय लेने की स्वतंत्रता देती है। इस सेवा में चुनौतियों के साथ व्यापक अनुभव प्राप्त करने का मौका भी मिलता है। उन्होंने अधिकारियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि यह सेवा दूसरों का मार्गदर्शन और प्रेरणा देने के लिए है। स्वयं का मनोबल ऊंचा रखते हुए जनता के लिए अधिकतम कार्य करें, इससे आपकी टीम भी नई ऊर्जा के साथ कार्य करेगी। दूसरों की सेवा से आत्म-संतुष्टि और उपलब्धि की अनुभूति होती है, जो अन्य किसी सेवा में नहीं मिलती है। उन्होंने प्रशिक्षु अधिकारियों से जनता से संवाद स्थापित कर उनकी समस्याओं का त्वरित समाधान करने और नवीनतम तकनीक से स्वयं को अपडेट रखने का आह्वान किया। उन्होंने कहा कि राजस्व प्रशासन सबसे बुनियादी और महत्वपूर्ण सेवा है, जिसमें अधिकारियों का सीधा जुड़ाव जनता और उनकी समस्याओं से होता है। जमीन से जुड़ी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए कार्य करना होगा। समस्याओं के समाधान के लिए ज्यादा पढ़ना होगा और निर्णय लेने की क्षमता विकसित करनी होगी। उन्होंने सुझाव दिया कि प्रतिदिन कम से कम एक या दो लोगों की समस्याओं का जड़ से समाधान करने का प्रयास करें।

उन्होंने बताया कि सरकार का मुख्य ध्यान रोजगार और निवेश पर है। अधिकारियों को अपने क्षेत्र में उद्यम और व्यवसायों को प्रोत्साहित करने और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए सक्रियता से कार्य करना चाहिए। उन्होंने बताया कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जहां सीडी रेशियो को मण्डलायुक्तों और जिलाधिकारियों की वार्षिक गोपनीय रिपोर्ट (एसीआर) से जोड़ा गया है।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की लगभग 65 प्रतिशत आबादी कृषि पर निर्भर है, जो राज्य की अर्थव्यवस्था का महत्वपूर्ण हिस्सा है। परंपरागत कृषि तकनीकों में सुधार और नई तकनीकों को अपनाने की आवश्यकता है ताकि बेहतर पैदावार हो सके। उन्होंने अधिकारियों को नई तकनीक सीखने और इसे किसानों तक पहुंचाने की सलाह दी। उन्होंने यह भी बताया कि उत्तर प्रदेश 22 प्रतिशत शहरीकृत है, और शहरीकरण को बढ़ावा देना अर्थव्यवस्था, रोजगार और प्रगति के लिए आवश्यक है। इस दिशा में भी कार्य करना होगा। महिला एवं बाल विकास को प्राथमिकता देते हुए मुख्य सचिव ने कहा कि बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं के स्वास्थ्य और पोषण में सुधार के लिए टेक होम राशन (टीएचआर) कार्यक्रम चलाया जा रहा है। विकसित भारत की परिकल्पना स्वस्थ और शिक्षित नागरिकों पर निर्भर है। अधिकारियों को अन्य कार्यों के साथ-साथ महिला एवं बाल विकास से जुड़ी योजनाओं और कार्यक्रमों पर भी ध्यान देना होगा। इससे पूर्व प्रत्येक प्रशिक्षु अधिकारियों ने अपना परिचय दिया और अपने फील्ड ट्रेनिंग के अनुभवों को साझा किया।

# भारतीय स्टेट बैंक ने 70 वां बैंक दिवस मनाया



अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। प्लेटिनम जुबली के अवसर पर, भारतीय स्टेट बैंक, स्थानीय प्रधान कार्यालय चंडीगढ़ ने 01 जुलाई 2025 को 70वां बैंक दिवस मनाया। यह सर्कल स्तर के स्टाफ सांस्कृतिक कार्यक्रम और टैगोर थिएटर, सेक्टर - 18, चंडीगढ़ में स्थानीय गणमान्य व्यक्तियों, ग्राहकों, कर्मचारियों और उनके परिवारों के एक साथ मिलकर मनाया गया। श्री कृष्ण शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, चंडीगढ़ सर्कल ने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई। विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों के स्टाफ सदस्यों के ऊर्जावान और मधुर प्रदर्शन ने समारोह को यादगार बना दिया । कार्यक्रम में सुंदर गीत, लोक नृत्य, गजल, कविता पाठ आदि शामिल थे। प्रारंभ में, श्री कृष्ण शर्मा, मुख्य महाप्रबंधक, चंडीगढ़ सर्कल ने अपने संक्षिप्त संबोधन में दर्शकों को बैंक के सात दशकों के विश्वास, सेवा और राष्ट्र निर्माण के बारे में जानकारी दी। एसबीआई 52 करोड़ से अधिक भारतीयों के लिए विश्वास का प्रतीक है। यह भारत की विकास गाथा की रीढ़ है।

श्री शर्मा ने एसबीआई को बदलते भारत में सभी के लिए पसंदीदा बैंक बनाने की बैंक की प्रतिबद्धता दोहराई। श्री शर्मा ने प्रतिभागियों और आयोजन टीमों के प्रयासों की सराहनाकी, जो इस आयोजन को शानदार बनाने और एसबीआई को कर्मचारी उन्मुख के रूप में पेश करते हैं। उन्होंने कर्मचारियों से उनके द्वारा किए जा रहे अच्छे काम को जारी रखने के लिए प्रेरित किया और उनके भविष्य के प्रयासों में उन्हें शुभकामनाएं दीं।

# राज्य की आर्थिक मजबूती और वित्तीय अनुशासन को लेकर सरकार प्रतिबद्ध : साय

मुख्यमंत्री ने ली वित्त विभाग की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक

अर्थ प्रकाश/अखिलेश कुमार

**रायपुर।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज मंत्रालय महानदी भवन, नवा रायपुर में प्रदेश की आर्थिक स्थिति और वित्तीय प्रबंधन की गहन समीक्षा की। इस अवसर पर वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी सहित विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। बैठक में बजट प्रबंधन, राजस्व संग्रहण, व्यय नियंत्रण, वित्तीय अनुशासन और ई-गवर्नेंस जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर व्यापक चर्चा हुई।

मुख्यमंत्री श्री साय ने अधिकारियों से राज्य की जीएसडीपी, पूंजीगत व्यय और योजनाओं की वित्तीय प्रगति की विस्तृत जानकारी प्राप्त की। उन्होंने



कहा कि राज्य सरकार की प्राथमिकता है कि वित्तीय संसाधनों का उपयोग पारदर्शिता और दक्षता के साथ किया जाए, ताकि जनकल्याणकारी योजनाएं निर्बाध रूप से संचालित हो सकें।मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि राज्य की प्रगति उसकी वित्तीय स्थिरता पर निर्भर करती है। जितनी सशक्त वित्तीय व्यवस्था होगी, उतनी ही तेजी से हम विकास की दिशा में आगे बढ़ पाएंगे। उन्होंने कहा कि सरकार ने आर्थिक गतिविधियों को प्रोत्साहित किया है, जिससे राज्य की जीएसडीपी में उल्लेखनीय वृद्धि दर्ज की गई है।

बैठक में वित्त मंत्री श्री ओपी चौधरी ने विभाग की वर्तमान वित्तीय स्थिति, राजस्व प्राप्तियों, व्यय नियंत्रण और आगामी रणनीतियों की जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि सरकार की प्राथमिकताओं के अनुरूप योजनाओं को समयबद्ध रूप से वित्तीय संसाधन उपलब्ध कराए जा रहे हैं और विभाग वित्तीय पारदर्शिता व सुशासन की दिशा में निरंतर कार्य कर रहा है।

मुख्यमंत्री ने वित्त विभाग की कार्यप्रणाली की सराहना करते हुए कहा कि बीते डेढ़ वर्षों में विभाग के द्वारा अपनाए गए नवाचारों से राज्य की आर्थिक आधारशिला और अधिक मजबूत हुई है। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे और राज्य वित्तीय सुशासन के साथ विकास की नई ऊंचाइयों को छुए।

बैठक में मुख्य सचिव श्री अमिताभ जैन, मुख्यमंत्री के प्रमुख सचिव श्री सुबोध कुमार सिंह, मुख्यमंत्री के सचिव श्री मुकेश कुमार बंसल और श्री राहुल भगत सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारीगण उपस्थित थे।

# सम्मान समारोह में अग्रवाल, वैश्य समाज के 15 युवाओं को दिया जाएगा ओपी जिंदल अवार्ड: सिंगला

अर्थ प्रकाश संवाददाता

चंडीगढ़। अतर्राष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन पंजाब एवं चंडीगढ़ प्रदेश द्वारा 5वां वार्षिक भव्य संगीतमय स्वागत एवं सम्मान समारोह 5 जुलाई को महात्मा गांधी स्टेट इंस्टीच्यूट ऑफ पब्लिक एडमिनिस्ट्रेशन पंजाब के ऑडिटोरियम सेक्टर 26 चंडीगढ़ में प्रातःकालीन 10 वजे से दोपहर 2 वजे तक आयोजित किया जा रहा जिसमे पजांव हरियाणा से सैकडो अग्रवाल/वैश्य समाज के महानुभाव शामिल होगें इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि पंजाब सरकार के कैबिनेट मंत्री वरिंद्र गोयल प्रातः 10 बजे महाराजा श्री अग्रसेन की प्रतिमा के समक्ष ज्योति प्रज्वलित के साथ कार्यक्रम का आगाज करेंगे। राष्ट्रीय जांच एजेन्सी भारत सरकार एवं पंजाब पुलिस के रिं महानिदेशक दिनकर गुप्ता आईपीएस की अध्यक्षता में आयोजित इस आयोजन में संस्था के संस्थापक सर्वोच्च न्यायालय के रि.जस्टिस अशोक भान,संरक्षक जस्टिस एस एन अग्रवाल,संरक्षक जस्टिस आर के गर्ग,संरक्षक रि.आईएएस जे बी गोयल,संरक्षक रि.आईएएस धर्मपाल गुप्ता, संरक्षक रि.आईएएस डा.वी सी गुप्ता,जस्टिस आर सी गुप्ता,जस्टिस एल एन मित्तल शामिल होंगे। इस भव्य कार्यक्रम में विख्यात पंजाबी कलाकार देशभक्ति एंव आप्रेशन सिंधुर के साथ - साथ सामाजिक गीत, पंजाबी भंग?ा आदि प्रस्तुत करेंगे। सीबीएसई 12वीं कक्षा की परीक्षा में 99.4 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली श्रेया गर्ग जिन्हें हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय राज भवन हरियाणा में सम्मानित कर चुके हैं,उन्हे भी इस कार्यक्रम में ओ पी जिंदल अवार्ड से सम्मानित किया जाएगा।

# उत्तर प्रदेश ईवी चार्जिंग स्टेशनों में सब्सिडी देने वाला पहला राज्य बना

अर्थ प्रकाश/टी.डी. पाण्डेय

**लखनऊ।** इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) इंफ्रास्ट्रक्चर को मजबूत करने और सेवा प्रदाताओं को सशक्त बनाने के लिए एक ऐतिहासिक कदम उठाते हुए उत्तर प्रदेश सरकार ने अपने ईवी सब्सिडी ढांचे के तहत अपस्ट्रीम इंस्टॉलेशन लागत को शामिल करने को मंजूरी दे दी है। यह महत्वपूर्ण निर्णय राज्य के मुख्य सचिव मनोज कुमार सिंह की अध्यक्षता में उच्च स्तरीय अधिकार प्राप्त इलेक्ट्रिक वाहन समिति (एचएलईईवीसी) की बैठक के दौरान लिया गया। भारत में पहली बार पात्र निश्चित पूंजी निवेश - प्रति यूनिट 10 लाख रुपये तक की पूंजी सब्सिडी का लाभ उठाने के लिए आवश्यक - अब नीति अवधि के दौरान अपस्ट्रीम इंफ्रास्ट्रक्चर लागतों को भी कवर करेगा। यह सार्वजनिक चार्जिंग स्टेशनों (पीसीएस) की व्यवहार्यता और मापनीयता को बढ़ाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है।

# नितिन गडकरी आज रांची में रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का करेंगे उद्घाटन: संजय सेठ

अर्थ प्रकाश नेटवर्क

रांची। केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी 3 जुलाई को रांची पहुंचेंगे, जहां वे 400 करोड़ रुपये की लागत से बने रातू रोड एलिवेटेड कॉरिडोर का उद्घाटन करेंगे। केंद्रीय रक्षा राज्य मंत्री और रांची सांसद संजय सेठ ने बुधवार को एक प्रेसवार्ता में यह जानकारी दी। संजय सेठ ने केंद्रीय मंत्री नितिन गडकरी की तारीफ करते हुए कहा कि उन्होंने देश की सड़कों की तस्वीर बदल दी है।

उन्होंने बताया कि गडकरी ने सड़क निर्माण के जरिए देश को नई गति दी है। पहले दिल्ली से मेरठ जाने में तीन घंटे और हरिद्वार जाने में साढ़े छह घंटे लगते थे, जो अब क्रमशः एक घंटा और तीन घंटे रह गया है। रांची से हजारीबाग, बोकारो और पलामू का सफर भी पहले के मुकाबले आधे समय में पूरा हो रहा है। गडकरी ने शेरशाह सूरी के नाम को मिटाकर सड़कों और फ्लाईओवरों का जाल बिछाया है।




उन्होंने कहा कि गडकरी का स्वागत भगवान बिरसा मुंडा हवाई अड्डे पर हजारों भाजपा कार्यकर्ता करेंगे। आदिवासी संस्कृति के अनुसार उनका अभिनंदन होगा। इसके बाद जुलूस के साथ वे बिरसा मुंडा की प्रतिमा पर माल्यार्पण करेंगे। गडकरी नए फ्लाईओवर से होकर रैडिसन होटल जाएंगे, जहां विभागीय बैठक होगी। शाम 5 बजे वे दिल्ली रवाना होंगे।

इसके अलावा, उन्होंने 1855 के संथाल क्रांति के नायकों सिद्धू-कान्हू को श्रद्धांजलि देने से रोके जाने की घटना को दुखद बताया। उन्होंने कहा कि 30 जून को हूल दिवस पर उनके परिवार और लोगों को रोकना गलत है। मुख्यमंत्री को इस पर ध्यान देना चाहिए, क्योंकि अमर बलिदानियों का सम्मान रोकना उचित नहीं है।

उन्होंने विपक्षी नेताओं पर निशाना साधते हुए कहा कि कुछ लोग वोट के लिए झूठे वादे करते हैं, जैसे धारा 370 वापस लाने या नए वक्फ बोर्ड कानून को खत्म करने की बात। उन्होंने आरोप लगाया कि वक्फ बोर्ड के दुरुपयोग से लाखों एकड़ जमीन हड़पी गई। ऐसे लोग देश की तरक्की और विकास के खिलाफ हैं। जनता ने उन्हें किनारे कर दिया है और भविष्य में भी सत्ता से दूर रखेगी।

# रोटरी चंडीगढ़ मिडटाउन ने 2025-26 के लिए नए नेतृत्व का किया स्वागत




अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़।** रोटरी चंडीगढ़ मिडटाउन द्वारा बुधवार को एक भव्य समारोह में रोटेरीयन में एस. बावा को रोटरी वर्ष 2015-16 के अध्यक्ष के रूप में पदभार ग्रहण कराया गया यह आयोजन सीआईआई सेक्टर 31ए में आयोजित हुआ, जिसने बड़ी संख्या में रोटेरियन, गणमान्य अतिथि और विशेष मेहमान शामिल हुए।

कार्यक्रम के मुख्य अतिथि थे डॉ. अमरपाल सिंह, चेयरमैन, पंजाब स्कूल एजुकेशन बोर्ड, जिन्होंने रोटरी द्वारा शिक्षा और समाज सेवा के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की सराहना की। विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व जिला गवर्नर रेटेरियनाजुपीटर ने नेतृत्व और नैतिक मूल्या पर राणादायक विचार साझा किए।

समारोह की गरिमा को और बढ़ाया रोटरी इंटरनेशनल के पूर्व अध्यक्ष आरटीएन. राजा साबू ने, जिनकी उपस्थिति सभी के लिए गर्व की बात रही। जिला गवर्नर इलेक्ट डॉ. रीता कालरा ने भी मथ की शोभा बढ़ाई और नए टीम को शुभकामनाएं दीं। अध्यक्ष आरटीएन जे. एस. बाबा ने अपने संबोधन में आने वाले वर्ष की योजना साझा करते हुए स्वास्थ्य, शिक्षा और पर्यावरण से प्रभावशाली सेवा प्रोजेक्ट्स पर ध्यान केंद्रित करने की बात कही। हम अपनी विरासत को आगे बढ़ाते हुए समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा 2025-20 की नई कार्यकारिणी टीम ने भी रोटरी के सिद्धांतों और सेवा भावना को निभाने की शपथ ली। यह आयोजन बहुत ही गरिमापूर्ण तरीके से संपन्न हुआ, जिसमें रोटरी की मित्रता और सेवा की भावना झलकती रही। क्लब के सदस्यों और उनके परिवारों ने उत्साह के साथ भाग लिया और नए वर्ष की शुरुआत का जश्न मनाया।

# राजमाता बनीं पद्मिनी कोल्हापुरी: 'मातृत्व कभी कम नहीं होता, चाहे बेटा बड़ा हो जाए'

चंडीगढ़। सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविज़न का भव्य ऐतिहासिक चक्रवर्ती सम्राट पृथ्वीराज चौहान एक महान बाल राजा के निर्माण के अपने मनोरंजक चित्रण के साथ दर्शकों को आकर्षित करना जारी रखता है। सम्मोहक कहानी, भव्यता और भावनात्मक रूप से स्तरित पात्रों के साथ, यह शो भारत के सबसे प्रतिष्ठित शासकों में से एक के प्रारंभिक वर्षों और उनकी यात्रा को आकार देने वाली शक्तिशाली महिलाओं पर प्रकाश डालता है। उनमें से एक विशाल उपस्थिति राजमाता की है, जिसे अनुभवी अभिनेता और कालातीत आइकन पद्मिनी कोल्हापुरी ने निभाया है, जिनकी ताकत, अनुग्रह और अटूट मार्गदर्शन युवा राजा के विकास की रीढ़ बन गया। अपनी बहुमुखी प्रतिभा के लिए जानी जाने वाली पद्मिनी कोल्हापुरी ने न केवल एक अभिनेत्री के रूप में, बल्कि एक माँ के रूप में भी राजमाता के चरित्र में गहराई और आत्मा लाई है। राजमाता का किरदार निभाना उनके लिए एक बेहद निजी अनुभव बन गया, जिसने मातृत्व के माध्यम से उनकी अपनी यात्रा की यादें ताज़ा कर दीं। राजमाता की अटूट शक्ति, शांत बलिदान और उग्र सुरक्षात्मकता को मूर्त रूप देते हुए, पद्मिनी खुद को उन गहरे भावनात्मक क्षणों को फिर से जीते हुए पाती हैं जो एक माँ के प्यार को परिभाषित करते हैं। राजमाता और राजा के बीच ऑनस्क्रीन बंधन अक्सर उनके अपने बेटे के साथ संबंधों को दर्शाता है, जो उन्हें याद दिलाता है कि चाहे राजसी हो या असली, मातृत्व बिना शर्त प्यार और शांत लचीलेपन के समान स्तंभों पर बना होता है।

अपने अनुभव के बारे में बताते हुए पद्मिनी कोल्हापुरी ने कहा, ÷राजमाता का किरदार निभाना मेरे लिए भावनात्मक रूप से सबसे समृद्ध अनुभवों में से एक रहा है। एक माँ के बारे में कुछ अविश्वसनीय रूप से शक्तिशाली है जो एक रानी भी है, कोई ऐसा व्यक्ति जिसे अपने आलिंगन की गर्मजोशी के साथ मुकुट के वजन को संतुलित करना चाहिए। जैसा कि मैं स्क्रीन पर राजमाता के रूप में जीती और साँस लेती हूँ, मैं अक्सर खुद को एक माँ के रूप में अपने जीवन के समानांतर पाती हूँ। सुरक्षात्मक प्रवृत्ति, उग्र प्रेम, बलिदान, आप महसूस करना शुरू करते हैं कि ये भावनाएँ कितनी सार्वभौमिक और कालातीत हैं।

# जोधपुर बांसवाड़ा जोन की समीक्षा बैठक, अधिकारी फिल्ड में रहे, बारिश से सड़क खराब हो तो तत्काल सही करवाए: उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी

अर्थ प्रकाश/मनोहर लाल

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने निर्देश दिये है बरसात के मौसम में सड़के ख़राब होती है तो उन्हें तत्काल ठीक करवाया जाये ताकि आमजन को परेशानी नहीं हो। उन्होंने कहा है कि अधिकारी यह सुनिश्चित करे की बारिश की वजह से रोड ख़राब होने से यातायात बाधित न हो ,अधिकारी फ़ल्डि में रहकर इसकी मॉनिटरिंग करें। उप मुख्यमंत्री बुधवार को शासन सचिवालय में जोधपुर जोन प्रथम एवं बांसवाड़ा जोन की सड़क एवं अन्य परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा के लिये आयोजित बैठक को संबोधित कर रही थी। गौरतलब है कि उपमुख्यमंत्री के निर्देशों की पालना में पीडब्ल्यूडी के कार्यो की प्रगति के लिये हर सप्ताह जोनवार समीक्षा बैठक आयोजित जा रही है। उपमुख्यमंत्री ने जोधपुर , पाली, सिरोही, फलोदी , जालौर, बांसवाड़ा, डूंगरपुर और प्रतापगढ़ जिलों की सड़क परियोजनाओं की प्रगति की माइक्रो लेवल पर समीक्षा की। उप मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि प्रदेश में ग्रामीण क्षेत्रों में राह सुगम करने हेतु बनाये जा रहें अटल पथो के साथ नाली जरूर बनाई जाये। उन्होंने बरसाती मौसम को ध्यान रखते हुए सड़को की रिपेयर और सड़क किनारे जंगल सफाई के निर्देश दिए। उप मुख्यमंत्री ने बजट घोषणा 2024-25 के कामों को शीघ्र पूरा करवाने एवं बजट घोषणा 2025-26 के घोषित कामों की निविदा प्रक्रिया शीघ्र पूर्ण कर काम शुरू करवाने के निर्देश दिए । उन्होंने वन, भूमि विवाद या अन्य कारणों से लंबित परियोजनाओं की बिन्दुवार समीक्षा करते हुये निर्देश दिये कि विभाग के अधिकारी संबंधित विभागों से समन्वय स्थापित कर इन लंबित कामों को शीघ्र पूरा करवाये। उपमुख्यमंत्री ने



निर्देश दिये है कि अधिकारी आगामी बैठक में यह बतायेंगे कि इस अवधि में उन्होंने कितनी फील्ड विजिट की और निरीक्षण के दौरान जो खामियां मिली उनमें कितना सुधार करवाया। उन्होंने आगामी पांच सप्ताह बाद उक्त जोन की आयोजित होने वाली बैठक तक वे सभी काम पूरे करवाने के निर्देश दिये है, जिनके संबंध में निर्देश जारी किये गये है। इस दौरान उपमुख्यंमत्री ने जोधपुर जोन प्रथम एवं बांसवाड़ा में चल रही एनएचएआई, एनएच, आरएसआरडीसी, राजस्थान स्टेट हाईवे आथोरिटी, पेचेबल व नॉन पेचेबल तथा मिसिंगलिंक सहित विभिन्न श्रेणी की सड़कों की समीक्षा की।

इस दौरान अतिरिक्त मुख्य सचिव पीडब्ल्यूडी श्री प्रवीण गुप्ता, मुख्य अभियंता टी.सी गुप्ता सहित मुख्यालय एवं संबंधित जिलों के अधिकारी वीसी के माध्यम से उपस्थित रहे।

**राज कंट्रोल रूम में नियुक्त अधिकारी व संपर्क सूत्र**

अशोक जांगिड़ -9414548109
जतिन दायमा-6375558012
कृष्ण कुमार मीणा-7891720742

इन अधिकारियों को कंट्रोल रूम का इंचार्ज नियुक्त किया गया है। आमजन इन नंबरों पर संपर्क कर अपनी शिकायतें सीधे दर्ज करवा सकेंगे।

केवल राज्य स्तर पर ही नहीं, बल्कि हर जिले में भी स्थानीय नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं, जिससे समस्याओं का स्थानीय स्तर पर ही समाधान सुनिश्चित किया जा सके। उपमुख्यमंत्री ने ज़िलाधिकारियों व पीडब्ल्यूडी अधिकारियों को निर्देशित किया है कि वे फील्ड विज़िट कर स्वयं हालात की समीक्षा करें।

# एनएएस 2024 में पंजाब का शानदार प्रदर्शन, देश भर में रहा अग्रणी

मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा मानक शिक्षा के लिए की गयी पहलकदमियों के आ रहे हैं सकारात्मक नतीजे : हरजोत सिंह बैंस



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** पंजाब के स्कूल शिक्षा मंत्री स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार द्वारा मानक शिक्षा प्रदान करने की वचनबद्धता के अंतर्गत किये जा रहे यत्नों स्वरूप पंजाब ने नेशनल ऐचीवमैंट सर्वे ( एन. ए. एस.) 2024 में सबसे बेहतरीन प्रदर्शन करते हुये सर्वोच्च स्थान हासिल किया है।

एन. ए. एस. विद्यार्थियों की शैक्षिक प्राप्तियों का मूल्यांकन करने के लिए भारत का सबसे भरोसेमन्द और प्रतिष्ठित सर्वेक्षण है। इसमें समूचे शिक्षा नतीजों का मूल्यांकन करने के लिए तीसरी, छटी और नौवीं कक्षा के विद्यार्थियों का चयन किया जाता है।

एन. ए. एस. (परख राष्ट्रीय सर्वेक्षण) में पंजाब की प्रभावशाली रैंकिंग पर खुशी प्रकटाते हुये स. हरजोत सिंह बैंस ने बताया कि पंजाब ने तीसरी कक्षा की रैंकिंग में 80 अंकों के साथ हिमाचल प्रदेश (74) और केरला ( 73) को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल किया है।

उन्होंने आगे बताया कि छटी कक्षा के लिए पंजाब और केरला 67- 67 अंकों के साथ सांझे तौर पर शानदार प्रदर्शन करने वाले राज्य रहे हैं। इसके साथ ही 9वीं कक्षा की रैंकिंग में पंजाब ने 57 अंकों के साथ अन्य राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों को पछाड़ कर पहला स्थान हासिल किया।

एन. सी. ई. आर. टी. द्वारा राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के सहयोग के साथ दिसंबर 2024 में यह देश व्यापक सर्वेक्षण करवाया गया जिससे सीखने के नतीजों का मूल्यांकन करने और आगामी सुधार वाले क्षेत्रों की पहचान की जा सके, जिसमें देश भर से हज़ारों की संख्या में विद्यार्थियों ने हिस्सा लिया।

स. बैंस ने कहा कि एन. ए. एस. 2024 में पंजाब का शानदार प्रदर्शन मुख्यमंत्री स. भगवंत सिंह मान के नेतृत्व वाली पंजाब सरकार के मानक शिक्षा को यकीनी बनाने और विद्यार्थियों के सीखने के नतीजों को बेहतर बनाने के प्रति समर्पण को दर्शाता है।

उन्होंने बताया कि पंजाब सरकार इस सफलता को जारी रखेगी और विद्यार्थियों को सबसे बढ़िया शिक्षा प्रदान करने के लिए शिक्षा प्रणाली के मानकों को और ऊँचा उठाने के लिए प्रयत्न जारी रखेगी।

### सरकारी स्कूलों के 845 विद्यार्थियों ने नीट में क्वालीफाई किया

स्कूल शिक्षा विभाग की शानदार प्राप्तियों पर रौशनी डालते हुये शिक्षा मंत्री स. बैंस ने बताया कि इस साल सरकारी स्कूलों के 845 विद्यार्थियों ने प्रभावशाली मुकाबले वाली राष्ट्रीय योग्यता- कम- प्रवेश परीक्षा (नीट) में क्वालीफायी किया जबकि 265 विद्यार्थियों ने संयुक्त प्रवेश परीक्षा (जे. ई. ई.) मेनज़ सफलतापूर्वक पास की, जोकि विभाग की अकादमिक उत्कृष्टता को उत्साहित करने और देश की सबसे चुनौतीपूर्ण प्रतियोगी परीक्षाओं में विद्यार्थियों को उत्कृष्टता प्राप्त करने के लिए राज्य सरकार की वचनबद्धता को दर्शाती है। बताने योग्य है कि पंजाब सरकार के लिए शिक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता वाला क्षेत्र है।

# पुलिस ने जत्थेदार सुरजीत सिंह गढ़ी को घर में किया नजरबंद

## आप सरकार सिखों के धार्मिक मामलों में हस्तक्षेप करने लगी : गढ़ी

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**बनूड़ ।** पूर्व कैबिनेट मंत्री बिक्रम सिंह मजीठिया की विजिलेंस द्वारा गिरफ्तारी के विरोध में शिरोमणि अकाली दल द्वारा मोहाली में दिए जा रहे धरने में शामिल होने जा रहे अकाली नेताओं को पुलिस ने विभिन्न स्थानों पर रोक लिया। जिसके तहत शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारी सदस्य जत्थेदार सुरजीत सिंह गढ़ी को पुलिस प्रशासन ने गांव फतेहपुर गढ़ी में उनके घर पर नजरबंद कर दिया। पुलिस प्रशासन द्वारा नजरबंद किए जाने की जानकारी देते हुए राजपुरा हलके के वरिष्ठ नेता एवं शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के कार्यकारी सदस्य जत्थेदार सुरजीत सिंह गढ़ी ने बताया कि आज सुबह करीब साढ़े सात बजे करीब आधा दर्जन कर्मचारी उनके घर पहुंचे और उन्हें नजरबंद कर दिया गया। उन्होंने कहा कि शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी द्वारा नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी, भाई मती दास जी, भाई सती दास जी और भाई दयाला जी के 350वें शहीदी पर्व और दसवें गुरु श्री गुरु गोबिंद सिंह जी के 350वें गुरुगद्दी दिवस को समर्पित गुरुद्वारा श्री मोती बाग पटियाला में 5 और 6 जुलाई को गुरमत समागम करवाया जा रहा है।


शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के अध्यक्ष हरजिंदर सिंह धामी द्वारा उन्हें इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। जत्थेदार सुरजीत सिंह गढ़ी ने कहा कि उन्होंने पुलिस प्रशासन को बताया कि उन्हें पटियाला में करवाए जा रहे गुरमत समागम के लिए मोहाली नहीं बल्कि पटियाला जाना है, लेकिन इसके बावजूद उन्हें घर से बाहर नहीं निकलने दिया गया।

उन्होंने कहा कि राज्य की आम आदमी पार्टी सरकार न केवल राजनीतिक तौर पर दबाव बना रही है, बल्कि सिखों के धार्मिक मामलों में भी दखलंदाजी कर रही है, जिससे सिख समुदाय के लोगों में भारी रोष है।

# 18 जुलाई रवानगी करेगी जगराओं से हरिद्वार डाक कावड पैदल यात्रा

चलो बुलावा आया है, भोले ने बुलाया है
सावन का महीना, भोले बाबा का जोर,
हरिद्वार तक हर हर महादेव का शोर।
कावड़ यात्रियों की तपस्या बड़ी घोर,
लेकर जल चले अपने गंतव्य की ओर

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल






**जगराओं 2 जुलाई।** सावन माह में हरिद्वार से जगराओं तक होने वाली पैदल डाक कांवड़ यात्रा के लिए शिव भोला डाक कांवड़ संग एवं जय महांकाल कावड संघ आज श्री वैष्णो देवी बाबा बुआ मंदिर गोबिंद जगराओं में एक एहम बैठक की गए जिसमें पिछली बैठक में यात्रा के अध्यक्ष राहुल गर्ग ने अध्यक्ष वरुण गोयल व नौ सदस्यीय कमेटी में अध्यक्ष राजकुमार कपूर जी चुना गया था अध्यक्ष, हर्ष सिंगला को उपाध्यक्ष व नरेश गर्ग को कैशियर सर्वसम्मति से चुना गया। जिसमें सदस्यों ने अपने विचार साझा किए तथा यात्रा के दौरान आने वाली छोटी-मोटी समस्याओं पर भी चर्चा की। इस अवसर पर अध्यक्ष राज कुमार कपूर जी ने जानकारी देते हुए बताया कि इस वर्ष सावन माह की डाक कांवड़ यात्रा 18 जुलाई 2025 को है। जगराओं से हरिद्वार के लिए रवाना होगी तथा शिव भोला डाक कावड संघ एवं जय महांकाल कावड संघ, 23 जुलाई को शिव मन्दिर पुरानी दाना मंडी बाबा रब जी मंदिर झाँसी रानी चौक प्रसिद्ध शिवबाड़ी मन्दिर नजदीक मंगल गिरी डेरा, श्री वैष्णो देवी बाबा बुआ मंदिर गोबिंद कॉलोनी, प्राचीन शिव मंदिर नजदीक अड्डा रायकोट एवं शिवाला श्री सीताराम शिव मन्दिर, नजदीक सुभाष गेट जगराओं में जल अभिषेक किया जायेगा।विभिन्न मंदिरों में हरिद्वार से लाई गई कावड़ यात्रा के जल से शिवलिंग का जलाभिषेक पूरे विधि विधान के साथ किया जाएगा। इस अवसर पर समिति सदस्य विकल अग्रवाल (ऋषि), पुनीत जैन, अजय भल्ला, सागर वर्मा, एडवोकेट साहिल टंडन, अमित कल्याण, संजीव कक्कड़, कमल किशोर, जीवन कुमार, आदि उपस्थित थे।

# जिले प्रशासन ने पौधे लगाने के लिए बड़े पैमाने पर अभियान शुरू करने की तैयारी कर रहा है

सरकारी विभाग लगाएंगे अधिक से अधिक पौधे

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**लुधियाना, 2 जुलाई।** पंजाब सरकार द्वारा राज्य में हरियाली बढ़ाने के लिए शुरू किए गए अभियान के तहत वन विभाग जुलाई माह में जिले में बड़े पैमाने पर पौधे लगाएगा।

बचत भवन में अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर (ग्रामीण विकास) अमरजीत बैंस की अध्यक्षता में आयोजित समीक्षा बैठक में जिले में अधिक से अधिक पौधे लगाने के बारे में विभिन्न विभागों के प्रमुखों के साथ विस्तृत चर्चा की गई। उन्होंने विभिन्न विभागों को निर्देश दिए कि वे आवश्यक पौधों की सूची वन विभाग के साथ-साथ अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर कार्यालय को भी सूचित करना सुनिश्चित करें। इस अवसर पर आईएएस (अंडर ट्रेनिंग) डॉ. प्रगति रानी भी मौजूद थीं।

अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि मानसून को देखते हुए प्रशासन ने वन अधीन क्षेत्र बढ़ाने के लिए यह अभियान शुरू करने की योजना बनाई है। उन्होंने कहा कि वन विभाग के अधीन जिले की 14 नर्सरियां फलदार, छायादार, सजावटी आदि किस्मों के पौधे उपलब्ध करवाएंगी। ये पौधे पंचायती जमीनों, गांव के तालाबों के आसपास, सड़कों के किनारे, शिक्षण संस्थानों, स्वास्थ्य सेवा केंद्रों, कृषि विभाग द्वारा किसानों के ट्यूबवेलों पर तथा प्रत्येक विभाग द्वारा अपनी खाली पड़ी जमीनों पर हरियाली बढ़ाने के लिए लगाए जाएंगे। उन्होंने मुखियों को अपने-अपने विभागों में नोडल अधिकारी नियुक्त करने के लिए कहा ताकि पौधे की अधिक से अधिक कंट्री लगाए जा सकें तथा उनकी देखभाल की जा सके। उन्होंने कहा कि प्रत्येक विभाग लक्ष्य प्राप्ति में गहरी रूचि ले। उन्होंने पर्यावरण संरक्षण, वायु गुणवत्ता में सुधार, जल व मृदा स्वास्थ्य की रक्षा में पेड़ों की महत्वपूर्ण भूमिका पर भी जोर दिया तथा कहा कि युवाओं को 'ग्रीन एंड क्लीन लुधियाना' बनाने के लिए पर्यावरण संरक्षण का दूत बनना चाहिए।

अतिरिक्त डिप्टी कमिश्नर ने कहा कि पौधे लगाने के इच्छुक व्यक्ति जिले की विभिन्न नर्सरियों से पौधे प्राप्त कर सकते हैं, जिसके तहत दोराहा रेंज के अधीन दोराहा व खन्ना नर्सरियों के लिए अभिषेक शर्मा (81980-81888) से संपर्क किया जा सकता है। इसी तरह धमोट नर्सरी के लिए मनप्रीत सिंह (8728900384), जगराओं रेंज में अलीगढ़ नर्सरी के लिए नीरज कुमार (98555-08088), अखाड़ा नर्सरी के लिए कुलविंदर कुमार (87280-00837), सिधवां बेट नर्सरी के लिए लवप्रीत कौर (70319-99992) और सुधार नर्सरी के लिए अवतार सिंह (98141-00098) से संपर्क किया जा सकता है। मत्तेवाड़ा रेंज में मत्तेवाड़ा नर्सरी के लिए जसवीर सिंह (98551-00186) और सलेमपुर नर्सरी के लिए मोहम्मद मुस्तफा (80140-77771) से संपर्क किया जा सकता है। अमरजीत बैंस ने कहा कि पर्यावरण को स्वच्छ रखना तथा प्रदूषण को रोकने के लिए कदम उठाना बहुत ही सराहनीय पहल है। जिले को हरा-भरा बनाने के लिए सभी विभागों का सहयोग भी बहुत जरूरी है। उन्होंने कहा कि प्रदूषण को रोकने के लिए लगाए जा रहे पौधों की देखभाल करना भी हमारी जिम्मेदारी है। हरियाली के महत्व के बारे में जानकारी देते हुए अमरजीत बैंस ने कहा कि पौधे हमारे लिए मुफ्त ऑक्सीजन का बड़ा स्रोत हैं तथा ये पर्यावरण को प्रदूषण से बचाने में सहायक होते हैं। उन्होंने कहा कि मानव जीवन में पौधों का बहुत महत्व है तथा दिन-प्रतिदिन प्रदूषित हो रहे पर्यावरण को सुधारने के लिए हमें अधिक से अधिक पौधे लगाने चाहिए। उन्होंने पंजाबियों से पंजाब सरकार की हरियाली मुहिम में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेने का आह्वान किया और कहा कि पर्यावरण की शुद्धता के लिए अधिक से अधिक पेड़ लगाना जरूरी है।

# अकाली वर्करों और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई

## पुलिस ने पूर्व विधायक कलेर और उनके साथियों को रोक लिया

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 2 जुलाई।** अकाली नेता विक्रमजीत सिंह मजीठिया से मिलने जा रहे पूर्व विधायक और कौर कमेटी सदस्य एसआर कलेर को पुलिस ने रास्ते में रोक दिया । विजिलेंस केस में अकाली नेता विक्रमजीत सिंह मजीठिया का 7 दिनों का रिमांड खत्म होने पर उन्हें आज अदालत में पेश किया जाना था।

जगराओं से निकलते ही बद्दोवाल के पास लुधियाना पुलिस ने पूर्व विधायक कलेर और उनके साथियों को रोक लिया। अकाली वर्करों और पुलिस के बीच तीखी बहस हुई। पूर्व विधायक ने पुलिस अधिकारियों को कानून और नागरिक अधिकारों के बारे में जागृत करवाया , लेकिन पुलिस ने मानी से इनकार किया लुधियाना-फिरोजपुर हाईवे पर धरने पर बैठे कार्यकर्ता जहां पुलिस ने अकाली नेताओं को रोका, वहां पहले से कोई नाका नहीं था। फिर भी पुलिस विशेष रूप तैनात थी अकाली नेताओं को रोका था इससे नाराज होकर अकाली नेताओं ने लुधियाना-फिरोजपुर हाईवे पर धरना दे दिया और सरकार विरोधी नारेबाजी शुरू कर दी। धरने के कारण हाईवे पर यातायात बाधित हो गया। इसके बाद पुलिस पूर्व विधायक समेत अकाली कार्यकर्ताओं को हिरासत में लेकर दाखा थाने ले गई।

# पंजाब विश्वविद्यालय में ओपन एयर जिम का उद्घाटन, सांसद निधि से निवासियों को समर्पित

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़ 7 2 जुलाई।** पंजाब विश्वविद्यालय में आज स्थानीय क्षेत्र पार्षद सचिन गालव द्वारा आयोजित एक कार्यक्रम में नए ओपन एयर जिम का उद्घाटन सांसद मनीश तिवारी द्वारा किया गया, जिसका उद्देश्य विद्यार्थियों और स्थानीय निवासियों के बीच स्वास्थ्य और तंदुरुस्ती को बढ़ावा देना है। यह जिम सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास निधि के अंतर्गत विकसित किया गया है, जो सार्वजनिक स्वास्थ्य ढांचे के प्रति मजबूत प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

इस अवसर पर एच.एस. लक्की, अध्यक्ष चंडीगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी, और प्रो. रेनू विग, कुलपति पंजाब विश्वविद्यालय, मुख्य रूप से उपस्थित रहे और दोनों ने तिवारी के साथ मिल कर इस सुविधा को समुदाय को समर्पित किया। कार्यक्रम के दौरान एक वृक्षारोपण अभियान भी आयोजित किया गया, जो सतत विकास और पर्यावरणीय जिम्मेदारी का प्रतीक था।

चंडीगढ़ के सांसद मनीष तिवारी ने अपने संबोधन में कहा 'यह देखकर मुझे अत्यंत प्रसन्नता हो रही है कि सांसद निधि के माध्यम से लोगों के हित में विकास कार्य किए जा रहे हैं। एक प्रमुख शैक्षणिक संस्थान में ओपन एयर जिम की स्थापना न केवल विद्यार्थियों बल्कि आसपास के निवासियों के लिए भी लाभकारी सिद्ध होगी। मैं पार्षद सचिन गालव को इस पहल के लिए बधाई देता हूं और पंजाब विश्वविद्यालय को उनके सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। यह परियोजना हमारे स्वस्थ और प्रगतिशील समुदाय निर्माण के दृष्टिकोण को दर्शाती है।'

एच.एस. लक्की, अध्यक्ष चंडीगढ़ कांग्रेस, ने कार्यक्रम में कहा 'कांग्रेस पार्टी हमेशा ऐसे विकास कार्यो के साथ खड़ी रही है जो आम लोगों के जीवन से जुड़े हों। चाहे युवा हों, छात्र हों या वरिष्ठ नागरिक - सभी को फिटनेस सुविधाएं सुलभ होनी चाहिए। मैं पार्षद सचिन गालव के प्रयासों की सराहना करता हूं और चंडीगढ़ की विकासात्मक जरूरतों के लिए सांसद मनीष तिवारी द्वारा निरंतर सहयोग के लिए धन्यवाद देता हूं। यह जिम समुदाय-केन्द्रित विकास का एक आदर्श उदाहरण बनेगा।' प्रो. रेनू विग, कुलपति पंजाब विश्वविद्यालय, ने जनप्रतिनिधियों और विश्वविद्यालय के बीच सहयोग की सराहना करते हुए कहा 'यह जिम और वृक्षारोपण अभियान हमारे हरित और स्वस्थ परिसर के दृष्टिकोण के साथ पूरी तरह मेल खाते हैं। हम ऐसे रचनात्मक प्रयासों में भागीदारी करके गौरवान्वित महसूस करते हैं, जो विद्यार्थियों और आम जनता के कल्याण में सहायक हों।'

इस अवसर पर उपस्थित अन्य गणमान्य अतिथियों में वाई.पी. वर्मा, रजिस्ट्रार, पंजाब विश्वविद्यालय, जसबीर सिंह बंटी, वरिष्ठ उप महापौर, तरूणा मेहता, उप महापौर, रविंदर पाली, पूर्व महापौर, वरिष्ठ कांग्रेस नेता दिलावर सिंह, विनीत पुनिया, उमेश सेठी, यदविंदर मेहता, संदीप, विश्वविद्यालय के शिक्षकगण एवं क्षेत्र के निवासी शामिल थे। यह ओपन एयर जिम प्रतिदिन सैकड़ों लोगों को लाभ पहुंचाने की संभावना रखता है और एक सुलभ सार्वजनिक फिटनेस स्थल के रूप में कार्य करेगा। कार्यक्रम का समापन वृक्षारोपण में उत्साहपूर्वक भागीदारी के साथ हुआ, जिसने इस दिन के आयोजन को हरित संदेश के साथ यादगार बना दिया।

# डेराबस्सी पुलिस ने चोर को पकड़ा, मामला दर्ज, अदालत ने 3 दिन के पुलिस रिमांड पर भेजा

अर्थ प्रकाश/चौहान



**डेराबस्सी, 2 जुलाई।** डेराबस्सी में दुकानों के बाहर से बैटरियां चोरी करने वाले चोर को डेराबस्सी पुलिस ने पकड़ने में सफलता हासिल की है। जिसकी पहचान 33 साल के गूंजण बजाज निवासी यमुनानगर हरियाणा के रूप में हुई है, जिसके खिलाफ मामला दर्ज कर आज डेराबस्सी अदालत में पेश कर 3 दिन का पुलिस रिमांड हासिल किया गया है।

मामले की जांच कर रहे एएसआई दौलत सिंह ने बताया कि बीती शाम उक्त युवक बरवाला सड़क पर एक बैटरियों की दुकान से बैटरी चोरी करने की कोशिश कर रहा था। दुकानदार को शक होने पर इसने सूचना पुलिस को दी। पुलिस पार्टी ने मौके पर पहुंच कर चोर को पकड़ लिया। उन्होंने बताया कि इसी चोर ने बरवाला चौक के पास भी एक दुकान के बाहर से बैटरी चोरी की थी। चोरी की घटना सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई थी और उक्त चोर की तस्वीर भी हो गई थी। पकड़े गए चोर ने बताया कि उसने 2 और बैटरियां चोरी कर चंडीगढ़ के एक कबाड़ी को बेच दी थीं। पुलिस ने बताया पूछताछ के दौरान और भी चोरी की वारदातों का खुलासा हो सकता है। इसके अलावा पहले चोरी की वारदात के समय उसका एक साथी साथ था, उसके बारे में भी जानकारी हासिल कर उसे गिरफ्तार करना है।

# 257 ग्राम हेरोइन सहित दो नशा तस्कर गिरफ्तार

अर्थ प्रकाश/प्रदीप पाल



**जगराओं 2 जुलाई।** पुलिस जिला लुधियाना देहात एसएसपी डॉ. अंकुर गुप्ता आईपीएस ने नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ी है और एसपी डी मैडम हर कमल कौर और डीएसपी डी इंद्रजीत सिंह लुधियाना देहात के कुशल नेतृत्व में सीआईए स्टाफ जगराओं के प्रमुख इंस्पेक्टर अमृत पाल सिंह, एएसआई सुखदेव सिंह और उनके साथी कर्मचारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार गश्त के दौरान दो नशा तस्करों को गिरफ्तार किया गया। उनसे 257 ग्राम हेरोइन बरामद की गई। उनके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना सदर रायकोट में मामला दर्ज किया गया। उक्त नशा तस्करों के बारे में जानकारी देते हुए सीआईए स्टाफ जगराओं के प्रमुख इंस्पेक्टर अमृतपाल सिंह ने बताया कि नशा तस्कर परमजीत सिंह उर्फ धर्मा पुत्र स्वर्गीय इंद्रजीत सिंह और नशा तस्कर जसकरन सिंह उर्फ राहुल पुत्र बलजिंदर सिंह निवासी शहीद भगत सिंह नगर रायकोट, थाना सिटी रायकोट को गिरफ्तार किया गया है, जिनसे 257 ग्राम हेरोइन बरामद की गई है। संभावना है कि इन आरोपियों का पुलिस रिमांड हासिल करने के बाद और भी खुलासे होंगे। आरोपियों से 257 ग्राम हेरोइन के अलावा एक मोटरसाइकिल ब्रांड स्पलेंडर प्लस नंबर पीबी 56 ई 5422, रंग काला भी बरामद किया गया है। उन्होंने आगे जानकारी देते हुए बताया कि आरोपी परमजीत सिंह उर्फ धर्मा के खिलाफ पहले भी एनडीपीएस एक्ट के तहत चार मामले और आरोपी जसकरन सिंह उर्फ राहुल के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत पंजाब के अलग-अलग थानों में तीन मामले दर्ज हैं।

# चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी में 2 से 4 जुलाई तक 3 दिवसीय करदाता हब का आयोजन

आयकर विभाग ने चंडीगढ़ में 3 दिवसीय करदाता हब का शुभारंभ किया

चार बार के ओलंपियन मनप्रीत सिंह मुख्य अतिथि के रूप में करदाता हब में शामिल हुए

ओलंपिक पदक विजेता ने करदाता हब कार्यक्रम में करदाताओं के योगदान की सराहना की

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** आयकर विभाग, चंडीगढ़ द्वारा करदाता हब का भव्य उद्घाटन आज चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी, सेक्टर-43 के कन्वेंशन हॉल में किया गया। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रसिद्ध राष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी और चार बार के ओलंपियन श्री मनप्रीत सिंह, श्रीमती ज्योति कुमारी, प्रधान आयकर महानिदेशक (प्रशासन और टीपीएस), नई दिल्ली और श्रीमती आम्रपाली दास, प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त, चंडीगढ़ उपस्थित रहीं। समारोह में आयकर विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी के अधिकारी और अन्य गणमान्य व्यक्ति शामिल हुए।

करदाता हब 2 से 4 जुलाई 2025 तक आम जनता के लिए कन्वेंशन हॉल, चंडीगढ़ न्यायिक अकादमी, सेक्टर-43 में खुला रहेगा, जो कर-संबंधी शिक्षा, सेवाओं और जुड़ाव के लिए एक जीवंत और संवादात्मक मंच प्रदान करेगा।

दो बार के ओलंपिक पदक विजेता ने मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित करने के लिए आयकर विभाग को धन्यवाद दिया। अपने संबोधन में उन्होंने इस कार्यक्रम को नागरिकों से जुड़ने और जागरूकता बढ़ाने के लिए एक महत्वपूर्ण मंच बताया। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि करदाताओं के योगदान से खेल, शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा और बुनियादी ढाँचे जैसी प्रमुख सार्वजनिक सेवाओं को सहयोग मिलता है।

उन्होंने विशेष रूप से बेहतर उपकरण, प्रशिक्षण और बुनियादी ढाँचे सहित बेहतर खेल सुविधाओं का श्रेय करदाताओं को दिया, जो एथलीटों को राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन करने में मदद करते हैं। उन्होंने सभी से ईमानदारी से करों का भुगतान करने का आग्रह किया और आशा व्यक्त की कि करदाता हब प्रभावी रूप से जनता के बीच शिक्षा और जागरूकता फैलाएगा। उन्होंने इस संदेश को अपने मूल स्थान पर ले जाने और अपने पड़ोसियों के बीच जागरूकता बढ़ाने, दूसरों को भी ऐसा करने के लिए प्रोत्साहित करने और कर अनुपालन की संस्कृति को बढ़ावा देने में योगदान देने का भी संकल्प लिया।

प्रधान मुख्य आयकर आयुक्त सुश्री आम्रपाली दास ने कहा कि यह पहल एक आयोजन से कहीं अधिक है - यह सूचना, बातचीत, नवाचार और समावेशन के लिए एक मंच है। करदाताओं को शिक्षित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से, करदाता हब स्वैच्छिक अनुपालन को बढ़ावा देता है और विभाग के करदाता-अनुकूल दृष्टिकोण को प्रदर्शित करता है। तीन दिनों में, इसमें इंटरैक्टिव कियोस्क, सेमिनार, शिकायत निवारण शिविर, हितधारकों के साथ जुड़ाव, कर साक्षरता के लिए स्कूल आउटरीच और अधिकारियों की सक्रिय उपस्थिति होगी, न कि प्रवर्तक के रूप में।

उद्घाटन समारोह में करदाता सुविधाओं और जागरूकता पहलों पर प्रकाश डालने वाले ब्रोशर का विमोचन किया गया। उत्तर पश्चिम क्षेत्र के करदाताओं को सम्मानित करने के लिए समर्पित 'थैंक यू टैक्सपेयर्स' नामक एक लघु फिल्म भी जारी की गई। करदाता हब में शिकायत निवारण सहायता केंद्र और करदाता सूचना सेवाओं के लिए कियोस्क शामिल थे।

जनता से जुड़ने के लिए नुक्कड़ नाटक और वीआर गेम सहित कई तरह की आकर्षक गतिविधियाँ आयोजित की गई। नुक्कड़ नाटक में आयकर रिटर्न (आईटीआर) दाखिल करने, रिफंड का दावा करने और देश के विकास और प्रगति में आयकर की महत्वपूर्ण भूमिका के महत्व पर रचनात्मक रूप से प्रकाश डाला गया। मुख्य अतिथि ने वीआर गेम में सक्रिय रूप से भाग लिया, जिससे यह अनुभव और भी अधिक इंटरैक्टिव और यादगार बन गया। गतिविधियाँ प्रतिभागियों के लिए जानकारीपूर्ण और आकर्षक दोनों साबित हुईं।

यह कार्यक्रम आयकर विभाग की एक अग्रणी पहल है, जिसे आयकर निदेशालय (जनसंपर्क, मुद्रण और प्रकाशन) के तत्वावधान में आयोजित किया गया था, जिसका उद्देश्य आयकर, करदाता सेवाओं और स्वैच्छिक अनुपालन के बारे में जागरूकता को बढ़ावा देना था।

# मक्की व धान फसलों के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी, बीमा सप्ताह भी शुरू: डीसी बिलासपुर

योजना का उद्देश्य किसानों को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से होने वाले संभावित नुकसानों से राहत प्रदान करना

अर्थ प्रकाश/ अजय मल्होत्रा



**शाहतलाई, 2 जुलाई।** प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत खरीफ सीजन 2025 के लिए मक्की व धान की फसलों के बीमा की अधिसूचना जारी कर दी गई है। इस संबंध में जानकारी देते हुए डीसी बिलासपुर राहुल कुमार ने बताया कि इस योजना का उद्देश्य किसानों को मौसम की प्रतिकूल परिस्थितियों से होने वाले संभावित नुकसानों से राहत प्रदान करना है।

उन्होंने बताया कि मक्की व धान की फसलों के लिए बीमित राशि 60,000 रूपए प्रति हेक्टेयर निर्धारित की गई है। बीमा कंपनी द्वारा मक्की हेतु 11 प्रतिशत और धान हेतु 20 प्रतिशत प्रीमियम निर्धारित किया गया है। हालांकि, किसानों को केवल 2 प्रतिशत प्रीमियम वहन करना होगा, जो कि लगभग 1,200 रूपए प्रति हेक्टेयर अथवा 96 रूपए प्रति बीघा बनता है। शेष प्रीमियम राशि केंद्र व राज्य सरकार द्वारा 90:10 के अनुपात में वहन की जाएगी।

डीसी ने बताया कि इस योजना का संचालन जिले में एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड द्वारा किया जा रहा है। बीमा करवाने की अंतिम तिथि 15 जुलाई, 2025 निर्धारित की गई है।

इस योजना के तहत 1 जुलाई से 7 जुलाई, 2025 तक 'बीमा सप्ताह' मनाया जा रहा है, जिसके दौरान कंपनी के प्रतिनिधि गांव-गांव जाकर योजना का प्रचार-प्रसार करेंगे।

विभिन्न स्थानों पर कैम्प आयोजित किए जाएंगे, जिनमें किसानों को योजना की विस्तृत जानकारी दी जाएगी और उन्हें अधिक से अधिक संख्या में बीमा करवाने के लिए प्रेरित किया जाएगा।

### किसानों से फसलों का बीमा करवाने का अनुरोध

उन्होंने गैर-ऋणी किसानों से अनुरोध किया है कि वे अपने राजस्व पत्रों तथा पटवारी द्वारा सत्यापित फसल बिजाई प्रमाणपत्र सहित नजदीकी लोकमित्र केंद्र जाकर अपनी मक्की व धान की फसलों का बीमा अवश्य करवा लें, ताकि प्राकृतिक आपदाओं के कारण होने वाले नुकसान की भरपाई सुनिश्चित की जा सके। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के अंतर्गत कम वर्षा या प्रतिकूल मौसमी परिस्थितियों के कारण बुआई या रोपण न हो पाने की स्थिति, फसल के बुआई से लेकर कटाई तक के दौरान सूखा, लंबे समय तक शुष्क मौसम, कीट व रोग, बाढ़, जलभराव जैसी परिस्थितियों, कटाई के बाद खेत में सूखने के लिए छोड़ी गई फसल को चक्रवात, चक्रवाती वर्षा या असमय वर्षा से होने वाले नुकसान तथा ओलावृष्टि, भूस्खलन व जलभराव जैसी स्थानीयकृत आपदाओं से होने वाले नुकसान की भरपाई की जाएगी। कृषि उपनिदेशक प्रेम सिंह ने बताया कि योजना से संबंधित अधिक जानकारी के लिए किसान एग्रीकल्चर इंश्योरेंस कंपनी ऑफ इंडिया लिमिटेड के जिला अधिकारी चंद्रशेखर (मोबाइल नंबर: 98570-75081) से संपर्क कर सकते हैं।

# मानसून के दृष्टिगत सभी उपमंडलों में आपातकालीन परिचालन केंद्र सक्रिय: उपायुक्त

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर

**सोलन, 2 जुलाई।** उपायुक्त सोलन मनमोहन शर्मा ने कहा कि वर्षा और सम्भावित आपदाओं के दृष्टिगत ज़िला सोलन के सभी उपमण्डलों में आपातकालीन परिचालन केन्द्र की स्थापना की गई है। मनमोहन शर्मा ने कहा कि तहसील एवं उप तहसील स्तर विशेषकर उपमण्डल मुख्यालय से दूर क्षेत्र में भी नियंत्रण कक्ष स्थापित किए गए हैं ताकि किसी भी आपातकालीन स्थिति में त्वरित राहत एवं सहायता पहुंचाई जा सके।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपातकालीन स्थिति के दृष्टिगत आमजन ज़िला स्तर पर कार्यालय नम्बर 01792-220049, 01792-220048, 01792-220882, मोबाईल नम्बर 94594-57292, ज़िला आपदा प्रबंधन के प्रभारी प्रदीप ठाकुर के मोबाईल नम्बर 94183-02496 तथा टोल फ्री नम्बर 1077 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उपायुक्त ने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में सोलन उपमण्डल में उपमण्डल स्तर पर कार्यालय नम्बर 01792-223707 तथा मोबाईल नम्बर 94595-11429, कण्डाघाट उपमण्डल वाले कार्यालय नम्बर 01792-256100, 01792-256143 तथा मोबाईल नम्बर 98172-05556, अर्की उपमण्डल वाले कार्यालय नम्बर 01796-220666 तथा मोबाईल नम्बर 98165-85672 व कसौली उपमण्डल वाले कार्यालय नम्बर 01792-294121 तथा मोबाईल नम्बर 94180-26075 पर सम्पर्क कर सकते हैं।

उन्होंने कहा कि किसी भी आपात स्थिति में नालागढ़ उपमण्डल वाले कार्यालय नम्बर 01795-223024 तथा मोबाईल नम्बर 97368-00011, बद्दी उपमण्डल वाले कार्यालय नम्बर 01795-298500 तथा मोबाईल नम्बर 94180-01228 पर सम्पर्क कर सकते है। रामशहर तहसील वाले एओके मुकेश कुमार के मोबाईल नम्बर 89884-92000, अधीक्षक सुनील कुमार के मोबाईल नम्बर 94181-00534 तथा कार्यालय नम्बर 01795-258533 पर सम्पर्क कर सकते है।

उन्होंने कहा कि दाड़लाघाट उप तहसील वाले विजेन्द्र कुमार (ओके) के मोबाईल नम्बर 62610-70008, कनिष्ठ सहायक विपिन कुमार के मोबाईल नम्बर 83739-26175, वरिष्ठ सहायक ललित कुमार के मोबाईल नम्बर 82190-01080 तथा एफके सुनील कुमार के मोबाईल नम्बर 94597-75415 पर सम्पर्क कर सकते है। कृष्णगढ़ उप तहसील वाले प्रवीण कुमार (ओके) के मोबाईल नम्बर 80917-56692, कनिष्ठ सहायक नन्द लाल के मोबाईल नम्बर 94594-23983 तथा लिपिक शेर सिंह के मोबाईल नम्बर 94183-72109 पर सम्पर्क कर सकते है। उपायुक्त ने कहा कि उक्त केन्द्र मानसून सीजन-2025 के दौरान 24x7 क्रियाशील रहेंगे। भू-स्खलन, सड़क बंद होना, बाढ़, मकान क्षति, पुल क्षति आदि की स्थिति में इन केन्द्रों के द्वारा आमजन तक त्वरित सहायता पहुंचाई जाएगी।

# सामाजिक सुरक्षा पेंशन के आवेदन के लिए सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म आरम्भ

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**शिमला, 2 जुलाई।** सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग हिमाचल प्रदेश के एक प्रवक्ता ने आज यहां बताया कि प्रदेश में विभिन्न श्रेणियों में लगभग 8.31 लाख लोगों को सामाजिक सुरक्षा पेंशन प्रदान की जा रही है।

उन्होंने बताया कि सरकार द्वारा सामाजिक सुरक्षा पेंशन योजनाओं की आवेदन से स्वीकृति तक की प्रक्रिया का डिजिटाईजेशन कर सम्पूर्ण प्रक्रिया के संचालन का आधुनिकीकरण करने हेतु एक नया ऑनलाइन डिजिटल प्लेटफॉर्म तैयार किया गया है ताकि आवेदकों को सभी योजनाओं का लाभ एक ही सिंगल विंडो प्लेटफॉर्म के माध्यम से ऑनलाइन प्राप्त हो सके। उन्होंने बताया कि विभाग द्वारा 15 जून, 2025 से सभी कल्याण योजनाओं के आवेदन ऑनलाइन माध्यम से आरंभ किए गए हैं। इस सन्दर्भ में सभी आवेदन ऑनलाइन माध्यम https://himparivar.hp.gov.in/ekalyan से व नजदीकी लोकमित्र केंद्र से कर सकते हैं ताकि आवेदकों के दस्तावेजों की औपचारिकताओं हेतु कार्यालय आवागमन, अनावश्यक समय एवं खर्च की बचत सुनिश्चित की जा सके। इस प्रक्रिया के तहत आवेदकों को किसी भी प्रकार की असुविधा होने की स्थिति में वह अपने जिला के जिला कल्याण अधिकारी व सम्बधित तहसील कल्याण अधिकारी के कार्यालय से ऑनलाइन आवेदन भरने हेतु मार्गदर्शन व सहायता प्राप्त कर सकते हैं।

# डॉ. शांडिल 3 व 4 जुलाई को सोलन के प्रवास पर

**सोलन, 2 जुलाई (अप्रस)।** स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता तथा सैनिक कल्याण मंत्री कर्नल डॉ. धनीराम शांडिल 03 व 04 जुलाई, 2025 को सोलन ज़िला के प्रवास पर रहेंगे।

स्वास्थ्य मंत्री 03 जुलाई, 2025 को प्रातः 11.30 बजे सोलन स्थित क्षेत्रीय अस्पताल में आयोजित रोगी कल्याण समिति की बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

डॉ. शांडिल 04 जुलाई, 2025 को प्रातः 11.30 बजे उपमण्डलाधिकारी कार्यालय कण्डाघाट में रोगी कल्याण समिति शिशु अस्पताल चायल, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सायरी व शिशु अस्पताल कण्डाघाट के सम्बन्ध में आयोजित बैठक की अध्यक्षता करेंगे।

# सोलन पुलिस का नशा तस्करों के खिलाफ बड़ा एक्शन, नशा तस्कर की 60 लाख की संपत्ति की जब्त

हरियाणा पुलिस का हैड कांस्टेबल भी था चिट्टा तस्करी में शामिल

अर्थ प्रकाश/यशपाल कपूर



**सोलन, 2 जुलाई।** नशे के खिलाफ सोलन पुलिस की मुहिम जारी है। इसी कड़ी में जिला सोलन पुलिस ने नशे के कारोबार में सलिंप्त आरोपियों द्वारा नशा तस्करी से अर्जित की गई अवैध संपत्तियों की फाइनेंसियल इंवेस्टीगेशन की प्रक्रिया लगातार जारी है। जिला पुलिस द्वारा एनडीपीएस एक्ट के तहत पुलिस थाना सदर सोलन में दर्ज एक मामले में की जा रही फाइनेंसियल इन्वेस्टीगेशन के दौरान उक्त मामले में संलिप्त 02 आरोपियों/सहयोगियों की लगभग 60 लाख रूपए संपति जब्त की गई है जिसमे रिनोवेटेड मकान, रेजिडेंशियल प्लॉट्स, लग्जरी गाड़ी व बैंक अकाउंट्स शामिल है।

बुधवार को यहां पत्रकारों से बातचीत में डीएसपी सोलन अशोक चौहान ने बताया कि 2 अप्रैल 2025 को जब पुलिस थाना सदर सोलन की पुलिस टीम सोलन शहर में गश्त पर थी। टीम को सूचना मिली कि केएफसी से दोहरी दीवार की तरफ फोरलेन बाईपास की तरफ दो युवक प्रदीप व मोहित घूम रहे है जिसमें से एक युवक प्रदीप ने खाकी वर्दी में है, जो सोलन शहर में चिटटा / हेरोईन को बेचने की फिराक में है। इस सूचना पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा त्वरित कार्यवाही करते हुए उक्त दोनों युवकों, जिनके नाम प्रदीप कुमार निवासी कलायत जिला कैथल हरियाणा उम्र 40 वर्ष व मोहित निवासी कलायत जिला कैथल हरियाणा उम्र 21 वर्ष, को काबू करके कुल 157 ग्राम चिट्टा / हेरोईन सहित गिरफतार किया गया। जांच में पाया गया कि गिरफ्तार आरोपियों में से एक आरोपी प्रदीप कुमार हरियाणा पुलिस का जवान है जो कैथल जिला में हैड कांस्टेबल के पद पर तैनात है तथा वे लोग चिटटा बेचने के लिए हरियाणा से हिमाचल आए थे। दोनों चिट्टा बेचने शिमला जिला के नारकण्डा गए हुए थे, लेकिन वहां पर चिट्टे की हाई रेट की जब बात न बनी तो यह चिट्टा सप्लाई करने के लिए सोलन आ गए जिनको सोलन पुलिस टीम द्वारा सूचना मिलने पर इन दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया था। आरोपी पुलिसकर्मी काफ़ी समय से चिट्टा तस्करी में संलिप्त है और यह हिमाचल में ज्यादातर शिमला जिला में ही चिट्टा सप्लाई करता था जब भी वह चिट्टा की सप्लाई करता था तो वर्दी पहन लेता था जिससे कि स्थानीय पुलिस भ्रमित होकर उसको न पकड़ पाए।

### चिट्टे के किंग पिन सोनू तक भी पहुंची सोलन पुलिस

अशोक चौहान ने बताया कि इसी मामले में आगे बढ़ते हुए पुलिस ने इस चिट्टा की खेप के सप्लायर आरोपी के बारे में पता लगाया गया। भौतिक और तकनीकी साक्ष्यों के अन्वेषण के दौरान पाया गया कि गिरफ्तार आरोपियों के साथ उक्त मामले का सप्लायर आरोपी में जो हरियाणा का रहने वाला है जिस पर पुलिस थाना सदर सोलन की टीम द्वारा संलिप्त आरोपी सोनू निवासी गांव कलयात जिला कैथल हरियाणा उम्र 30 वर्ष को सोलन पुलिस की टीम द्वारा भिवानी हरियाणा में दबिश देकर गिरफ्तार किया गया। आरोपी के क़ब्ज़े से इसकी टाटा नेक्सॉन गाड़ी भी जब्त की गई। जांच के दौरान पाया गया कि उक्त आरोपी हरियाणा में चिट्टे का एक बहुत बड़ा सप्लायर है जो दिल्ली, हरियाणा, चंडीगढ़,पंजाब और हिमाचल राज्यों में चिट्टे की सप्लाई कर रहा था जिसके विरुद्ध पुलिस थाना कलायत हरियाणा में चिटटा की एक मामला दर्ज है जिसमें उक्त आरोपी के कब्जा से 24 ग्राम हेरोईन बरामद की थी। सोनू ने चिट्टा/हेरोइन की तस्करी की कमाई से अपने व अपनी माता के नाम पर मकान, रेजिडेंशियल प्लॉट्स, गाड़ी व नकदी अर्जित की है। अन्वेषण के दौरान पाया गया है की आरोपी सोनू ने अपने गांव कलायत में रिहायशी मकान का नवीनीकरण करवाया तथा अपनी माता के नाम पर 2 प्लाट ख़रीदे तथा भारतीय जीवन बीमा की 2 पोलिसी बनाई। आरोपी सोनू ने एक लग्जरी वाहन टाटा नेक्सों खरीदी व डाकघर में खाता खोलकर पैसा जमा करवाया। अन्वेषण के दौरान पाया गया है की आरोपी सोनू ने यह संपति नशे के अवैध कारोबार की कमाई से अर्जित की है जिसकी कुल कीमत करीब 60 लाख रुपए है। आरोपी सोनू के पास कोई आय का साधन नहीं है और उसके बावजूद इसने इतनी संपत्ति अर्जित की और बड़े आलीशान तरीके से अपनी जिंदगी जी रहा था जो इसकी आर्थिक स्थिति से बिल्कुल मेल नहीं खाती जिस पर इसकी सारी चाल और अचल संपत्तियां जब्त कर ली गई हैं।

# डॉ. राजीव बिंदल को मंगल देगा ऊर्जा और साहस: पंडित डोगरा

## शनि दिखाएगा संघर्ष, कराएगा भरपूर चुनौतियों से सामना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**मैहतपुर (ऊना), 2 जुलाई।** हिमाचल भाजपा के नए कप्तान डॉ. राजीव बिंदल को लेकर अंक ज्योतिषी एवं वशिष्ठ ज्योतिष सदन के अध्यक्ष पंडित शशिपाल डोगरा ने कहा है कि यह उनका तीसरा कार्यकाल यश, संघर्ष के साथ साथ चुनौतियों से भरा होने वाला है। शनि अंक के प्रभाव से संगठन के अंदर और बाहर विरोध व चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

चापलूस किस्म के लोगों से दूरी न बनाई तो उनकी डगर मुश्किल हो जाएगी। पंडित डोगरा ने प्रदेश भाजपा के 16वें अध्यक्ष डॉ. राजीव बिंदल की अंक गणना के हिसाब से कहा कि उनका 1+2=3 अंक बनता है, जो गुरू का अंक है।

भाग्यांक 6 बनता है, जो शुक्र का अंक है। कहा कि डॉ. बिंदल ने 30 जून को अपने मूलांक 3 पर नॉमिनेशन किया, जो एक शुभ संकेत है। 1 जुलाई 2025 को प्रदेश अध्यक्ष की घोषणा की गई। 1 अंक सुर्य का अंक है जो सत्ता नेतृत्व व नए शुरूआत का कारक है। वहीं 1+7+2+0+2+5=17=1+7=8 अंक, जो शनि का अंक है। शनि परिश्रम, संघर्ष अनुशासन व लंबी पारी का कारक है।1 अंक सूर्य का अंक व डॉ. बिंदल का मूलांक 3 जो गुरू का अंक है। इन दोनों अंकों के मेल के कारण नेतृत्व क्षमता कार्यकर्ता में प्रभाव व नई जिम्मेदारियों को बढ़ता है। वहीं मूलांक 3 के साथ 8 अंक शनि के कारण पुराने अनुभव से आगे बढ़ने के संकेत देता है।

वहीं भाग्यांक 6 शुक्र के साथ 1 अंक सूर्य के साथ लोकप्रियता बढ़ा सकता है। ऐसे में महिलाओं के द्वारा संकट की स्थिति भी बढ़ा सकता है। वहीं बीजेपी का भी 1 अंक बनाता है जो सूर्य का ही अंक है। जहां पर भाजपा की आने वाले वर्षों में यश कीर्ति बढ़ेगी, वहीं पर पूर्णांक 8 शनि के अंक पर संगठन के भीतर व बाहर दोनों जगह सामूहिक विरोध व चुनौतियां का सामना करना पड़ेगा।

गणना कहती है कि 2025 का 2+0+2+5=9 अंक मंगल का अंक है, जो अग्नि तत्व है, ऐसे में मंगल इस वर्ष में ऊर्जा व साहस को बढ़ा सकता है। डॉ. राजीव बिंदल अपने जीवन के 71वे वर्ष में चल रहे हैं?, जो 7+1=8 अंक जो शनि का अंक है। शनि जहां न्याय का कारक है वहीं चोट का कारक भी है, लिहाजा उन्हें दुर्घटना आदि से बचना और अपनी वाणी पर संयम रखना होगा।

# रोटरी क्लब कुल्लू ने नवचेतना संस्था के साथ मिलकर मनाया अन्नपूर्णा दिवस

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू 2 जुलाई।** नवचेतना स्पेशल स्कूल व चारु फाउंडेशन के दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों को रोटरी क्लब कुल्लू द्वारा फिल्म 'सितारे जमीन पर' शोभला थिएटर में दिखाई गई। फिल्म के साथ दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों के लिए दोपहर के भोजन की व्यवस्था भी की गई थी जिसका बच्चों ने भरपूर आनंद लिया। यह फिल्म दिव्यांग बच्चों और उनके अभिभावकों व स्कूल के स्टाफ के लिए एक प्रेरणा है।

इस मौके पर शोभला होटल के मैनेजिंग डायरेक्टर भाविक ठाकुर मुख्य रूप से उपस्थित रहे। रोटरी क्लब कुल्लू की नवनियुक्त अध्यक्ष रोटेरियन पूजा मलिक का कहना है कि रोटरी क्लब कुल्लू हर वर्ष अन्नपूर्णा दिवस के रूप में इन्ही दिव्यांग बच्चों के साथ मनाता आया है द्य कहा कि रोटरी क्लब कुल्लू नवचेतना संस्था के साथ हमेशा जुड़ा है और निकट भविष्य में भी इनके उत्थान के लिए कटिबद्ध है। कहा कि इन बच्चों के साथ समय बिताना सच में जनमानस के लिए एक अलग प्रेरणा है।

इस अवसर पर रोटरी क्लब कुल्लू आई हॉस्पिटल के चेयरमैन रोटेरियन इंदीवर मेहता, उनकी धर्मपत्नी, रोटरी क्लब कुल्लू के नवनियुक्त महासचिव राजीव सिंह,क्लब फाउंडर मेम्बर रोटेरियन वी. के. कपूर व रोटेरियन ज्ञान बांगा, रोटेरियन अनुज मलिक, रोटेरियन राजेश सूद, रोटेरियन अमन भल्ला, रोटेरियन मोहित चावला, रोट्रेक्टर दीपक सोनी व उनकी धर्मपत्नी, नवचेतना के सचिव एस. आर. सरेली विशेष रूप से उपस्थित रहे व उनके साथ मिलकर फ़िल्म देखी साथ में दोपहर के भोजन का आनंद लिया।

# बेहड़ जसवां स्कूल में लगेंगी केंद्रीय विद्यालय नंदपुर की कक्षाएं, उपायुक्त ने दिए समुचित व्यवस्थाओं के निर्देश

स्थायी भवन निर्माण तक छात्रों को मिलेगा बेहतर शिक्षण वातावरण

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**ऊना, 2 जुलाई।** उपायुक्त ऊना जतिन लाल ने बुधवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक पाठशाला बेहड़ जसवां का दौरा कर वहां संचालित की जाने वाली केंद्रीय विद्यालय नंदपुर की अस्थायी कक्षाओं का निरीक्षण किया। इस अवसर पर एसडीएम अंब सचिन शर्मा सहित शिक्षा विभाग और जिला प्रशासन के अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

उपायुक्त ने निरीक्षण के दौरान स्पष्ट किया कि जब तक केंद्रीय विद्यालय नंदपुर का स्थायी भवन तैयार नहीं हो जाता, तब तक उसकी कक्षाएं बेहड़ जसवां स्कूल परिसर में ही संचालित की जाएंगी। उन्होंने आश्वस्त किया कि जिला प्रशासन द्वारा विद्यार्थियों के लिए आवश्यक सभी भौतिक सुविधाएं और अनुकूल शिक्षण वातावरण उपलब्ध करवाने हेतु सभी जरूरी प्रबंध किए जा रहे हैं। उद्देश्य यह है कि विद्यार्थियों की पढ़ाई पर कोई प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और उन्हें एक सकारात्मक, शांतिपूर्ण एवं प्रेरणादायक शैक्षणिक वातावरण प्राप्त हो।

### स्थायी भवन हेतु प्रस्तावित भूमि का भी निरीक्षण

निरीक्षण के उपरांत उपायुक्त ने केंद्रीय विद्यालय नंदपुर के स्थायी भवन के लिए चयनित भूमि स्थल का भी जायजा लिया। उन्होंने संबंधित विभागों को निर्देश दिए कि परियोजना की प्राथमिक रूपरेखा शीघ्र तैयार की जाए और सभी प्रक्रियाएं समयबद्ध ढंग से आगे बढ़ें ताकि विद्यालय का अपना स्थायी भवन जल्द साकार हो सके।

# सराज में बरसी आफत सरकार क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर राहत कार्य के लिए सेना की मदद लें: गुमान सिंह

अर्थ प्रकाश/अशेष शर्मा

**कुल्लू, 2 जुलाई।** थुनाग उपमंडल में सदी की भीषण आपदा आई है। एक किलोमीटर आगे क्या हुआ कुछ पता नहीं चल पा रहा है। हिमालय नीति अभियान के प्रमुख गुमान सिंह ने कहा कि थुनाग बाजार में लगभग 150 मकान और दुकानें जमींदोज हो गई है। थुनाग बाजार में 6 शव बरामद किए गए हैं, एक लापता है। देजी पखरैर से 11 लोग लापता बताए जा रहे हैं। जरोल बाजार भी बर्बाद हो गया है यहां एक शव मिला है। पांडवशीला में एक शव मिला दो लापता हैं। पुलिस की टीम जंजैहली से पांडवशीला तक पहुंच पाई है। एसडीआरएफ की टीम बगस्याड तक पहुंच पाई है। मोबाइल नेटवर्क न होने से सटीक जानकारी नहीं मिल पा रही है। गुमान सिंह संयोजक हिमालय नीति अभियान व हेम सिंह अधिवक्ता ने कहा कि उपमंडल की सभी सड़कें जगह जगह पर बह गई हैं। लगभग सभी पुल ध्वस्त हो चुके हैं। बिजली पानी योजनाएं ध्वस्त हो गई हैं। लोगों के सामने राशन का गंभीर संकट मंडरा गया है।

प्रारंभिक इनपुट के आधार पर थुनाग उपमंडल में लगभग 400 से ज्यादा रिहायशी मकान आंशिक और पूर्णतः क्षतिग्रस्त हो गये हैं। लोग खुले में रहने को विवश हैं। अस्पताल, स्कूल और अन्य सरकारी भवन आपदा की चपेट में है। इन्हें बहाल करने में महीनों लगेंगे। उन्होंने सरकार से अपील है कि क्षेत्र का हवाई सर्वेक्षण कर राहत बचाव कार्य के लिए एनडीआरएफ और सेना की मदद ली जाए। जितनी देर होगी नुकसान उतना ज्यादा होगा। उन्होंने यह भी कहा कि लोग आपदाग्रस्त क्षेत्रों की जानकारी और फोटो, वीडियो शेयर करें ताकि हम सरकार तक पहुंचा सकें।

### सराज हुआ ब्लैकआउट देश दुनियां से काटा

थुनाग, सराज में यह आपदा न केवल जीवन और संपत्ति को भारी नुकसान पहुंचा रही है, बल्कि क्षेत्र की सामाजिक-आर्थिक संरचना को भी ध्वस्त कर रही है। तत्काल हवाई सर्वेक्षण, सेना, और एनडीआरएफ की व्यापक सहायता के बिना इस संकट से उबरना मुश्किल होगा। स्थानीय निवासियों की अपील और सरकार की त्वरित कार्रवाई इस आपदा से निपटने में निर्णायक साबित होगी। स्थानीय निवासियों ने सरकार से तत्काल हवाई सर्वेक्षण और सेना की मदद की अपील की है, ताकि नुकसान का सटीक आकलन और तेजी से राहत कार्य किए जा सकें। मोबाइल नेटवर्क के ठप होने से सूचनाएं एकत्र करना मुश्किल हो रहा है। सराज क्षेत्र इस समय देश दुनिया से कट चुका है।

# बच्चों का नया भविष्य गढ़ रही इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना

ऊना में 2189 बच्चों को मिली 1.92 करोड़ की मदद

अर्थ प्रकाश संवाददाता






**ऊना, 2 जुलाई।** हिमाचल सरकार की इंदिरा गांधी सुख शिक्षा योजना बच्चों का नया भविष्य गढ़ने के साथ जरूरतमंद परिवारों के लिए जमीनी बदलाव का माध्यम बन चुकी है। ऊना ज़िले में इस योजना में अब तक 2189 बच्चों को कवर करते हुए 1 करोड़ 92 लाख 69 हजार की आर्थिक सहायता उपलब्ध करवाई जा चुकी है, जिससे अभावग्रस्त घरों में शिक्षा का उजियारा हुआ है।

मुख्यमंत्री ठाकुर सुखविंद्र सिंह सुक्खू की पहल पर शुरू हुई यह योजना उन बच्चों के लिए संजीवनी बन रही है जिनकी माताएं विधवा, तलाकशुदा, परित्यक्ता या निराश्रित हैं, या फिर जिन के माता-पिता 70 प्रतिशत या उससे अधिक दिव्यांगता से पीड़ित हैं। सरकार ऐसे बच्चों को 18 वर्ष की आयु तक 1 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता देती है ताकि उनकी प्रारंभिक शिक्षा, पोषण और बुनियादी ज़रूरतें पूरी हो सकें। वहीं उच्च शिक्षा प्राप्त कर रहे 18 से 27 वर्ष के युवाओं को, यदि छात्रावास सुविधा उपलब्ध न हो, तो 3 हजार रुपये प्रतिमाह की सहायता दी जाती है। ऊना जिले के सभी विकासखंडों में यह योजना प्रभावी ढंग से कार्यान्वित की जा रही है। जिला कार्यक्रम अधिकारी (आईसीडीएस) नरेंद्र कुमार बताते हैं कि यह योजना उन परिवारों के लिए राहत का बड़ा जरिया बनी है, जिनके लिए बच्चों की पढ़ाई जारी रखना एक आर्थिक चुनौती थी।

वहीं उपायुक्त जतिन लाल का कहना है कि इस योजना को मुख्यमंत्री की सोच के अनुरूप ज़मीनी स्तर पर प्रभावी ढंग से लागू किया गया है और प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि कोई पात्र बच्चा इस लाभ से वंचित न रहे योजना का वास्तविक असर लाभार्थी परिवारों की जुबानी साफ देखा जा सकता है। ऊना वार्ड नंबर 6 की पूजा पुरी बताती हैं कि पति के देहांत के बाद दो बेटियों की पढ़ाई का खर्च उठाना मुश्किल हो गया था, लेकिन छह महीने में 12 हजार रुपये की सहायता ने बड़ा संबल दिया। वहीं कोटला कलां की सरोज बाला और ऊना की रेणु देवी जैसी कई महिलाओं ने इस योजना को संजीवनी करार देते हुए मुख्यमंत्री को धन्यवाद दिया है।

तन्मय, जो अब ग्यारहवीं में पढ़ रहे हैं, कहते हैं कि पिता के निधन के बाद परिवार पर आया आर्थिक बोझ इतना था कि उसे पढ़ाई छोड़नी पड़ सकती थी। लेकिन सुख शिक्षा योजना उनके लिए वरदान साबित हुई। अब वे पढ़ रहे हैं और सुनहरे भविष्य के नए सपने गढ़ रहे हैं।

# जब तक ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम विभागों में ऑनलाईन प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होती, तब तक कोई भी स्थानांतरण नहीं किया जाएगा : विज

- सरकार ने तबादला नीति में किया संशोधन, 50 से अधिक पदों का काडर में स्थानांतरण केवल ऑनलाईन नीति के तहत होंगे- अनिल विज
- ऑनलाईन तबादला नीति के संदर्भ में ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी- विज
- खड़गे जी और कांग्रेस पार्टी वास्तव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान का सम्मान नहीं करते



अर्थ प्रकाश संवाददाता

**चंडीगढ़, 2 जुलाई।** हरियाणा के ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम मंत्री श्री अनिल विज ने कहा कि राज्य सरकार ने तबादला नीति में संशोधन करते हुए यह निर्णय लिया है कि जिन विभागों में 50 से अधिक पदों का काडर है, उनमें स्थानांतरण केवल ऑनलाईन तबादला नीति के अंतर्गत ही किए जाएंगे। उन्होंने स्पष्ट करते हुए कि जब तक उनके संबंधित विभागों में ऑनलाईन प्रक्रिया प्रारंभ नहीं होती, तब तक कोई भी स्थानांतरण नहीं किया जाएगा। उन्होंने इस संदर्भ में अपने सभी विभागों को स्पष्ट निर्देश जारी कर दिए हैं।

श्री विज ने आज चंडीगढ़ में मीडिया कर्मियों द्वारा ऊर्जा, परिवहन एवं श्रम विभाग में तबादलों पर लगाए गए रोक के संदर्भ में पूछे गए प्रश्नों के उत्तर में दे रहे थे।

**खड़गे जी और कांग्रेस पार्टी वास्तव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान का सम्मान नहीं करते:** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे द्वारा दिए गए इस बयान कि 'संविधान को बदलने नहीं दिया जाएगा' के जवाब में श्री विज ने कहा कि खड़गे जी और कांग्रेस पार्टी वास्तव में बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर द्वारा निर्मित संविधान का सम्मान नहीं करते। उन्होंने कहा कि डॉ. अंबेडकर ने संविधान में समावेशी दृष्टिकोण अपनाते हुए हर वर्ग के अधिकारों की रक्षा सुनिश्चित की थी, लेकिन 'धर्मनिरपेक्ष' और 'समाजवाद' जैसे शब्द मूल संविधान में शामिल नहीं किए गए थे। ये शब्द बाद में आपातकाल के दौरान तत्कालीन प्रधानमंत्री श्रीमती इंदिरा गांधी द्वारा तानाशाहीपूर्ण तरीके से जोड़े गए थे, जब नागरिक अधिकारों को निलंबित कर कई लोगों को बिना मुकदमे जेल में डाल दिया गया था।

**आरएसएस विश्व की सबसे बड़ा सामाजिक संगठन, पिछले 100 वर्षों से देश में राष्ट्रभाव और चरित्र निर्माण का कार्य कर रही:** कर्नाटक के एक मंत्री द्वारा 'कांग्रेस के सत्ता में आने पर आरएसएस को बैन किया जाएगा' संबंधी बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए श्री विज ने व्यंग्यपूर्वक कहा, 'न नौ मन तेल होगा, न राधा नाचेगी'। उन्होंने कहा कि आरएसएस विश्व की सबसे बड़ी सामाजिक संगठन है, जो पिछले 100 वर्षों से देश में राष्ट्रभाव और चरित्र निर्माण का कार्य कर रही है। इस संगठन के लाखों स्वयंसेवक राष्ट्रीय चेतना के प्रचार-प्रसार में संलग्न हैं। आरएसएस की आलोचना का तात्पर्य राष्ट्रवाद की आलोचना से है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है और देश को चरित्रवान करने से रोकना प्रतीत होता है।

**'यदि कांग्रेस संगठन बनाती है तो मैं इसका स्वागत करता हूं':** राहुल गांधी द्वारा हरियाणा में 30 जून तक कांग्रेस संगठन के पुनर्गठन की घोषणा, के संबंध में पूछे गए सवाल के जवाब में श्री विज ने कहा कि जिस पार्टी का पिछले 11 वर्षों से कोई संगठनात्मक ढांचा नहीं है, जहां पदाधिकारी नहीं हैं और जहां कोई आंतरिक लोकतांत्रिक व्यवस्था नहीं है, वहां संगठन बनाना एक कठिन कार्य है। उन्होंने कहा, 'यदि कांग्रेस संगठन बनाती है तो मैं इसका स्वागत करता हूं, क्योंकि लोकतंत्र में मजबूत विपक्ष का होना आवश्यक है'।

**'डिनर में अगर मुझे बुलाया गया होता, तो मैं भी शामिल होता':** पिछले दिनों केन्द्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह द्वारा आयोजित रात्रिभोज के राजनीतिक निहितार्थ पर पूछे गए प्रश्न के उत्तर में श्री विज ने कहा कि यदि कुछ लोग आपसी सामंजस्य के तहत साथ भोज करते हैं तो इसका राजनीतिक अर्थ नहीं निकाला जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि 'डिनर में अगर मुझे बुलाया गया होता, तो मैं भी शामिल होता'। उन्होंने स्पष्ट किया कि किसी जनप्रतिनिधि द्वारा अपने क्षेत्र के लोगों या सहयोगियों के साथ भोजन करना सामान्य सामाजिक प्रक्रिया है और इसका कोई राजनीतिक तात्पर्य निकालना है। साथ ही, उन्होंने यह भी कहा कि राव इंद्रजीत सिंह की पुत्री राज्य सरकार में मंत्री हैं, अतः भोज में विधायकों की उपस्थिति कोई असामान्य बात नहीं है।

## 'महिला की रिपोर्ट नॉर्मल देने वाले डॉक्टर पर कार्रवाई की जाए'



अर्थ प्रकाश/ओम प्रकाश

**कैथल, 2 जुलाई।** सीवन में दलित महिला के साथ पुलिस द्वारा बर्बर मारपीट के मामले में जिम्मेदार पुलिसकर्मियों पर कड़ी कार्रवाई की मांग हेतू आज एक ज्ञापन जनवादी महिला समिति, दलित अधिकार मंच व एसकेएस की तरफ से अपायुक्त को दिया गया। जनवादी महिला समिति से रामकली जांगड़ा, शर्मिला पिलखन, दलित अधिकार मंच व एसकेएस से शिवचरण, छज्जू राम, कपिल सिरोही, मियां सिंह व नरेश कुमार ने कहा कि पीड़िता की काफी बर्बर तरीके से पिटाई के कारण वो बात भी नहीं कर पा रही है। पीड़िता के पति रोहताश व परिवार के बाकी सदस्यों ने बताया कि थाने में तीन पुरुष पुलिस कर्मचारियों और एक महिला पुलिस कर्मचारी ने उसे पानी में मिलाकर नशीला पदार्थ पिलाया। इसके बाद उसे इतनी बुरी तरह से पीटा कि शरीर का कोई भी ऐसा हिस्सा ऐसा नहीं बचा जहां पर को चोटें ना मारी गई हों। सिर से लेकर पांव तक हर जगह चोटों के निशान हैं। उसकी बचने की उम्मीद बहुत कम नजर आ रही है। यह भी अंदेशा है कि उसके गुप्त अंगों पर ज्यादा चोटें मारी गई हैं। ऐसी स्थिति के बावजूद सिविल अस्पताल के डॉक्टर उसकी रिपोर्ट को नॉर्मल बता रहे हैं। इस बेहद गंभीर मामले में अभी तक पुलिस प्रशासन का रवैया सन्देहास्पद है और पीड़िता को न्याय मिलने की उम्मीद बहुत कम नजर आती है। जनवादी महिला समिति, दलित अधिकार मंच और सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा ने जयापन के माध्यम से उपायुक्त से मांग की है कि जिम्मेदार पुलिसकर्मियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज करते हुए सख्त कानूनी कार्रवाई की जाए, महिला की रिपोर्ट नॉर्मल देने वाले डॉक्टर पर भी कार्रवाई की जाए, ममता को मुआवजा दिया जाए। इस दौरान रधबीर सिंह गुहला, बलकार सिंह सीवन, जगन कुमार, सतपाल तारागढ़ व अन्य साथी उपस्थित हुए।

## न्यूज ब्रीफ

### सेक्टर-21 हुडा बना पालतु पशुओं की शरण स्थली

**कैथल (अप्रस/ओम प्रकाश)।** एडवांस रैजिडेंट्स वैल्फेयर एसोसिएशन सैक्टर-21 हुडा पिछले काफी समय से पालतु पशुओं का अड्डा बन चुका है। सुबह से दर शाम तक सैक्टर के पार्क, ग्रीन बैल्ट, घरों के बाहर व प्रमुख सडक़ पर पशु घूमते रहे हैं और पेड़ पौधे नष्ट करने के साथ वाहनों को भारी नुकसान पहुंचा रहे हैं। एसोसिएशन के प्रधान बलवान छौत का आरोप है कि सैक्टर-21 में पालतु पशुओं की बनी इस समस्या से निजात दिलाने के लिए कई बार जिला प्रशासन व संबंधित विभाग के उच्चाधिकारियों से लिखित रूप में शिकायत देकर गुहार लगा चुके हैं लेकिन कोरे आश्वासनों के अलावा आज तक कुछ नहीं मिला है। कर्मबीर वर्मा, शमशेर बैनीवाल, अनिल जिंदल, संजय मित्तल, प्रवीण सर्राफ, केएल ग्रोवर, दिलबाग सिंह, सज्जन चहल, सुरेंद्र कत्याल आदि ने बताया कि सैक्टर में सुबह होते ही आसपास की कालोनियों के निवासी अपने पालतु पशुओं का दूध निकालकर छोड़ देते हैं, ये पशु सैक्टर के पार्क व ग्रीन बैल्ट में आकर अपना डेरा जमा लेते हैं। बलवान छौत ने बताया कि सैक्टर में पशुओं की शराणास्थली होने के कारण चारों तरफ गोबर के ढेर लगते रहते हैं जिस पर सारा दिन मच्छर पनपते हैं और गोबर से उठने वाली दुर्गंध ने लोगों का जीना मुहाल कर दिया है। गत 19 जून को हुडा विभाग के अधिकारी सैक्टर का दौरा कर पालतु पशुओं के कारण आ रही परेशानियों को देख चुके हैं लेकिन इतने दिन बीतने के बाद भी सैक्टर में समस्या ज्यों की त्यों बनी हुई है। उन्होंने बताया कि सैक्टर में दिनोंदिन बढ़ रहे पालतु पशुओं के प्रकोप से निजात दिलाने के लिए जल्द ही एसोसिएशन मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी से गुहार लगाएगी।

### विश्व स्तर पर मनाया जाएगा गुरु तेग बहादुर का शहीदी पर्व

**कैथल (अप्रस)।** यहां डोगरां गेट स्थित श्री नीम साहिब गुरुद्वारा में बुधवार को हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी के सदस्यों की बैठक हुई। इस बैठक में मुख्य रूप से प्रधान जगदीश झींडा ने शिरकत की। बैठक में फैसला लिया गया कि हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से गुरु तेग बहादुर का 350वां शहीदी पर्व विश्व स्तर पर मनाया जाए। इसके तहत श्री आनंदपुर साहिब से धर्म बचाओ नगर कीतर्न निकाला जाएगा। इस संदर्भ में सरदार मनजीत सिंह जिरकपुर की ओर से सहयोग किया जाएगा। प्रधान जगदीश झींडा ने बताया कि यह धर्म बचाओ नगर कीर्तन श्री आनंदपुर साहिब से 11 जुलाई को सुबह के समश्य शुरू होगा जो 12 जुलाई को चीका के छठी पाताशाही गुरुद्वारा में पहुंचेगा। इस नगर कीर्तन का भव्य स्वागत प्रबंधक कमेटी की ओर से किया जाएगा। इसके बाद रात के समय यह कैथल में पहुंचेगी और उसी दिन जींद में रात्रि ठहराव के बाद रोहतक जाएगा और यहां से यह नगर कीर्तन 14 जुलाई को आगरा में समाप्त होगा। इस नगर कीर्तन के स्वागत को लेकर प्रदेश के हर जिले में प्रबंधक कमेटी की ओर से ही किया जाएगा। इसके लिए हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से भी यात्रा के स्वागत के लिए तैयारियां शुरू कर दी गई है। इस कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रबंधक कमेटी पूरे सिख समाज से इस यात्रा में शामिल होने की अपील की है। पूरे प्रदेश का कार्यक्रम हरियाणा गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी की ओर से किया जाएगा।

### निजीकरण के विरोध में बिजली कर्मियों ने की गेट मीटिंग

**कैथल (अप्रस)।** नेशनल कोआर्डिनेशन कमेटी ऑफ इलेक्ट्रिसिटी एम्पलाइज एंड इंजीनियर एनसीसीओईईई व ईईएफआई के आह्वान पर निजीकरण पर रोक तथा कर्मचारियों पर झूठी दर्ज एफआईआर को वापस लेने की मांग पर विद्युत सदन नवग्रह चौक पर गेट मीटिंग हुई। गेट मीटिंग की अध्यक्षता संयुक्त रूप से सिटी नंबर 2 के प्रधान भूषण चावला और भारत कुकरेजा ने की। गेट मीटिंग का मुख्य एजेंडा बीजेपी सरकार द्वारा बिजली विभाग का निजीकरण तथा कर्मचारियों पर गलत तरीके से इनकम टैक्स की रेड करवाने के विरोध में था। इसके साथ साथ ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के सभी कर्मचारी आने वाली 9 जुलाई की हड़ताल में भी बढ़ चढकर भाग लेने के लिए भी सभी कर्मचारी को आह्वान किया। अगर आने वाले समय में बीजेपी सरकार निजीकरण के फैसले को वापिस नहीं लेती है तो जो आन्दोलन यूपी सरकार के खिलाफ चल रहा है उसको राष्ट्रीय स्तर पर भी ले जाया जा सकता है। गेट मीटिंग में ऑल हरियाणा पावर कॉरपोरेशन वर्कर यूनियन के पूर्व सर्कल सचिव बलबीर सिंह, सर्कल सचिव कृष्ण चंदाना, राजेंद्र नैन, अमरदीप बनवाला, सुमित सहारण, सुरेंद्र शर्मा, सुखबीर लाईन मैन, अंकुश एएलम, कर्मचंद,संजय, रघुबीर चहल, कुलदीप शर्मा, अजय कौशिक, सुखदेव जांगड़ा कलायत सब यूनिट प्रधान, सतीश दिल्लोंवली, सुरेश जांगड़ा, संदीप जे ई, ओम प्रकाश यूडीसी, राजेश कुमार चौशाला आदि ने भाग लिया।

### सीजेएम ने किया नागरिक हस्पताल का निरीक्षण

**कैथल (अप्रस)।** जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष एवं सैशन जज सुभाष मैहला के आदेशानुसार प्राधिकरण के मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी एवं सचिव कंवल कुमार ने जिला नशा मुक्ति, पुनर्वास केन्द्र जिला नागरिक हस्पताल कैथल का औचिक निरीक्षण किया। उन्होंने वहां चिकित्सक अधिकारी डा. सीमा मलिक से नशा मुक्ति, पुनर्वास केन्द्र में दी जाने वाली सुविधाओं के बारें में जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान नशा मुक्ति, पुनर्वास केन्द्र में भर्ती 8 रोगियों से भी बातचीत की और नशा छोडऩे के लिए प्रेरित किया। सीजेएम कंवल कुमार ने बताया कि 12 जुलाई को न्यायिक परिसर में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया जाएगा। इसके साथ ही बताया कि इस राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत उपरोक्त अदालतों में लंबित मुकदमों में मोटर वाहन और परिवारिक झगड़ों के अतिरिक्त अन्य मामले शामिल हैं। यदि कोई भी व्यक्ति अपने केस का निपटारा लोक अदालत के माध्यम करवाना चाहता है तो वह संबंधित अदालत में या जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कैथल में सम्पर्क कर सकता है।

## बीपील परिवारों को दिए जाने वाले सरसों के तेल के दामों में बढ़ोतरी की माकपा ने की आलोचना

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 2 जुलाई।** प्रदेश की भाजपा सरकार ने बीपीएल परिवारों को राशन डिपो पर मिलने वाले सरसों के तेल को 40 रुपए से बढ़ाकर 100 रुपए कर दिया है। भारत की कम्युनिस्ट पार्टी मार्क्सवादी की राज्य कमेटी भाजपा सरकार के इस फैसले की कड़ी आलोचना करती है। राज्य सचिव कामरेड प्रेम चंद ने कहा कि भाजपा सरकार एक के बाद एक जनविरोधी फैसले ले रही है। अप्रैल महीने में रसोई गैस सिलेंडर के दामों में 50 रुपए बढ़ोतरी की गई थी। भाजपा शासन काल में रसोई गैस सिलेंडर 400 रुपए से बढकर् 855 रुपए तक पहुंच गया है। यह बार-बार बढ़ाए गए दामों के कारण हुआ है। इसी तरह पेट्रोल-डीजल के बार-बार बढ़ाए गए दामों के कारण महंगाई बढ़ी है। हाल ही में टोल प्लाजा के बढ़ाए गए रेट व एक जुलाई से रेल भाड़ों में की गई वृद्धि से लोग त्रस्त हैं। हरियाणा में अभी बिजली की दरों में भी भारी वृद्धि की गई है। भाजपा सरकार द्वारा लगातार लिए जा रहे इन फैसलों से लोग तंग आ चुके हैं। प्रेमचंद ने कहा कि वर्तमान में असमानता व्यापक स्तर पर बढ़ी है। यदि हरियाणा की ही बात करें तो प्रदेश की कुल आबादी का लगभग 70 प्रतिशत हिस्सा गरीबी की रेखा से नीचे जीवन यापन करने पर मजबूर है। 25 जून 2015 को इंदिरा आवास योजना का नाम बदलकर प्रधानमंत्री आवास योजना किया था और कहा था कि 2022 तक सब जरूरतमंदों को सरकार घर बनाकर देगी। सूचना का अधिकार अधिनियम के तहत मांगी गई सूचना के जवाब के अनुसार प्रदेश में 67,649 परिवारों को घर देने का टारगेट रखा गया था। बीते इन दस वर्षों में केवल 12,71 परिवारों को ही घर बनाकर दिए गए हैं। सरकारी नौकरियों में रिक्त पदों पर भर्तियां नहीं की जा रही हैं।

## विधान सभा अध्यक्ष हरविन्द्र कल्याण ने देश के पहले राष्ट्रीय निकाय सम्मेलन को लेकर कसी कमर, दिए दिशा निर्देश

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**चंडीगढ़ 2 जुलाई।** देश के पहले राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की तैयारियों के अंतिम रूप को लेकर बुधवार को हरियाणा विधान सभा अध्यक्ष श्री हरविन्द्र कल्याण ने मानेसर स्थित आईकैट में अधिकारियों को दिशा निर्देश देकर राष्ट्रीय सम्मेलन को यादगार बनाने की बात कही ।

इस अवसर पर श्री कल्याण ने कहा कि विधायिका केवल कानून बनाने का माध्यम नहीं, बल्कि लोकतंत्र की आत्मा है। स्थानीय निकायों को और ज्यादा उत्तरदायी बनाने से लोकतंत्र की जड़ें और गहरी होंगी।

उन्होंने अधिकारियों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिए कि वे सम्मेलन की तैयारियों को सिर्फ तकनीकी या व्यवस्थागत पहलू न मानें, बल्कि इस आयोजन की लोकतांत्रिक और राष्ट्रीय महत्वता को समझें।

विधानसभा अध्यक्ष ने यह भी कहा कि यह सम्मेलन देशभर की विधायी संस्थाओं, नगर निकायों और प्रशासनिक इकाइयों के बीच संवाद, समन्वय और सहयोग को नई दिशा देगा। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य केवल नीति पर चर्चा करना नहीं, बल्कि लोकतंत्र को जमीनी स्तर तक ले जाकर उसमें जन-भागीदारी सुनिश्चित करना है। यह तभी संभव है जब विधायिका जागरूक और सक्रिय हो।

विधान सभा अध्यक्ष ने संबंधित अधिकारियों के साथ हर पहलू का निरीक्षण कर राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन की पूर्व संध्या पर अधिकारियों से कहा कि आंगुतकों की मेहमानवाजी इतनी शानदार होनी चाहिए कि उन्हें यह राष्ट्रीय सम्मेलन बरसों तक याद रहे । राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन में आने वाले मेहमानों को पूरा सत्कार हो और वे बेहतरीन लम्हें अपने साथ संजो कर जाएं । ये हम सबका दायित्व है । दो दिवसीय इस राष्ट्रीय सम्मेलन में अलग-अलग विषयों पर शहरी विकास की रूप रेखा पर व्यापक चर्चा होगी।

गुरूग्राम के मानेसर स्थित आईकैट में दो दिवसीय 3 व 4 जुलाई को होने वाले देश के पहले राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन में देश भर के विभिन्न राज्यों व केन्द्र शासित प्रदेशों से 500 से अधिक डेलीगेटस भाग ले रहे हैं । लोकसभा व हरियाणा विधान सभा के संयुक्त प्रयासों से हो रहे इस राष्ट्रीय शहरी स्थानीय निकाय सम्मेलन के उदघाटन सत्र में मुख्य अतिथि लोकसभा अध्यक्ष श्री ओम बिरला होंगे। राष्ट्रीय सम्मेलन में मुख्यमंत्री श्री नायब सिंह सैनी व शहरी स्थानीय निकाय मंत्री श्री विपुल गोयल की गरिमामयी उपस्थिति रहेगी।

### महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने निगम अधिकारियों के साथ की समीक्षा बैठक

## बरसात के मौसम में अधिक से अधिक लगाया जाए शहर में पौधे : प्रवीण जोशी महापौर

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद, 2 जुलाई।** महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने आज निगम मुख्यालय स्थित कार्यालय में निगम कमिश्नर सहित सभी उच्च अधिकारियों के साथ बैठक कर शहर को बरसात में होने वाले जल भराव से निजात दिलाने के निर्देश देते हुए कहा कि शहर में बरसात का पानी जमा नहीं होना चाहिए उसके लिए सभी प्रकार की तैयारी निगम के अधिकारी रखें, ताकि जरूरत पड़ने पर बरसात के पानी को निकाला जा सके।

बैठक में नगर निगम के कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ,एडिशनल कमिश्नर निगम सलोनी शर्मा, एडिशनल कमिश्नर निगम गौरव आंतिल, अतिरिक्त म्युनिसिपल कमिश्नर डॉश विजयपाल यादव,जॉइंट कमिश्नर गजेंद्र सिंह सहित स्थापना शाखा के अधिकारी मौजूद रहे।

महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी ने अधिकारियों से शहर में सफाई व्यवस्था को भी दुरुस्त रखने के निर्देश देते हुए कर्मचारियों की कमी को पूरा करने और पौधे लगाने जैसे विषयों पर भी अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की।

इस अवसर पर बैठक में निगम कमिश्नर धीरेंद्र खड़गटा ने महापौर श्रीमती प्रवीण जोशी को अवगत का कराया कि फरीदाबाद में सभी छोटे और बड़े नालों और नालियों की सफाई का कार्य प्रगति पर है और उन्हें उम्मीद है कि इस बार शहर में जल भराव की समस्या का सामना नहीं करना पड़ेगा।

## दलित संगठनों में भारी गुस्सा, लघु सचिवालय में की नारेबाजी

### चेतावनी- अगर न्याय नहीं मिला तो होगा मुख्यमंत्री निवास का घेराव

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**कैथल, 2 जुलाई।** सीवन में एक दलित महिला के साथ पुलिस द्वारा कथित बर्बरता के मामले ने तूल पकड़ लिया है। इस मामले को लेकर दलित संगठनों और सर्व कर्मचारी संघ के प्रतिनिधियों ने मंगलवार को लघु सचिवालय में पुलिस प्रशासन के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। प्रदर्शनकारियों ने पीड़िता को न्याय दिलाने और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। आपको बता देते हैं कि तीन दिन पूर्व सीवन में एक दलित महिला के साथ पुलिस द्वारा मारपीट का मामला सामने आया था। परिजनों का आरोप है कि पुलिस ने उसके साथ बर्बरता की। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने विशेष जांच दल का गठन किया है। डीएसपी हैडक्वार्टर बीरभान ने बताया कि एसआईटी इस मामले की गहन जांच कर रही है। प्रदर्शनकारियों ने महिला के साथ हुई बर्बरता की कड़ी निंदा करते हुए पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठाए। उनका कहना था कि पीड़िता को न्याय दिलाने में पुलिस प्रशासन नाकाम रहा है। नारेबाजी के बाद प्रदर्शनकारियों का एक डेलिगेशन एसपी आस्था मोदी से मिला। मुलाकात के बाद डेलिगेशन ने मीडिया से बातचीत में अपनी नाराजगी जाहिर की। डेलिगेशन के सदस्यों ने कहा कि हम पुलिस की कार्रवाई से बिल्कुल संतुष्ट नहीं हैं। उच्च अधिकारी अपने कर्मचारियों को बचाने में लगे हैं। जब पीड़ित महिला मारपीट करने वाले पुलिसकर्मियों को पहचानती है, तो फिर अज्ञात लोगों के खिलाफ मामला क्यों दर्ज किया गया है।

डेलिगेशन ने साफ शब्दों में चेतावनी दी कि अगर अगले तीन-चार दिनों में पीड़िता को न्याय नहीं मिला तो वे बड़े स्तर पर धरना-प्रदर्शन करेंगे। इसके साथ ही उन्होंने मुख्यमंत्री निवास का घेराव करने की भी बात कही। प्रदर्शनकारियों ने मांग की कि दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ तत्काल सख्त कार्रवाई की जाए और मामले की निष्पक्ष जांच सुनिश्चित हो। हालांकि पुलिस प्रशासन ने एसआईटी के गठन की बात कहकर मामले की जांच की प्रक्रिया शुरू कर दी है, लेकिन प्रदर्शनकारियों का मानना है कि यह कार्रवाई पर्याप्त नहीं है। पीड़िता और उसके परिजनों को अभी तक संतोषजनक जवाब नहीं मिला है। ममता प्रकरण ने कैथल में सामाजिक और प्रशासनिक स्तर पर एक बड़े विवाद को जन्म दे दिया है। दलित सामाजिक संगठनों और स्थानीय लोगों की नजर अब पुलिस प्रशासन की अगली कार्रवाई पर टिकी है। अगर समय रहते इस मामले का निपटारा नहीं हुआ, तो यह आंदोलन और उग्र हो सकता है।

## यूजी कोर्स में आवेदन का अंतिम दिन आज

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ

**पलवल, 2 जुलाई।** श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय में अंडर ग्रेजुएट (यूजी) प्रोग्राम में आवेदन की बृहस्पतिवार को अंतिम तारीख है। इसके बाद इंटरव्यू होंगे और मेरिट लिस्ट तैयार होंगी। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने बताया कि कुल 53 प्रोग्राम में दाखिलों के लिए आवेदन मांगे गए हैं। अंडर ग्रेजुएट प्रोग्राम में आवेदन के लिए पोर्टल तीन जुलाई रात्रि में बंद हो जाएगा। स्किल आधारित प्रोग्राम में दाखिला लेने के इच्छुक विद्यार्थी आवेदन कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने 1.07 लाख करोड़ रुपए की एम्प्लॉयमेंट लिंक्ड इंसेंटिव (ईएलआई) स्कीम की घोषणा की है। जितने भी युवा स्किल्ड होंगे, वह सब इस स्कीम के अंतर्गत रोजगार के अवसर प्राप्त करने में सक्षम हो जाएंगे। इसलिए अधिक से अधिक युवाओं को स्किल आधारित प्रोग्राम में खुद को एनरोल करना चाहिए। हमारा लक्ष्य स्किल इकोसिस्टम को मजबूत कर युवाओं को जॉब रेडी बनाना है। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि इस लक्ष्य में श्री विश्वकर्मा कौशल विश्वविद्यालय को बड़ी सफलता मिली भी है। बी. वॉक सोलर टेक्नोलॉजी, डी. वॉक इंडस्ट्रियल इलेक्ट्रॉनिक्स और बी. वॉक मेक्ट्रोनिक्स में शत प्रतिशत प्लेसमेंट इसका प्रमाण है। उन्होंने बताया कि और भी ऐसे कई प्रोग्राम हैं, जिनमें शत प्रतिशत विद्यार्थियों को जॉब ऑफर हुए हैं, लेकिन कुछ विद्यार्थी मास्टर डिग्री करने के इच्छुक हैं तो कुछ अपने स्टार्टअप खड़े करने की तैयारी में हैं। कुलगुरु प्रोफेसर दिनेश कुमार ने कहा कि हम स्किल के साथ -साथ एंटरप्रिन्योरशिप पर भी उतना ही फोकस रखते हैं। यह देश का पहला राजकीय कौशल विश्वविद्यालय स्किल और उद्यमिता दोनों को विकसित करने के उद्देश्य से अस्तित्व में आया है।

## 196वीं ईएसआई निगम की बैठक में केंद्रीय श्रम एवं रोजगार मंत्री ने दी स्प्री 2025 को मंजूरी

अर्थ प्रकाश/दयाराम वशिष्ठ



**फरीदाबाद/शिमला।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) ने केंद्रीय श्रम एवं रोजगार और युवा मामले एवं खेल मंत्री डॉ. मनसुख मंडाविया की अध्यक्षता में हिमाचल प्रदेश के शिमला में आयोजित अपनी 196वीं ईएसआई निगम बैठक के दौरान स्प्री (स्क्क्रश्व 2025) (नियोक्ता और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना) को मंजूरी दे दी है।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम, क्षेत्रीय कार्यालय फरीदाबाद हरियाणा के क्षेत्रीय निदेशक सुगन लाल मीना ने जानकारी देते हुए कहा कि स्प्री 2025 कर्मचारी राज्य बीमा निगम (ईएसआईसी) द्वारा स्वीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों के पंजीकरण को बढ़ावा देने की योजना स्क्क्रश्व 2025 ईएसआई अधिनियम के तहत सामाजिक सुरक्षा कवरेज का विस्तार करने के उद्देश्य से एक विशेष पहल है। यह योजना 1 जुलाई से 31 दिसंबर 2025 तक सक्रिय रहेगी और अपंजीकृत नियोक्ताओं और कर्मचारियों- जिनमें संविदा और अस्थायी कर्मचारी शामिल हैं- को निरीक्षण या पिछले बकाया की मांग का सामना किए बिना नामांकन करने का एक बार का अवसर प्रदान करती है ।

स्प्री 2025 के अंतर्गत- नियोक्ता ईएसआईसी पोर्टल, श्रम सुविधा और एमसीए पोर्टल के माध्यम से अपनी इकाइयों और कर्मचारियों को डिजिटल रूप से पंजीकृत कर सकते हैं। पंजीकरण नियोक्ता द्वारा घोषित तिथि से वैध माना जाएगा। पंजीकरण से पहले की अवधि के लिए कोई अंशदान या हितलाभ देय नहीं होगा पंजीकरण से पहले की अवधि का कोई निरीक्षण या पिछले रिकार्ड की मांग नहीं की जाएगी।

यह योजना पूर्वव्यापी दंड के डर को दूर करके और पंजीकरण प्रक्रिया को आसान बनाकर स्वैच्छिक अनुपालन को प्रोत्साहित करती है। SPREE से पहले, निर्दिष्ट समय-सीमा के भीतर पंजीकरण न कराने पर कानूनी कार्रवाई हो सकती थी और पिछली तिथि से बकाया राशि की मांग की जा सकती थी। स्क्क्रश्व 2025 इन बाधाओं को दूर करता है, जिसका उद्देश्य छूटे हुए प्रतिष्ठानों और श्रमिकों को कर्मचारी राज्य बीमा योजना (श्वस्ढ्ढ स्ष्द्धद्गद्वद्ग) के दायरे में लाना और व्यापक सामाजिक सुरक्षा सुनिश्चित करना है।

स्क्क्रश्व 2025 का शुभारंभ कर्मचारी राज्य बीमा निगम द्वारा समावेशी और सुलभ सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है। पंजीकरण प्रक्रिया को सरल बनाने और पूर्वव्यापी देनदारियों से प्रतिरक्षा प्रदान करके, यह योजना न केवल नियोक्ताओं को अपने कार्यबल को नियमित करने के लिए प्रोत्साहित करती है, बल्कि यह भी सुनिश्चित करती है कि अधिक से अधिक श्रमिक, विशेष रूप से संविदा क्षेत्रों में काम करने वाले, ईएसआई अधिनियम के तहत आवश्यक स्वास्थ्य और सामाजिक सुरक्षा हितलाभों को प्राप्त करें। ईएसआईसी भारत में कल्याण-केंद्रित श्रम इकोसिस्टम के दृष्टिकोण के साथ अपनी पहुंच को मजबूत करने और सभी के लिए सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने के अपने संकल्प को पूरा करने के लिए प्रतिबद्ध है।




# मेयर ने मारा छापा, 161 जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र मिले पेंडिंग, कई कर्मचारी थे गैर हाजिर

- कर्मचारियों के खिलाफ लोगों की थी काफी शिकायतें
- मेयर बोले महीना नहीं 10 दिन में पूरी हो प्रमाणपत्र बनाने की प्रक्रिया

अर्थ प्रकाश/आदित्य शर्मा

**पंचकूला।** नगर निगम के जन्म एवं मृत्यु प्रमाणपत्र बनाने में बरती जा रही लापरवाही को लेकर बुधवार को मेयर कुलभूषण गोयल ने सेक्टर 4 स्थित निगम शाखाओं के कार्यालय में छापा मारा। महापौर के पास लगातार लोगों की शिकायतें आ रही थी कि सेक्टर 4 में बैठने वाले कर्मचारी समय पर उनका कार्य नहीं करते हैं। जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र जारी करने वाले कर्मचारी के खिलाफ भी लोगों की काफी शिकायत थी। इस कर्मचारी द्वारा लोगों को समय पर प्रमाण पत्र जारी नहीं किए जा रहे थे। साथ ही बड़ी संख्या में लोगों के प्रमाण पत्र महीनों से अटके हुए थे। महापौर ने जांच की, तो देखा कि लगभग 161 जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र इस कर्मचारी के पास लंबित पड़े थे। कर्मचारी ने महापौर को कहा कि एक प्रमाण पत्र जारी करने में लगभग सभा महीने लग जाता है। महापौर ने कहा कि यह प्रक्रिया केवल 10 दिन से अधिक नहीं होना चाहिए। उन्होंने उपनिगम आयुक्त अपूर्व चौधरी को निर्देश दिए कि वह जन्म मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित मामले की खुद देखरेख करें और लोगों को किसी प्रकार की समस्या ना आने दें।



### हाउस टेक्स ब्रांच में 25 प्रतिशत कर्मचारी गैर हाजिर

सेक्टर 4 में हाउस टैक्स सहित निगम के अन्य जनता से जुड़े कार्य किए जाते हैं। यहां पर लोगों की सुविधा के लिए अलग-अलग काउंटर बनाए गए हैं, लेकिन जिस समय महापौर पहुंचे, तो इस कार्यालय से 25 प्रतिशत कर्मचारी गायब मिले। 9 में से केवल पांच काउंटर ही चल रहे थे। इस कार्यालय के एसी, लाइट्स, पंखें, एलईडी इत्यादि भी अच्छी कंडीशन में नहीं मिले। महापौर ने अपूर्व चौधरी से कहा कि जनता से जुड़ी इस शाखा में सभी व्यवस्थाओं को तुरंत प्रभाव से दुरुस्त करवाया जाए। महापौर ने कहा कि वह जल्दी दोबारा इस कार्यालय का निरीक्षण करेंगे, यदि यह व्यवस्थाएं ठीक नहीं मिली तो सख्त कार्रवाई की जाएगी। महापौर ने सेक्टर 4 में चल रहे बिल्डिंग ब्रांच शाखा का भी निरीक्षण किया।

**कॉमन फैसिलिटी सेंटर बारे जवाब तलब:** महापौर ने सेक्टर 4 में चल रहे कॉमन फैसिलिटी सेंटर चलने के संबंध में भी जवाब तलब किया है। महापौर ने पूछा कि जब इस सीएफसी सेंटर पर ताला लगा हुआ था और स्टे थी, तो इसे खोलने की परमिशन किसने दी है। साथ ही इस बिल्डिंग में चल रहे इंडसइंड बैंक के एटीएम के बारे में भी जानकारी देने के निर्देश दिए गए हैं। महापौर ने देखा कि नगर निगम सेक्टर 4 जिस सामुदायिक केंद्र में चल रहा है, उसकी हालत काफी खस्ता हो चुकी है और तुरंत प्रभाव से रिपेयर की आवश्यकता है। महापौर ने अधिशासी अभियंता प्रमोद कुमार को निर्देश दिया कि तुरंत प्रभाव से रिपेयर का कार्य शुरू किया जाए।

### बिल्डिंग इंस्पेक्टर को लगाई लताड़

मौके पर बिल्डिंग इंस्पेक्टर सुशील कुमार को महापौर ने जमकर लताड़ लगा दी। दरअसल, पिछले दिनों रेवेन्यू रिलाईजेशन कमेटी की बैठक में शहर के अंतर्गत पड़ने वाले गांव कोट बिल्ला में बने अवैध 45 फार्म हाउस को गिराने के लिए निर्देश पारित किए गए थे, लेकिन बिल्डिंग इंस्पेक्टर द्वारा एक सप्ताह से अधिक समय निकलने के बाद भी इन फार्म हाउस के मालिकों को नोटिस तक जारी नहीं किया गया। महापौर ने अपूर्व चौधरी को निर्देश दिए कि यदि बिल्डिंग इंस्पेक्टर द्वारा दो दिन के अंदर संबंधित फार्म हाउस के मालिकों को नोटिस नहीं दिया गया, तो इसे सस्पेंड कर दिया जाए और किसी अन्य जूनियर इंजीनियर को कार्य सौंप दिया जाए। इस शाखा में संबंधित कार्य के कर्मचारियों को भी कर चार्जशीट करने के निर्देश दिए गए हैं।

# महज एक महीने में पंचकूला पुलिस ने ड्रिंक एंड ड्राइव के 431 चालान काटे

अर्थ प्रकाश संवाददाता



**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस ने सड़क सुरक्षा और जनहित को ध्यान में रखते हुए ड्रिंक एंड ड्राइव के खिलाफ कड़ा रुख अपनाया है। बीते एक महीने में पुलिस ने सघन नाकाबंदी करते हुए कुल 431 चालान काटे हैं, जो यह दर्शाता है कि पुलिस नशे में वाहन चलाने जैसी खतरनाक लापरवाही को किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं करेगी। यह अभियान सिटी ट्रैफिक एसएचओ इंस्पेक्टर सुनील कुमार और ट्रैफिक सूरजपुर प्रभारी सब-इंस्पेक्टर नरेन्द्र कुमार के नेतृत्व में चलाया जा रहा है। इनके मार्गदर्शन में शहर के विभिन्न हिस्सों में 6 विशेष नाके स्थापित किए गए हैं, जहां हर रात पुलिस की टीमें अल्कोहल टेस्टिंग उपकरणों के साथ मुस्तैदी से तैनात रहती हैं।

इस कार्रवाई की सफलता का पूरा श्रेय उन अधिकारियों और कर्मचारियों को जाता है जिन्होंने दिन-रात एक कर इस अभियान को सख्ती से लागू किया। इनमें इंस्पेक्टर रैंक के अधिकारी से लेकर सिपाही, होमगार्ड और एसपीओ तक शामिल हैं। एसीपी ट्रैफिक सुखरपाल सिंह ने इस संबंध में कहा कि ड्रिंक एंड ड्राइव केवल ट्रैफिक नियमों का उल्लंघन नहीं, बल्कि यह एक सामाजिक अपराध है जो किसी की भी जान ले सकता है। हम लगातार सख्त निगरानी कर रहे हैं ताकि किसी निर्दोष की जिंदगी नशे में लापरवाही करने वालों की वजह से न छीनी जाए। पुलिस का कहना है कि नशे में वाहन चलाने से चालक की निर्णय लेने की क्षमता, संतुलन और प्रतिक्रिया समय प्रभावित होता है, जिससे गंभीर सड़क दुर्घटनाओं की आशंका कई गुना बढ़ जाती है। यह न केवल चालक के लिए बल्कि अन्य राहगीरों और वाहन चालकों के लिए भी घातक हो सकता है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि वे जिम्मेदार नागरिक बनें और कभी भी नशे की हालत में वाहन न चलाएं।

पुलिस ने यह भी स्पष्ट किया है कि यह अभियान सिर्फ एक महीने तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि इसे भविष्य में और भी अधिक सख्ती के साथ लागू किया जाएगा। जनता से अपील की गई है कि वे इस अभियान में सहयोग करें, ट्रैफिक नियमों का पालन करें और अगर किसी को नशे में गाड़ी चलाते देखें तो तुरंत नजदीकी पुलिस को सूचित करें।

### गोल्ड चैन स्नैच करने वाला गिरोह सक्रिय

# मोटर साइकिल पर सवार दो शातिर फिर गोल्ड चैन स्नैच कर फरार

अर्थ प्रकाश रंजीत शास्त्री

**चंडीगढ़।** थाना 49 क्षेत्र एरिया के अंतर्गत गोल्ड चैन स्नैच करने वाला गिरोह पूरी तरह से सक्रिय है। आए दिन गोल्ड स्नैचिंग की वारदाते हो रही है। शातिर पुलिस की पकड़ से बाहर है। ऐसा ही एक और मामला प्रकाश में आया है। यहां मोटर साइकिल पर सवार दो शातिर आरोपी एक व्यक्ति के गले में पहनी गोल्ड चैन स्नैच कर फरार हों गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता सैक्टर 49 निवासी अभिमन्यु स्वामी ने पुलिस को बताया कि वह बीते दिन सुबह अपने घर से सैर करने के लिए निकला था। जैसे हीं वह सेक्टर 49 स्थित मंडी चौक के पास पहुंचा तो इसी दौरान बाइक पर सवार दो शातिर आए। पीछे बैठे युवक ने बाइक से उतर कर शिकायतकर्ता के गले में पहनी गोल्ड चैन छीन कर मोटर साइकिल के पीछे बैठकर तेजरफ्तर से फरार हो गए। जिसके चलते हड़कंप मच गया। आसपास के लोग इकट्ठे हो गए। मामले की सूचना तुरंत पुलिस को दी गई थी। बता दें इससे पहले भी लगातार सेर करने वालों को बाइक पर सवार एक ही गिरोह ने बेख़ौफ़ होकर पुलिस को चुनौती देते हुए अपना निशाना बनाया है। शहर में क्राइम ब्रांच, डीसीसी और ऑपरेशन सैल की टीमे है।जो कि बाइक सवार शातिर पुलिस की पकड़ में नहीं आ रहे।

### घर से लाखों रुपए की नकदी और तीन गोल्ड रिंग गायब, केस दर्ज

चंडीगढ़। थाना सारंगपुर क्षेत्र एरिया के अंतर्गत एक घर को चोरों ने अपना निशाना बनाते हुए घर से लाखों रुपए की नकदी और तीन गोल्ड रिंग चोरी कर फरार हो गए। मामले की शिकायत पुलिस को दी गई। पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार शिकायतकर्ता धन्नास के रहने वाले इकबाल सिंह ने पुलिस को बताया कि वह 15 जून को अपने घर से सुबह सोहाना स्थित गुरुद्वारा साहिब में माथा टेकने के लिए गए थे। जब वह दोपहर के समय करीब ढाई बजे वापिस घर लौटे तो देखा कि घर का दरवाजा मुड़ा हुआ है।और घर के अंदर रखी अलमीरा खुली है। जब पीड़ित ने अलमीरा चेक की तो अलमीरा से दो लाख रुपए की नकदी और तीन गोल्ड रिंग गायब थी। थाना सारंगपुर पुलिस ने मामले में कारवाई करते हुए अज्ञात के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# तकनीकी सूझबूझ से पुलिस ने छह माह में 78 गुमशुदा मोबाइल फोन किए बरामद

अर्थ प्रकाश संवाददाता

**पंचकूला।** पंचकूला पुलिस की साइबर सेल टीम ने पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता के नेतृत्व में एक बार फिर अपनी सतर्कता और तकनीकी दक्षता का परिचय देते हुए नागरिकों की खोई हुई संपत्ति को उन्हें लौटाकर भरोसे की मिसाल कायम की है। वर्ष 2025 की पहली छमाही, यानी 1 जनवरी से 30 जून तक, पुलिस ने कुल 78 गुमशुदा मोबाइल फोन को सफलतापूर्वक ट्रेस कर बरामद किया है। फोन प्राप्त करने वालो में चंद्र प्रकाश, मुन्ना सिंह, बिंध्या प्रसाद, सूरजप्रताप, प्रवीन, मुकेश व अजय ठाकुर मौजूद रहे। डीसीपी सृष्टि गुप्ता ने इस अवसर पर सभी फोन धारकों को बधाई दी और कहा कि आम नागरिकों की खोई हुई वस्तुएं लौटाकर उनके चेहरे पर मुस्कान लाना भी हमारी जिम्मेदारी है और जितनी खुशी आपको हो रही है उतनी ही जनता के लिए कुछ अच्छा करने के बाद हमे भी होती है। बरामद किए गए मोबाइल फोन की कीमतें 16,000 से लेकर 48,000 रुपये तक की हैं। मोबाइल वापस पाने वाले नागरिकों ने भी खुशी जाहिर करते हुए पुलिस विभाग का आभार व्यक्त किया और कहा कि यह विश्वास नहीं होता कि आज के दौर में भी इतनी ईमानदारी और तत्परता से काम करने वाली पुलिस मौजूद है।

ये मोबाइल फोन समय-समय पर उनके असली मालिकों को लौटाए गए, जिससे लोगों में पुलिस के प्रति विश्वास और सुदृढ़ हुआ है। इसी कड़ी में आज भी पुलिस ने एक सराहनीय कार्य करते हुए पंचकूला के विभिन्न क्षेत्रों के सात नागरिकों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन लौटाए। यह कार्यक्रम पुलिस उपायुक्त सृष्टि गुप्ता की उपस्थिति में आयोजित किया गया, जहां उन्होंने स्वयं नागरिकों को मोबाइल फोन सौंपे और उनकी खुशी में शामिल हुई।




# आशियाना कर रहा है बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने का काम: जस्टिस ललित बतरा

अर्थ प्रकाश संवाददाता

पंचकूला। पंजाब एवं हरियाणा हाई कोर्ट के सेवानिवृत न्यायाधीश एवं वर्तमान में हरियाणा मानव अधिकार आयोग के चेयरपर्सन जस्टिस ललित बतरा ने कहा कि आशियाना में रह रहे बच्चों को समाज की मुख्य धारा से जोड़े। इन्हें शिक्षा के प्रति प्रेरित करें और अच्छे संस्कार दें। जस्टिस बतरा बुधवार को पंचकूला के सेक्टर-16 स्थित आशियाना में निरीक्षण करने पंहुचे थे। इस दौरान आयोग के सदस्य श्री कुलदीप जैन और श्री दीप भाटिया भी उनके साथ थे। आशियाना का निरीक्षण करने पंहुचे जस्टिस बतरा ने आशियाना की संचालिका श्रीमती विभा तलुजा एवं अन्य कमेटी सदस्यों से केंद्र में चलने वाली गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। इस दौरान संचालिका ने आशियाना में रह रही बच्चियों की दिनचर्या के बारे में बताया। जस्टिस बतरा ने कहा कि यहां से जाने से पूर्व इन बच्चियों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रेरित करें। उन्होंने कहा कि सभी को शिक्षा के प्रति जागरूक करें ताकि उनका भविष्य उज्जवल हो। बच्चों को जीवन में निर्धारित किए लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए अच्छा माहौल दें। उन्होंने कहा कि बच्चों के अधिकारों के संरक्षण के लिए कार्य करें। उन्होंने कहा कि इन बच्चों के स्वास्थ्य के लिए अच्छे संस्थानों के चिकित्सकों से संपर्क कर उनकी सेवाएं लें और समय-समय पर इनकी काउंसलिंग करें ताकि ये मजबूत बनें और अपने भविष्य के प्रति जागरूक हो। आयोग के प्रोटोकॉल, सूचना एवं जनसंपर्क अधिकारी डॉक्टर पुनीत अरोड़ा ने बताया कि अध्यक्ष जस्टिस बतरा व दोनों सदस्यों श्री कुलदीप जैन और दीप भाटिया ने आशियान में रह रही बच्चियों से भी बातचीत की।










अर्थ प्रकाश न्यूज पेपर्स के लिए मालिक, मुद्रक एवं प्रकाशक महावीर जैन द्वारा 'अर्थ प्रकाश प्रेस' से मुद्रित एवं प्रकाशित तथा अर्थ प्रकाश कार्यालय अर्थ प्रकाश भवन, सैक्टर 29-डी, चण्डीगढ़ से जारी। प्रधान सम्पादक : **महावीर जैन,** सम्पादक एवं मुख्य संवाददाता **कैलाश चन्द जैन**
आर.एन.आई. पंजीक्रम : **42427/86** डाक पंजीक्रम : **G/CHD/0197/2021-23** फोन : 0172-2652743, 2638515, फैक्स 2653533 E-mail : arthparkash@gmail.com, arthparkashnews@gmail.com मुख्य सलाहकार : **हरीश चंद्र जैन,** एचसीएस (सेवानिवृत्त)